ओ३म्

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हर्षि दयानन्द के सपनों का आर्यसमाज

2.2

85/3

श्रीमती सत्यप्रिया स्मारक समिति
ायोजित अखिल भारतीय निबन्ध
ता में पुरस्कृत तीन निबन्ध।

गोविन्दराम हासानन्द, दिल्ली

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

प्रकाशक
गोविन्दराम हासानन्द,
४४०८ नई सड़क,
दिल्ली-६
फोन नं० २६४६४३
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूल्य : पांच रुपये

संस्करण
आर्यसमाज स्थापना शताब्दी
१२ अप्रैल १९७५

मुद्रक
एस. नारायण एण्ड सन्स,
(प्रिंटिंग प्रेस)
पहाड़ी धीरज, दिल्ली-६

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो शब्द

मेरे परम स्नेही, दृढ़ आर्य एवं सुयोग्य श्री नवनीतलाल जी एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, एक आदश सद्‌गृहस्थ व्यक्ति हैं। इन्होंने वैदिक-विवाह मर्यादा अनुसार गृहस्थ को आत्मा का सम्वन्ध माना है न कि रूप, यौवन या धन का। यही कारण है कि जीवन काल में ही नहीं अपितु अपनी धर्म-पत्नी के स्वर्गवास होने के बाद भी उनकी स्मृति एवं भावनाओं के अनुसार यज्ञ, दान तथा धर्म के शुभ कार्यों में निरन्तर लगे रहते हैं।

स्वर्गी. बहिन सत्यप्रिया जी की स्मृति में स्थापित स्मारक का कार्य भार जब मुझे आपने सौंपा तब मैंने भी इस कार्य को इसी भावना से सहर्ष स्वीकार किया। मेरे जीवन के ध्येय के अनुसार राष्ट्र तथा समाज के बहुमूल्य-धन युवक युवतियाँ के जीवनों के "निर्माण" में एक ओर जहाँ सहयोग मिलेगा दूसरी ओर वहाँ एक आदर्श सती साध्वी धर्मात्मा आदर्श गृहस्थ सद्‌नारी की कीर्ति का उदाहरण भी आधुनिक देवियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

हमारा परम सौभाग्य है कि हम सब वैदिक संस्कृति एवं आर्य (हिन्दू) जाति के एक मात्र रक्षक आर्य समाज के सौ गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर 'शताब्दी' मना रहे हैं इसी सन्दर्भ में स्मारक समिति ने **"महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्य समाज कैसे बने"** विषय पर अखिल भारतीय निबन्ध— प्रतियोगिता का आयोजन किया। परम हर्ष का विषय है कि देश के उच्चकोटि के विद्वानों ने अपने निबन्ध लिखकर भेजने का कष्ट किया जिसके लिए सभी लेखकों को हम धन्यवाद देते तथा कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हम इन बहुमूल्य लेखों को स्थाई साहित्य का रूप देने पर विचार कर ही रहे थे कि आर्य साहित्य के प्रमुख प्रकाशक श्री विजय कुमार [illegible] मालिक गोविन्दराम हासानन्द नई सड़क दिल्ली ने इन लेखों को पुस्तक रूप में प्रकाशित करने का सुझाव देते हुए प्रकाशन का उत्तरदायित्व अपने कन्धों पर लेने की इच्छा प्रकट की। स्मारक समिति ने उनके सुझाव को सहर्ष स्वीकार कर यह कार्यभार उन्हें सौंप दिया। उनके सद् प्रयत्नों अनुभव और पुरुषार्थ स्वरूप ही अयत्न्त अल्प समय में यह पुस्तक बड़े आकर्षक रूप में छपकर जनता के हाथों में पहुँच रही है। स्मारक समिति उन्हें भी वहुत-बहुत धन्यवाद देती है।

इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर मुझे पूर्ण विश्वास है कि पुरस्कृत विद्वानों के लेखों तथा अन्य विद्वानों के बहुमूल्य विचारों से पूर्ण इस पुस्तक का आद्योपान्त पठन, मनन तथा आचरण करके ही हम सब, अपने आर्य समाज को महर्षि दयानन्द के चिन्तन, मनन तथा स्वप्नों का सच्चा आर्य समाज बनाकर ऋषि से उऋण हो ऋण सकेंगे।

आशा है—आर्य जनता इस पुस्तक को हाथों हाथ अपना कर पूरा-पूरा लाभ उठाते हुए प्रकाशक महोदय को इस पुस्तक के कई संस्करण प्रकाशित करने पर विवश कर देगी, तभी हम अपने इस आयोजन को सफल समझेंगे।

कार्यालय :—
१६५४, कूचा दखिनीराय
दरियागंज दिल्ली-६
चैत्र, शुक्ला प्रतिपदा विक्रमी
सम्वत् २०३२, १२ अप्रैल, १९७५ ई०

विनीत :—
देवव्रत धर्मेन्दु
आर्योपदेशक
मन्त्री,
स्वर्गीय सत्यप्रिया स्मारक समिति

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वर्गीया श्रीमती सत्यप्रिया
[धर्मपत्नी श्री नवनीतलाल एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट]

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संक्षिप्त जीवनी

धर्मे रागः श्रुतौ चिन्ता, दानम् व्यसनम् उत्तमम् ।
इद्रियार्थेषु वैरागम्, प्राप्त जन्मना फलम् ॥

स्वर्गीया श्रीमती सत्यप्रिया जी का जन्म १७ मई १९१७ ई० को अविभाजित भारत के सीमान्त प्रान्त के बन्नू नगर में हुआ था आपके पिता राय साहब श्री आनन्द प्रकाश जी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी थे तथा नाना श्री चेतन दास चीफ्स कालेज लाहौर के प्रो० थे।

सत्यप्रिया जी को आर्य जीवन दहेज रूप में पैतृक गृह से ही प्राप्त हुआ। हमारा विवाह जनवरी १९३५ में हुआ। विवाह पश्चात् देश विभाजन से पूर्व दिल्ली के तात्कालिक फैडरल कोर्ट में प्रेक्टिस करने लगा। इस आर्य घराने में विवाह के कारण श्री मती सत्य-प्रिया जी को आर्य विचारों के विकास का अनुकुल वातावरण प्राप्त हुआ। आपने जी भर कर आर्य समाज तथा अन्य सेवा कार्यों में अपना योगदान किया। दिल्ली में बहुत सी आर्य स्त्री समाजों की स्थापना, यज्ञ विकास, टंकारा सहायक समिति को सहयोग राष्ट्र रक्षा कोष, बाढ़ एवं भूकम्प पीडितों की आर्थिक सहायता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

एक आदर्श गृहिणी के रूप में श्रीमती सत्यप्रिया जी का जीवन अनुकरणीय रहा। जहां वह अपनी बहन भाईयों और पैतृक सम्बन्धियों से अगाध प्रेम रखती थीं वहां उन से कहीं बढ़कर

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सास ससुर पति के सम्बन्धियों का भी आदर सत्कार करती थीं। घर आये अतिथि साधु सन्त महात्मा अथवा विद्वानों का पूर्ण रूप से सत्कार करती थीं। उनको इस बात का विशेष ध्यान रहता था कि घर में नेक कमाई का धन आये क्योंकि उनका दृढ़ विश्वास था कि इस धन से उत्तम सन्तान बनती है। वह यही शिक्षा अपनी बहन तथा सहेलियों को देती थीं। वह अधिक धन का लोभ नहीं करती थीं और स्थिति में सन्तुष्ट रहकर कहा करती थीं।

सांई इतना दीजिये जामें कुटुम्ब समाय।
न तो मैं भूखी रहूं न कोई भूखा जाय॥

उन में नम्रता कूट कूट कर भरी थी, भूल कर भी किसी को कड़वे शब्द नहीं कहती थीं सदा अपने नामानुसार प्रिय सत्य बोलती थीं। निर्धन तथा असहायों से विशेष स्नेह रखती थीं और कोई ऐसा व्यक्ति उनके द्वार से खाली नहीं जाता था।

आर्य सिद्धान्त उनके लिये पत्थर की लकीर थी। विवाह के पश्चात् कुछ वर्ष करवाचौथ का व्रत रखती थी। एक आर्य विद्वान के उपदेश पर कि इस प्रकार के अंटसंट व्रतों का आर्य समाज में कोई महत्व नहीं है, व्रत रखना छोड़ दिया और यम नियम आदि व्रतों में निष्ठा हो गई।

सदैव वह घर में किसी न किसी कार्य में लगी रहती थी उनका कहना था कि निकम्मा रहना परमात्मा से चोरी है।

साधारण गृहस्थ जीवन प्रायः सास और बहू की खींचा तानी से सुखी नहीं रहता। एक आर्य सुगृहिणी सूझबुझ से गृहस्थ को स्वर्ग बना देती है। सत्यप्रिया जी ने अपनी बहू को पुत्री का स्नेह दिया जिसका बहू ने ही यथोचित् व्यवहार से उत्तर दिया। वह अमेरिका में अपने पति से बिदा होकर रुग्ण सास की सेवार्थ निश्चित् समय से एक वर्ष पूर्व भारत आ गयी और अन्तिम दिन तक जब कि सत्य प्रिया जी स्वर्गवास हुई उनकी सेवा करती रहीं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्यप्रिया स्मारक

७ मार्च १६६६ को मेरी धर्म पत्नी श्रीमती सत्यप्रिया जी का देहावसान हुआ तथा १० मार्च १६६६ को चौथे के दिन आर्यसमाज की ओर से कई देवियों और पुरुषों ने उनको श्रद्धाञ्जलि दी। अपने जीवन में मेरी धर्मपत्नी कई आर्य संस्थाओं की सहायता किया करती थीं। उस समय मेरे मनमें आया कि जिन-जिन संस्थाओं की जितनी वह सहायता करती थीं उनकी मृत्यु के बाद भी उन्हें जारी रखा जावे। और २ हजार रु० उनकी स्मृति में आर्य संस्थाओं को सहायता की भी घोषणा की गई। उस समय पं० हरिशरण जी सिद्धान्तालंकार ने धीरे से एक बात कही कि क्या अच्छा होता यदि कुछ और रु० डालकर एक स्थायी स्मारक बनाया जाये और प्रति वर्ष उनकी स्मृति में एक दिवस मनाया जाये। उनकी यह बात मेरे मन में घर कर गई और निश्चय किया कि प्रति वर्ष १७ मई को श्रीमती सत्य-प्रिया जी का जन्म दिवस मनाया जाय और २० हजार रु० बैंक में जमा करा दिया गया ताकि उसके व्याज से उन सब संस्थाओं का जिनकी वे अपने जीवन में सहायता करती थीं जारी रखी जाय। इसके अतिरिक्त दिल्ली की आर्य कन्या पाठशालाओं में धर्म शिक्षा के प्रचार हेतु सुयोग्य कन्याओं को पुरस्कार तथा छात्र वृति दी जाया करे।

तभी सत्यप्रिया स्मारक समिति का गठन दिया गया इस समिति का प्रधान तो मैं हूं परन्तु सारा काम समिति के मन्त्री पं० देवव्रत जी धर्मेन्दु आर्योपदेशक ने बड़ी लग्न प्रेम तत्परता तथा अपना बहुत सारा समय देकर करते हैं। समिति का कार्यालय १६५४ कुचा दक्षिणीराय दरियागंज दिल्ली ६ में हैं। प्रति वर्ष १७ मई का पवित्र दिवस उनके जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है और उसमें किसी न किसी वेद का परायण यज्ञ अर्थ सहित होता है। और आर्य जगत् के विद्वान और संन्यासी उपदेश हेतु बुलाये जाते हैं। स्वर्गीय स्वामी समर्पणानन्द जी (पं. बुद्धदेव जी विद्यालंकार) महात्मा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आनन्द स्वामी, वेद मुनि परिव्राजक नजीबाबाद वाले, स्वामी विद्यानन्द जी विदेह, आचार्य कृष्ण जी आदि इस अवसर पर पधारते रहे हैं।

यह कार्यक्रम हर वर्ष ६-७ दिन चलता है और १७ मई को पूर्ण आहूति के साथ एक विराट सभा होती है जिनमें भिन्न-भिन्न विद्यालयों की कन्यायें आर्य कन्या सदन पटौदी हाऊस, स्वामी विरजानन्द अन्ध कन्या विद्यालय तथा कन्या गुरूकुल राजेन्द्र नगर की कन्यायें भाग लेती हैं। कन्या विद्यालयों में प्रति वर्ष धर्म शिक्षा प्रचार के लिये धर्म शिक्षा की निशुल्क पुस्तकें भेजी जाती हैं। कन्याओं से परीक्षा लेकर प्रत्येक विद्यालय से जो-जो कन्या प्रथम आती हैं उसे एक वर्ष के लिये दस २ रुपये मासिक छात्र वृति दी जाती है। इस तरह ९-१० कन्याओं को एक वर्ष की छात्र वृति दी जाती है। गत वर्ष स्मारक समिति ने धर्म शिक्षा की अध्यापिकाओं को भी पुरस्कार रखे थे जो विद्यालय प्रथम रहा उसकी अध्यापिकाओं को १००) रु० का प्रथम पुरस्कार और द्वितीय ७५) तृतीय ५०) रु० का दिया गया। जिन-जिन संस्थाओं का उनके जीवन में सहयोग रहा वह अब भी जारी है उनके नाम निम्न लिखित हैं :—

मातृ मन्दिर गुरूकुल वाराणसी, टंकारा सहायक समिति, आर्य कन्या सदन आर्य अनाथालय, आर्य समाज कन्या स्कूल चावड़ी बाजार दिल्ली आर्य कन्या गुरूकुल राजेन्द्र नगर, राष्ट्रिय विरजानन्द अन्ध कन्या विद्यालय, आर्य समाज निजामुद्दीन, आर्य समाज दीवान हाल, आत्म शुद्धि आश्रम बहादुर गढ़, भक्ति योग साधन आश्रम रोहतक, आर्य युवक परिषद द्वारा संचालित सत्यार्थ प्रकाश की चार परीक्षाओं में स्वर्गीया सत्यप्रिया जी के नाम से प्रत्येक में तीन पारितोषिक प्रति वर्ष दिये जाते हैं। शिवरात्रि मेले के अवसर पर परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सत्यप्रिया चल वैजन्ती उपहार इस वर्ष कुमारी उपासना दयानन्द माँडल स्कूल पटेल नगर को दिया गया।

१२ अप्रैल १९७५ को आर्य समाज की शताब्दी मनायी जा रही है समिति ने निश्चय किया है कि १७ मई १९७५ को जो सत्यप्रिया

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
जी का जन्म दिवस आये उसमें कुछ विशेष कार्यक्रम रखा जाय १९७४ में ही यह घोषणा की गई। समिति ने एक विशेष निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया और आर्य जगत् के विद्वान तथा प्रचारकों से प्रार्थना की गई कि महर्षि दयानन्द के स्वप्नो का आर्य समाज कैसे बने" इस विषय पर कम से कम २० पृष्ठों का एक निबन्ध लिखकर आर्य समाज के लिये उपयोगी साहित्य एकत्र किया जाये । इसके लिये एक हजार रुपये में तीन पुरस्कार रखे गये। यह हर्ष की बात है कि लगभग आर्य जगत के ७० विद्वानों ने निबन्ध समिति को भेजे। इन में से अधिकतर निबन्ध आर्य समाज के उच्च कोटि के विद्वानो ने लिखे हैं इन निबन्धों का निर्णय करने के लिये एक निर्णायक मण्डल बनाया गया था जिनमें डा० जी० एल० दत्त भूतपूर्व उप कुलपति विक्रम विश्व विद्यालय २–पं० सत्य व्रत जी सिद्धान्तालंकार भूतपूर्व उपकुलपति गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय ३–श्री पं० क्षितीश कुमार जी वेदालंकार सम्पादक दैनिक हिन्दुस्तान तथा श्री कविराज जी खजान चन्द भूतपूर्व प्रधान आर्य समाज निजामुद्दीन। स्मारक समिति इस मण्डल की कृतज्ञ है कि उन्होंने इस कार्य में सहयोग दिया, समिति निर्णायक कमेटी की आभारी है कि उन्होंने अपना अमूल्य समय देकर अपना निर्णय दिया।

पुस्तक

स्मारक समिति ने निश्चय किया कि आर्य जगत् के महान विद्वानों में इस आवश्यक विषय पर जो अपने बहुमूल्य सुझाव दिये हैं उनको एक पुस्तक के रूप में छपवाकर उनके सुझावों को एक स्थायी रूप दिया जाय ताकि आर्य जगत के नेता और आर्य संस्थाओं के अधिकारी तथा सर्व साधारण आर्य जनता इन विद्वानों के विचारों से पूरा पूरा लाभ उठाकर उनको क्रियात्मक रूप दे।

समिति ने निश्चय किया कि प्रथम तीन पुरस्कृत लेख जिनको पुरस्कार दिया जाना चाहिये उनको पूरे रूप में पुस्तक में दिया जाये शेष लेखों के लेखकों के सुझाव-विचार संक्षिप्त रूप में इस पुस्तक में दिये जायें। ★

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्य समाज कैसे बनायें

मई १९६४ में मैं अपने सुपुत्र डा० सुभाषचन्द्र आर्य जो उस समय शिकागो विश्वविद्यालय में थे मिलने गया। रास्ते में दो तीन दिन रोम (इटली) में अपने एक आर्य समाजी मित्र महाराज कृष्ण जी जो भारतीय दूतावास में एक उच्च पद पर उन दिनों थे, के यहां ठहरा।

रोम एक ऐतिहासिक और पुराना नगर है और वह इटली की राजधानी है इस नगर का एक छोटा सा भाग (बैटिंगन) एक पृथक पोप का राज्य है। पोप संसार के ईसाइयों का माननीय सर्वोच्च अधिकारी है। वहाँ मैंने देखा कि पोप ने सब देशों से ५-६ सौ से अधिक ईसाई प्रचारकों को बुलाया हुआ था। उनकी सभा दो तीन महीने से चल रही थी ऐसी सभाएं समय-समय पर वहाँ होती रहती हैं। जिनसे ईसाई मत के प्रचार पर प्रतिदिन घंटों विचार विमर्श होता था। और संसार के प्रत्येक भाग से आये प्रचारक अपने अनुभव बनाते और उसके अनुसार प्रचार को तीव्र गति देने के लिये प्रत्येक देश की प्रचारशैली में परिवर्तन अच्छी प्रकार सोच विचार कर स्वीकार किये जाते। यदि आवश्यकता पड़ती तो बाईबिल के अर्थों को भी समयानुसार बदलने की स्वीकृति दी जाती। उस समय मेरे मन में आया कि आर्य समाज को भी अपने विद्वानों और प्रचारकों की ऐसी सभायें समय-समय पर बुलानी चाहिए। ताकि समयानुसार भिन्न-भिन्न प्रान्तों तथा विदेशों में आर्य समाज के प्रचार को तीव्र बनाने के लिये विचार विमर्श किये जा सके।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रायः देखा गया है कि आर्य समाज के प्रचार की वही शैली जो हम ५०–६० वर्ष से देख रहे हैं चली जा रही है। साप्ताहिक सत्संग में भी प्रायः उसी प्रकार कार्यक्रम होता है जिस प्रकार ५०–६० वर्ष पहले हुआ करता था। उसी प्रकार से वार्षिक उत्सव जिसका मुख्य कार्यक्रम एक शोभा यात्रा और दो तीन विद्वानों का व्याख्यान और भजन। आज भी वैसे ही हैं। कुछ समय से उत्सवों में कई सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है परन्तु उनका विशेष लाभ कुछ नहीं होता। प्रस्ताव पास किये जाते हैं जो आर्य समाजों की रिपोर्ट पर ही सीमित रहते हैं।

मैंने कई बार आर्य समाज के विद्वानों और सन्यासियों, अधिकारियों से विचार प्रकट किया कि वे भी ईसाई प्रचारकों जैसी सभाएं बुलाकर आर्य समाज के प्रचार की शैली में समयानुसार परिवर्तन करें। परन्तु वैसा हो नहीं पाया। ऐसी सभायें केवल सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा जो आर्य समाज की शिरोमणि संस्था है बुला सकती है। इसी विचार को लेकर मैंने स्मारक समिति का ओर से शताब्दी के अवसर पर आर्य जगत् के विद्वानों से इस विषय पर लेख लिखने की प्रार्थना की इन विद्वानों के विचार पाठकों को इस में पुस्तक मिलेंगे।

आर्य समाज से महर्षि को बड़ी आशायें थीं, उन्होंने एक पत्र सम्वत् १९३३ चैत्रवदी ९ में एक स्थान पर लिखा कि " इस लिये जो उन्नति करना चाहो तो आर्य समाज के साथ मिलकर उसके उद्देश्य अनुसार आचरण करना स्वीकार कीजिये नहीं तो कुछ हाथ नहीं लगेगा। आर्य समाज आर्यवर्त देश की उन्नति का क़ारण है वैसा दूसरा नहीं हो सकता।" आज सौ वर्ष के पश्चात् एक निष्पक्ष मनुष्य यह कहे बिना नहीं रह सकता कि आर्य समाज ने केवल भारत वर्ष ही नहीं परन्तु अनेक विदेशों में धार्मिक, सामाजिक और शिक्षा के क्षेत्र में एक महान् कार्य किया। हिन्दू समाज की कुरीतियों को हटाने में आर्य समाज का बड़ा हाथ रहा। शुद्धि, दलितोद्धार

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
अछूतो द्धार, अन्तर-जातीय विवाह, विधवा-विवाह नारी शिक्षा अनाथों एवं असहायों की सेवा अनेक कार्य हैं जो आर्य समाज के प्रचार के कारण प्रायः सारा हिन्दू समाज इनको अपनाता है।

यदि यह कहा जाय कि भारत का विधान जो २६ जनवरी १९५०से लागू है वह आर्यसमाज के मन्तव्यों का आधार है तो गलत न होगा। आर्यसमाज की उपलब्धियां अनगिनित हैं परन्तु यह सब होते हुए भी क्या हम कह सकते हैं कि आर्य समाज के प्रचार की तीव्र गति मन्द नहीं पड़ गई, क्या ये सच नहीं कि हिन्दू समाज के युवक और बुद्धि जीवी जो आर्य समाज के पूर्वसमय में खीचें आते थे आज कुछ दूर होते जा रहे हैं। आर्य समाज इन तक उतना नहीं पहुंच पाता जितना पहले था। कई बार कुछ आर्य विद्वान तो यह भी कह देते हैं कि आर्य समाज अब सनातन धर्म ही बनता जा रहा है,। महर्षि दयानन्द एक क्रान्तिकारी महापुरुष थे और उन्होंने धर्म के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्रान्ति की, क्रान्ति का एक स्वभाव यज्ञ अग्नि की तरह है यदि उसमें घी सामग्री डालते रहें तो अग्नि तीव्र रहेगी अथवा इस प्रकार **आर्य समाज रूपी यज्ञ अग्नि में तपस्या की सामग्री न डाली गई तो वह मन्द पड़ जायेगी** । यदि हम आर्य समाज के पूर्व काल को देखें तो इस बात की पुष्टि हो जाती है कि उस थोड़े समय में महर्षि दयानन्द. पं० लेखराम, स्वामी श्रद्धानन्द आदि के जीवन दान से और महात्मा हंसराज, पं० गुरुदत्त आदि महात्माओं के त्याग से आर्य समाज भारत और विदेशों में फैला ।

महर्षि को जो आशायें थों उनको यदि आर्य समाज ने पूर्ण करना है तो अगले १०० वर्ष नहीं तो २५-२५ वर्ष की एक योजना बनाना होगा। इस योजना में मेरे निम्न लिखित सुझाव हैं :—

(क) आर्य समाजों के आपस में आये दिन के झगड़े समाप्त करने के लिये चुनाव की शैली बदलनी होगी। प्रायः देखा गया है कि आधुनिक चुनाव शैली ही झगड़ों का मूल कारण होती है। कुछ ऐसी ही शैली बनायी जावे कि कोई अधिकारी सभासदों के पास मतदान के लिये
CC-0.In Public Domain. Panjni Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
न जाये। केवल वह सभा-सद अधिकारी चुने जावें जो प्रति दिन अथवा महीनों में कुछ दिन आर्य समाज के ठोस काम में पर्याप्त समय दें।

(ख) युवक वर्ग को आर्य समाज में लाने के लिये आर्य समाज और डी० ए० वी० शिक्षण संस्थाओं के लिये आर्य विचारों के शिक्षक तैयार किये जावें। जब तक ऐसा नहीं होता आर्य समाज की शक्ति और धन इन संस्थाओं में व्यर्थ जायेगी।

(ग) आर्य समाज के प्रचार के लिये ऐसे उपदेशक तैयार किये जायें जो भिन्न प्रान्तों और विदेशों में उन लोगों के बीच उनकी ही भाषा में प्रचार कर सकें। और उनकी अपनी भाषा में आर्य साहित्य छपवाया जावे। अच्छे विद्वानों और उपदेशकों को आकर्षित करने के लिये उनको उचित वेतन तथा उनके रहन सहन, बच्चों की शिक्षा आदि का समाज की ओर से पूरी व्यवस्था हो, उनके रोगी होने पर अथवा रिटायर्ड होने पर उनके पेंशन ग्रेज्यूटी आदि की भी पूरी व्यवस्था होनी चाहिये।

(घ, उपदेशक और विद्वानों का यथोचित् मान किया जाय, उनको एक वैतनिक सेवक अथवा चपरासी समझकर अधिकारी वर्ग वर्ताव न करें, किन्तु उनको मान दें—जो एक ब्राह्मण को मिलना चाहिये।

(ड़) प्रचार की शैली प्रत्येक प्रान्त व देश के निवासियों को दृष्टि में रखकर निर्धारित की जावे। इसके लिये समय–समय पर प्रचारकों से सम्मति लेकर प्रचार शैली में उचित परिवर्तन किया जावे।

(च) प्रचार का क्षेत्र केवल बड़े नगरों तक ही समिति न हो किन्तु ग्रामों में और विशेष कर पिछड़ी जातियों में अधिक होना चाहिए।

(छ) प्रायः आजकल हमारा प्रचार, मंच और साहित्य पर ही रह गया है। जो प्रस्ताव आर्य समाज के मंच से पास किये जाते हैं उन पर विशेष कर समाज के अधिकारी और सभासद पूर्ण रूप से अपने

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन में क्रियात्मिक रूप से अपनायें। नहीं तो इसका कोई लाभ नहीं होता उदाहरण के रूप में दो वर्ष पहले आर्य सम्मेलन अलवर में एक प्रस्ताव पास हुआ कि कोई आर्य समाजी अपने नाम के आगे जाति न लिखा करें। जिसपर समाज के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया, अभी लुधियाना में आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने दहेज न लेने अथवा विवाह के अवसर पर बहुत थोड़ा व्यय करने का प्रस्ताव पास किया। इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। सामाचार पत्रों में तो इसका प्रचार हो रहा है परन्तु कोई विरला इस पर आचरण करता है।

(ज) राजनीति में अधिक भाग लेने वाले आर्य समाजियों को समाज में उच्च पद नहीं देना चाहिए।

नवनीतलाल एडवोकेट

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम खण्ड

प्रथम खण्ड में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त लेखों का संकलन है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१

प्रो० जयदेव आर्य एम० ए० वेदाचार्य

महर्षि दयानन्द ने जब लाहौर में आर्यसमाज की स्थापना की, तो, उसका उद्देश्य संसार का उपकार करना घोषित किया, अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।[1] इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आर्यसमाज बम्बई के नियमों में दो बातों पर विशेष बल दिया गया था—एक 'सत्यधर्म' और दूसरी 'सत्य नीति' पर विचार करना।[2] इन्हीं दोनों बातों का स्पष्टीकरण करते हुए पुनः कहा गया था, "इस समाज में स्वदेश के हितार्थ दो प्रकार की शुद्धि के लिए प्रयास किया जायेगा—एक परमार्थ, दूसरा व्यवहार। इन दोनों का शोधन तथा सब संसार के हित की उन्नति की जायेगी।"[3] आर्य समाज का यह उद्देश्य शास्त्रोक्त धर्म के लक्षण—इहलोक तथा परलोक की सिद्धि[4]—को दृष्टि में रखकर ही निश्चित किया गया होगा। यतः उस समय तक स्थापित सभी आर्यसमाजों को नियन्त्रित करनेवाली किसी अन्य शिरोमणि केन्द्रीय आर्यसभा का अस्तित्व नहीं था।

---

१. आर्यसमाज का षष्ठ नियम।

२. आर्यसमाज बम्बई का एकादश नियम।

३. उसी का सत्रहवाँ नियम।

४. 'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः'—वैशेषिक दर्शन।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महर्षि का स्वीकार-पत्र

महर्षि ने अपनी एकमात्र उत्तराधिकारिणी सभा के रूप में परोपकारिणी सभा की स्थापना की और अपने स्वीकार-पत्र में इसके जिम्मे निम्न कार्य[1] लगाते हुए घोषणा की कि यह सभा मेरी सम्पत्ति को—

१. वेद और वेदाङ्ग आदि शास्त्रों के प्रचार अर्थात् उनकी व्याख्या करने-कराने, पढ़ने-पढ़ाने, सुनने-सुनाने, छापने-छपवाने आदि में,

२. वेदोक्त धर्म के उपदेश और शिक्षा अर्थात् उपदेशक-मण्डली नियत करके देश-देशान्तर और द्वीप-द्वीपान्तर में भेजकर सत्य के ग्रहण और असत्य के त्याग आदि में,

३. आर्यावर्त्त के अनाथ और दीन जनों की शिक्षा और पालन में खर्च करे।

इस विवरण से महर्षि दयानन्द के स्वप्नों के आर्यसमाज का जो स्वरूप हमारे नेत्रों के समक्ष उभरकर आता है, उसके अनुसार—

१. सैद्धान्तिक रूप से वैदिक मान्यताओं एवं आदर्शों का मंच तथा साहित्य द्वारा विश्वभर में प्रचार करना,

२. व्यावहारिक रूप से उन मान्यताओं एवं आदर्शों के अनुकूल जन-जीवन को ढालकर उसकी सर्वाङ्गीण उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना, तथा साथ ही साथ,

३. आर्यावर्त्त के दीन-हीन जनों के शिक्षण तथा पालन का प्रयास करना आर्यसमाज का लक्ष्य ठहरता है। इस महान् लक्ष्य

---

१. महर्षि दयानन्द का जीवन-चरित्र 'आर्य धर्मेन्द्र जीवन'—रामविलास शारदा कृत—पृ० १६७-६८.

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को लेकर आरम्भिक काल का आर्यसमाज जिस तीव्र गति से प्रगति पथ पर बढ़ा, उसे देखकर सारे विश्व में एक हलचल मच गई।

अमेरिका के योगी जेक्सन डेविस की दृष्टि में आर्यसमाज : एक भयंकर आग

सुदूर अमेरिका में बैठा एक योगी एण्ड्रो जेक्सन डैविस हर्ष विभोर होकर पुकार उठा, "मुझे एक आग दिखलाई पड़ती है, जो हर वस्तु को जलाकर साफ कर रही है। अमेरिका के समतल मैदानों, अफ्रीका के विस्तृत देशों, एशिया के प्राचीन पर्वतों तथा यूरोप के विशाल साम्राज्यों पर मुझे इस अतिदाहक अग्नि की लपलपाती हुई लपटें दिखाई देती हैं।......इस असीम आग को देखकर, जो निश्चित ही राजाओं, सम्राटों तथा विश्वभर की राजनीतियों व बुराइयों को पिघला देगी, मैं अति हर्षविभोर होकर एक उत्साहपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा हूँ।......यह आग प्राचीन आर्य धर्म को असली पवित्र अवस्था में लाने के लिए एक भट्टी है जिसे आर्य समाज कहते हैं। यह आग भारतवर्ष के एक परम योगी दयानन्द सरस्वती के हृदय में आविर्भूत हुई है। हिन्दू व मुसलमान इस विश्वदाहक आग को बुझाने के लिए चारों ओर तीव्र गति से दौड़ रहे हैं, परन्तु, यह आग ऐसी तीव्र गति से फैल रही है कि जिस तीव्रता की उसके संस्थापक दयानन्द को कल्पना भी नहीं थी। और ईसाइयों ने भी......एशिया के इस नये प्रकाश को बुझाने के लिए हिन्दू और मुसलमानों का साथ दिया, परन्तु यह दिव्य-अग्नि और भी भड़क उठी और विस्तृत हो गई। समस्त दुर्गुणों का समूह सदा की पवित्र करनेवाली भट्टी में जलकर भस्म हो जाएगा और रोग के स्थान पर स्वास्थ्य, अज्ञान के स्थान पर विज्ञान, घृणा की जगह प्रेम, शत्रुता की जगह मित्रता, नरक की बजाय स्वर्ग, दुःख के स्थान पर सुख, भूत-प्रेतों के स्थान पर परमेश्वर और प्रकृति का राज्य होगा। मैं इस आग का स्वागत करता

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हूँ। जब यह अग्नि इस सुन्दर भूमि को नया जीवन प्रदान करेगी तो सार्वभौम शान्ति, समृद्धि और प्रसन्नता का युग शुरू होग।"[1] गुरुकुलों की स्थापना ने आर्यसमाजियों में एक नई उमंग और आशा का संचार किया और वे झूम-झूमकर यह तराना गाने लगे—

आएँगे खत अरब से, जिनमें लिखा यह होगा।
गुरुकुल का ब्रह्मचारी, हलचल मचा रहा है॥

परन्तु महर्षि के वे स्वप्न, एण्ड्रो जेक्सन डेविस को वह भविष्य-वाणी और आर्यजनों की वे आशाएँ और उमंगें साकार न हो पाए। आर्यसमाज के पाँव संस्थावाद की भूल-भूलैयाँ में कुछ ऐसे उलझे कि वह आज तक सँभल ही नहीं पाया। अपने को ऐसी असहाय-अवस्था में पाकर उसने उसी को अपनी नियति मानकर सन्तोष कर लिया और निद्रामग्न हो गया।

बड़े शौक से सुन रहा था ज़माना,
तुम्हीं सो गए निज कथा कहते-कहते॥

आज का आर्यसमाज चारदीवारी में बन्द

आज स्थिति यह है कि जहाँ कल उत्पन्न हुए अनेक पाखण्ड-मतों की दुन्दुभि विश्वभर में बज रही है, वहाँ आर्यसमाज का नाम विश्व तो क्या, भारत के भी सब नागरिक नहीं जानते। ले-देकर उत्तर भारत के और कुछ अफ्रीका आदि के उन प्रदेशों और वहाँ भी अधिकतर उन नगरों तक ही, जहाँ कि पंजाब या हरियाणा और उत्तरप्रदेश के कुछ आर्यसमाजी जाकर बसे हुए है, आर्यसमाज का नाम और काम सीमित है। कवि प्रकाश के शब्दों में जहाँ महर्षि दयानन्द ने 'वेदों का डंका आलम में बजवा दिया' था, वहाँ पंडित गंङ्गाप्रसाद उपाध्याय के शब्दों मे आज

१. महर्षि दयानन्द संसार की नज़रों में—उर्दु—ला—उलफत राय (१९३३ ई० में पृ० २७-२८ पर [Beyond The Valley,] पृ० ३८२ से उद्धृत)।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाजियों का आलम उनके आर्यसमाजमन्दिरों की चारदीवारी के भीतर ही सीमित होकर रह गया है, जहाँ वे प्रत्येक रविवार को कुछ समय तक वेद का डंका बजाकर अपने घर चले जाते हैं। व्यावहारिक दृष्टि से आर्यसमाजियों के जीवन में दूसरे लोगों से कोई विशिष्टता दृष्टिगोचर नहीं होती और इसीलिए आर्यसमाज पार्टीबाजों का अखाड़ा बन चुका है।

क्या मंच और क्या साहित्य—दोनों दृष्टियों से हमारा प्रचार-तन्त्र निर्जीव हो चुका है और व्यावहारिक क्षेत्र में धर्म के वाह्य कर्मकाण्डपरक निर्जीव स्थूल शरीर को ही हम किसी अंश तक साग्रह पकड़े हुए हैं। यमनियमादिपरक धर्म की जीवनभूत आत्मा का आँचल हमसे जाने-अनजाने छूट चुका है। हम ईंट-पत्पर के भव्य भवन खड़े करने और बड़े-बड़े जलसे-जुलूसों का आयोजन करने को ही आर्यसमाज के जीवन का चिह्न मानकर मानव-निर्माण के कार्य से पराङ्मुख हो चुके हैं। रविवार के दिन केवल कुछ वृद्ध लोग ही आर्यसमाजों के सत्संगों में दिखलाई पड़ते हैं और वे भी वहाँ १-२ घण्टे के लिए अधूरे और नकली अध्यात्मवादी तथा शेष जीवन में पूरे भौतिकवादी होते हैं। वहाँ भी प्रायः भाषण और शान्तिपाठ के पश्चात् जो चख-चख देखनें में आती है, उससे उस नकली अध्यात्मवाद की भी कलई वहीं खुल जाती है। चौकी पर निरा अध्यात्मवादी और चौके में पूरा भौतिकवादी—यही विभक्त दोहरा जीवन जीना हमारा आदर्श बन चुका है और इसीलिए हम स्वयं अपनी और फलतः जनता की दृष्टि में पतित होकर महर्षि के महान् आर्यसमाज को भी साथ ही ले डूबे हैं। समाज-सेवा के नाम पर भी जो कुछ आज हो रहा है, उसमें प्रदर्शनभाव प्रधान और सच्ची समाज-सेवा का भाव गौण हो चुका है और अनेक स्वार्थी लोग आर्यसमाज की संस्थाओं के माध्यम से स्वयं को धन एवं प्रतिष्ठा से तथा आर्य-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाज को पाप एवं अपयश से संयुक्त कर रहे हैं। जो कुछ सच्चे आर्यसमाजी हैं, वे इस अवस्था को देख-देखकर तथा स्वयं को उसमें कुछ भी परिवर्तन कर सकने में असमर्थ पाकर किंकर्तव्यविमूढ़ बने मूक दर्शकभाव धारण कर चुके हैं या अरण्य-रोदन के समान कुछ निरर्थक शोर मचाते रहते हैं।

इस अवस्था के प्रति असन्तोष सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है, पर समाधान कहीं दिखाई नहीं पड़ता।

प्रश्न है, इस स्थिति से आर्यसमाज कैसे उभरे ? आज का आर्य-समाज महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्यसमाज कैसे बने ? वह महर्षि द्वारा निर्धारित लक्ष्य को कैसे प्राप्त करे ? और इसके लिए अपने संघठन को दृढ़ तथा निर्दोष कैसे बनाए ? इन्हीं प्रश्नों का समाधान इस लेख में प्रस्तुत किया जायेगा।

मंच और साहित्यिक प्रचार के आवश्यक घटक

आर्यसमाज के उपरिनिर्दिष्ट तीन लक्ष्यों में सर्वप्रथम आधार-भूत लक्ष्य है—वैदिक मान्यताओं एवं आदर्शों का मंच तथा साहित्य के माध्यम से विश्वव्यापी सैद्धान्तिक प्रचार। इन माध्यमों में से प्रथम मंच मौखिक प्रचार का माध्यम है और उसके घटक अंग ५ हैं—१. मंच, २. प्रचारक, ३. जनता, ४. प्रचारित विषय, तथा ५. प्रचार-शैली। इसी प्रकार साहित्यिक प्रचार-तन्त्र के भी कई अंग हैं, जैसे—१. लेखक, २. प्रकाशक, ३. मुद्रित पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएँ, ४. उनके विक्रेता, ५. पाठक, ६. पुस्तकालय आदि। देश-काल का सम्बन्ध इन सभी से रहता है। यदि हम इन दोनों प्रचार-माध्यमों तथा उनके समस्त घटकों की दृष्टि से अपनी वर्तमान प्रचार-प्रणाली पर दृष्टिपात करें, तो, हमें प्रतीत होगा कि यह सर्वथा अनुपयुक्त, अशक्त तथा अपूर्ण है। कैसे ? सर्वप्रथम मंच के घटक अंगों को लीजिए :—

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्यन्त सीमित और संकुचित मंच

आर्यसमाज के मंच का क्षेत्र बहुत सीमित है। सामान्यतः, आर्यसमाज का प्रचार आर्यमंदिरों की चारदीवारी में ही होता है, जहाँ कुछ बँधी-बँधाई, निश्चित, आर्यसमाज से पहले ही परिचित जनता पहुँचती है और समाज के एक बड़े भाग को आर्यसमाज का कुछ भी परिचय नहीं हो पाता। बहुत कम आर्यसमाज ऐसे हैं, जो आर्यसमाज मन्दिर की चारदीवारी से बाहर निकलकर कभी पार्कों, सार्वजनिक सभा-भवनों, गली-मुहल्लों, विद्यालयों,घरों, मेलों तथा चौराहों पर अपने मंच लगाते हों, जिससे आर्यसमाज से अपरिचित लोगों के कानों तक भी घर बैठे ही आर्य समाज का कुछ-न-कुछ सन्देश पहुँचे; स्त्रियाँ भी आर्यसमाज के प्रचार को सुन सकें तथा हरिजनों और मजदूरों की बस्तियों में भी आर्यसमाज का प्रचार एवं प्रसार हो। हमारा मंच केवल कुछ निम्न-मध्यवर्गीय लोगों तक ही सीमित है। हरियाणा को छोड़कर ग्राम भी प्रचार से अछूते हैं और पंजाब, हरियाणा तथा उत्तरप्रदेश के बाहर का सारा देश आर्यसमाज के प्रचार से प्रायः अपरिचित है। विदेशों में इन्हीं प्रदेशों के मूल की जनता में ही आर्यसमाज का प्रचार है और अफ्रीकनों तथा यूरोपियनों में आर्यसमाज की कोई पहुँच नहीं है। आर्यसमाजों के वार्षिक-उत्सवों पर ही ३-४ दिन बड़ी धूम-धाम होती है, उपदेशकों की भीड़ हो जाती है, जिन्हें बोलने का भी समय नहीं मिल पाता और हजारों-लाखों रुपए इन उत्सवों तथा सम्मेलनों में खर्च हो जाते हैं और फिर शेष समय के लिए वही श्मशान की-सी शान्ति छा जाती है और आर्यसमाजों के द्वार पर ताला जड़ दिया जाता है, जो सातवें दिन रविवार को कुछ समय के लिए खुलकर पुनः बन्द हो जाता है या आर्यसमाज में कोई पाठशाला चलती रहती है। आर्यसमाज के लिए यह स्थिति अशोभनीय है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंच का विकेन्द्रीकरण आवश्यक

आर्यसमाज के मंच को विस्तृत करने के लिए आवश्यक है कि इसका विकेन्द्रीकरण हो। आर्यसमाज नाई की मंडी, आगरा द्वारा कुछ वर्ष पूर्व पास के ही सुभाष पार्क में अपना सत्संग लगाया जाता था, जहाँ मुझे भी कुछ दिन भाषण देने का अवसर मिला। पार्क में प्रातः घूमने के लिए आनेवाले अनेक गैर-आर्यसमाजी लोग भी भाषण सुनने के लिए बैठ जाते थे और कई बार नए लोग आर्यसमाज की ओर आकृष्ट होते थे। हिसार में लगातार कई वर्षों के आग्रह के पश्चात् एक बार वहाँ के आर्यसमाज ने रात्रि को कई दिन तक नगर के विभिन्न स्थानों पर अपना प्रचार-मंच लगाया, तो उपस्थिति देखकर आर्यसमाज के अधिकारी दंग रह गए। कभी मेलों पर आर्यसमाज के प्रचार की बड़ी धूम रहती थी पर अब वह परिस्थिति नहीं रही। नारनौल के पास ही एक भैरों का स्थान है, जहाँ प्रतिवर्ष एक बड़ा मेला लगता है। गत वर्ष जब मैं वह मेला देखने गया तो देखा कि पास के नगर के एक आर्यसमाज के मंत्री का बीड़ी-प्रचार का मण्डप तो खूब जमा है पर आर्यसमाज के प्रचार का मंडप कोई नहीं। कभी इसी मेले में बड़ी गुण्डागर्दी हुआ करती थी जिसे आर्यसमाज के ही एक उत्साही प्रचारक श्री हीरालाल जी आर्य (रेवाड़ी) ने पूर्णतः बन्द करवा दिया था, जो अब भी बन्द है, पर साथ ही आर्यसमाज का प्रचार भी अब बन्द हो चुका है और आर्यसमाज के उस कार्य को लोग प्रायः भूल चुके हैं। नारनौल में ही २-३ वर्षों से प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश में दोनों प्रतिद्वन्द्वी आर्यसमाज जिला-स्तर का सम्मेलन करते हैं, पर उसके बाद बार-बार प्रेरणा करने पर भी वे नगर में या गाँवों में कभी आर्यसमाज का सार्वजनिक मंच लगाने को तैयार नहीं होते, कभी किसी विद्यालय में आर्यसमाज के भाषण करवाने का विचार नहीं करते, कभी पारिवारिक सत्संग नहीं

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगाते (संस्करों के अवसरों को छोड़कर)। अतः आर्यसमाज के मंच को व्यापक बनाने के लिये निम्न कार्य किए जाने चाहिएँ।

(१) मंच

आर्य समाज के मंच को व्यापक बनानें के कुछ साधन

आर्यसमाज की सभाएँ ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित की जानी चाहिए, जहाँ आते-जाते, अपने घरों में और दुकानों पर बैठे हुए नर-नारी भी उसके सन्देश को अनायास सुन सकें।

२. आर्यसमाज के प्रचारकों के आर्य समाज के शिक्षा-विषयक दृष्टिकोण पर विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में समय-समथ पर भाषण करवाए जाएँ।

३. हरिजनों तथा मजदूरों की बस्तियों में भाषणों की विशेष व्यवस्था की जाए।

४. कृष्णजन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण-जीवन या महाभारत और विजया-दशमी के दिन रामलीला के समाप्त होते ही वाल्मीकि रामायण की कथा दीपावली तक कराई जाया करे और श्रावणी के अवसर पर वेद और 'आर्यसमाज स्थापना दिवस' के अवसर पर महर्षि दयानन्द कृत ग्रन्थों की, इसी प्रकार गली-मुहल्लों में कथा कराई जाए। इससे आर्यसमाज के मंच को व्यापक आधार प्राप्त होगा।

५. जिला और तहसील के स्तर पर वेद-प्रचार-मण्डलों की स्थापना करके ऐसी व्यवस्था की जाए कि प्रत्येक एक या दो मास के बाद प्रत्येक ग्राम में एक दिन के लिए आर्यसमाज के प्रचारक अवश्य पहुँचें, अर्थात्, अधिक-से-अधिक साठ ग्रामों पर एक भजन-मण्डली की व्यवस्था अवश्य हो और वे क्रमशः एक के बाद दूसरे ग्राम में नियम से जावें।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६. उन ग्रामों में से प्रत्येक ग्राम में २-३ व्यक्तियों को एक समिति बनाकर उसे गाँव से धन जमा करने का कार्य सौंपा जाय। एक वर्ष में एक ग्राम से यदि कम-से-कम एक सौ रुपया, जो किसी प्रकार भी अधिक नहीं है, वह समिति एकत्रित करे, तो प्रतिवर्ष साठ ग्रामों पर छः हजार रुपया एकत्रित होगा, जो एक भजन-मण्डली के लिए किसी भी प्रकार कम नहीं है। किसी भी उपदेशक को धन जमा करने का कार्य न सौंपा जाए, वह केवल नियमित रूप से प्रचार करे।

७. इन भजन-मण्डलियों के क्षेत्र को भी इस प्रकार परिवर्तित करते रहना चाहिए जिससे कि जनता की रुचि भी जागृत रहे और प्रचार-कार्य में भी बाधा न पहुँचे।

८. परिवारों में वैदिक सिद्धान्तों के प्रवेश के लिए साप्ताहिक पारिवारिक सत्सङ्गों, पारिवारिक कीर्तनों एवं कथाओं की पद्धति को प्रोत्साहन दिया जाए और उस समय किसी भी अवस्था में आर्य-समाज के लिए दान न लिया जाए। ग्रामों की तरफ मुहल्लों में भी-वार्षिक राशि एकत्रित करने के लिए आर्यसमाज के सदस्यों को कार्य भार सौंपा जाए और पारवारिक रूप से भी अधिक क्षेत्रीय या गली-सत्सङ्गों को प्रचलित किया जाए। इस पद्धति से किसी भी व्यक्ति या परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़ेगा और वार्षिक आय भी नियमित रूप से अनायास ही होती रहेगी।

९. आर्यसमाज की शिक्षण-संस्थाओं में तो उपर्युक्त ग्राम-प्रचार-व्यवस्था के समान आर्यसमाज के भाषणों की नियमित व्य-वस्था होनी चाहिए और योग्य, सुशिक्षित, मनोविज्ञान से परिचित वक्ता को क्रमशः एक के बाद दूसरी संस्था में जाकर भाषण देते रहना चाहिए। उसके वार्षिक वेतन की पूर्ति भी इन संस्थाओं से ही सरलता से हो सकती है।

१०. समय-समय पर वकीलों के मध्य भी विशिष्ट वक्ताओं के

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषण आयोजित करने चाहिएँ। नारनौल में रजनीश-शिष्यों का भाषण बार-रूम में हुआ था।

११. आर्यसमाजों को भी कभी-कभी शिक्षकों, वकीलों, डाक्टरों, पत्रकारों तथा साहित्यकारों के लिए ही विशिष्ट भाषण की व्यवस्था करनी चाहिए। दिल्ली जैसी महानगरियों को विदेशी मिशनों के लोगों के लिए भी अंग्रेजी में विशिष्ट भाषणों की व्यवस्था करनी चाहिए, जैसी कि रामकृष्ण मिशन करता है। सन् १९६५ के लगभग आर्यसमाज, मन्दिर मार्ग ने ऐसी कुछ व्यवस्था की थी, परन्तु खेद कि उसे कार्यान्वित नहीं किया गया।

१२. शास्त्रार्थों के बन्द हो जाने से भी आर्यसमाज का मंच सीमित हो गया। अब सर्वधर्म सम्मेलनों के माध्यम से उसकी कुछ क्षतिपूर्ति की जा सकती है।

वार्षिक समारोहों के बदले शृंखलाबद्ध कथाओं को वरीयता

१३. वार्षिक-उत्सवों की प्रथा सर्वथा समाप्त कर देनी चाहिए या फिर उन्हें शृंखलाबद्धरूप में करना चाहिए—एक के बाद दूसरा नगर, न कि आज एक उपदेशक यहाँ है, तो दूसरे दिन ५०० मील दक्षिण में और तीन दिन बाद फिर पास के नगर में। इस प्रथा से (१) प्रतिवर्ष लाखों रुपए मार्ग-व्यय में नष्ट होते हैं। (२) उपदेशकों के स्वास्थ्य पर अत्यधिक यात्राओं का दुष्प्रभाव पड़ता है। (३) उनकी दैनिक जीवनचर्या तथा स्वाध्याय में भारी विघात होता है। यदि वे एक स्थान पर प्रचार समाप्त कर १५-२० मील आगे के नगर में जाएँ और वहाँ से फिर पास के नगर में तथा इस प्रकार ४००-५०० मील तक एक ही सीध में प्रचार करके वापस घर लौट आएँ, तो इनमें से कोई भी दोष उपस्थित न होगा। साथ ही एक स्थान पर ४-५ वक्ताओं से अधिक नहीं होने चाहिए। सहारनपुर के पास एक स्थान पर एक भजनोपदेशक के अतिरिक्त हम दो ही वक्ता थे—गुरुकुल कांगड़ी के श्री सत्यव्रत राजेश तथा मैं। रात्रि को मेरा सत्यार्थप्रकाश

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर १४० मिनट का भाषण हुआ और सभी श्रोता दत्तचित्त होकर भाषण सुनते रहे। ५-६ वर्ष बाद भी मैं उस आनन्द को भूल नहीं पाता। न कोई हड़बड़ी और न समाज पर आर्थिक बोझ। श्रोता भी प्रसन्न और उपदेशक तथा आर्यसमाज के अधिकारी भी। मासिक, त्रैमासिक, षाण्मासिक लम्बी कथाओं का आयोजन किया जाना श्रेयस्कर है। थोड़े उपदेशक, शक्ति-व्यय कम, पर प्रचार अधिक।

सुन्दर, स्वच्छ, आकर्षक मन्दिर और स्वाध्याय-व्यवस्था हो

१४. आर्यसमाज-मन्दिरों का स्वरूप अत्यन्त आपत्तिजनक एवं अशोभनीय है। वहाँ या तो ताला लगा होगा या पाठशाला। किसी आने-जानेवाले उपदेशक, संन्यासी या आर्यबन्धु के ठहरने का स्थान नहीं। पुरोहित किसी-किसी समाज में होते हैं। सेवक होगा, तो सबका गुरु, जबान का तेज, उपदेशकों का उपदेशक। आर्य समाज की उन्नति के लिए आवश्यक है कि आर्य समाजों का स्वरूप धार्मिक मन्दिरों का हो, न कि बारातघरों का। स्वच्छ-साफ मुख्य हॉल हो, दरी-चादर बिछी रहें, वेदी पर वस्त्र से ढके मोटे अक्षरों वाले धार्मिक ग्रन्थ—वेद, वेद-भाष्य, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका और सत्यार्थ-प्रकाश आदि—चौकी या पुस्तक रखने के स्टैण्ड पर रखे रहें, ताकि कोई भी व्यक्ति किसी समय उन्हें पढ़ सके। दीवारें वेदमन्त्रों, आर्यसमाज के सिद्धान्तों तथा केवल आर्य महापुरुषों के चित्रों से सजी हों। यज्ञशाला का स्थान सुरक्षित हो। ऊपर अतिथियों के ठहरने के लिए धर्मशाला हो। आर्यसमाज के परिसर में किसी बारात के ठहरने का स्थान नहीं होना चाहिए। हो, तो उसका प्रवेश एवं निष्क्रमण-द्वार सर्वथा पृथक् होना चाहिए। यही बात पाठशालाओं पर लागू होनी चाहिए। औषधालय आदि भी पृथक् होने चाहिए। तात्पर्य यह है कि मुख्य भवन सर्वथा शान्त, स्वच्छ एवं पवित्र होना चाहिए और आर्य उपदेशकों का निवास-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
स्थान भी, ताकि उनके स्वाध्याय आदि में किसी प्रकार का व्यव. धान न पड़े। आर्यसमाज पर सुन्दर ध्वज लहराता हो और एक पुरोहित तथा सेवक की नियुक्ति हो। यज्ञ, हवन की सारी सामग्री-अच्छे आर्य-गीतों के ग्रामोफोन रिकार्ड तथा अच्छा साहित्य प्रयोग तथा विक्रय के लिए प्रत्येक आर्यसमाज में अवश्य रहना चाहिए।

दक्षिण तथा अहिन्दी प्रदेशों में प्रचार का स्वरूप

१५. दक्षिण भारत में आर्यसमाज का मंच बनाने के लिए हमें वहाँ के कुछ योग्य शिक्षित व्यक्तियों को वैदिक सिद्धान्तों का ऊँचा प्रशिक्षण देकर उन-उन प्रदेशों की भाषा के माध्यम से प्रचार करना चाहिए। आर्य-अनार्य और ब्राह्मण-अब्राह्मण के विवाद तथा इसाई मिशनों के वहाँ प्रबल होने से आर्य समाज के प्रचार का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जिससे यह विवाद शान्त हो और वैदिक धर्म का छूआछूत-विरोधी तथा अन्धविश्वास-विरोधी सच्चा स्वरूप वहाँ की जनता के सामने आए। वहाँ के ब्राह्मणों के अधिक संस्कृतज्ञ तथा रूढ़िवादी होने के कारण आर्यसमाज के पण्डितों का भी अधिक शास्त्रज्ञ तथा कर्मकाण्डी होना नितान्त आवश्यक है। उत्तर भारत के आर्यसमाजी संसत्सदस्यों और नेताओं तथा बुद्धिजीवियों के मिशनों को भी वहाँ भेजने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे वहाँ की अधिक शिक्षित जनता से अधिकाधिक व्यक्तिगत सम्पर्क हो सके। भारतीय संस्कृति और हिन्दी के प्रचार के माध्यम से वहाँ की शिक्षण-संस्थाओं में प्रवेश अपेक्षाकृत अधिक सुकर हो सकता है। मोपला-विद्रोह के समय महात्मा हंसराज आदि के प्रयास से आर्यसमाज का जो कार्य केरल तथा दक्षिणी प्रदेशों में जारी हुआ था, यदि वह बन्द न हो जाता तो आज वहाँ आर्यसमाज का मंच सशक्त होता। इसाई मिशनों के पाँव वहाँ न जमते तथा तमिलनाडु में भारत तथा हिन्दी-विरोधी भावना इतनी उग्र न होती। इस समय केरल की आर्यन यूथ लीग के माध्यम से कार्य कर रहे श्री नरेन्द्र

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूषण को भरपूर आर्थिक सहायता तथा नैतिक समर्थन मिलना चाहिए और अन्य दक्षिणी प्रदेशों तथा बङ्गाल, महाराष्ट्र और गुजरात आदि में भी आर्यसमाज के मंच का इसी प्रकार विस्तार किया जाना चाहिए।

विदेशों और भारत की जन-जातियों पर विशेष ध्यान

१६. विदेशों में योग, भारतीय संस्कृति, हिन्दी तथा आयुर्वेद के विशेषज्ञों के रूप में आर्य समाजी प्रचारकों को वहाँ जाकर अंग्रेजी भाषा के माध्यम से वहाँ के मूल निवासियों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क स्थापित करना चाहिये। ऐसी अवस्था में ही आर्यसमाज स्वयं को अन्तरराष्ट्रीय कहने का अधिकारी बन सकता है, अन्यथा तो उसका स्वरूप केवल भारतीय ही कहलाएगा। भारत के 'हरे कृष्णा' जैसे नवीन तथा रामकृष्ण मिशन जैसे आर्यसमाज के समकालीन आन्दोलनों के यूरोप तथा अमेरिका में विकास की प्रक्रिया को समझकर आर्यसमाज को वहाँ कार्य करना चाहिए।

१७. अपने देश में भी जो तथाकथित आदिवासी तथा वनवासी जनजातियाँ हैं, उनमें आर्यसमाज को अपने कार्य का विस्तार करना चाहिए। इसके लिए सरकारी सहायता की भी आवश्यकता है, जो कि 'वनवासी कल्याण समाज' आदि संस्थाओं के नाम से आर्यसमाज भी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सारे देश की हिन्दू जनता का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आर्यसमाज को समय-समय पर 'देश बचाओ, धर्म बचाओ सप्ताह' आदि के नाम से देशव्यापी सर्वदलीय सामूहिक आयोजन करने चाहिए, तभी आर्यसमाज के मंच का वहाँ भी विस्तार हो सकता है, जैसा कि पिछले कुछ समय से नागालैण्ड में प्रयास शुरू किया गया है। प्रायः यही बात अफ्रीकी मूल-निवासियों में प्रचार करने पर भी लागू होती है।

(२) प्रचारक वर्ग विभिन्न रूपों में

मञ्च के पश्चात् आर्यसमाज के प्रचारक की स्थिति पर दृष्टिपात कीजिए। प्रचारकों के कई वर्ग हैं जैसे पुरोहित,

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
उपदेशक, भजनोपदेशक आदि। एक अन्य दृष्टि से ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थी तथा संन्यासी आदि प्रचारक तथा प्रचारिका आदि। नियमित वैतनिक, अवैतनिक तथा स्वतन्त्र एवं अनियमित प्रचारक आदि।

आर्यसमाज का सबसे बड़ा दुर्भाग्य
संगठन में उपदेशक का कोई स्थान नहीं

आर्यसमाज का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि उसके संगठन में उपदेशक का कोई सम्मान नहीं है। केवल वही उपदेशक या विद्वान् यहाँ सम्मान पाने में सफल हुए हैं, जो आर्थिक दृष्टि से आर्यसमाज के वेतनभोगी नहीं बने तथा जिन्होंने नेतृवर्ग में अपना स्थान बना लिया। जिस प्रकार जैनों में तथा इसाइयों में उच्चतम धनी घरानों के युवक तथा युवतियाँ भी साधु तथा पादरी बनने में गौरव का अनुभव करते हैं तथा सभी गृहस्थ लोग उन्हें अपने श्रेष्ठ एवं पूजनीय मानकर उनके आगे झुकते हैं, वैसी स्थिति आर्यसमाज में नहीं है और न ही सनातन धर्म के उपदेशकों जैसी ही स्थिति आर्यसमाजी उपदेशकों की है। परिणाम स्पष्ट है। सभी वैतनिक उपदेशक हीनभाव एवं असन्तोष से ग्रस्त हैं। कई योग्य व्यक्तियों को संन्यासी बनने के बाद भी अपनी वृद्धावस्था या रुग्णावस्था में पुनः अपने पुत्रादि की शरण लेनी पड़ी। संन्यासी एवं महिला प्रचारिकाएँ आर्यसमाज में गिनी-चुनी हैं। जो इस समय उपदेशक हैं, वे भी अपनी हीनावस्था के कारण अपनी सन्तानों को उपदेशक बनाने को तैयार नहीं। धनी बापों के बेटे कभी आर्यसमाज के प्रचारक नहीं बनते। वैतनिक उपदेशकों की संख्या पहले से सभी आर्य प्रतिनिधि सभाओं में बहुत घट गई है। उपदेशकों एवं पुरोहितों को आर्यसमाज के वकील एवं व्यापारी अधिकारी भाषण देने और संस्कार कराने के विषय में निर्देश देते हैं कि ऐसी बात कहो, ऐसी न कहो; संस्कार इतनी देर में करवाओ, इतनी देर न
CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगाओ आदि। उत्सवों के समय लीडरों के चारों ओर जहाँ अधिकारी मक्खियों की तरह भिनभिनाते रहते हैं, वहाँ पण्डितों को कोई पूछता नहीं। नेता या मन्त्री के आते ही पण्डित जी को अपना भाषण बन्द करने का संकेत मिल जाता है और मन्त्री जी का प्रशस्तिगान आरम्भ हो जाता है। जब एक समाज के खाली मकान को किराये पर लेने के लिए एक पण्डित जी और एक आर्यसमाज के चपरासी ने आवेदन-पत्र दिया, तो आर्यसमाज के अधिकारियों ने चपरासी को अधिक उपयोगी मानकर मकान उसे दिया, अच्छे योग्य माने जानेवाले पण्डित जी को नहीं। इस प्रकार आर्यसमाज के संघठन में सबसे उपेक्षित एवं नगण्य प्राणी यदि कोई है, तो वह उपदेशक है। अच्छे-से-अच्छे योग्य पण्डित, शास्त्रार्थ महारथी, वक्ता के लिए भारत के बड़े-से-बड़े आर्यसमाज ३०० रु० मासिक से अधिक वेतन की तो कल्पना ही नहीं कर सकते। परिणामतः, आर्यसमाज को उपदेशक भी प्रायः ऐसे ही मिलते हैं, जिन्हें और कोई नौकरी नहीं मिलती; वे समय गुजारने के लिए उतनी देर तक उपदेशक, पुरोहित या भजनोपदेशक का धन्धा कर लेते हैं और कोई दूसरी नौकरी मिलते ही उपदेशकी या पुरोहिताई छोड़कर भाग जाते हैं। उनकी अपनी योग्यता का स्तर भी इसी अनुपात से होता है और पं० लेखराम जी द्वारा रचित ऋषि-जीवन-चरित में उद्धृत महर्षि दयानन्द के ये वचन उनपर अक्षरशः चरितार्थ होते हैं कि **"धनियों के लड़के तो अंग्रेजी ने ले लिये, शेष गरीबों के लड़के संस्कृत के लिए रह गये, सो ये निरे बन्दर हैं, इनसे कुछ न होगा।"** अतः आर्य समाज के प्रचारक का स्तर ऊँचा करने के लिए निम्न उपाय किये जाने चाहिए :—

उपदेशक का स्तर ऊँचा उठाने के कुछ उपाय

१. आर्यसमाज के समस्त प्रचारकों के वेतनमान न्यूनातिन्यून उसी योग्यतावाले अध्यापकों के वेतन के समकक्ष या उससे कुछ

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

बजरंग प्रताप सिंह
ग्राम व पो० कुबर्रा देहरा
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिक ही निर्धारित किए जाने चाहिएँ। इसके साथ ही उनकी भविष्यनिधि. पेंशन, चिकित्सा-भत्ता, महँगाई-भत्ते आदि की इसी प्रकार से समानान्तर व्यवस्था की जाए।

२. आर्य सार्वदेशिक सभा या अन्य प्रतिनिधि सभाओं को सब प्रकार के उपदेशकों और पुरोहितों की न्यूनतम योग्यता का निर्धारण करना चाहिए और उसके अनुसार ही उनका वेतनमान निश्चित होना चाहिए। किसी के भी द्वारा ऊँचे स्तर की योग्यता प्राप्त कर लेने पर वेतनमान में भी तदनुसार वृद्धि होनी चाहिए। इन योग्यताओं के लिए विशेष पाठ्यक्रम के अनुसार उनकी मौखिक एवं लिखित परीक्षाओं का आयोजन होना चाहिए।

३. उनकी योग्यता-वृद्धि एवं प्रचार-प्रणाली-सुधार के लिए निश्चित अन्तर से प्रशिक्षण-शिविर आयोजित होने चाहिएँ और वहाँ सिद्धान्त-ज्ञान, योगाभ्यास एवं चिकित्सा आदि का उन्हें कुछ प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। आधुनिकतम मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों की जानकारी भी इन्हें करवाई जानी चाहिए और अधिकाधिक भाषाओं की भी, ताकि वे श्रोताओं पर अधिक प्रभाव डाल सकें। उन्हें बताया जाना चाहिए कि वे क्या प्रचार करें और क्या नहीं।

४. समस्त प्रचारकों की एक सूची सभा के पास रहनी चाहिये और जो भी समाज पुरोहित रखें, उसकी अनुमति सभा से लें और सभा की अनुमति के बिना उसे हटा न सकें। उसके कार्य के असन्तोषजनक होने पर सभा उसका स्थानान्तरण कर दे और केवल उसी अवस्था में उसे हटायें, जबकि उसकी अयोग्यता पूर्णतः प्रमाणित हो जाए और वह अपने आचरण का सन्तोषजनक स्पष्टीकरण न दे सके। सभा में भी उपदेशकों का समस्त नियन्त्रण ऐसे प्रचाराधिष्ठाता के हाथ में रहे जो स्वयं भी विद्वान् उपदेशक हो। वही उपदेशकों की योग्यता का निर्णय करे, केवल लीडर नहीं। उपदेशक-प्रचारक-पुरोहित, सामान्यतः, विवाहित ही होने चाहिए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५. पूर्वोक्त व्यवस्था के अनुसार समाजों के कार्यक्रम ऐसे रखे जाएँ कि उपदेशकों को व्यर्थ की लम्बी थका देनेवाली यात्राएँ न करनी पड़ें और उनकी दिनचर्या आदर्श के साँचे में ढल सके।

६. संस्कारों पर पुरोहित को जो नकद दक्षिणा मिले, उस-पर भी समाज का ही अधिकार समझा जाए या पुरोहित की ओर से उसे समाज को दान माना जाए और उसकी घोषणा भी पुरोहित समाज को दान की तरह ही उसी समय करे और समस्त राशि की रसीद यजमान को मिले।

७. पुरोहित के जिम्मे केवल याजनाध्यापन-संस्कार आदि तथा आनेवाले विद्वान् अतिथियों की देखभाल करने का ही काम रहे; सफाई, चन्दा उगाहने आदि का नहीं।

८. उपदेशक जब उत्सवों पर जाएँ, तो उनके खान-पान की व्यवस्था का न्यूनतम स्तर सभा निर्धारित करे। मैंने ऐसे उदाहरण भी देखे हैं कि उपदेशक दूध पीना चाहते हैं और मन्त्री जी चाय ही पिलाने पर उतारू हैं या डालडा घी ही खिला रहे हैं या सूखी रोटी ही।

९. किसी भी सभा-समाज में, आर्यसमाज के कार्यालय में या किसी भी आर्य के घर जाने पर पुरोहित या उपदेशक का खड़े होकर स्वागत-सत्कार होना चाहिए और आदरसहित दूसरे अभ्या-गतों से, चाहे वे कितने भी बड़े क्यों न हों, उनका परिचय करवाया तथा उन्हें सम्मानप्रद स्थान अर्पित किया जाना चाहिए।

१०. महिलाओं में प्रचार के लिए योग्य महिला उपदेशिकाओं की भी नियुक्ति की जानी चाहिए और उनके शिक्षण के लिए महिलाओं के ही निर्देशन में एक **"आर्य उपदेशिका विद्यालय"** की स्थापना की जानी चाहिए या फिर योग्य आर्य भावनाओंवाली सुशिक्षित महिलाओं को अल्पकालीन प्रशिक्षण द्वारा ही प्रचार के लिए तैयार किया जाना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

११. आर्यसमाज के सिद्धान्तानुसार केवल योग्य विद्वान् ब्राह्मणों को ही संन्यास का अधिकार है। इस नियम का आर्य-समाज में अब उल्लंघन हो रहा है। अनेक योग्य आर्य विद्वान् तो संन्यास धारण नहीं करते और उसके अयोग्य भोजनभट्ट दल-बाज लोग आर्य संन्यासी बन बैठे हैं। इस क्षेत्र में सार्वदेशिक सभा को उचित व्यवस्था करनी चाहिए और योग्य व्यक्तियों को संन्यास धारण करने की प्रेरणा कर उनके निर्देशन में आर्यसमाज के प्रचार-कार्य का संचालन करना चाहिए।

१२. वैतनिक आर्य प्रचारकों की कमी को पूर्ण करने के लिये जो आर्य विद्वान् विभिन्न शिक्षण-संस्थाओं में कार्य कर रहे हैं, उनकी एक देशव्यापी विस्तृत सूची तैयार कर उनसे प्रचार-कार्य में सहायता लेनी चाहिए और उनके प्रशिक्षण के लिए भी ग्रीष्मावकाश में वेद-शिविर, दर्शन-शिविर, दयानन्द-साहित्य-शिविर आदि की योजना करनी चाहिए और योग आदि का शिक्षण भी दिया जाना चाहिए। उनके पारिश्रमिक की भी उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

१३. आर्य वीर दलों, आर्य बाल सभाओं, कुमार सभाओं, युवक समाजों, आर्य बाला सभाओं आदि के संचालकों के लिए भी पृथक्-पृथक् प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम निर्धारित होने चाहिएँ, ताकि उन क्षेत्रों में कार्य करनेवाले प्रचारक उनकी रुचियों और मनो-वैज्ञानिक वृत्तियों के अनुसार उपयोगी ढंग से उन्हें आर्य सिद्धान्तों और आर्य रीति-नीति-आचार आदि से परिचित करा सकें।

१४. आर्य भजनोपदेशकों के लिए भी संस्कृत एवं आर्य-सिद्धान्तों का ज्ञान उपदेशकों एवं पुरोहितों के समान अनिवार्य किया जाना चाहिए। सभी प्रचारकों को अधिकाधिक भाषाएँ सीखने की प्रेरणा की जानी चाहिये।

१५. विभिन्न आर्यसमाजों में निवास करनेवाले वानप्रस्थियों के लिए प्रतिवर्ष कुछ समय के लिये आर्य वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदि में स्वाध्याय एवं साधना-शिविर आदि की अनिवार्य व्यवस्था की जानी चाहिए।

१६. गत दिनों एक अमेरिकन विद्यार्थी ने अल्पकाल के लिए जैन अर्हत् की दीक्षा ली थी। इस सम्भावना पर विचार किया जाना चाहिये कि क्या आर्यसमाज में भी सावधिक वानप्रस्थ तथा संन्यास आदि का प्रचलन किया जा सकता है, जब कि योग्य आर्यजन वानप्रस्थी तथा संन्यासी का संयत आदर्श जीवन बिताते हुए कुछ समय के लिये प्रचारार्थ देशाटन करें। इससे जीवन की सांध्य-वेला में उन्हें नियमित संन्यास लेने तथा पालन करने की भी प्रेरणा और उत्साह प्राप्त होगा।

१७. बहुत ऊँची दक्षिणा लेकर स्वतन्त्र रूप से आर्यसमाजों में प्रचार करनेवाले उपदेशकों को बुलाने की प्रथा को हतोत्साहित किया जाना चाहिए, परन्तु यह बात सभाओं द्वारा आने वाले उपदेशकों का बहुत ऊँचा स्तर बन जाने पर ही सम्भव है।

उत्तम उपदेशक विद्यालय और उसके सहयोगी अन्य केन्द्रों की रूपरेखा

१८. आर्य प्रचारकों को तैयार करने के लिए जितने भी उपदेशक-विद्यालय हैं, वे सब अत्यन्त अपंग हैं। प्रत्येक सभा अपना एक पृथक् उपदेशक-विद्यालय खोलने को उत्सुक रहती है, चाहे उससे उसमें कुछ व्यवस्था हो सके या न हो सके। दो-चार सौ घटिया पुस्तकें, टटपूँजिये या संख्या में बहुत कम अध्यापक, ५-७ कक्षा पढ़कर घर से भागे हुए या गरीबी के कारण उनमें प्रविष्ट हुए विद्यार्थी, घटिया रहन-सहन, खाने-पीने की व्यवस्था होने तथा स्नातक बन जाने पर आजीविका का अभाव—यह स्वरूप है आर्यसमाज के उपदेशक-विद्यालयों का। वहाँ उनको बोलना ऐसा सिखाया जाता है कि वे स्वयं दो अक्षर जाने बिना भी सारी दुनिया के विद्वानों को शास्त्रार्थ की चुनौती देते और उनकी आलोचना करते

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। यह प्रवृत्ति आर्यसमाज जैसी श्रेष्ठ विद्याप्रचारक संस्था के लिए अत्यन्त अशोभनीय एवं घातक है। सार्वदेशिक सभा को चाहिए कि वह सभी उपदेशक-विद्यालयों की स्वामिनी सभाओं से वार्ता करके उन सब विद्यालयों को बन्द करवा दे और गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ या फिर टङ्कारा में एक केन्द्रीय उपदेशक-विद्यालय की स्थापना मुसलमानों के देवबन्द के मदरसे के ढंग पर करे। सब सभाओं का उसमें कुछ प्रतिशत भाग हो, और उसकी व्यवस्थापिका सभा में सब-का प्रतिनिधित्व। एक विशाल पुस्तकालय वहाँ हो और सब विषयों के १-२ चुने हुए आर्य विद्वान् हों। विभिन्न भाषाओं के प्रशिक्षण की भी वहाँ व्यवस्था हो और विद्वानों के ठहरने की भी उत्तम व्यवस्था, चाहे वे विद्वान् किसी भी सम्प्रदाय के क्यों न हों। वहीं पर केन्द्रीय अनुसन्धान संस्थान होना चाहिए और समय-समय पर वहाँ विद्वद्-गोष्ठियाँ हों। स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा-उत्तीर्ण विद्यार्थी वहाँ लिये जाएँ और उपदेशक बनने पर उन्हें पूर्वोक्त वेतन-मान दिये जाएँ। इससे एक तो उनकी शिक्षा के पूर्ण उपकरण एक स्थान पर उपलब्ध होंगे; दूसरे, उस विद्यालय में यदि विद्यार्थी थोड़े भी हों, तो भी कोई कठिनाई या अतिरिक्त आर्थिक व्यय-भार उसके चलाने में इसलिए नहीं होगा कि नियुक्त विद्वान् अपना अनुसन्धान-कार्य जारी रखेंगे ही। साथ ही विद्वानों के आवास एवं उनकी गोष्ठियों की व्यवस्था से विद्यार्थियों को अत्यधिक लाभ होगा। उधर अनुसन्धान-साहित्य के मुद्रण, लेखन, प्रूफ-रीडिंग आदि कार्यों में विद्यार्थियों का सहयोग प्राप्त होगा तथा उन्हें इस कार्य का अनुभव होगा। इस प्रकार 'एक पंथ, अनेक काज' वाली कहावत चरितार्थ होगी। इस दृष्टिकोण से मैंने अपने एक लेख में, जो सार्वदेशिक पत्र में छापा नहीं गया, सार्वदेशिक सभा की इस योजना को कि वैदिक अनुसन्धान का केन्द्र बम्बई में होगा, एक उपदेशक-विद्यालय बंगलौर में और एक हैदराबाद में तथा एक केन्द्रीय पुस्तकालय दिल्ली में, सर्वथा अव्यावहारिक एवं अनुपयोगी
CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बताया था। यह ऐसी ही बात है कि किसी व्यक्ति का सिर कहीं पड़ा हो, धड़ कहीं; हृदय कहीं और मस्तिष्क कहीं तथा हाथ-पाँव कहीं। जैसा माननीय पं० नरेन्द्र जी ने बताया कि हमें बम्बई में इस अनुसन्धान-केन्द्र के लिए एक ऐसा स्थान दान में प्राप्त होगा जिसके किराये से इसका सारा व्यय भी निकल आयेगा, यदि ऐसी बात हो, तो भी, या तो इस पूरे भवन को इसी कार्य के निमित्त घोषित कर इसकी सारी आय को टंकारा या गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ में स्थित विद्यालय एवं अनुसंधान-केन्द्र पर व्यय किया जा सकता है—ऐसा करने से अनुसन्धान-केन्द्र के लिये आरक्षित की जानेवाली उस भवन की मंज़िल का बम्बई में किराया भी बहुत अधिक मिल सकेगा और केन्द्र के टंकारा या इन्द्रप्रस्थ में स्थित होने से उसपर किराये का कोई भार नहीं पड़ेगा; अथवा, यदि बम्बईवाले व्यक्ति केन्द्र के केवल बम्बई में होने पर ही यह स्थान देने को तैयार हों, तो फिर 'भागते चोर की लंगोटी ही सही' के अनुसार ये सारे कार्य बम्बई में ही शुरू कर दिये जाएँ। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इन सब गतिविधियों के एक ही स्थान पर केन्द्रित होने से ही ये सब एक-दूसरे की पूरक बनकर पूर्ण सफल हो सकती हैं, अन्यथा नहीं। बम्बई के दानी महानुभावों को भी इस स्थिति पर भलीभाँति विचार करके इसके बम्बई में ही स्थापित कराने का आग्रह छोड़ देना चाहिए और फिर साथ ही इसी कार्य के निमित्त यह विशाल भवन तैयार करवाकर उसके किराये की पूरी आय इसी उद्देश्य के लिए समर्पित कर देनी चाहिये। इसी कार्य में सारे आर्य-जगत् एवं बम्बई के आर्यों की शोभा एवं भलाई है।

१९. अधिकाधिक भारतीय एवं प्रमुख विदेशी भाषाओं में उपदेशक तैयार किये जाने चाहिएँ, ताकि वे उन-उन प्रान्तों तथा देशों में ग्राम-ग्राम में जाकर सामान्य जनता से उसकी अपनी भाषा में सम्पर्क स्थापित कर सकें।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२०. जो आर्य अध्यापक शिक्षण-संस्थाओं में अध्यापन-कार्य करते हैं,वे जहाँ शिक्षण-संस्थाओं से बाहर आर्यसमाज के मंच से उसके प्रचार में सहायक हो सकते हैं, वहाँ वे अपने अध्यापन के माध्यम से भी अपने छात्रों के सामने आर्यसमाज का दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्हें इस बात की प्रेरणा देने के लिए उनका एक संघटन तैयार किया जाना चाहिए। इसी बात को लक्ष्य में रखकर हमने 'आर्य-बुद्धिजीवी परिषद्' की स्थापना की है, ताकि सब बुद्धिजीवी मिल-कर योजनाबद्ध रूप से आर्यसमाज के प्रचार में योगदान कर सकें।

(३) श्रोता वर्ग

अब मंच के तीसरे घटक श्रोताओं को लीजिये। श्रोताओं की योग्यता एवं मनोवृत्तियों के आधार पर कई कोटियाँ होती हैं। पुरुषों से महिलाओं की मनोवृत्ति, योग्यता तथा कार्यक्षेत्र पृथक् होते हैं। इसी प्रकार बहुत छोटे बच्चों, आठवीं तथा हाई-स्कूल तक और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं एवं शोध-छात्रों तथा उच्च कोटि के रिसर्च-स्कालरों एवं प्राध्यापकों के स्तर एक-दूसरे से सर्वथा भिन्न होते हैं। ग्रामीणों एवं नागरिकों और फिर भारतीयों और विदेशियों में भी बहुत अन्तर होता है। ये अन्तर इस प्रकार अनेक तरह के हैं। मंच की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि हमारा प्रचार मनोवैज्ञानिक दृष्टि से उस-उस स्तर के श्रोताओं के अनुरूप हो—भाषा की दृष्टि से भी और विषय की दृष्टि से भी।

हमारे मंच का एक दोष, जिसका सङ्केत पूर्व किया गया है, यह है कि वहाँ आनेवाले मध्यम या निम्न-मध्यवर्ग के, कुछ बड़ी प्रौढ़ आयु के, सामान्य शिक्षाप्राप्त हिन्दीभाषी व्यक्ति ही हैं। आर्य-समाजों के सत्सङ्गों या उत्सवों में समझदार नवयुवक विद्यार्थी एवं उच्च शिक्षाप्राप्त व्यक्ति नहीं आते और महिलाएँ भी अपेक्षाकृत या तो बहुत कम आती हैं, या आती ही नहीं। मुझे स्वयं अनेक

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाजों के कार्यक्रमों और विशेषकर साप्ताहिक सत्संगों में जाने से कुछ अरुचि-सी होने लगती है, और कई बार भाषण करने का उत्साह फीका पड़ जाता है, यह देखकर कि केवल कुछ वृद्ध पुरुष ही बैठे हैं, जिनके सारी आयु भाषण सुनते-सुनते बाल पक गये हैं और फिर भी वे वहीं हैं, जहाँ कि पहले थे। अब उन्हें क्या सुनाया जाए और कार्य करने की, आर्यसमाज को नई दिशा देने की, उन्हें क्या प्रेरणा दी जाए !

स्वामी सर्वदानन्द जी महाराज ने एक बार अपना भाषण आरम्भ करते हुए अपने श्रोताओं को यों सम्बोधित किया था, "ऐ मेरे रण्डुए आर्य भाइयो ! आप कहेंगे, मैंने आपको 'रण्डुए' कैसे कहा ? अरे भाई ! यदि आप घर-गृहस्थी होते तो एक ओर आपकी माताएँ, बहनें और देवियाँ बैठी होतीं और एक ओर आपके बच्चे बैठे होते। पर यहाँ तो आप अकेले ही बैठे हैं, तब मैं आपको रण्डुए न कहूँ तो क्या कहूँ ?" कितनी सचाई है इन शब्दों में ! मैंने अपने कार्यक्षेत्रवाले कई स्थानीय आर्यसमाजों के अधिकारियों से कितनी ही बार निवेदन किया है कि आप रविवार के कार्यक्रम के प्रपत्र (Forms) छपवाकर रखिये। प्रत्येक रविवार का कार्यक्रम, जिसमें वक्ता का नाम एवं उसके भाषण का निश्चित विषय भी लिखा गया हो, अपने नगर की शिक्षण-संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों तथा बार-रूम आदि में भिजवाइये, ताकि लोगों को पता चलता रहे, परन्तु इधर किसी को भी ध्यान देने की फ़ुर्सत ही नहीं है। एक ओर तो यह अवस्था है कि सब वर्गों के श्रोता हमारे यहाँ आते नहीं और दूसरी ओर जो भूले-भटके आ भी जाते हैं, तो उन्हें कोई अच्छा भाषण सुनने को नहीं मिलता और अधिकारियों के व्यवहार का कोई अच्छा प्रभाव उन-पर नहीं पड़ता। वक्ता महोदय बिना यह देखे, कि उनके श्रोता कौन हैं और वे उनकी बात समझ भी रहे हैं या नहीं, अपना धुआँधार

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषण देते चले जाते हैं और उससे पूर्व यज्ञ एवं सम्मिलित गान के समय बूढ़े महानुभाव, बिना किसी के साथ मिलकर बोलने की चिन्ता किये, अपनी धुन में मस्त, अतिविलम्बित गति से, वेद-मन्त्रों एवं भजनों का, उबा देनेवाली लम्बी टोन में गान करते चले जाते हैं। उच्चारण में शुद्धि की चर्चा न करना ही श्रेयस्कर है। वक्ता के बोलने के समय, जितने भिन्न-भिन्न राजनैतिक दलों से सम्बद्ध लोग आर्यसमाजों के अधिकारी बने बैठे हैं, वे पहले ही उसे चेतावनी दे देते हैं कि उसे कौन-सी बात कहने से परहेज़ करना है। कहीं वक्ता ने उनकी अनिष्ट बात कही तो फिर वहीं महाभारत शुरू हो जाता है और श्रोता लोग छिः-छिः करते हुए खिन्न होकर समाज से उपेक्षा-वृत्ति धारण कर लेते हैं। एक समाज में तीन-चार बार सपत्नीक जाने का उपक्रम किया, तो पाया कि हर बार शान्ति-पाठ के होते या हवन के समाप्त होते ही अधिकारियों में लम्बी तू-तू मैं-मैं शुरू हो जाती। अन्ततः जो दो-तीन महिलाएँ वहाँ आती थीं, वे कहती सुनाई पड़ीं कि क्या हम यह झगड़ा देखने आती हैं? यहाँ आना ही व्यर्थ है।

आर्यसमाजों के कार्यक्रम विविध प्रकार के और रुचिकर हों

आर्यसमाज के सम्यक् प्रचार के लिए यह आवश्यक है कि उसके कार्यक्रम ऐसे हों कि सभी प्रकार के श्रोता रुचि-पूर्वक उनमें आएँ और सब कुछ-न-कुछ उपयोगी ज्ञान और अच्छा प्रभाव लेकर घर वापस जाएँ। इसके लिए आर्यसमाजों के अधिकारियों को समाज के कार्यक्रमों में अपने सब सदस्यों को सपरिवार आने की प्रेरणा देनी चाहिए और कार्यक्रम रोचक और विवाद आदि से सर्वथा रहित होना चाहिए। दूसरे, पूर्वोक्त कथन के अनुसार विशेष-विशेष वर्गों के लिए विशेष प्रकार के कार्यक्रम पृथक्-पृथक् आयोजित करने चाहिएँ और उन्हीं-उन्हीं के योग्य विषयों में निपुण विशिष्ट वक्ताओं के भाषण करवाने चाहिएँ। समाज के सब वर्गों के लोगों को उनके मुहल्लों में जाकर आर्यसमाज के कार्यक्रम में आने का

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निमन्त्रण देना चाहिए और उनके मुहल्लों में भी प्रचार की व्यवस्था करनी चाहिए। बालकों के आकर्षण के लिये विभिन्न प्रकार के लेख, भाषण, गायन, चित्र-निर्माण आदि की प्रतियोगिताएँ आयोजित कर उन्हें पारितोषिक देने चाहिएँ। समाजों में भिन्न-भिन्न आयुसमूह के बालकों, बालिकाओं तथा महिलाओं आदि के लिए भिन्न-भिन्न संघटन बनाने चाहिएँ। आर्यसमाजों में 'सत्यार्थ-प्रकाश' आदि की परीक्षाओं का आयोजन करना चाहिए। विशिष्ट नागरिकों के लिए विशिष्ट भाषण एवं विचार-गोष्ठियों का भी आयोजन समाजों में होना चाहिए, ताकि वे नागरिक समस्याओं तथा अन्य विषयों के सम्बन्ध में आर्यसमाज के दृष्टिकोण पर खुलकर विचार कर सकें और उसे समझकर तदनुसार नगरों तथा ग्रामों के वातावरण-सुधार के लिए प्रयत्नशील हो सकें।

औषधालय और छात्रावास

आर्यसमाजों में खुले औषधालयों में नियुक्त चिकित्सक भी अपने रोगियों को खान-पान तथा रहन-सहन आदि के सम्बन्ध में आर्यसमाज की विचारधारा से परिचित करवाते रहें। अब आर्य-समाजों को आर्य-छात्रावास खोलने की ओर भी ध्यान देना चाहिए। आज विद्यालयों की अपेक्षा इन छात्रावासों के छात्रों पर आर्य-समाज का प्रभाव अधिक डाला जा सकता है। इस प्रकार आर्य-समाज के मंच का सब वर्गों तक विस्तार किया जाना चाहिए और मानव-जीवन के सभी पक्षों पर जनता का मार्ग-दर्शन आर्य-समाज को करना चाहिए।

(४) मंच से प्रचार के विषय

अब प्रश्न है कि आर्यसमाज के मंच से प्रचार किन विषयों का किया जाए? एक बार प्रसिद्ध गोभक्त लाला हरदेव-सहाय जी ने श्री प्रो० राजेन्द्र जिज्ञासु जी तथा मुझसे बातचीत में कहा था कि यह आर्यसमाजियों का साहस ही है कि वे वेद-प्रचार

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के नाम से संगृहीत धन से कैसा वेद-प्रचार करते हैं। यह एक कटु सत्य है कि आर्यसमाज के मंच से अधिक समय उन बातों की आलोचना में लगाया जाता है, जिनका सब आर्यसमाजी अबाध रूप से आचरण करते हैं और कुछ बातें तो उनमें स्पष्ट रूप से ऋषि-सम्मत भी हैं। महर्षि दयानन्द ने गृहस्थ को दाढ़ी-मूँछ साफ करवाने का आदेश दिया है पर अनेक भजनोपदेशकों को मैंने ऐसे लोगों की स्त्रियों या हीजड़ों से तुलना करते देखा है। अब कोई बताये कि ये उपदेशक महोदय ठीक हैं या ऋषि दयानन्द ? इसी प्रकार पैंट-कोट-टाई पहनना, खड़े होकर पेशाब करना, चोटी न रखना, लड़कियों का दो चोटी रखना, हाथ में घड़ी बाँधना, चाय पीना, सिनेमा-नाटक देखना, रेडियो सुनना आदि ही अधिकांश में उनकी आलोचना का विषय रहते हैं, जबकि व्यवहार में सभी आर्यसमाजियों के परिवार-जन ऐसा करते हैं। परिणाम यह है कि आर्यसमाज का प्रचार एक तमाशा, उपहास और औपचारिकता मात्र बनकर रह गया है, जिसका वास्तविक जीवन से कोई सम्बन्ध नहीं है और न उसे कोई आर्यसमाजी गम्भीरता से लेता है। आज आर्यसमाज को यह देखना होगा कि वह या तो अपने समस्त सदस्यों पर अनिवार्य रूप से इन कार्यों के विरुद्ध करने या न करने पर प्रतिबन्ध लगा दे या अपने मंच से इस निरर्थक प्रचार को बन्द कर दे और उसे गम्भीर तथा परिष्कृत बनाये। आज आर्यसमाजी स्वयं तो सब पैंट आदि पहनते हैं, सिनेमा देखते हैं, चाय पीते तथा उपदेशकों को भी वही पिलाना और डालडा खिलाना चाहते हैं, पर यदि कोई पुरोहित या उपदेशक ऐसा करे तो उससे 'लाल कपड़े से बैल की तरह' बिदकते हैं। प्रश्न है कि यदि ऋषि ने धोती पहनना लिखा है तो सभी आर्य-समाजियों के लिए लिखा होगा, न कि केवल उपदेशक के लिए लिखा है। यदि कहें कि उपदेशक को तो आदर्श स्थापित करना चाहिये, तो क्या आपका कभी उस आदर्श को स्वयं धारण करने का विचार

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है ? असलियत यह है कि अधिकांश शिक्षित आर्यसमाजी व्यवहार में धोती को पिछड़ेपन का चिह्न मानते हैं और इसलिए उसे स्वयं न अपनाकर केवल उपदेशक के लिए उसे आरक्षित रखना चाहते हैं, ताकि वे उसपर अपना रौब गाँठ सकें। यही बात उपरिनिर्दिष्ट सभी आचरणों पर लागू होती है। ये बातें कोई धर्म का मूल तत्त्व नहीं हैं कि प्रचार का सारा बल इन्हीं पर लगाया जाए। अतः आर्यसमाज के मंच को महर्षि दयानन्द का और धर्म का मंच बनाने के लिए निम्न उपाय बर्ते जाने चाहिएँ।

धर्म-प्रचार का मंच बनाने के कुछ उपाय

(१) आर्यसमाज के मंच पर जो भी वक्ता आए, उसके भाषण का विषय पूर्व से निश्चित एवं घोषित होना चाहिए। वह भाषण सर्वथा विषय से सम्बद्ध, प्रमाण-पुरस्सर तथा सिद्धान्तानुसार होना चाहिए। हर भाषण के बाद उसपर श्रोताओं से प्रश्न आमन्त्रित किये जाने चाहिएँ।

(२) सार्वदेशिक सभा को भाषणों के उपयुक्त विविध विषयों की सूची घोषित करनी चाहिए, ताकि वक्ता उनमें से ही अपने भाषणों के विषय चुन सकें।

(३) वक्ता को पूरी तैयारी के साथ मंच पर आना चाहिए और आर्यसमाजों को उसे उचित पारिश्रमिक देने की व्यवस्था करनी चाहिए।

(४) भाषण प्रायः आर्य-ग्रन्थों के विषयों को आधार बनाकर ही होने चाहिएँ और वर्तमान काल में उनकी उपयोगिता एवं महत्त्व का दिग्दर्शन कराया जाना चाहिए।

(५) सत्यार्थ-प्रकाश, आर्य-समाज का कार्य एवं इतिहास, वैदिक राजनीति, समाज-शास्त्र, अध्यात्म-शास्त्र, योग, आर्यसमाज के नियम आदि विषय तथा वेद-मन्त्रों की सुसङ्गत व्याख्या आदि पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। वेद-मन्त्र-व्याख्या के नाम पर

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनर्गल, असम्बद्ध एवं कपोल-कल्पित प्रलाप बन्द होना चाहिए। पं० इन्द्र जी ने खेदपूर्वक लिखा है कि आर्यसमाज में धर्म और अध्यात्म पर अधिकारपूर्वक बोल सकनेवाला की कमी है। यह कमी दूर होनी चाहिए। अखबारी भाषण भी बन्द हों।

(६) आर्यसमाज के उत्सवों में व्याख्यानों के विषय निश्चित हों। अब से कई वर्ष पूर्व, सम्भवतः आर्यसमाज बिरला लाइन्स, दिल्ली का ही एकमात्र ऐसा कार्यक्रम मेरे देखने में आया था, जिसमें क्रमशः आर्यसमाज के १० नियमों पर विभिन्न विद्वानों के १० व्याख्यान निश्चित किये गये थे। इसी प्रकार विभिन्न वेदों, दर्शनों, उपनिषदों तथा सत्यार्थप्रकाश के समुल्लासों पर व्याख्यान रखे जा सकते हैं।

(७) उत्सवों पर विभिन्न सम्मेलनों तथा उनमें राजनैतिक नेताओं के भाषणों की प्रथा बन्द कर दी जानी चाहिए या फिर उनमें चुने हुए आर्य वक्ताओं के तत्तद्विषयक भाषण ही होने चाहिएँ। भ्रष्ट राजनैतिक नेताओं की प्रतिष्ठा एवं उनके भ्रष्ट या 'गङ्गाजी गये गङ्गादास' वाले भाषणों से आर्यसमाज की प्रतिष्ठा समाप्त हो गयी है। उन्हें तो आर्य विद्वानों के भाषण सुनने के लिए बुलाया जाना चाहिए, न कि उनके भाषण जनता को सुनवाने के लिए। यदि वे कोई विद्वत्तापूर्ण भाषण देना चाहें तो दें या आर्यसमाज की मान्यताओं पर विचार प्रकट करें, पर उनके आगमन से आर्य-उपदेशकों के सम्मान एवं प्रतिष्ठा को कोई ठेस नहीं पहुँचनी चाहिये। वैसे तो उनकी आलोचना करते रहना और सम्मेलनों में सदा उन्हीं को बुलाकर पुष्पमाला पहनाना और भाषण करवाना ही हास्यास्पद है।

(८) आर्यसमाज के अनेक भजनोपदेशक प्रायः ग्रामों में और कहीं-कहीं नगरों में भी कल्पित किस्से सुनाने को ही आर्यसमाज का वेद-प्रचार कहते हैं। रामायण-महाभारत के विषय में भी अनेक

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इधर-उधर के कवियों की कल्पनाएँ वे सुनाते हैं। इन्हें बन्द कर सिद्धान्त की कसौटी पर पूरे उतरनेवाले प्रामाणिक तथ्य ही रखे जाने चाहिएँ।

(९) द्वेष फैलानेवाली मत-मतान्तर-सम्बन्धी आलोचना भी बन्द कर अत्यन्त संयत एवं सभ्य ढंग से अपना पक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाना चाहिए, न कि दूसरों को चिढ़ाने का। हमारा उद्देश्य उन लोगों को अपने निकट लाना है, न कि दूर भगाना। अतः मतमतान्तरों की ठोस सैद्धान्तिक सौहार्दपूर्ण समालोचना ही की जानी चाहिये।

(१०) अशिक्षित या अल्पशिक्षित उपदेशकों ने आर्यसमाज के सम्बन्ध में भूतकाल में कई प्रकार की भ्रान्त धारणाएँ फैला दीं। वे तर्क करते-करते कुतर्क और अतितर्क तक पहुँच गये। प्रचार की गम्भीरता लुप्त होकर वह मनोरंजन का साधन बन गया। अब आर्यसमाज के प्रचार को पूर्णतः तर्क तथा श्रद्धा-समन्वित बनाया जाना चाहिए जिससे जहाँ अनावश्यक तथा हानिकारक झाड़-झंखाड़ दूर हों, वहाँ उपयोगी पौधे नष्ट न होने पाएँ।

(११) श्रोताओं के व्यावहारिक जीवन में काम आनेवाली उपयोगी बातों पर अवश्य पूरा बल दिया जाना चाहिए जैसी बातें कि महर्षि दयानन्द ने 'सत्यार्थप्रकाश' के दूसरे से छठे और दसवें समुल्लासों तथा व्यवहार-भानु आदि पुस्तकों में लिखी हैं।

(५) प्रचार की शैली

अब प्रचार-शैली पर भी कुछ विचार करना चाहिए। महर्षि दयानन्द ने जब प्रचार किया, उस समय पाखण्ड अपनी चरम सीमा पर था। पुराणों पर आक्षेप करने का किसी हिन्दू को साहस न था। उन्होंने जो बातें कहीं, उनका उत्तर पौराणिकों तथा अन्य मतावलम्बियों के पास उस समय नहीं था। फिर महर्षि का अपना व्यक्तित्व बड़ा महान् था, अतः दूसरे लोगों को उनकी

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बातें उसी प्रकार सुननी और माननी पड़ीं, जैसे कि किसी छोटे व्यक्ति को बड़े व्यक्ति द्वारा पिलाई गई डाँट कान दबाकर सुननी पड़ती है और अपना आचरण सुधारना पड़ता है या डॉक्टर के आगे अपना फोड़ा कटवाने के लिए आत्मसमर्पण करना पड़ता है। महर्षि की बातों का विपक्षियों पर प्रभाव पड़ा, उन्होंने अपना आचरण बदला, अपनी मान्यताएँ बदलीं और महर्षि दयानन्दकृत आलोचना के प्रकाश में अपने ग्रन्थों की व्याख्याएँ बदलकर उनके समर्थन में नई युक्तियाँ सोचीं और महर्षि की आलोचना को अनुचित बतलाया। उधर आर्यसमाजी प्रचारकों का वह व्यक्तित्व न रहा। अतः इन परिवर्तित परिस्थितियों का मुकाबला यदि हम महर्षि दयानन्द की शैली से करना चाहें तो यह हमारी निपट मूर्खता का ही परिचायक होगा। महर्षि के अस्त्र से काम लेने के लिए वैसा ही शत्रु चाहिए और वैसा ही महर्षि जैसा महान् व्यक्तित्व। जब वह परिस्थिति नहीं रही, तो वह शैली भी नहीं चल सकती। हाँ, मूल सामग्री ऋषि-ग्रन्थों की खान में भरी पड़ी है, पर उसे अब हमें उपयोग के अनुरूप ढालना होगा। कैसे ?

कटु खण्डन की अपेक्षा मंडन पर अधिक बल

(१) अब तक सत्यार्थप्रकाश के पहले दस समुल्लासों की अपेक्षा पिछले चार समुल्लासों के प्रचार पर अधिक बल दिया गया है, अब प्रथम दस समुल्लासों की शिक्षाओं के आधार पर हमें खण्डनात्मक के स्थान पर मण्डनात्मक शैली अपनानी चाहिए और जनता को अन्य सम्प्रदायों की अपेक्षा वैदिक धर्म की विशिष्टताओं का बोध कराना चाहिए।

(२) जहाँ खण्डन की आवश्यकता हो, वहाँ वह खण्डन मृदु वाणी में और तटस्थ भाव से होना चाहिए जैसे कि आप निष्पक्ष रूप से सत्यासत्य का स्वरूप जनता के समक्ष रख रहे हैं और आपको किसी के प्रति किसी भी प्रकार का द्वेष-भाव नहीं है। इससे

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाज की विचारधारा को अन्य मतावलम्बी भी शान्त भाव से सुनकर तदनुसार स्वयं को ढाल सकेंगे। हर आर्यसमाजी प्रचारक का स्वयं को डॉक्टर मानकर खण्डन-कुठार से दूसरों का ऑपरेशन करने का अधिकारी मान बैठना उसका अनधिकार चेष्टा है। जब तक दूसरों को अपने से उसमें बहुत अधिक विशिष्ट योग्यता एवं महानता दिखाई न पड़ेगी, तब तक वे उसके इस खण्डनरूपी प्रहार को सहने या स्वीकार करने को तैयार न होंगे, जैसे कोई भी व्यक्ति अपने ही जैसे आचरण के व्यक्ति से अपनी आलोचना सुनकर उससे प्रभावित होने की बजाय उलटा उससे लड़ने-भिड़ने को ही तत्पर हो जाता है। एक बार गुड़गाँव की एकता-समिति के कार्यक्रम में मैं और एक भजनोपदेशक महोदय गये। मन्त्री ने कहा कि खण्डन की बातें न कहना। इसपर मेरे साथी ने तो बोलने से ही इन्कार कर दिया कि ऋषि दयानन्द हमें तो खण्डन की जो कैंची दे गये हैं, वह अवश्य सबसे पहले चलेगी और उसके प्रयोग के बिना आर्यसमाज का प्रचार कैसा? मैंने खण्डन न करना स्वीकार किया और एकता के मूलभूत विषय को लेकर एक उपास्य 'ओम्', एक धर्मग्रन्थ 'वेद', मानव की एकता, वेद के सबको पढ़ने का अधिकार, वर्ण-व्यवस्था एवं शुद्धि आदि सभी विषयों का वर्णन महर्षि दयानन्द के नाम के साथ ३-४ भाषणों में किया, जिनमें मूर्तिपूजा, अवतारवाद आदि का खण्डन भी परोक्षरूप से आ गया। उस समिति के कार्यकर्ताओं में से एक धूर्त पौराणिक ने मेरे दूसरे भाषण के बाद मुझे बार-बार ऋषि दयानन्द का नाम न लेने की बात कही, तो उसी मन्त्री ने यह बात जानकर मुझसे कहा कि आप जैसा चाहें, वैसा बोलिए। जब मेरे तीसरे और चौथे शुद्धि के भाषण पर भी उसने आपत्ति की, तो समिति के दूसरे अधिकारियों ने उससे क्रुद्ध होकर कहा कि उसे समिति से ही निकाल देंगे और हम कल घोषणा ही कर देंगे कि यह समिति है ही आर्यसमाजियों की। इस प्रकार उस पौराणिक को

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुँह की खानी पड़ी और जहाँ मेरे सर्वप्रथम जाने पर पौराणिक कीर्तन हो रहा था, वहाँ तीन दिन आर्यसमाज पर खूब शान से भाषण हुए। यदि खण्डन-शैली ही अपनाने पर मैं भी जोर देता तो आर्यसमाज का कुछ भी प्रचार वहाँ सम्भव नहीं था। इस प्रकार डी०ए०वी० कॉलेज भटिण्डा में महर्षि दयानन्द पर भाषण के बाद जब एक सिख लड़के ने महर्षि दयानन्द द्वारा गुरु नानक के सम्बन्ध में प्रकट किये गये विचारों पर प्रकाश डालने की माँग की, तो मैंने अखण्डनात्मक शैली में ही महर्षि दयानन्दकृत खण्डन का ऐसा समर्थन किया कि सब सिख लड़कों ने बाद में पूछने पर अपना पूर्ण सन्तोष व्यक्त किया। अन्यत्र भी मैंने महर्षि दयानन्दकृत खण्डन के समर्थन में अनेक ऐसे भाषण कॉलेजों तथा आर्यसमाजों में दिये हैं, जिन्हें सुनकर आर्य महानुभावों ने प्रशंसात्मक टिप्पणी की है कि ऐसे भाषण गैर-आर्यसमाजियों में भी कराये जाने चाहिएँ, ताकि महर्षि दयानन्द और आर्यसमाज के सम्बन्ध में उनमें व्याप्त भ्रान्तियाँ दूर हो सकें। इसी शैली में कई बार मैंने 'शिक्षा का आदर्श' विषय को लेकर राजकीय विद्यालयों में मूर्तिपूजा तक का खण्डन किया है और आर्यसमाजी अध्यापकों ने भी अवसर मिलने पर फिर आने का आग्रह किया है। अतः मेरा विश्वास है कि यदि हम इस शैली को लेकर बुद्धिमत्तापूर्वक आर्यसमाज के पक्ष को जनता के समक्ष रखें, तो उसका प्रचार और लोकप्रियता खूब बढ़ा सकते हैं। दूसरों के मान्य महापुरुषों के प्रति अपमानजनक शब्द नहीं कहे जाने चाहिएँ।

(३) यदि हम दूसरों का खण्डन करने और शास्त्रार्थ की चुनौती देने के बजाय महर्षि दयानन्द के सिद्धान्तों का विश्व के अन्य महान् व्यक्तियों के सिद्धान्तों के साथ तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करें, तो अनायास ही आर्यसमाज की श्रेष्ठता का सिद्धान्त प्रतिपादित हो जाता है और उच्च शिक्षित लोगों पर आर्यसमाज

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की छाप पड़ने तथा उसके कार्यक्रमों में उनका आकर्षण एवं रुचि बढ़ सकती है। आवश्यक है कि हमारे भाषण विश्व-जानकारी से भरपूर एवं ठोस हों। केवल भावनाओं को उभारनेवाले भावात्मक भाषणों का प्रभाव चिरस्थायी नहीं हो सकता। इस प्रकार हमारे भाषण व्याख्यात्मक, विश्लेषणात्मक या आलोचनात्मक, परिचयात्मक तथा तुलनात्मक आदि मण्डनपरक शैली में अधिक होने चाहिएँ, खण्डनपरक शैली में नहीं।

(४) सर्वत्र श्रोताओं के मनोविज्ञान एवं उनके बौद्धिक स्तर तथा सामाजिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर ही उनकी समझ में आनेवाली भाषा, भाव-भङ्गिमा, स्वर-तारतम्य तथा प्रवाह या वार्तालाप-शैली में ही भाषण होने चाहिएँ।

काल्पनिक और इतिहासविरुद्ध भाषण न हों

(५) हल्की, काल्पनिक, इतिहासविरुद्ध एवं प्रमाणहीन बातें नहीं कही जानी चाहिएँ। इससे आर्यसमाज की प्रतिष्ठा को भारी आघात पहुँचता है और उसकी गम्भीरता एवं प्रामाणिकता सन्दिग्ध हो जाती है। हमारे कुछ प्रचारकों ने ज्योतिष का ज्ञान न होने के कारण अपने प्रचार में ब्राह्मणों को चोर कहकर पुकारा, क्योंकि वे तिथियों में घटा-बढ़ी करके कभी चतुर्दशी की त्रयोदशी तथा कभी पूर्णमासी आदि कर देते हैं। एक प्रचार के अनुसार महर्षि ने विक्टोरिया को पत्र लिखा तथा दूसरे के अनुसार एक आर्यसमाज ने उसके यहाँ हवन करवाया। एक लेखक के अनुसार मद्रास में स्वामी जी के भाषणों पर पाबन्दी लगा दी गई थी, तो दूसरे के अनुसार महर्षि द्वारा वेद का प्रमाण माँगे जाने पर राजा राममोहनराय ने उपनिषद् प्रस्तुत कर दिये थे। आर्यसमाज के एक विख्यात भावुक वक्ता के अनुसार १९०२ में स्वर्गीय स्वामी विवेकानन्द ने एक बार अमरीकियों पर उनके विमान उड़ा सकने की सामर्थ्य पर व्यंग्य किया था। इन बातों की प्रामाणिकता का यह हाल है कि

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

बजरंग प्रताप सिंह
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
ग्रा.स व पो० कुबरी पटेहरा
जिला- मिर्जापुर (यू० पी०)

स्वामी जी कभी मद्रास में प्रचारार्थ गये ही नहीं। राजा जी जब १९३३ में मरे तो महर्षि की आयु केवल ८-९ वर्ष थी, जबकि पहली बार विमान राइट-बन्धुओं नें परीक्षण के रूप में सन् १९०४ में उड़ाया और वह भी केवल १२० फुट तक उड़ सका। ये सब बातें वक्ताओं तथा लेखकों के अज्ञान या कल्पनाओं का परिणाम हैं। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में महर्षि दयानन्द विषयक भाषण, वाद-विवाद व निबन्ध-प्रतियोगिताओं, विद्वद्गोष्ठियों(Seminars), सत्यार्थ-प्रकाश आदि के पत्राचार-पाठ्यक्रमों एवं परीक्षाओं, विद्वानों के भाषणों (Extension Lectures), और दयानन्द-पीठों (Chairs) तथा अन्य विभागों के माध्यम से प्रस्तुत आर्यसमाज-विषयक शोध-प्रबन्धों द्वारा आर्यसमाज के मंच एवं साहित्य में प्रामाणिकता एवं श्रेष्ठता का सन्निवेश किया जाना चाहिए।

(६) चित्र-प्रदर्शनियों, रिकार्ड किये गये श्रेष्ठ गीतों तथा विद्वानों के भाषणों, डाक्यूमेण्ट्री फिल्म्स तथा चल-चित्रों के द्वारा भी आर्यसमाज का प्रचार किया जाना चाहिए। मैजिक लैण्टर्न का प्रयोग तो पूर्व से हो ही रहा है, पर बहुत कम।

संगीत और कीर्त्तन का महत्त्व

(७) आर्यसमाज के साप्ताहिक सत्संगों में संगीत का अभाव बहुत खटकनेवाली बात है। जो मामूली गीत आदि भजनोपदेशक प्रस्तुत करते भी हैं तो उनमें संगीत कम और बीच-बीच में भाषण एव व्याख्या बहुत होती है। होना यह चाहिए कि कुछ समय के लिए तो गीत-संगीत एवं कीर्त्तन की ऐसी धारा बहे कि व्यक्ति सब-कुछ भूलकर प्रभु-भक्ति में मग्न हो जाए। अब तक मैंने एक बार गांधी-नगर या कृष्णा नगर, दिल्ली आर्यसमाज में ही ऐसा आयोजन देखा है, जहाँ कि कुछ समय के लिए सन्ध्या एवं भाषण के बीच में मधुर, भाव-पूर्ण गीतों की व्यवस्था थी। उसके लिए समाज ने एक संगीत-शास्त्री की साप्ताहिक व्यवस्था कर रखी है। समूह-गान भी हो

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकते हैं और एकल भी, पर संगीत साथ में होना चाहिये। विशेष अवसरों पर नगर-कीर्त्तन एवं प्रभात-फेरियाँ भी होनी चाहियें। रेडियो के माध्यम से भी वार्ताओं, वेद-मन्त्रों एवं उनके अर्थों के संगीतबद्ध प्रसारणों तथा काव्य की नवीन शैलियों का आयोजन भी उसी प्रकार होना चाहिए, जिस प्रकार अन्य मतावलम्बियों के प्रसारण समय-समय पर होते हैं। गत दिनों आर्य अनाथालय, दिल्ली के बच्चों द्वारा प्रस्तुत महर्षि दयानन्द विषयक एक सुन्दर कव्वाली आर्यवीर दल शिविर के समापन-समारोह पर सुनी थी, वैसे ही कार्यक्रमों के लिए आकाशवाणी के अधिकारियों से सम्पर्क किया जाना चाहिए।

सार्वदेशिक सभा में तो सन् १९४६ में अपना ब्राडकास्टिंग स्टेशन लगाने का प्रस्ताव भी आया था और श्री मदनमोहन सेठ को इसकी योजना प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया था, फिर भगवान् जाने क्या हुआ!

कर्मकांड में एकता आवश्यक

(८) आर्यसमाज की कर्मकाण्ड-पद्धति में भी बहुत-से भेद हो गये हैं और सर्वत्र पृथक्-पृथक् प्रकार से यज्ञ-हवन, संध्या एवं विवाह आदि संस्कार करवाए जाते हैं जिससे कभी-कभी कोई अप्रिय विवाद भी खड़ा हो जाता है। सार्वदेशिक सभा को विवादास्पद विषयों का धर्मार्थ सभा से निर्णय करवाकर तदनुसार ही सारे आर्यसमाजों में उसी पद्धति से सारे कर्मकाण्ड तथा संस्कार करवाने का आदेश जारी करना चाहिए।

सार्वदेशिक सभा ने १९४४ में पौरोहित्य परीक्षा-पटल बनाकर उसके माध्यम से परीक्षाएँ लेने और फिर उन्हीं पुरोहितों से कार्य लेने के लिए समाजों को प्रेरित करने का निर्णय लिया था, पता नहीं, फिर वह क्यों क्रियान्वित नहीं किया जा सका।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाज का साहित्य

अब साहित्य के सम्बन्ध में चर्चा अपेक्षित है। इसके दो भाग मुख्य हैं--पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएँ। एक बार आर्यसमाज के एक शिष्टमण्डल से राष्ट्रपति राधाकृष्णन् ने पूछा था कि क्या कारण है कि Aryasamaj is nowhere in news, nowhere in literature? अर्थात् क्या कारण है कि आर्यसमाज कहीं समाचारों में नहीं है, कहीं साहित्य में नहीं है ? आज अमेरिका आदि से कई भाषाओं में हरे कृष्णा आन्दोलन, बालयोगेश्वर के Divine Light Mission (डिवाइन लाइट मिशन) आदि के भी कई-कई पत्र-पत्रिकाएँ कई-कई लाख की संख्या में छपती हैं, पर आर्यसमाज की अन्य भाषाओं में तो क्या, हिन्दी में भी कोई उत्कृष्ट पत्रिका नहीं छपती। पुस्तकों की भी यही अवस्था है।

आर्यसमाज के साहित्य को गति देने के लिए अनिवार्य उसके सभी अंगों पर क्रमशः विचार करते हैं।

अनुसंधान-सामग्री का अभाव

लेखक—आर्यसमाज के साहित्य के निर्माण में लेखक के सामने जो समस्याएँ हैं, उनके समाधान की व्यवस्था आर्यसमाज को करनी चाहिये। सर्वप्रथम है किसी ऐसे केन्द्रीय पुस्तकालय का अभाव, जहाँ आर्यसमाज के सारे साहित्य—पुस्तकों तथा पत्र-पत्रिकाओं—का संग्रह हो। पं० इन्द्र जी विद्यावाचस्पति को आर्यसमाज का इतिहास लिखते समय भी यह कठिनाई आई थी और पुरानी पत्रिकाओं की बहुत कम फाइलें उन्हें मिली थीं। आर्यसमाजों में पत्रिकाओं की फाइलें रखने की ओर कोई ध्यान ही नहीं है। यदि भूल से कहीं कुछ पत्रिकाएँ रद्दी में पड़ी हों और किसी लेखक का ध्यान उनकी ओर चला जाये, तो फिर आर्यसमाजों को उनसे ऐसा लगाव होता

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है कि वे किसी भी प्रकार उन्हें देने को तैयार नहीं होते, भले ही बाद में वे रद्दी में फेंक दी जायें। अब जब सार्वदेशिक सभा अनुसन्धान-केन्द्र खोलना चाहती है, तो उसे एक ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करना चाहिये जो घूम-घूमकर समाजों के पुस्तकालयों से पुरानी पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का संग्रह करे और उन्हें व्यवस्थित कर उनकी सूचियाँ बनाये। इसी आधार पर आर्यसमाज के सारे साहित्य की एक Bibliography (बिबलियोग्राफी) तैयार की जा सकती है। यह कार्य 'गुरुकुल काँगड़ी पुस्तकालय' द्वारा भी सम्पन्न किया जा सकता है।

लेखकों को पारिश्रमिक-पुरस्कार और ग्रन्थ-प्रकाशन-व्यवस्था

दूसरी समस्या है किसी के कार्य के मूल्याङ्कन की भावना का अभाव। यदि कोई विद्वान् वर्षों लगाकर कोई ऐसा कार्य करे भी, तो आर्यसमाज में उसका महत्त्व नहीं आँका जाता। अतः या तो कोई उसको प्रकाशित नहीं करेगा, अगर करेगा तो लेखक को कोई पारिश्रमिक तो देगा ही नहीं, उलटे उससे कुछ सहायता माँगेगा, भले ही वह स्वयं उससे कितना ही क्यों न कमाए। आर्यसमाज में भी कई पत्रिकाएँ ऐसी चल रही हैं जिनसे उनके स्वामियों को अच्छी आय होती है, पर फिर भी वे लेखकों को कभी नहीं देते, यहाँ तक कि कई बार तो उसके लेखवाला अंक भी नहीं। यही बात कुछ साहित्य-प्रकाशकों के साथ भी है। उत्तम साहित्य पर पुरस्कार आदि की व्यवस्था भी नगण्य-सी ही है। पं० गङ्गाप्रसाद उपाध्याय पुरस्कार तथा चौ० प्रतापसिंह ट्रस्ट करनाल ने इस दिशा में कुछ कदम उठाकर एक स्तुत्य कार्य किया है। पं० ठाकुरदत्त अमृतधारावालों ने भी कुछ ऐसी व्यवस्था की थी। अतः सभा को ऐसे विषयों की विस्तृत सूची प्रकाशित करनी चाहिए जिसपर कि विद्वान् ग्रन्थ लिखकर सभा को दें और सभा लेखक को अच्छा पारिश्रमिक दे या प्रतिवर्ष विशिष्ट विषय पर ग्रन्थ मँगाकर उनमें से सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
करने की व्यवस्था करे और उसे प्रकाशित करे। यदि ग्रन्थ कई बार छपे, तो लेखक को समुचित रॉयल्टी देने की व्यवस्था होनी चाहिए और लेखक की प्रकाशक द्वारा सम्भाव्य शोषण से रक्षा की जानी चाहिए। आदर्श स्थिति यह है कि आर्यसमाज का लेखक स्वतन्त्र लेखन, और वह भी उच्च कोटि के लेखन, के बल पर ही अपनी आजीविका अच्छी प्रकार चला सके और उसे अभावों का सामना न करना पड़े। यदि अच्छे लेखकों को आर्यसमाज की शिक्षण-संस्थाओं में स्थान मिल जाए और उनके अधिकारी उनपर अन्य कार्यभार कम-से-कम लादें या दयानन्द कॉलेजों में 'दयानन्द प्रोफैसर' के पद पर नियुक्त कर उन्हें साहित्यिक गतिविधियों के लिए ही नियत कर दें, तो यह समस्या काफी सीमा तक सुलझ सकती है। डी०ए०वी० महाविद्यालय, लाहौर ने अपने अनुसन्धान-विभाग द्वारा विश्वव्यापी स्थायी ख्याति प्राप्त की थी। यदि डी० ए० वी० कॉलेज, जालन्धर और हंसराज कॉलेज, दिल्ली जैसे कुछ बड़े कॉलेज चाहें, तो ऐसी व्यवस्था सरलता से कर सकते हैं। डी०ए०वी० कॉलेज, कानपुर बहुत छोटे-से स्तर पर इस कार्य का कुछ सञ्चालन करता है।

आर्य प्रादेशिक सभा ने स० धर्मानिन्तसिंह की एक पंजाबी-पुस्तक 'वैदिक गुरमत' प्रकाशित की है। उसकी भूमिका में उन्होंने २-३ बहुत मनोरंजक घटनाएँ लिखी हैं, जिनका उल्लेख यहाँ करना अनुचित न होगा। उन्हें एक सज्जन ने कहा कि आप जो भी पुस्तकें मँगाना चाहें, उनका आदेश लन्दन की एक कम्पनी को कर दिया करें। एक सूची बनाई तो छः हजार रुपये की बैठी। अतः कुछ पुस्तकें काटकर सूची उन्हें दिखाई। उन्होंने पूछा, 'सरदार जी ! ये पुस्तकें काट क्यों दी हैं ?' 'अधिक मूल्य की हो गई थीं।' 'नहीं जी ! आप ये भी लिख दें, सब मँगा लें।' और सारी पुस्तकें आ गईं। एक दूसरे सज्जन उन्हें पुस्तकों की दुकान पर ले जाकर कहते थे, 'सरदार जी ! बढ़िया-बढ़िया पुस्तकें छाँटो।' उन सब पुस्तकों को लाकर दो-तीन

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिन उलटते-पलटते थे और फिर कहते थे, 'सरदार जी ! मुझे तो कुछ भी समझ आई नहीं, ये सब पुस्तकें आप ले जाओ ।' तीसरे सज्जन ने एक दिन कहा, 'आप जितनो पुस्तकं चाहो, ले जाओ । बारह वर्ष बाद लौटा देना ।' वह अस्सी पुस्तकें लाए और बारह वर्ष बाद लौटाई । काश ! ऐसे कुछ महानुभाव आर्य विद्वान् साहित्य-कारों को मिलते रहें, तो उनकी एक बड़ी समस्या हल हो जाए ।

साहित्य की खाज और अनुसन्धान का विषय कितना कठिन है, इसकी एक घटना पं० युधिष्ठिर जी मीमांसक ने सुनाई । एक दिन वह ऋषि दयानन्द के पत्र-व्यवहार के संग्राहक पं० मामराज जी के साथ ऋषि-पत्रों की खोज में किसो के घर गये । उसने उन्हें अपने बुजुर्गों की कागज़-पत्रों की कोठरी खोल दी । सारा दिन उसे टटोलते रहे, पर एक भी पत्र हाथ न लगा । मीमांसक जो कहते हैं, मैं तो उस एक ही दिन में निराश हो गया, पर मामराज जो ने तो इस कार्य में अपना जीवन ही लगा दिया । आज कितने आर्यसमाजो पं० मामराज की तपस्या से परिचित एवं उनक प्रशंसक हैं ?

वैदिक सिद्धान्तों के कई विषय अभी तक अछूते पड़े हैं

लेखन-कार्य कोई सरल कार्य नहीं है । आज अनेक विषय ऐसे हैं, जिनपर पुस्तकें लिखी जानी चाहिए थीं, पर छोटे लेख भी जिनपर नहीं लिखे गए । वेद पर ही उच्च कोटि का कितना साहित्य लिखा गया ? षडङ्गों पर कितने ग्रन्थ निकले ? आर्यसमाज का सर्वाङ्गपूर्ण इतिहास, ऋषि दयानन्द का विश्व की प्रसिद्ध जीवनियों की टक्कर का कोई जीवन-चरित, आयसमाज के साहित्य की पूरी सूची, सत्यार्थप्रकाश पर कोई सर्वाङ्ग सुन्दर आलोचनात्मक ग्रन्थ, महर्षि दयानन्द और आर्यसमाज के सिद्धान्तों को लेकर जो शोध-प्रबन्ध पी-एच० डी० के लिए अब तक लिखे गए, उनमें से ही कितने अब तक अप्रकाशित पड़े हैं । जो छपे हैं, उनका रंग-रूप, साज-सज्जा कैसे हैं ? इनके लेखकों को क्या मिला है ? वे कितनी संख्या में छपे

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा बिके हैं ? अन्य विदेशी भाषाओं की तो बात छोड़िए, अंग्रेजी भाषा में अच्छे लेखक आर्यसमाज में कितने हैं ? सार्वदेशिक सभा की पत्रिका Vedic Light (वैदिक लाइट) का स्तर क्या है ? क्या इस साहित्य के बल पर विश्व में आर्यसमाज का प्रचार सम्भव है ? स्थिति निराशाजनक है। इसीलिए हमने 'आर्य बुद्धिजीवी परिषद्' की स्थापना की है कि ज्ञात-अज्ञात सब आर्यसमाजियों को एक सूत्र में आबद्ध कर प्रत्येक को उसकी सामर्थ्य के अनुसार काम सौंपें और इस प्रकार आर्यसमाज के साहित्य को एक गति और दिशा दें। विभिन्न विषयों के सम्पादक-मण्डल बनाये जाएँ, एक शोध-पत्रिका निकाली जाए और लिखे जाने योग्य सभी विषयों का चुनाव करके उनकी सामग्री के एकत्रित करने के कार्य पर उपयुक्त व्यक्तियों को लगाएँ, ताकि कार्य शीघ्र ओर अधिक विस्तृत हो। देखें, कहाँ तक सफलता मिलती है !

आर्य साहित्य के प्रकाशक

अब प्रकाशक की बात लीजिए

गीता प्रेस गोरखपुर ने अकेले जो साहित्य प्रकाशित किया है, उसपर पहले दृष्टि डालिए और फिर आर्यसमाज के साहित्य और उसके प्रकाशक देखिए। आर्यसमाज के पास ऐसा कोई प्रकाशन-गृह नहीं, जो व्यावसायिकता से ऊपर उठकर और विशाल स्तर पर आर्यसमाज के साहित्य-प्रकाशन का कार्य करे। रामलाल कपूर ट्रस्ट, सार्वदेशिक तथा अन्य सभाएँ जो कार्य करती हैं वह बहुत सीमित है। इतनी बात हर्षदायक अवश्य है कि हाल के कुछ समय में आर्यसमाज-शताब्दी के सन्दर्भ में थोड़ी जागृति अवश्य आई है और सार्वदेशिक सभा ने कुछ अच्छे ग्रन्थों का प्रकाशन अपने हाथ में लिया है; परन्तु सभा के पास कोई ऐसा मुद्रण-कला-विशेषज्ञ नहीं है जो सर्वाङ्ग सुन्दर ग्रन्थों का प्रकाशन करे। लेखक की दृष्टि से सभी प्रकाशक अनुपयुक्त हैं। दिल्ली के एक प्रकाशक ने इसी कार्य

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में अपने आराम के लिए सभी आधुनिक उपकरण, यहाँ तक कि कार भी, जुटा रखे हैं, पर जब उसने पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड की एक पुस्तक 'वेदों का यथार्थ स्वरूप' छापी, तो लेखक को केवल ५-७ प्रतियाँ ही देने को तैयार हुए। सुनते हैं कि आर्य साहित्य मण्डल अजमेरवालों ने जब पं० जयदेव शर्मा के चारों वेदों का भाष्य छापा तो उससे अच्छा पैसा कमाया, पर लेखक को मिला शायद चार आने प्रतिमन्त्र भाष्य का पारिश्रमिक। इस प्रकार कुल ५००० रु० ही लेखक को मिला होगा। वैदिक यन्त्रालय का प्रकाशन अत्यन्त सीमित है और वह केवल ऋषि-ग्रन्थों को भी माँग के अनुसार नहीं छाप सकता।

प्रकाशकों की असफलता के कारण

मुद्रण एवं सम्पादन में अनेक त्रुटियाँ रहती हैं। इन असफल प्रकाशकों की असफलता के कुछ कारण निम्नलिखित हैं :—

१. पुस्तकों की छपाई, गेट-अप आदि शुद्ध और सुन्दर नहीं हैं। एक-आध को छोड़कर मुद्रण-कला का प्रायः अभाव है।

२. साहित्य भी सामान्य कोटि का है—कुछ ही समय जीवित रहनेवाला।

३. प्रकाशक प्रायः आर्यसमाजी ग्राहकों पर ही आश्रित हैं। वे उस साहित्य को सार्वजनीन बनाने का कोई प्रयास नहीं करते। वे प्रसिद्ध पत्रों एवं पत्रिकाओं में विज्ञापन आदि नहीं देते। प्रकाशक-संघों के सदस्य नहीं हैं तथा प्रकाशकों तथा प्रकाशनों की सूचियों में उनका और उनके प्रकाशनों का नाम नहीं छपता और न उनकी पुस्तकों की समीक्षा ही सामान्य पत्रिकाओं में निकलती है। बड़े-बड़े पुस्तक-विक्रेताओं से भी वे सम्पर्क नहीं करते और न ही शिक्षण-संस्थाओं के अधिकारियों से, जिससे उनकी पुस्तकें पुस्तकालयों में तथा पारितोषिक-योग्य पुस्तकों की सूचियों में नाम पाएँ। विदेश के या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के देशी पुस्तक-विक्रेताओं तथा बुक-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
स्टालों, हाकरों आदि से भी उनका सम्पर्क नहीं है। आर्यसमाज की पत्रिका कोई ऐसी है ही नहीं [एक जनज्ञान को छोड़कर] जो बुक-स्टालों पर स्थान पाने योग्य हो। आर्यसमाज भी पुस्तकालयों और वाचनालयों में ये पत्रिकाएँ और पुस्तकें नहीं मँगाते। कोई पुस्तक-विक्रेता ऐसा नहीं है जो आर्यसमाज का सारा साहित्य अपने पास रखता हो, क्योंकि आपस में उनका द्वेषभाव चलता रहता है, किसी आर्यसमाजी प्रकाशक की एजेंसियाँ विभिन्न नगरों में नहीं हैं और चलती-फिरती पुस्तकों की गाड़ी से सर्वत्र साहित्य पहुँचाने का प्रचलन भी आर्यसमाज में नहीं है। यदि ये सब विधियाँ अपनाई जाएँ, तो आर्यसमाज के साहित्य की बिक्री पर्याप्त सीमा तक बढ़ सकती है।

अब साहित्य की बात लीजिए। शिक्षित जनों तक आर्यसमाज की विचारधारा पहुँचाने के लिए अब भी अंग्रेज़ी ही बड़ा साधन है, देश में भी और विदेश में भी। अतः अच्छा अंग्रेज़ी साहित्य तैयार करवाया जाना चाहिए और छापने से पूर्व पारिश्रमिक देकर भी अंग्रेज़ी के प्रामाणिक विद्वानों से उनकी भाषा का परिष्कार करवाया जाना चाहिए। प्रयास किया जाना चाहिए कि अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य प्रमुख विदेशी भाषाओं में भी प्रतिवर्ष कुछ-न-कुछ साहित्य निकलता ही रहे और वह उस-उस देश के किसी पुस्तक-विक्रेता के द्वारा बिकता रहे। देश की सब प्रान्तीय भाषाओं में वह छपना ही चाहिए।

विविध प्रकार और विषयों पर साहित्य

आर्यसमाज में बाल-साहित्य, शोध-साहित्य, कथा-कहानी-साहित्य, अच्छा चित्र-कला-साहित्य, श्रेष्ठ काव्य-साहित्य बहुत कम है। बालकों की 'चन्दा मामा' जैसी कोई श्रेष्ठ पत्रिका और पुस्तक-माला, ऋषि के ग्रन्थों की अरविन्द-ग्रन्थावली जैसी सुन्दर ग्रन्थ-माला, इसी प्रकार आर्यसमाज के अन्य श्रेष्ठ विद्वानों की ग्रन्थ-मालाएँ,

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
शोध-परक उच्चकोटि का साहित्य, वेद-मंत्रों के भावों पर आधारित एवं आर्यसमाज के इतिहास से सम्बद्ध चित्रमाला-साहित्य प्रकाशित होना चाहिए । आर्य कथाकारों से आर्यसमाज के सिद्धान्तों पर कहानियाँ, उपन्यास लिखवाये जाने चाहिएँ । संस्कृत में भी साहित्य का सृजन होना चाहिये । आर्यसमाज के दृष्टिकोण से भारत का इतिहास, भारतीय संस्कृति का इतिहास, भाषा का विकास, सृष्टि का विकास, धर्म का इतिहास, स्वतन्त्रता-आन्दोलन, नारी-जागरण, अछूतोद्धार, हिन्दी आदि का इतिहास आर्यसमाज के दृष्टिकोण से लिखे जाने चाहिएँ, जो विश्वविद्यालयों के पाठ्यानुसार हों और विद्यार्थियों के काम आ सकें । इसी प्रकार आधुनिकतम वैज्ञानिक मान्यताओं के प्रकाश में आर्यसमाज की मान्यताओं पर प्रकाश डालनेवाला साहित्य चाहिए । इस शोध-परक साहित्य पर कुछ विस्तृत प्रकाश **'प्रकाश अभिनन्दन ग्रन्थ'** में प्रकाशित मेरे एक लेख में डाला गया है—वह द्रष्टव्य है । स्त्रियों के उपयुक्त एवं कुछ बड़े विद्यार्थियों के उपयुक्त भी पृथक् प्रकार का साहित्य चाहिये । महर्षि दयानन्द एवं आर्यसमाज के सम्बन्ध में देश-विदेश के विद्वानों द्वारा लिखे गये लेखों के संग्रह छपने चाहिएँ । लन्दन आदि में विद्यमान सरकारी रिकार्डों तथा स्विट्ज़रलैण्ड में श्याम जी कृष्ण वर्मा के पुस्तकालय की सामग्री की भी खोज होनी चाहिये । दयानन्द का शिक्षा-शास्त्री, राजनीति-शास्त्री, सुधारक, क्रान्तिकारी, आध्यात्मिक गुरु, राष्ट्रपुरुष आदि विभिन्न दृष्टियों से अध्ययन प्रस्तुत किया जाना चाहिये ।

बिक्री का प्रबन्ध

इन पुस्तकों की बिक्री के लिए चलती-फिरती गाड़ी, स्थानीय एजेण्टों या समाजों, सभाओं के घूमते-फिरते एजेण्टों, कचहरियों, विद्यालयों, मेलों में हाकरों, पत्र-पत्रिकाओं में विज्ञापनों, आर्य-शिक्षण-संस्थाओं में पुरस्कारों, रविवार को घरों तथा अन्य दिन दुकानों पर

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा बाज़ारों में जाकर बेचनेवाले स्वयंसेवकों और देश-विदेश के पुस्तक-विक्रेताओं से सहयोग लेना चाहिये। शिक्षण-संस्थाओं में सभी आर्य अध्यापकों के माध्यम से वहाँ के पुस्तकालयों में तथा पुरस्कारों में साहित्य रखवाने का प्रयास करना चाहिये। आर्य-समाजों में 'दयानन्द अध्ययन केन्द्र' चालू किये जाने चाहिएँ। सार्व-देशिक को एक श्रेष्ठ साहित्यिक पत्रिका निकालनी चाहिये और सभी सभाओं के सदस्य आर्यसमाजों के दशांश के अतिरिक्त उसके शुल्क को भी अनिवार्य रूप से प्रान्तीय सभाओं के माध्यम से प्राप्त करना चाहिए। पारस्परिक विवाद की बातों से पत्रिकाओं को अछूता रखकर उनके लिये पृथक् पत्रक भेजने को व्यवस्था करनी चाहिये क्योंकि पत्रिकाओं में विवाद होने से वे गैर-आर्यसमाजी लोगों को दिखाये जाने के उपयुक्त नहीं रहतीं। विश्व के पुस्तकालयों एवं प्रसिद्ध व्यक्तियों के पास पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण तैयार करवाकर भेजा जाना चाहिये। भारत में रह रहे विदेशियों को अंग्रेज़ी के ट्रैक्ट निःशुल्क भेंट किये जाने चाहिएँ और उन ट्रैक्टों के पीछे चुनी हुई पुस्तकों की सूची होनी चाहिये। विदेशों में अपने एजेंटों के पते हर पुस्तक पर छपे हुए होने चाहिएँ। आर्यसमाजों के पुस्तकालयों के लिए प्रत्येक आर्यसमाज अपनी आय का दशांश व्यय करे—यह भी नियम बना देना चाहिये। आर्यसमाज का प्रत्येक सदस्य विवाह के अवसर पर उपहार में कुछ पुस्तकें दे—यह प्रेरणा हर आर्यसमाजी को की जाए। साथ ही आर्य शिक्षणालयों में केवल आर्यसमाज का साहित्य ही पुरस्कार में दिया जाए ओर पुस्तकालय में आर्यसमाज के साहित्य का सैक्शन अनिवार्य रूप से रहे।

आर्यसमाजी का व्यावहारिक जीवन

सैद्धान्तिक प्रचार के साधनों पर विचार कर चुकने के पश्चात् अब व्यावहारिक पक्ष पर विचार करना चाहिए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आज आर्यसमाजियों का व्यवहार दूसरे जनों से कुछ भी भिन्न प्रकार का नहीं रह गया है, अतः उनका प्रभाव भी जनता पर नहीं पड़ता है। प्रत्येक आर्यसमाजी के जीवन के इन पक्षों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए; उनमें भी सामाजिक पक्ष पर पहले और वैयक्तिक पक्ष पर बाद में, क्योंकि दूसरे लोग व्यक्तिगत जीवन से नहीं, उसके सामाजिक जीवन से अधिक प्रभावित होते और उसी के अनुसार उसे अच्छा या बुरा मानते हैं। कर्मकाण्डी होना इतना महत्त्वपूर्ण नहीं, जितना कि आचारवान् होना। मनु ने इसीलिए कहा भी है 'सर्वेषामेव शौचानां अर्थशौचं परं मतम्' अर्थात् सब शुद्धियों में धन की शुद्धि बड़ी है; जो धन कमाने में शुद्ध है वही वस्तुतः शुद्ध है।

शुद्ध और कर्त्तव्यनिष्ठ

१. सब आर्यसमाजियों को 'व्यवहारभानु' के अनुसार अपना-अपनी आजीविका के साधन में पूरी ईमानदारी बरतनी चाहिए। दुकानदार सब वस्तुओं के 'एक दाम' लें, शुद्ध वस्तु बेचें। सरकारी कर्मचारी अपना कर्त्तव्य पूर्णतः निभायें और रिश्वत न लें। सबसे शुद्ध व्यवहार हो। ऐसी दुकानों पर 'आर्यों की दुकान' के बोर्ड लगाए जाएँ और उसकी विशेषताएँ लिखी हों। किसी दुकान पर इस बोर्ड का लगा होना ही इसकी श्रेष्ठता का प्रमाण-पत्र माना जाये। यदि किसी को किसी आर्यसमाजी के व्यवहार से शिकायत हो तो उनकी शिकायत सुने जाने का प्रबन्ध आर्यसमाजों में हो।

जातिसूचक शब्द न लगाएँ

२. कोई आर्यसमाजी अपने नाम के साथ जातिसूचक शब्द न लगाये और किसी प्रकार की जातीयता की भावना अपने आचरण में न आने दे। गत दिनों अलवर के आर्य-महासम्मेलन में यह प्रस्ताव पारित तो हुआ, पर इसके बाद भी सार्वदेशिक सभा के

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

म्हामंत्री तक के नाम के साथ अपना जातिसूचक उपनाम वैसे ही प्रचलित है।

दहेज न लेने की प्रतिज्ञा

३. विवाह-सम्बन्धों के समय कोई आर्यसमाजी दहेज न ले। इस आशय की प्रतिज्ञा का प्रपत्र प्रत्येक आर्य-सदस्य से भरवाकर रिकार्ड में रखा जाए और चुनाव में खड़ा होने या मतदान करने के समय सब आर्य इस आशय के प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर करें कि उन्होंने इस प्रतिज्ञा का कभी उल्लंघन नहीं किया है।

विवाह जातपांत तोड़कर

४. यही बात विवाह-सम्बन्ध-निश्चय के समय जाति-विचार न करने की प्रतिज्ञा पर लागू होनी चाहिए और जाति-बन्धन तोड़कर विवाह करने-करानेवालों की सूचियाँ प्रत्येक समाज में लगी होनी चाहिएँ। आर्य-पत्रों में भी सजातीय विवाह की माँगवाले विज्ञापन कथमपि न छपने चाहिएँ।

५. सभा को प्रत्येक आर्य सभासद् एवं सदस्य का वर्ण निश्चित एवं घोषित करने की प्रथा की ओर ध्यान देना चाहिए और लड़का-लड़की के विवाह-निश्चय में इसके उपयोग की कोई विधि निकालनी चाहिए।

सादगी के साथ सामूहिक विवाह आर्यसमाज-मन्दिर में

६. अत्यन्त सादगीपूर्वक सामूहिक रूप से आर्यसमाज मन्दिरों में विवाह-संस्कार सम्पन्न करने-कराने की प्रथा का प्रचलन होना चाहिए। भाई परमानन्द ने अपनी कन्या का विवाह-संस्कार आर्य-समाज-मन्दिर में ही किया था। कहना नहीं होगा कि नामधारी एवं सन्त कृपालसिंह आदि के संघटन इस विषय में आर्यसमाज से अधिक प्रगतिशील हैं। आर्यसमाज को उनकी विधि से प्रेरणा लेनी चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७. प्रत्येक आर्यसमाज में रात्रि-संस्कृत-पाठशालाएँ नियमित रूप से लगनी चाहिएँ ताकि प्रत्येक आर्य सदस्य कुछ-न-कुछ संस्कृत का ज्ञान अवश्य प्राप्त करे।

हिन्दी-संस्कृत का ही व्यवहार

८. प्रत्येक आर्य सदस्य से इस आशय का प्रतिज्ञा-पत्र भी भरवाया जाये कि वह हर काम में और हर अवसर पर हिन्दी या संस्कृत का ही व्यवहार करेगा। मतदान के समय इस प्रतिज्ञा के पालन करने की घोषणा भी शपथ-पूर्वक की जानी चाहिये।

आर्यसमाज की सदस्यता सर्वप्रथम

९. प्रत्येक सदस्य यह घोषणा भी करे कि किसी अन्य सभा, सोसाइटी या राजनैतिक दल के प्रति उसकी निष्ठा आर्यसमाज से दूसरे नम्बर पर ही होगी और वह आर्यसमाज के प्रचार और सिद्धान्त-पालन में किसी भी प्रकार बाधक न होगी। वह किसी भी स्थान पर आर्यसमाज की मान्यताओं के विरुद्ध प्रस्ताव या बात का समर्थन व प्रचार न करेगा।

निर्वाचित व्यक्ति कहां तक आर्यत्वयुक्त

१०. चुनाव में जो लोग आर्यसमाजी के रूप में विजयी होकर संसद् व विधानसभाओं में जाएँ, उनसे नियमित रूप से यह जानकारी ली जानी चाहिए कि उन्होंने आर्यसमाज के उद्देश्यों की पूर्ति के हित वहाँ पर क्या कार्य किया है और उनके विपरीत क्या।

वैदिक कर्मकाण्ड और घरेलू पुस्तकालय

११. प्रत्येक आर्य सदस्य अपने घर में वैदिक कर्मकाण्ड एवं अपने परिवार में आर्यत्व की भावना के लिए प्रचार करे। एतदर्थ अपने घरेलू पुस्तकालयों के निर्माण का आन्दोलन चलाया जाए। इससे आर्य-साहित्य के लेखन एवं प्रकाशन-कार्यक्रम को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंचमहायज्ञ

१२. पंचमहायज्ञों में अतिथियज्ञ का प्रचलन न होने से आर्य पुरोहितों एवं विद्वानों की समुचित सेवा का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उसके प्रचलन की प्रेरणा की जाए।

वैदिक परिवार निर्माण

१३. घरेलू वातावरण, रहन-सहन, खान-पान, साज-सज्जा आदि में आर्यत्व की छाप स्पष्ट दिखाई पड़नी चाहिए। मथुरा के तपोभूमि परिवार के श्री पं० ईश्वरीप्रसाद जी प्रेम तथा पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड द्वारा संचालित वैदिक परिवार-निर्माण आन्दोलन इस दिशा में एक अच्छा प्रयास है।

शुद्ध वस्तु बिक्री भंडार और सेवा कार्य

१४. आर्य समाज को एक जीवन्त संस्था बनानें के लिए ऐसे निष्कलंक आर्यों की समिति प्रत्येक आर्य समाज में बनाई जानी चाहिए जो दुःखियों एवं पीड़ितों की प्रत्येक प्रकार से सहायता एवं सुनवाई करे और भ्रष्टाचार एवं मिलावट आदि के विरुद्ध संघर्ष करें। आर्यों के व्यवहार के विरुद्ध शिकायतों और उनके पारस्परिक विवादों की सुनवाई भी वह करे। निर्धन लोगों को कानूनी निःशुल्क सहायता उपलब्ध करवानें की भी व्यवस्था करे। यदि आर्य समाजें शुद्ध वस्तुओं के विक्रय भण्डार, दुग्धशालाओं आदि की व्यवस्था कर सकें, तो प्रचार का प्रचार और साथ ही आर्य समाजों को आर्थिक लाभ भी हो।

शतांश चन्दा और सभाओं में उपस्थिति अनिवार्य

१५. प्रत्येक आर्य के लिए अपनी आय का सही शतांश देना अनिवार्य किया जाए और साथ ही सत्सङ्गों एवं कार्यक्रमों में निश्चित उपस्थिति की भी कड़ाई से जाँच होनी चाहिए, ताकि भ्रष्ट अनार्य लोग समाज में न घुसने पाएँ। सरकारी कार्यालयों की

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरह प्रत्येक समाज के हिसाब-किताब की जाँच के लिए प्रान्तीय सभाओं को अपने लेखा-निरीक्षक भेजने चाहिएँ ।

भ्रष्टाचारी अधिकारी न बनें

१६. जिस भी आर्यसमाज या आर्य प्रतिनिधि सभा के किसी पदाधिकारी पर भ्रष्टाचार या पद-दुरुपयोग के आरोप लगें, उन की सार्वजनिक जाँच के लिए दोनों पक्षों और निष्पक्ष कुछ आर्य संन्यासियों या विद्वानों की समिति नियुक्त होनी चाहिए और उसके निर्णय की घोषणा सब आर्य-पत्रों के माध्यम से की जानी चाहिए ।

१७. कोई भी आर्यसमाज ऐसी आरम्भिक पाठशाला न खोले, जिसमें संस्कृत के व्यावहारिक एवं अनिवार्य शिक्षण की व्यवस्था न हो । महर्षि कृत 'संस्कृत वाक्य प्रबोध' जैसी व्यावहारिक संस्कृत की पाठ्य पुस्तकों से उसमें सहायता ली जाए ।

१८. ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि सब आर्यसमाज मन्दिर नित्य खुले रहें । उनके निरीक्षण के लिए सभा को अपने कर्मचारी नियुक्त करने चाहिए और जहाँ गैर आर्यसमाजियों ने अपना अधिकार जमा लिया हो, उनको निकाल बाहर किया जाना चाहिए और सच्चे आर्यों की तदर्थ समितियाँ वहाँ नियुक्त कर देनी चाहिएँ ।

छात्र-वृत्तियां और प्रतियोगिताएँ

१९. आर्यसमाजों को यथासम्भव निर्धन विद्यार्थियों के लिए कुछ छात्र-वृत्तियों की व्यवस्था करनी चाहिए । इस कार्य के लिए आर्यसमाज विषयक लेख, भाषण, वादविवाद आदि प्रतियोगिताओं की योजना भी की जा सकती है । कालेजों में समाज 'महर्षि दयानन्द चल विजयोपहार' प्रदान कर उनके सम्बन्ध में वार्षिक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित करवा सकते हैं । दीक्षान्त समारोहों के अवसर पर महर्षि दयानन्द पर कोई अच्छी पुस्तक सब स्नातकों को दी जानी चाहिए ।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२०. ग़रीब विधवाओं आदि के लिए सिलाई-केन्द्र आदि भी आर्य समाजों में खोले जाने चाहिएँ, जिनसे उनका पालन-पोषण हो सके। अन्य रोज़गारों की व्यवस्था भी यथासम्भव समाजों में की जानी चाहिए।

आर्यसमाजों का दैनिक कार्यक्रम

इस प्रकार इन उपायों से आर्यों के व्यक्तिगत जीवन और उससे उनके आर्यसमाज का जो रूप जनता की दृष्टि में उभरेगा, वह महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्य समाज होगा और स्थानीय आर्यसमाजें अपने-अपने नगर की धार्मिक सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक मुक्ति का कारण बन सकेंगे जैसीकि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने कामना की थी। आर्य समाजें प्रातः की सन्ध्या और योग, व्यायाम, आर्य वीर दल की प्रातःकालीन शाखा आदि से अपना कार्य आरम्भ करें और दिन में सब सांसारिक एवं व्यावहारिक कार्यों द्वारा समाज की सेवा करती हुई रात्रि को कथा-वार्ता आदि से यदि अपने दैनिक कृत्यों का समापन करें, तो यह आर्यसमाजों की एक आदर्श व्यवस्था होगी। दैनिक धर्म चर्चा, दयानन्द अध्ययन केन्द्र, महिला सत्संग आदि के माध्यम से समाज में जनता के विभिन्न वर्गों की रुचि बराबर जगाए एवं बनाए रखी जा सकती है।

आर्यसमाज का संगठन और नेतृत्व

अब इस समस्त साहित्यिक एवं मौखिक प्रचार, व्यक्तियों एवं समाजों के व्यावहारिक जीवन तथा तीसरे शोषित-पीड़ितों और निर्धन अनाथों के उत्थान के कार्यों की धुरी है आर्यसमाज का संघठन एवं नेतृत्व जिसमें चुनाव-प्रणाली आदि भी सम्मिलित है, अब उसपर विचार करते हैं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोई भी संघठन देखिए, उसका केन्द्रबिन्दु कोई ऐसा महान् व्यक्ति होता है जो अपने उत्कृष्ट गुणों, त्याग-तपस्या या फिर गुरुडम के आधार पर ही सही, अपनी संस्था के व्यक्तियों की अपने प्रति श्रद्धा जगाए रखता है और उनके कार्यों एवं गतिविधियों का निर्देशन, संचालन एवं नियन्त्रण बनाए रखता है। आर्यसमाज का यह दुर्भाग्य है कि उसका कोई एक ऐसा एकछत्र नेता नहीं है, जो सब आर्यसमाजियों की श्रद्धा का केन्द्र हो। वैसे धार्मिक संस्थाओं में कोई विरक्त व्यक्ति ही ऐसी श्रद्धा का भाव प्राप्त करने में अधिक सफल होती है। यद्यपि आर्यसमाज प्रजातन्त्र के आधार पर संघठित है, फिर भी आर्य सभासद् बनने की जो शर्तें हैं, उनके अनुसार यह प्रजातन्त्र योग्यता-निरपेक्ष नहीं है। महर्षि के शब्दों में एक वेदविद् आप्त, ज्ञानी विद्वान् का मत हज़ार मूर्खों के मत से बढ़कर मान्य है।

आर्यसमाज में घुसे प्रच्छन्न व प्रकट शत्रु

परन्तु आर्यसमाज की अनेकानेक संस्थाओं के वैभव से आकर्षित हो अनेक ऐसे लोग आर्यसमाज में घुस आए हैं जो गैर-आर्यसमाजी हैं या आर्यसमाज के प्रछन्न और यहाँ तक कि खुले शत्रु भी हैं और खुल्लम-खुल्ला उसकी मान्यताओं और उसके निष्ठावान् कार्यकर्ताओं का उपहास उड़ाते, अपमान करते और उन्हें हानि भी पहुँचाते हैं। शिक्षण संस्थाओं में विशेषकर घुसे हुए अनेक लोग उसी आधार पर आर्यसमाजों के सदस्य, सभासद् एवं प्रतिनिधि बनकर आर्यसमाज की मिट्टी पलीद कर रहे हैं। इनमें अधिकारी भी हैं और संस्थाओं के कर्मचारी अनार्य अध्यापक आदि भी। इस दोष को दूर करने के लिए आवश्यक है कि उसके सभासदों पर कुछ मोटे-मोटे ऐसे नियम लागू किए जाएँ जो आर्यसमाज से सहानुभूति न रखनेवाले लोगों में मिलने सम्भव न हों। ऐसे सभासदों को ही

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

बजरंग प्रताप सिंह
ग्रा० व पो० कुचरी खेड़ा
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपनी संस्थाओं की कार्यकारिणी में लिया जाए और उन्हें ही सभाओं में प्रतिनिधि बनाकर भेजा जाए। ये नियम कुछ इस प्रकार हो सकते हैं।

आर्य संस्थाओं के अधिकारियों और सभासदों के लिए आवश्यक नियम

१. वे व्यक्ति संस्कृत के अच्छे जानकार हों और स्वाध्यायशील वक्ता, लेखक और समाज के कार्यकर्ता हों, उपदेशक, पुरोहित आदि का कार्य करवा सकने में समर्थ हों।

२. कर्मकाण्डी हों और आर्यसमाज के अध्ययन में रुचि रखनेवाले, सत्संग में श्रद्धा भाव से आनेवाले, विद्वानों और उपदेशकों के सान्निध्य में बैठ कर रस लेनेवाले हों।

३. सार्वदेशिक सभा आदि द्वारा संचालित सिद्धान्त-परीक्षाओं में बैठकर आर्यसमाज की अच्छी जानकारी रखते हों और आर्यसमाज में सक्रिय रुचि लेते हों। अन्य सभा-समाजों से अधिक सम्बद्ध न हों।

४. खान-पान, रहन-सहन आदि से आर्यसमाज के नियमों का पालन करते हों समाज के कार्यक्रमों में बराबर आते-जाते हों और घर में, मुहल्ले में आर्यसमाजी वातावरण की सृष्टि में रुचि लेते हों। आर्यसमाज को अच्छा दान आदि देते हों। पौराणिक पाखण्डों से दूर हों और आर्यसमाज की उपर्युक्त क्रान्तिकारी प्रगतिशील गतिविधियों के समर्थक एवं प्रेरक हों। चोरबाज़ारी आदि कृत्यों से बदनाम न हों।

इस प्रकार के जो सक्रिय आर्यसमाजी हैं, केवल हाथ उठाने वाले नहीं, जो आर्यसमाजों द्वारा आयोजित विभिन्न शिविरों, पाठ्य-क्रमों आदि में भी बराबर भाग लेते हों, केवल वे ही लोग समाजों के सभासद घोषित किए जाएँ। उन्हीं में से प्रतिनिधि सभाओं के सदस्य जाएँ। उनके द्वारा चुनी हुई कार्यकारिणी

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिनिधि सभाओं का संचालन करे। प्रयास किया जाए कि कोई ख्यातनामा विद्वान, संन्यासी, वानप्रस्थी ही सभा का प्रधान बने, न कि कोई राजनीतिक नेता, दुकानदार, वकील या डॉक्टर। उसका कर्मकाण्डी, विद्वान, स्वाध्यायशील, सुशिक्षित लेखक या वक्ता होना अनिवार्य हो, जो विद्वानों की सभा में आर्यसमाज का प्रतिनिधित्व कर सके। वह अपनी कार्यकारिणी में भी उपर्युक्त गुणों से युक्त व्यक्तियों को ही ले। उसकी सार्वजनिक आलोचना करनेवाला व्यक्ति आर्यसमाज से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। उसपर कोई आरोप हो तो वह सार्वदेशिक सभा के प्रधान के पास भेजा जाना चाहिए, जो उसकी जाँच कर शिकायतकर्ता को सूचित कर सके। किसी समाज में अनियमितताओं, अधिकारियों पर लगे आरोपों की जाँच प्रान्तीय सभा का प्रधान करे और उसकी जाँच का कार्य सार्वदेशिक सभा का प्रधान।

विद्वन्मंडल द्वारा सार्वदेशिक सभा के प्रधान की नियुक्ति

सार्वदेशिक सभा के प्रधान के आचरण की जाँच के लिए आर्यजगत के दिग्गज ख्यातनामा, वेदविद्, दलबन्दी से दूर, विवाद से ऊपर, सुप्रतिष्ठित, अराजनीतिक, केवल आर्यसमाज के लिए समर्पित, सौम्यमूर्ति ८-१० व्यक्तियों की एक समिति हो, जो कानूनी बातों में अच्छे आर्य वकीलों या न्यायाधीशों की एक सहायता लें, पर निर्णय स्वयं करें। वे विद्वान सभा से किसी प्रकार का आर्थिक लाभ प्राप्त करनेवाले न हों। इस प्रकार के व्यक्तियों में आज स्वा० ब्रह्ममूर्ति जी, पं० उदयवीर जी शास्त्री, अमर स्वामी जी महाराज, आचार्य कृष्ण जी, स्वामी सत्यप्रकाश जी, पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड और आनन्द स्वामी जी जैसे निर्विवाद व्यक्तित्व हो सकते हैं। जो लोग प्रतिनिधि सभाओं से सदस्य चुनकर जाएँ, वे सार्वदेशिक सभा प्रधान को न चुनकर ऐसे एक विद्वन्मण्डल का चुनाव करें और फिर वह विद्वन्मण्डल सभा के प्रधान का

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार सभा-प्रधान को चुनने और हटाने का अधिकार ऐसे विशुद्ध आर्यसमाजी विद्वन्मण्डल के हाथ में जाने से महर्षि का पूर्वोक्त कथन वस्तुतः चरितार्थ होगा। यह नियम भी बनाया जा सकता है कि वे किसी-न-किसी सर्वसम्मत व्यक्ति का ही चुनाव करें। अच्छा यह है कि वह सर्वसम्मति से चुना गया महाविद्वान ऐसा हो जो सभा-प्रधान चुने जाने पर संन्यास धारण कर इस पद को अलंकृत करे और पोप की तरह आजीवन इस पद पर रहे, जब तक कि दोषी पाये जाने पर वह उसी विद्वन्मण्डल द्वारा पदच्युत न कर दिया जाए। उसकी प्रतिष्ठा एवं अधिकार अखण्ड हों और वह केवल विद्वन्मण्डल के प्रति ही उत्तरदायी हो। सब प्रान्तीय सभाओं और समाजों के विवादों को अन्तिम अपील का स्थान वही हो और उसे दोषी पाये जाने पर किसी भी प्रान्तीय सभा के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी तक को भङ्ग कर नये चुनाव कराने के लिए हो।

विद्वन्मण्डल के अधीन न्याय सभा का चुनाव

आर्यों एवं समाजों एवं सभाओं के झगड़े निबटाने के लिए वही न्यायसभा का संघटन कर सकता है, जिसमें अच्छे विधिवेत्ता हों। वही अपनी समस्त कार्यकारिणी का चुनाव करे। इस प्रकार उससे ऊपर केवल विद्वत्सभा हो, शेष सब उससे नीचे। इस प्रकार यदि प्रान्तीय एवं सार्वदेशिक दोनों सभाओं के स्तर पर प्रधान विद्वान हों और उनके प्रतिनिधि विशुद्ध स्वाध्यायशील, आर्य सिद्धान्तों के जानकार, तो आर्यसमाज का कायाकल्प हो सकता है। श्रेष्ठी आदि जनों को प्रधान सभा के प्रतिष्ठित सदस्य बनाकर उनका सहयोग ले सकता है, पर वे धनिक केवल उसको अपने सुझाव दे सकें, नीति-निर्धारण पर मत नहीं। वस्तुतः प्रधान की नीति-निर्धारण में सलाहकार, मतदान एवं उसके कार्यान्वयन में उसे बाध्य करनेवाली समर्थ शक्ति तो वह विद्वन्मण्डल ही होना चाहिए, शेष तो उसके प्रधान के आदेशानुसार कार्यान्वित करनेवाले हो

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हों, वे कार्यान्वित करनेवाले अधिकारी एवं सहयोगी प्रान्तीय सभाओं से चुनकर आये सदस्यों में से हो सकते हैं या प्रधान द्वारा मनोनीत भी। प्रधान अधिकाधिक गुणसम्पन्न, अनेक भाषाविज्ञ, अनुभवी, देश-विदेश की संस्कृति, सभ्यता, घटनाओं का जानकार होना चाहिये और उसका आर्यसमाजों और व्यक्तियों पर पूर्ण नियन्त्रण होना चाहिये। जो संस्थाएँ उसके आदेश पर न चलें, वह उन्हें आर्यसमाज से असम्बद्ध घोषित कर दे, परन्तु विद्वन्मण्डल द्वारा निर्धारित आर्यसमाज की नीति के अन्तर्गत रहकर, अन्यथा उस संस्था की अपील पर विद्वन्मण्डल उसे पदच्युत कर सकता है। इस प्रकार जो संस्थाएँ दयानन्द के नाम से दयानन्द सिद्धान्तों की हत्या उसी के नाम से प्राप्त धन का सहारा लेकर कर रही है, वे या तो अपना व्यवहार सुधारेंगी, या फिर आर्यसमाजियों को और अधिक धोका न दे सकेंगी और महर्षि दयानन्द का नाम बदनाम न कर सकेंगी।

हिन्दी-अंग्रेज़ी में दैनिक पत्र

आर्यसमाजों का सार्वभौम रूप बनाने के लिए उसे एक दैनिक पत्र हिन्दी तथा अंग्रेज़ी में अवश्य निकालना चाहिए जिसके माध्यम से वह विश्व की प्रमुख समस्याओं पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त कर सके। उसकी प्रतियां समस्य राष्ट्राध्यक्षों एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रतिनिधियों को जानी चाहिएँ। सार्वदेशिक सभा को हिन्दी से अंग्रेज़ी में यह पत्र निकालने का संकल्प करना चाहिये और उसे प्रमुख पत्रों के स्तर पर पहुँचाना चाहिए।

विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से युक्त राष्ट्र संघ से सम्पर्क

भारत में आनेवाले समस्त विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को आर्यसमाज का साहित्य तथा 'मानव-अधिकारों का वैदिक घोषणापत्र' एक मैमोरेण्डम के रूप में देना चाहिये और संयुक्त राष्ट्र संघ से

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बराबर इस विषय पर सम्पर्क बनाये रखना चाहिये। वैसे भी राज-दूतों के माध्यम से यह भेजा जाये।

देश में चुनाव के समय घोषणापत्र जारी करना चाहिए

देश में भी चुनाव के समय आर्यसमाज को अपना 'चुनाव घोषणा पत्र' जारी करना चाहिये। जो प्रत्याशी शपथपूर्वक तद-नुसार आचरण करना स्वीकार करें, और अपने पूर्व के तदनुसार आचरण के प्रमाण प्रस्तुत करें, सभा को उनका गम्भीर विश्लेषण कर आर्यों को उनका समर्थन करने का आदेश देना चाहिये तथा किसी दलीय भावना को बीच में न आने देना चाहिये। साथ ही जिसका आचरण विशेष आर्यसमाज विरोधी रहा हो, उसके विरोध का भी आदेश देना चाहिये। इसकी क्रियान्वित न करनेवाले को आर्यसमाज के समस्त पदों से पृथक् कर देना चाहिये। इस कार्य के लिए 'आर्य राजसभा' बनाई जा सकती है।

जो भारत की एकता एवं आर्यत्व की प्रबल विरोधी शक्तियाँ हैं, उनका केवल विरोध न कर उनसे आर्यसमाज के नेताओं को व्यक्तिगत सम्पर्क कर विचार-विमर्श करना चाहिये और साथ ही अपने से समानता रखनेवाली शक्तियों से भी। पहले में द्रमुक तथा दूसरे में शिवसेना के नाम गिने जा सकते हैं। डॉ० लोहिया की रामास्वामी नायकर से भेंट बहुत उपयोगी सिद्ध हुई थी पर कुछ विरोधियों ने उसे विफल बना दिया।

आर्यसमाज की लाबी

आर्य पत्रकारों के संघठन द्वारा आर्यसमाज को अपने प्रति होनेवाले विभिन्न प्रान्तों में विभिन्न प्रकार के अन्याय, अत्याचार एव भेदभाव की बात को अंग्रेज़ी एवं हिन्दी के दैनिक पत्रों के 'सम्पादक के नाम पत्र' कालम के माध्यम से बराबर देश की जनता के सामने लाना चाहिये। आर्यसमाज की लाबी इस विषय

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में सर्वथा मृत है। आर्यसमाज को अब तक उपेक्षित भारत के सीमान्त प्रदेशों में बड़े वेग एवं शक्ति से गतिशील होना चाहिये और प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों से इसमें भरपूर सहायता लेनी चाहिये।

सर्वांगीण परिचय की बृहत् पुस्तक विविध भाषाओं में

आर्यसमाज स्थापना शताब्दी समारोह से पूर्व २००-३०० पृष्ठ की कोई आर्यसमाज के सर्वांगीण परिचयवाली पुस्तक अंग्रेज़ी में या विभिन्न दक्षिण भारतीय भाषाओं में छपवाकर बंगाल महाराष्ट्र और चारों दक्षिणी राज्यों के प्रत्येक अध्यापक के पास पहुँचाने की योजना बनानी चाहिए। महामण्डलेश्वरों को २५०-२५० रुपये की पुस्तकें भेंट करने की सार्वदेशिक सभा की योजना की अपेक्षा यह योजना कहीं अधिक व्यावहारिक एवं लाभप्रद योजना है। इससे लाखों लोगों तक आर्यसमाज का सन्देश पहुँचने में सहायता मिलेगी और आर्यसमाज से प्रभावित होनेवाले लोग अध्यापक होने से विद्यार्थियों को भी आर्यसमाज का कुछ-न-कुछ परिचय करवाएँगे। नए क्षेत्र में प्रचार का मुख्य साधन वहाँ के अध्यापकों को ही बनाना चाहिए और वे ही सर्वाधिक लाभप्रद सिद्ध हो सकते हैं। पर वह पुस्तक ऐसी हो कि आर्यसमाज और उसके प्रवर्तक के व्यक्तित्व एवं कार्य को पाठक की आँखों के सामने मूर्तरूप में उपस्थित कर दे। फिर किसी ऐसी ही पुस्तक को विदेशी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों तक पहुँचाने का प्रयास किया जाये।

शुद्धि का नया और सक्षम स्वरूप

आर्यसमाज के स्वरूप को सार्वभौम बनाने के लिए उसे उदार बनाया जाये। जो विधर्मी शुद्ध कर आर्यसमाजी बना लिये जाते हैं, अपनी बिरादरी से पृथक् हो जाते हैं और हम उन्हें अपने में खपा नहीं पाते। अतः व्यावहारिक बात यह है कि जिस प्रकार एक

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सनातनी आर्यसमाज के सिद्धान्तों में विश्वास करनें से ही आर्य समाज का सदस्य एवं अधिकारी बन सकता है, उसी प्रकार ईसाई एवं मुसलमान भी आयसमाज में निष्ठा रखने से आर्यसमाज के सदस्य एवं अधिकारी बन सकें और वैसे अपनी बिरादरी और अपने घर में ही रहें। इस सम्बन्ध में बहाइयों की पद्धति पर ध्यान देना चाहिए। एक मुसलमान या हिन्दू बहाई बनने पर केवल बहाई सिद्धान्तों पर आचरण करने लगता है, पर उसका नाम, परिवार आदि नहीं बदलते। अतः इस पद्धति का भी आर्यसमाज को प्रयोग करके देखना चाहिये। स्व० पण्डित गङ्गाप्रसाद जी उपाध्याय ने 'जीवन-चक्र' में इस प्रथा का समर्थन किया है, जो उचित है।

आर्यछात्र परिषद् का गठन

शिक्षण-संस्थाओं में 'आर्यछात्र परिषद्' का अखिल भारतीय स्तर पर गठन किया जाए, जो छात्रों में आर्य सिद्धान्तों के अनुसार छात्रों का मार्गदर्शन करे और उनमें आर्य सिद्धान्तों का प्रचार करे। आर्यसमाज की शिक्षण-संस्थाओं में आर्य अध्यापकों की नियुक्ति में अधिमान दिया जाये। इस सम्बन्ध में डी. ए. वी. कालेजों में होनें वाले अनर्थ की ओर केन्द्रीय प्रबन्धकर्त्री समिति, दिल्ली के अधिकारियों का ध्यान प्रभावीरूप से आकृष्ट किया जाए।

विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ 'राजनीतिक शास्त्रार्थ'

आर्यसमाज की मान्य वैदिक राजनीति की उष्कृष्टता दिखलाने के लिए अब आर्यसमाज को पहले के धार्मिक शास्त्रार्थों की तरह अब विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का 'राजनीतिक शास्त्रार्थों, के लिए आह्वान करना चाहिए। आर्यसमाजों के उत्सवों एवं सम्मेलनों पर 'राष्ट्रनिर्माण सम्मेलन' आयोजित करके उनमें सब राजनीतिक दलों के नेताओं के भाषण करवाने चाहिएँ और किसी अपने योग्य उपदेशक द्वारा आर्यसमाज का दृष्टिकोण भी प्रस्तुत

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
करवाना चाहिये। इस सम्मेलन के कार्यक्रम का विज्ञापन खूब होना चाहिए। वर्तमान क़ानूनों की धर्माधर्मसम्मतता की छानबीन के लिए कुछ विशिष्ट संस्कृत-राजनीति शास्त्रवेत्ताओं तथा आधुनिक विधिशास्त्रियों की समिति बनाई जानी चाहिए, जो अनुचित धर्म विरुद्ध बनाए गए नियमों की ओर जनता तथा क़ानून निर्माता समस्त सांसदों का ध्यान आकृष्ट करे।

नाम के सम्बन्ध में आर्यसमाज का प्रयोग आवश्यक

आर्यसमाज में दीक्षित व्यक्तियों के वंश में आर्यसमाज से उसके सम्बन्ध की स्मृति तथा आर्यत्व-भावना को चिरस्थायी बनानें, जाति-भेद की भावना का उन्मूलन करने तथा शुद्ध हुए लोगों को दूध में पानी की तरह खपाने के लिए अपने नाम के साथ 'आर्य' शब्द को लगाने का प्रबल अभियान आरम्भ किया जाये।

आर्य सेवानिधि

जो लोग आर्यसमाज के लिए प्राणपण से कार्य करते रहे हैं, असहायावस्था में उनके निवास, भोजन एवं चिकित्सा की व्यवस्था के लिए एक '**आर्य सेवा निधि**' की स्थापना की जानी चाहिये। उनकी मृत्यु पर उनके निराश्रित परिवारों की सहायता भी इससे होनी चाहिए।

आर्य प्रतिभाएँ आर्य प्रदर्शनी और दयानन्द दर्शन ट्रेन

आर्यसमाज से सम्बन्धित जिन भी व्यक्तियों ने देश-विदेश में किसी भी क्षेत्र-शिक्षा, चिकित्सा, क्रीड़ा, राजनीति, क़ानून, समाज सेवा आदि—में अपनी विशिष्टता का प्रदर्शन कर नाम व महत्त्वपूर्ण पद पाया है, उन सबका परिचय देनेवाली 'आर्यप्रतिभाएँ' पुस्तक सचित्र प्रकाशित की जानी चाहिए और उनके चित्रों की प्रदर्शनी भी दिखाई जानी चाहिए। ऐसी ही एक सिक्खों की उत्तम प्रदर्शनी मैंने गतवर्ष 'अखिल भारतीय सिख शिक्षा सम्मेलन' के अवसर पर बम्बई

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में देखी थी। उसी तरह आर्यसाहित्य की प्रदर्शनी भी समय-समय पर प्रदर्शित होनी चाहिये। गांधी-दर्शन-ट्रेन की तरह एक दयानन्द-(आर्यसमाज) दर्शन-ट्रेन को भी यदि सारे देश में घुमाने की व्यवस्था हो जाये, तो बहुत उत्तम रहे।

आर्य युवक केन्द्र

पर्यटन-योग्य स्थानों पर 'आर्य युवक केन्द्र', 'आर्य युवक निवास' आदि भी खोले जायें और उनका सम्बन्ध विशेष नियमों से अधीन 'अन्तर्राष्ट्रिय युवक निवास' संगठन के साथ जुड़ जाए, ताकि विदेशी युवकों को भी उनमें ठहरने से कुछ आर्यसमाज का परिचय मिले। इनमें नियमों के बन्धन कुछ ढीले एवं उदार हों।

आर्य समाज मन्दिर एक सदृश एकरूप

आर्यसमाज मन्दिरों के रूप-रंग में एकरूपता होनी चाहिए और उसका आकार-प्रकार, साज-सज्जा, वातावरण ऐसा हो, जो आने-वालों के मन को भाये और मन में शान्ति का संचार करे। ऐसी एकरूपता का सार्वदेशिक सभा को कोई स्थायी मानचित्र निश्चित करना चाहिये।

आर्य युवक शिविर

आर्यसमाजों में नवयुवकों को विशेष महत्त्वपूर्ण कार्य एवं पद सौंपे जाएँ। उत्सवों एवं सम्मेलनों में 'आर्य युवक सम्मेलन' हों, जिनमें युवक बोलें एवं भाग लें। आर्यसमाज मन्दिरों में युवकों की रुचि की गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम भी संचालित किये जाएँ। अखाड़े, व्यायामशालाएँ आदि भी हों। समय-समय पर उनके शिविर भी लगें। उपदेशकों के शिविरों की तरह प्रतिवर्ष कुछ दिन के शिविर आर्यसमाजों के प्रधानमन्त्री आदि अधिकारियों के भी अनिवार्य रूप से लगने चाहिएँ। जो उन शिविरों में रहकर प्रमाण पत्र न ले सके, उन्हें वैधानिक रूप से अपने पद से च्युत का दिया जावे।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभिन्न प्रदेश में और विदेश में विचार-विनिमय व्यवस्था

सार्वदेशिक सभा को कभी-कभी विभिन्न प्रदेशों के, विशेषकर दक्षिण के एवं बंगाल के संसत्सदस्यों को विचार-विनियम के लिए जल-पान का निमन्त्रण देना चाहिये और आर्यसमाज के दृष्टिकोण पर खुलकर विचार-विमर्श करना चाहिए। उधर दक्षिण में आर्य-सांसदो के शिष्ट मण्डल भी भेजने चाहिएँ जो वहाँ के विधायकों एवं प्रमुख नागरिकों से वार्ता और जनता में सार्वजनिक भाषण करें। इसी प्रकार विश्व के प्रसिद्ध लेखकों को आर्यसमाज का साहित्य भेजा और उनसे सम्पर्क किया जाना चाहिये। सभा को लोगो से भेंट एवं पत्र-व्यवहार करने के लिए एक अग्रेज़ी के अच्छे वैदिक विद्वान की सम्पर्क अधिकारी, के रूप में नियुक्ति करनी चाहिए जो निरन्तर विशिष्ट देशी-विदेशी लोगों को आर्यसमाज का परिचय देता रहे।

आर्य समाज के उच्च पदस्थ विशिष्ट व्यक्तियों से सभा को देश-विदेश के अंग्रेज़ी दैनिकों में ऋषि दयानन्द के सम्बन्ध में लेख लिखवाने चाहिएँ जैसे श्री सूरजभान, श्री गोवर्द्धनलाल दत्त आदि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से तथा श्री डी. के. महाजन जैसे मुख्य न्यायाधीशों से। उनके लेख स्वीकृत भी अवश्य होंगे और प्रभावशाली भी।

केन्द्रीय दयानन्द विश्वविद्यालय की स्थापना

आर्यसमाज की समस्त शिक्षण-संस्थाओं को एक केन्द्रीय दयानन्द विश्वविद्यालय के अन्तर्गत लाने की प्रबल चेष्टा की जानी चाहिएँ ताकि महर्षि के शिक्षा-आदर्शों को मूर्तरूप दिया जा सके। इसकी स्थिति सरकार के केन्द्रीय विश्वविद्यालय जैसी हो। कोई क़ानूनी अड़चन यदि इसके मार्ग में बाधक हो तो उसे दूर करने के प्रयास होने चाहिएँ। वैसे अब हरियाणा में रोहतक में, दयानन्द विश्वविद्यालय खोलने के लिए शिक्षा-मन्त्री चौ. माड़ूसिंह जी तथा प्रो. शेरसिंह जी से हमारी कुछ चर्चा शुरू हुई थी। अब विचार है कि आर्य-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धिजीवी परिषद् की ओर से कुछ शिष्ट-मण्डल इस माँग को लेकर हरियाणा के मुख्य मन्त्री एवं शिक्षा-मन्त्री के पास भेजे जाएँ। पंजाब विश्वविद्यालय में दयानन्दपीठ की स्थापना का प्रस्ताव पंजाब सरकार स्वीकार कर चुकी है और चौ० माङूसिंह जी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दयानन्द पीठ की हमारी माँग को स्वीकार कर वहाँ इसकी स्थापना की घोषणा ३ अगस्त को संस्कृत दिवस समारोह में कर चुके हैं। अभी हमारे प्रयास जारी हैं।

वैज्ञानिक अध्ययन केन्द्र ढोंगी गुरुओं से रक्षा के लिए

देश में एक आध्यात्मिक एवं योग-शिक्षण की विशाल संस्था सार्वदेशिक सभा को खोलकर नक़ली योगियों के धोके से जनता को बचाना चाहिये और अध्यात्म, मनोविज्ञान, परामनोविज्ञान, स्वप्न-विज्ञान, तथा यज्ञ-विज्ञान आदि का वैदिक मान्यताओं के परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करना चाहिए।

वेदाध्ययन केन्द्र और आर्य ग्रन्थ प्रकाशन

एक ऐसे वेदाध्ययन केन्द्र की स्थापना होनी चाहिए जहाँ समग्र नये-पुराने वैदिक साहित्य का संग्रह एवं अनुसन्धान-प्रगति का लेखा-जोखा रहना चाहिये। अब तक हमनें जो वेदों की उपेक्षा की है, उसका परिमार्जन अब इसी प्रकार हो सकता है कि चारों वेदों के महत्त्वपूर्ण आवश्यक टिप्पणियों के साथ हिन्दी तथा अंग्रेज़ी में तो एकदम सम्पूर्ण प्रामाणिक भाष्य प्रकाशित किये जाएँ। विभिन्न विश्वविद्यालयों में वेदों के जो-जो सूक्त पाठ्यक्रमों में निर्धारित तथा महत्त्वपूर्ण हैं, उन सब सूक्तों के सुन्दर प्रामाणिक एवं तुलनात्मक अर्थों सहित 'सूक्त संग्रह' प्रकाशित किये जाने चाहिएँ। ऋषि के वेदभाष्य पर टीका होनी चहिए। आर्य समाज द्वारा सम्पादित मूल वैदिक संहिताओं में अगणित अशुद्धियाँ पाई जाती हैं। वस्तुतः आर्य दृष्टिकोणवाली विस्तृत भूमिका के साथ प्राचीन आर्य ग्रन्थों के सर्वाङ्ग-सुन्दर शुद्ध संस्करणों की व्यवस्था करना आर्यसमाज का

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम कर्त्तव्य है। ऐसे संस्करणों के माध्यम से ही इन ग्रन्थों के सम्बन्ध में आर्यसमाज का दृष्टिकोण विश्व के सब विद्वानों के समक्ष जिस सरलता से पहुँच सकता है, वैसे अन्य किसी विधि से नहीं। आर्यसमाज के दृष्टिकोण से सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय तथा वैदिक युग का प्रामाणिक इतिहास भी प्रकाशित किया जाना चाहिए।

मारिशस की भाँति अन्य देशों में भी आर्य सम्मेलन होने चाहिएँ और उनकी परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में आर्य समाज के वहाँ प्रचार की समस्याओं को समझा जाना चाहिए।

देश-विदेश में वैदिक अर्थ-नीति एवं राजनीति का वैशिष्ट्य भलीभाँति प्रतिपादित किया जाना चाहिये, कि सामाजिक विषमता कैसे दूर हो सकती है।

इन विविध उपायों के अपनाने से ही आर्यसमाज वस्तुतः एक सार्वभौम प्रगतिशील संस्था बन सकता है, और तभी वह बनसकेगा 'महर्षि दयानन्द के स्वप्नों' का आर्यसमाज।

———

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डॉ० भवानीलाल भारतीय

एम० ए० पी० एच० डी०

शताब्दियों की राजनीतिक पराधीनता ने भारतीय समाज को विकार-ग्रस्त बना दिया था। राजनीतिक, धार्मिक तथा सामाजिक उत्पीडन तथा आत्मबोध के अभाव ने भारतवासियों में जिस हीन भावना को जागृत किया उसका सहज ही उन्मूलन होना कठिन था। अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक पहुँचते-पहुँचते स्थिति और भी भायवह बन गई। मुग़ल साम्राज्य के छिन्न-भिन्न हो जाने के पश्चात् उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता ने देश के नेतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को विघटित कर दिया। अराजकता, असुरक्षा तथा अस्थायित्व के भाव भारतीय जन समाज में पनपने लगे और ऐसा प्रतीत होता था कि यदि शीघ्र ही शासन को स्थिरता, सामाजिक सुरक्षा तथा वैयक्तिक और समष्टिगत अधिकारों की रक्षा का आश्वासन नहीं मिला तो देश का भविष्य अंधकारपूर्ण हो जाएगा।

विदेशी शासन से उत्पन्न पराधीनता के भावों ने हिन्दू समाज को विकार-ग्रस्त ही नहीं बनाया, हिन्दुओं के धार्मिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक मानदण्डों को भी अपूरणीय क्षति की। सहस्राब्दियों पूर्व के वैदिक, औपनिषदिक तथा रामायण-महाभारतकालीन समाज में लोगों की इहलोक और परलोक के प्रति जो स्वस्थ दृष्टि थी वह तो अतीत की वस्तु हो ही गई, मौर्य और गुप्त-युगीन भौतिक समृद्धि तथा वैभव, कलात्मक अभिरुचि, साहित्य, संगीत, काव्य और स्थापत्य के क्षेत्र में महती उपलब्धियाँ और बृहत्तर भारत के समुद्रपारीय देशों पर भारत की सांस्कृतिक विजय के तथ्य भी अब केवल इतिहास में लिखने योग्य ही रह गए। धर्म, समाज और सामान्य जनजीवन के क्षेत्र में पराधीनता की काली घटाओं

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
ने जिन आपत्ति, विपत्ति और अभिशापों की उपल वृष्टि की, उससे जनता के दुःख और कष्ट ही बढ़े। धर्म के नाम पर थोथा कर्म-काण्ड, नैतिकता के नाम पर मिथ्या और मूढ विश्वासों का प्रचलन तथा सुसंगत सामाजिक विधान के स्थान पर कठोर वर्जनाएँ और नियन्त्रण इस युग की कतिपय विकृतियाँ थीं। लोगों का चिन्तन इतना विकार ग्रस्त एवं दूषित हो गया था कि वैचारिक उदारता के स्थान पर कट्टर संकीर्णता तथा अनुदारता के भावों का ही प्रसार हुआ। फलतः समाज में बाल-विवाह का प्रचलन विधवाओं पर अत्याचार, बहु विवाह को स्वीकृति, स्त्रियों का शिक्षा पर प्रतिबन्ध तथा उन्हें पर्दे के पीछे रखे जाने की प्रथा, जन्म के आधार पर स्पृश्यास्पृश्य की भावना तथा कन्यावध, सती-दाह आदि नारी वर्ग के प्रति असीम अत्याचारों का विधान स्वीकृत हुआ। इन सामाजिक कुरीतियों ने हिन्दू-समाज की एकता को विशृंखल कर दिया जिसका एक अवश्यंभावी परिणाम सहस्रों जातियों और उपजातियों की संकीर्ण काराओं में बँधकर समाज का छिन्न-भिन्न और अस्त-व्यस्त हो जाना।

इसी समय भारतवासियों का पश्चिम से सम्पर्क हुआ। यूरोपीय राष्ट्रों ने धीरे-धीरे भारत में अपना राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित किया। पुर्तगाली, फ्रान्सीसी और अंग्रेज़ी उपनिवेशों की स्थापना इस देश में हुई। राष्ट्रों की इस होड़ में अंग्रेज़ जाति ही सर्वाधिक शक्तिशाली प्रमाणित हुई और अंग्रेज़ों को ही भारत में साम्राज्य स्थापित करने का अवसर मिला। अंग्रेज़ी शिक्षा, शासन तथा सभ्यता से प्रभावित होनेवाला भारत का सर्वप्रथम प्रान्त बंगाल था। अठारहवीं शताब्दी का वह धूमिल संध्याकाल था। नवयुग के आगमन की ज्योति वेला सन्निकट थी।

विदेशी संस्कृति से भारत का सम्पर्क और उसका दूषित प्रभाव

अंग्रेज़ी साम्राज्य की स्थापना के साथ-साथ पाश्चात्य सभ्यता

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की भी आँधी आई और उसने भारतीय जनमानस को बुरी तरह झकझोर दिया। भारतवासी राजनैतिक दृष्टि से तो दास बने ही उनकी नैतिक, सामाजिक और आर्थिक दशा भी शोचनीय हो गई। देश एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक संकट से गुज़र रहा था। पश्चिम के इस सम्पर्क का भारतवासियों पर द्विविध प्रभाव पड़ा। इस प्रभाव को श्रेयस्कर तथा स्पृहणीय इस अर्थ में कहा जा सकता है कि इससे भारतवासियों में स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व के भावों का उदय हुआ। इस समय तक यूरोप में राष्ट्रवाद का जन्म हो चुका था। धार्मिक संकीर्णता के भाव समाप्त हो रहे थे। फ्रान्स की राज्य क्रान्ति तथा अमेरिका के स्वातंत्र्य-युद्ध ने लोगों में प्रजातंत्र के भाव उत्पन्न किये और व्यक्तिगत स्वाधीनता का उद्-घोष हुआ। उधर इंग्लैण्ड तथा यूरोप के अन्य देशों में औद्योगिक क्रान्ति हुई जिसने समाज के ढाँचे में प्रभावी परिवर्तन किये। लोगों के सोचने की दृष्टि बदली तथा युग के दार्शनिक विचारक और चिंतक यह अनुभव करने लगे कि मध्यकालीन संकीर्णता और कट्टरता का युग समाप्त हो गया है तथा विज्ञान एवं बुद्धिवाद पर आश्रित नवीन युग-बोध का उदय हो रहा है।

यूरोपीय राष्ट्रों के सम्पर्क, विज्ञान के रेल, तार, डाक आदि नूतन आविष्कारों के प्रसार तथा पश्चिमी शिक्षा नें हमारे अंधविश्वासों और रूढ़िगत कदाचारों पर निर्मम प्रहार किया और हमें उदार तथा व्यापक दृष्टि अपनाने के लिए विवश किया। भारत-वासियों में राष्ट्रीय भावों का उदय हुआ, उन्होंने समष्टिगत दृष्टि से सोचने का प्रयत्न किया। फलतः वैयक्तिक वैचारिक स्वतंत्रता के लिये संघर्ष करने की प्रेरणा भी उन्हें मिली। इस सबका यह परिणाम निकला कि शताब्दियों से प्रचलित गतानुगतिकता, रूढ़िवाद एवं कुरीतियों के बंधनों से मुक्त होने के लिए उनका मन व्याकुल हो उठा।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह सब कुछ होने पर भी यह तो स्वीकार करना ही पड़ेगा कि इस विदेशी सम्पर्क का हम पर सर्वथा अनुकूल प्रभाव ही नहीं पड़ा, अपितु हममें अन्धानुकरण, परमुखापेक्षिता तथा स्वाभिमान-शून्यता के भाव बढ़ने लगे। यद्यपि समाज में एक ऐसा वर्ग भी था जो अंध-विश्वास, परम्परा पालन तथा वैचारिक जड़ता से चिपके रहने में ही अपना हित समझता था जबकि पश्चिमी सम्पर्क से प्रभावित नवयुवक वर्ग ने प्रत्येक स्वदेशी वस्तु को हेय मानकर प्रत्येक बात में अपनी अनुकरण वृत्ति को मुख्यता देते हुए विदेशी वर्ग की ओर सतृष्ण नेत्रों से देखने में ही अपनी सार्थकता मान रखी थी।

पश्चिमी शिक्षा का प्रभाव

पश्चिमी शिक्षा तथा इसाई धर्म प्रचारकों के प्रचार-कार्य ने हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान को और भी कुचल डाला। विजयी राष्ट्रों की यह सदा की प्रवृति रही है कि पराजित राष्ट्र को न केवल राजनीतिक दृष्टि से ही पंगु बनाया जाये, अपितु भाषा, भाव और आचार-विचार का दासत्व भी उनपर थोप दिया जाये। इसके लिए सर्वप्रथम वे पराजित राष्ट्र पर अपनी शिक्षा-प्रणाली थोपते हैं। इसका सुनियोजित परिणाम थोड़े समय के भीतर ही प्रकट होने लगता है। अंग्रेज़ों ने भी भारत में यही किया। उन्होंने भारत को राजनीतिक दृष्टि से तो दास बनाया ही, उनकी यह भी चेष्टा रही कि शिक्षा, सभ्यता, धर्म और विचारों की दृष्टि से भी भारतवासी अपने शासकों का मुँह जोहनेवाले बन जायें। इस उद्देश्य की सिद्धि के लिए उन्होने अंग्रेज़ी ढंग के स्कूल और कालेज स्थापित किये तथा उनमें पश्चिमी शिक्षा प्रणाली का प्रारम्भ कर भारत-वासियों को हीन-सत्व, स्वाभिमान-शून्य तथा पाश्चात्य जीवन-प्रणाली का अनुगामी बनाया। लार्ड मैकॉले द्वारा निर्धारित इस शिक्षा योजना ने भारतीयों के स्वात्मबोध को सर्वथा नष्ट कर दिया। जिस शिक्षा का उद्देश्य ही एक ऐसा वर्ग उत्पन्न करना था जो आचार-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचार, बुद्धि और मन से अंग्रेज़ होने का दम भरे, उससे अधिक आशा रखना ही व्यर्थ था। मैकॉले के उस प्रसिद्ध पत्र की बहुउद्धृत पंक्तियों का उपयुक्त भाव यह स्पष्ट सूचित करता है कि इस शिक्षा-नीति के कार्यान्वयन में उसका मूल उद्देश्य क्या था।

लार्ड मैकॉले को अपनी शिक्षा-विषयक-नीति की सफलता में पूर्ण विश्वास था। तभी तो अपने पिता को १८३६ ई० में लिखे गए एक पत्र में उसने यह विश्वास व्यक्त किया कि :

> "जो भी हिन्दू अंग्रेज़ी शिक्षा ग्रहण कर लेता है वह अपने धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा और विश्वास खो बैठता है। कुछ केवल दिखावे के रूप में उसे मानते हैं, कतिपय अन्य ईसाई हो जाते हैं। यह मेरा सुनिश्चित विश्वास है कि यदि शिक्षा की हमारी यह योजना पूरी तरह काम में लाई गई तो अब से तीस वर्ष पश्चात् बंगाल के कुलीन वर्ग में कोई मूर्तिपूजक (हिन्दू) नहीं रहेगा।"

इस प्रकार सरकारी शिक्षण संस्थाओं में जहाँ अंग्रेजो शिक्षा के कीटाणु भारतवासियों के जात्यभिमान और अस्मिता को नष्ट कर रहे थे वहाँ विदेशी शासकों की सहानुभूति और संरक्षण पाकर ईसाई-धर्म प्रचारक भी धर्म-प्रचार की ओट में उन्हें अधिकाधिक पश्चिमाभिमुख बनाने का प्रयास कर रहे थे। इन तथाकथित धर्म प्रचारकों ने जनमानस को हीनभाव से ग्रस्त तथा दुर्बल हो बनाया।

पुनर्जागरण के आन्दोलनों के प्रादुर्भाव

ऐसी परिस्थिति में देश में धार्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के आन्दोलनों का उदय होना स्वाभाविक ही था। नवोदय के आन्दोलनों का उद्देश्य था भारतीय समाज में व्याप्त रूढ़िवादिता की व्याधि को समाप्त कर भारत की युवक-शक्ति को पाश्चात्य सभ्यता के विनाशकारी प्रभाव से बचाते हुए देश की अस्मिता को

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुरक्षित रखना। इन आन्दोलनों द्वारा समाज में प्रचलित बाल, अन-मेल और वृद्ध-विवाह विधवा विवाह, निषेध, पर्दा प्रथा, समुद्र यात्रा अस्वीकार आदि सामाजिक रूढ़ियों और कदाचारों को उन्मूलित करने की चेष्टा की गई। समाज के क्षेत्र में ही नहीं, धर्म के क्षेत्र में भी मूल्यों का पुनर्विवेचन किया गया। उसे युग के अनुसार ढालने का प्रयास तो हुआ ही, साथ ही इस बात पर भी विचार किया गया कि क्या बाह्याचारी, रूढ़ियों और स्थूल कर्मकाण्डों को ही धर्म की संज्ञा दी जा सकती है अथवा धर्म के उदात्त एवं महनीय तत्व और ही हैं जो सत्य, अहिंसा, क्षमा, करुणा, सर्वभूत-हित जैसे दिव्य गुणों में विद्यमान रहते हैं।

भारतीय समाज को रूढ़िमुक्त बनाने का एक उपाय यह भी था कि देशवासियों का ध्यान भारत के उस सुदूर अतीत की ओर खींचा जाए जो अत्यन्त प्रौज्ज्वल, सत्त्वप्रधान तथा वर्चस्वपूर्ण था। नवोदयवादियों ने यही किया। लगभग सभी नवोत्थानवादी नेताओं ने अतीत की स्वर्णिम पृष्ठभूमि पर ही नवनिर्माण की बात कही। भारतीय नवजागरण के पितामह राजा राममोहनराय ने उपनिषदों में व्याख्यात अध्यात्म तत्व को अपने मनन और चिन्तन का आधार बनाया। पुनर्जागरण के सर्वाधिक शक्तिशाली ज्योतिर्धर महर्षि दयानन्द ने भी वेदों की ओर लौटने की बात कही। वेदों की सुदृढ आधारभूमि पर ही उन्होंने हिन्दू-समाज को संगठित करने का प्रयास किया। उन्होंने आर्यसमाज की स्थापना कर भारतीय पुनर्जागरण को एक निश्चित दिशा प्रदान की।

२. आर्यसमाज के सिद्धान्त, कार्य और उपलब्धियां

विक्रम की बीसवीं शताब्दी में विज्ञान और बुद्धिवाद के आधार पर पुरातन आर्य धर्म और भारतीय संस्कृति की मान्यताओं का पुनर्मूल्यांकन करनें के लिये जिन सुधार आन्दोलनों का

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

बजरंग प्रताप सिंह
ग्राम व पो० कुमरी पटेहरा
जिला मिर्जापुर (उ०प्र०)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में जन्म हुआ, उनमें आर्यसमाज अन्यतम था। महर्षि दयानन्द ने अपने भक्तों और मित्रों के आग्रह पर चैत्र शुक्ला प्रतिपदा सं० १९३२ वि० के दिन गिरगांव बम्बई में पारसी डॉ० माणेकजी के उद्यान में आर्यसमाज की स्थापना की। समाज के सिद्धान्तों और विधान को २८ नियमों में निबद्ध किया गया। प्रारम्भ में ही महादेव गोविन्द रानाडे, गोपालराव हरिदेशमुख, सेवकलाल कृष्णदास, गिरधरलाल दयालदास कोठारी आदि कई प्रतिष्ठित पुरुष आर्यसमाज के सभासद बने। बम्बई के अनन्तर १८७७ ई० में लाहौर आर्यसमाज की स्थापना हुई। यहाँ रा० ब० मूलराज तथा लाला साँईदास जैसे कर्मठ सहयोगी आर्यसमाज के संस्थापक को मिले। यहाँ पर ही आर्यसमाज के नियमों और उद्देश्यों को उसके विधान से पृथक् किया गया और संगठन संबंधी संवैधानिक धाराओं को उपनियमों के रूप में पृथक् किया गया। स्वामी दयानन्द के जीवनकाल में ही आर्यसमाज का सार्वत्रिक प्रचार हुआ, देश के सभी भागों में उसकी शतशः शाखाएँ स्थापित हुईं और सहस्रों व्यक्ति आर्यसमाज के सभासद् बने।

पुनरुत्थानवादी दृष्टि लेकर चलनेवाला आर्यसमाज अपने समसामयिक (पूर्ववर्ती ब्रह्मसमाज और प्रार्थनासमाज तथा परवर्ती थियोसोफिकल-सोसाइटी तथा रामकृष्ण मिशन) आन्दोलनों की अपेक्षा अधिक प्रगतिशील एवं यथार्थवादी सिद्ध हुआ। आर्यसमाज ने वेदों के आधार पर धर्म के सिद्धान्तों की नवीन व्याख्या की और बताया की धर्म का अभिप्राय केवल रूढ़िगत विचारों का अनुसरण करते हुए कर्मकाण्डों के पालन में ही नहीं है, अपितु धर्म उन उदात्त गुणों की समष्टि का नाम है जो मनुष्य के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान में सहायक होते हैं। आर्यसमाज की यह भी मान्यता रही है कि भारत के मूल निवासी आर्यों ने अपने ग्रन्थों में धर्म और नैतिकता के जिन सिद्धान्तों को सूत्रित किया था वे सर्व

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काल और सर्वदेशों में उपयोगी हैं। अतः आर्यसमाज वेदों और उपनिषदों तथा अन्य ऋषि प्रोक्तग्रन्थों म प्रतिपादित उस नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा का धर्म के नाम पर प्रचार करना चाहतो है जिसमें विश्व बन्धुत्व तथा मानवप्रेम के सूत्र गुंफित हैं।

आर्यसमाज ने अपने सिद्धान्तों को देश और काल सापेक्ष नहीं बनाया। उसके छठे नियम के अनुसार संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य बताया गया है और मनुष्य की शारीरिक मानसिक, सामाजिक एवं आत्मिक उन्नति को सर्वोपरि लक्ष्य ठहराया गया है। मानव ही नहीं, अपितु प्राणिमात्र के हित को अपना ध्येय मानते हुए भी आर्यसमाज की शिक्षाओं का राष्ट्रहित से कोई विरोध नहीं है। अपितु पुनर्जागरण के अध्येता विद्वानों का यही निश्चित मत है कि आर्यसमाज के द्वारा देश का जो व्यापक हित साधन हुआ है उसे ही उसकी लोकप्रियता तथा सफलता का मूल कारण समझा जाना चाहिए। ब्रह्मसमाज आदि संस्थाएँ जहाँ एक स्पष्ट राष्ट्रीय नीति के अभाव में कालकवलित हो गईं वहाँ आर्यसमाज ने धर्माचरण तथा राष्ट्रसेवा को सदा अभिन्न समझा। देश के राष्ट्रीय जागरण और स्वाधीनता प्राप्ति के पुनीत कार्य में आर्यसमाज के अनुयायियों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

(अ) आर्यसमाज और समाज सुधार

इतिहास के अध्येताओं ने आर्यसमाज का उल्लेख समाज सुधार के क्षेत्र में कार्य करनेवाली प्रमुख संस्था के रूप में किया है। आर्य-समाज के सुधार आन्दोलन ने उत्तर भारत के जनजीवन को किस प्रकार और कहाँ तक प्रभावित किया है, इसका यथार्थ मूल्यांकन अभी होना शेष है। विवाह प्रथा में समुचित सुधार, वर्णाश्रम व्यवस्था की वैज्ञानिक व्याख्या, अस्पृश्यता-निवारण, नारी शिक्षा आदि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें आर्यसमाज का कर्तृत्व अपने वस्तु निष्ठ रूप में अभिव्यक्त हुआ है। विशेषतः हिन्दूसमाज में व्याप्त

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्पृश्यता के अभिशाप को दूर करने तथा दलित एवं पिछड़ी जातियों को उच्च वर्ग के लोगों के समान स्तर पर लाने के लिए आर्यसमाज के प्रयास सर्वथा श्लाघनीय रहे हैं। स्वयं महात्मा गांधी ने ऋषि दयानन्द की अर्द्धनिर्वाण शताब्दी के अवसर पर यरवदा कारागार से प्रेषित अपने सन्देश में कहा था—"ऋषि दयानन्द ने हमारे लिये जो मूल्यवान विरासतें छोड़ी हैं उनमें अस्पृश्यता के विरुद्ध उनका उद्घोष सर्वप्रमुख है।"

यद्यपि यह कहना कठिन है कि समाजसुधार का कार्य पूर्णतया समाप्त हो गया, तथापि यह निश्चित है कि जन सामान्य में समाज सुधार के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना तथा लोगों के दृष्टिकोण में उदारता एव प्रगतिशीलता संचरित करना आर्यसमाज की एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही। आज भी सामाजिक वैषम्य समाप्त नहीं हुआ है, जातपात के दलदल से निकलकर हिन्दूसमाज अपने आपको सुसंगठित इकाई के रूप में प्रस्तुत नहीं कर सका है। फिर भी आर्यसमाज ने जो कुछ किया, उसका महत्त्व सुस्थिर है। महर्षि दयानन्द ने जिस अज्ञान, अन्याय और अभावों से रहित, अंधविश्वास एवं मूढ आचार-विचारों से सर्वथा मुक्तसमाज की कल्पना की थी उसे चरितार्थ करने के लिए आर्यसमाज को एक बार पुनः तत्परता के साथ सुधार और संस्कार का कार्य अपने हाथ में लेना होगा। आज परिस्थितियाँ परिवर्तित हो चुकी हैं। आज से पचास वर्ष पूर्व अछूतोद्धार तथा नारी शिक्षा के लिए जहाँ आर्य समाज को शास्त्रार्थ, उपदेश और बहस-मुबाहिसे करने पड़ते थे वहाँ आज यह कार्य जन-शिक्षण तथा शासन के नियमों के आधीन हो रहा है। परन्तु यह भी स्वीकार करना पड़ता है कि नये-नये मत, पथ, आडम्बर तथा अंधविश्वासों का क्षितिज पूर्वापेक्षा अधिक व्यापक ही हुआ है। महर्षि दयानन्द का स्वप्न तभी पूर्ण होगा जब आर्यसमाज वर्तमान युग में व्याप्त नाना साम्प्रदायिक बाह्य आड-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
म्बरों एवं मूढ विश्वासों को समाप्त कर सकने में समर्थ हो सकेगा।

(अ॑) आर्यसमाज और राष्ट्रीयता

आर्यसमाज के प्रवर्तक ऋषि दयानन्द ने अन्य धर्माचार्यों से सर्वथा भिन्न अपने राजनतिक एवं राष्ट्रीय विचारों को स्पष्ट रीति से अभिव्यक्त किया। वे मूलतः राष्ट्रवादी थे।

उनकी राष्ट्रीय संवेदना की प्रशंसा करते हुए योगी अरविंद ने एक स्थान पर लिखा है—"He had the national instinct in him and he was able to make it luminous."

अर्थात् दयानन्द में राष्ट्रीय चेतना थी और वे उसे उद्दीप्त कर सके थे। सुप्रसिद्ध फ्रैन्च विद्वान् रोमांरोलां का भी यह दृढ़ विश्वास था कि दयानन्द भारत के पुनर्जागरण का अग्रदूत था और उसने भारत की राष्ट्रीय चेतना को जगाने में अद्भुत कार्य किया। होम रूल लीग की अध्यक्षा श्रीमती ऐनीबेसेन्ट ने तो यहाँ तक लिख दिया था कि ऋषि दयानन्द ने प्रथमतः "भारत भारतवासियों के लिए" (India for Indians) की घोषणा की।

अपने संस्थापक के स्वातंत्र्य प्रेम तथा देशभक्ति के भावों से प्रेरणा लेकर आर्यसमाज ने अपने शैशवकाल से ही भारत के स्वाधीनता संग्राम में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। यद्यपि आर्यसमाज एक विशुद्ध धार्मिक आन्दोलन होने तथा अपनी सार्वभौम और सार्वकालिक संरचना को सुरक्षित रखने के कारण वह किसी देश विशेष की सामयिक राजनीति में प्रत्यक्षतः भाग नहीं लेता तथापि उसके अनुयायियों ने भारत के स्वाधीनता आन्दोलन में सर्वात्मना भाग लेकर अपने आचार्य की भावनाओं का ही आदर किया है। श्यामजी कृष्ण वर्मा, लाला लाजपतराय, सूफी अम्बा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसाद, गेंदालाल दीक्षित, भगतसिंह, रामप्रसाद बिस्मिल आदि क्रान्तिकारी देशभक्त आर्यसमाज से ही प्रेरणा लेकर देश के लिए आत्मत्याग और बलिदान करने में समर्थ हुए थे। आज भी आर्य समाज के साधारण सदस्य देशभक्ति और राष्ट्र-सेवा में किसी से पीछे नहीं हैं। आर्यसमाज शताब्दी समारोह अमृतसर में भाषण देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री ज्ञानी जैलसिंह ने ठीक ही कहा था कि जितने देशभक्त आर्यसमाज ने उत्पन्न किये हैं उतने किसी अन्य संस्था ने नहीं।

(इ) आर्यसमाज और शिक्षा

शिक्षा के क्षेत्र में भी आर्यसमाज का योगदान कम नहीं है। आर्यसमाज के संस्थापक ने अपने ग्रन्थों में शिक्षा विषयक जिस नीति का प्रवर्तन किया था उसे पुष्पित और पल्लवित करने का प्रयत्न कालान्तर में हुआ। डी० ए० वी० कालेज आन्दोलन का सर्वत्र प्रसार इस बात का द्योतक है कि आर्यसमाज ने शिक्षा विषयक पौरस्त्य और पाश्चात्य, शास्त्रीय और वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोणों के समन्वय का प्रयास किया है। महान् शिक्षा शास्त्री स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा गुरुकुल की स्थापना इस तथ्य का सूचक है कि दयानन्द निर्दिष्ट शिक्षा-पद्धति केवल कल्पना मात्र अथवा अव्यावहारिक न होकर सर्वथा वास्तविक एवं व्यवहारोपयोगी है। वस्तुतः रवीन्द्र नाथ ठाकुर की विश्व भारती, वाराणसी की काशी विद्यापीठ तथा असहयोग आन्दोलन के युग में स्थापित अन्य राष्ट्रीय शिक्षण संस्थायें मूलतः गुरुकुलों के आदर्श पर ही स्थापित की गई थीं।

आज भी आर्यसमाज प्रतिवर्ष करोड़ों रुपया स्वसंचालित शिक्षण-संस्थाओं पर व्यय करता है। उसकी पर्याप्त शक्ति और श्रम गुरुकुलों, विद्यालयों तथा कालेजों के संचालन में लगता है, परन्तु इन शिक्षण-संस्थाओं का आनुपातिक लाभ आर्यसमाज को नहीं मिल पाता। अतः आवश्यकता इस बात की है कि एक समन्वित

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिक्षा पद्धति के रूप में आर्यसमाज अपनी शिक्षा-नीति का पुनर्निर्धारण करे। इसमें प्राचीन आश्रम-प्रणाली के अनुरूप छात्रों के वैयक्तिक चारित्रिक गुणों का समुचित विकास जिस प्रकार अभीष्ट है, उसी प्रकार नवीन ज्ञान, विज्ञान और तकनाकी शिक्षण के महत्त्व को भी स्वीकार किया जाना आवश्यक है। आर्यसमाज की शिक्षण-संस्थाओं में विद्यार्थी की मातृभाषा तथा राष्ट्रभाषा हिन्दी को शिक्षा के माध्यम के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। अतः यदि आर्यसमाज अपने संस्थापक के शिक्षा विषयक आदर्शों को वास्तविक रूप में क्रियान्वित करना चाहे तो यह अत्यन्त उपयुक्त होगा कि वह आर्य ज्ञान के भाण्डागार संस्कृत वाङ्मय के अध्ययन के साथ भौतिक विज्ञान (स्वामी दयानन्द के शब्दों में पदार्थ विद्या) की सभी शाखाओं के अध्ययन अध्यापन की एक समन्वित प्रणाली पर बल दे।

हमने अब तक आर्यसमाज के संस्थापन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा देश एवं मानवता के पुनरुत्थान में उसके सार्वत्रिक योगदान का विवेचन किया। अब हम आर्यसमाज के कलेवर में नवीन प्राणों का उन्मेष कराने तथा परिवर्तित परिस्थितियों में उसे अधिकाधिक सशक्त एवं अपने लक्ष्यपूर्ति में तत्परता सहित क्रियाशील होने के कतिपय उपायों पर विचार करेंगे।

३. आर्यसमाज की प्रजातांत्रिक चुनाव प्रणाली और उसमें परिवर्तन की आवश्यकता

संभवतः देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के युग में आर्यसमाज ही एकमात्र ऐसी संस्था थी जिसने अपने संगठन के लिए प्रजातांत्रिक विधान को स्वीकार किया। यह विधान उस समय कार्यान्वित किया गया था जब लोकतंत्र और प्रजातंत्र की कोई चर्चा ही नहीं थी। आर्यसमाज के लिए यह वस्तुतः एक गौरव की बात

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है कि उसने अपने सदस्यों को लोकतांत्रिक अधिकार उस समय प्रदान किये जबकि व्यक्ति के लोक सत्तात्मक अधिकारों की दुहाई देनेवाली राजनैतिक संस्थाओं का जातकर्म भी नहीं हुआ था।

जनतंत्र पर आधारित यह चुनाव-प्रणाली एक युग तक अत्यन्त सफलतापूर्वक आर्यसमाज के लिए उपयोगी सिद्ध होती रही। विदेशी शासन के युग में तो आर्यसमाज के सुदृढ़ प्रजासत्तात्मक संगठन को देखकर एक आलोचक ने उसे "Government within Government" प्रशासन के अन्तर्गत एक अन्य प्रशासन कहा था। परन्तु आज यह अनुभव किया जा रहा है कि जिस चुनाव-प्रणाली को अपनाकर आर्यसमाज ने देश के सार्वजनिक जीवन को मार्ग-दर्शन दिया था, आज वही पद्धति उसके लिए अभिशाप बन गई। धार्मिक संस्था में गुरुपद की स्थापना विभिन्न विकृतियों को जन्म देती है, यह स्वामी दयानन्द का निश्चित विश्वास था। धीरे-धीरे गुरु परम्परा व्यक्ति पूजा को जन्म देती है और सिद्धान्तों के स्थान पर अनधिकारी व्यक्ति ही पूजा और सम्मान के पात्र बन जाते हैं। परन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि ऋषि दयानन्द मूर्ख और अयोग्य व्यक्तियों को प्रजातंत्र का अधिकार देने के समर्थक थे। मनु आदि स्मृति ग्रन्थों के आधार पर उन्होंने सत्यार्थप्रकाश में यह स्पष्ट कर दिया है कि वेदवित् एक भी संन्यासी जिस धर्म की व्यवस्था करे वही धर्म श्रेष्ठ और माननीय है, इसके विपरीत सहस्रों अज्ञानी मिलकर भी जो कुछ व्यवस्था दें वह माननीय नहीं हो सकती। अतः यथासंभव शीघ्र आर्यसमाज के संविधान के लोकतांत्रिक चरित्र को सुरक्षित रखते हुए भी यह व्यवस्था की जानी आवश्यक है जिनके अनुसार वेदज्ञ विद्वानों, सर्व संग परित्यागी संन्यासियों तथा समाज सेवा के लिए समर्पित व्यक्तियों को आर्यसमाज में वरिष्ठता तथा प्रधानता प्राप्त हो। ऋषि दयानन्द का आर्यसमाज व्यक्ति के अधिकारों को अक्षुण्ण मानता हुआ भी मूर्खों

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
के बहुमत शासन का समर्थक नहीं है ।

प्रचार व्यवस्था में परिवर्तन की आवश्यकता

आर्यसमाज अपने मन्तव्यों तथा सिद्धान्तों के प्रचार हेतु विभिन्न साधनों का प्रयोग करता है । जहाँ लेखनी के द्वारा आर्य समाज के विद्वान् और मनोषी विचारक अपनी विचारधारा का प्रचार करते हैं वहाँ वाणी द्वारा भी सहस्रों लोगों तक अपना संदेश पहुँचाया जाता है । प्रतिवर्ष प्रत्येक आर्यसमाज के वार्षिक अधिवेशन होते हैं, प्रति सप्ताह रविवार को साप्ताहिक सत्संगों का आयोजन किया जाता है, विभिन्न पर्वों, त्यौहारों तथा विशिष्ट कार्यक्रमों पर व्याख्यान, प्रवचन तथा कथा-वार्ताएँ रखी जाती हैं । वार्षिकोत्सवों की प्रथा स्वामीजी के जीवनकाल में ही आरम्भ हो गई थी । स्वयं महर्षि दयानन्द ने मेरठ, लखनऊ तथा लाहौर एवं बम्बई की आर्यसमाजों के वार्षिकोत्सवों में उपस्थित होकर अपने श्रीमुख से श्रोतृ वृन्द के हितार्थ अपनी कल्याणी वाणी प्रवाहित की थी। परन्तु आज यह अनुभव किया जा रहा है कि वार्षिकोत्सव भी नवीन प्रेरणा देने में असमर्थ सिद्ध हो रहे हैं । रूढ़ि और प्रथापालन के रूप में उत्सवों का आयोजन कर हम उनसे वांछित लाभ उठाने में असमर्थ है । यदि उत्सवों की कार्य-प्रणाली में समयोचित सुधार नहीं किया गया तो निश्चित है कि वे सर्वथा निर्जीव तथा शुष्क होकर हमारे लिये भार स्वरूप हो जाएँगे । उत्सवों में प्रसंगानुकूल परिवर्तन नितान्त अपेक्षित है ।

कतिपय सुझाव विचारणीय तथा करणीय हो सकते हैं :—

१. उत्सव के पूर्व एक सप्ताहपर्यन्त किसी विद्वान् की आध्यात्मिक अथवा शास्त्रीय विषय पर कथा रखी जाए ताकि उत्सव का उपयुक्त वातावरण बन सके ।

२. निश्चित विषयों पर विद्वानों के सुव्यवस्थित, तर्क एवं युक्तिपूर्ण भाषण कराये जाएँ । विषयों की सूचना प्रकाशित विज्ञा-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
पनों और कार्यक्रमों द्वारा जनता को दी जाये।

३. विभिन्न प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए तथा व्याख्यानों और कार्यक्रमों के बारे में उनकी प्रतिक्रियाओं को महत्त्व दिया जाए। प्राध्यापक, वकील, छात्र, लेखक, पत्रकार आदि बुद्धिजीवी वर्गों को आकृष्ट करने हेतु विशिष्ट भाषण कराये जाये।

४. राजनैतिक विवादपूर्ण भाषणों को निरुत्साहित किया जाये परन्तु सामयिक समस्याओं के प्रति आर्यसमाज के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए जन समाज को उचित मार्गदर्शन अवश्य दिया जाना चाहिये।

५. विशुद्ध शास्त्रीय तर्जों के मधुर, भावपूर्ण भजनों के गायक संगीतज्ञ भजनोपदेशकों को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है।

साप्ताहिक सत्संग को प्राणवान बनाने के कुछ उपाय

वार्षिक उत्सवों को सफल बनाने में तो आर्यसमाज के सदस्यों को पर्याप्त श्रम और शक्ति का नियोजन करना पड़ता है परन्तु साप्ताहिक सत्संग सामूहिक उपासना एक लोकप्रिय प्रणाली है। आर्यसमाज ने इसे अपने प्रारम्भिक काल में ही स्वीकार कर लिया था। साप्ताहिक अधिवेशनों का विधिवत् संचालन करने के लिए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा ने एक निश्चित पद्धति का निर्माण किया है। प्रत्येक आर्यसमाज से यह अपेक्षा की जाती है कि वह इस पद्धति का पूर्ण पालन करते हुए साप्ताहिक कार्यक्रम को अधिकाधिक लोकप्रिय रोचक तथा उपदेय बनाता रहे। साधारणतः रविवासरीय सत्संगों में सामूहिक संध्या, यज्ञ, भजन, किसी आर्ष ग्रन्थ की कथा तथा प्रवचनों का कार्यक्रम रहता है। होता यह है कि संध्या और अग्निहोत्र के कार्यक्रमों में सभासदों की उपस्थिति नगण्य रहती है। इसो प्रकार सत्संगों में गाये जाने वाले भजनो की गुणवत्ता, उनके भाव सौन्दर्य तथा गायन कौशल की ओर बहुत कम

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ध्यान दिया जाता है। इसी प्रकार निश्चित एवं उपयोगी विषयों पर प्रवचन कराने की अपेक्षा प्रवचन के लिये विषय चयन का दायित्व वक्ता पर ही छोड़ दिया जाता हैं।

साप्ताहिक सत्संगों को प्राणवान्, प्रेरणाप्रद तथा जीवन्त बनाने के लिये निम्न कदम उठाये जाने आवश्यक है।

संध्या और यज्ञ एक सुयोग्य, सुपठित यथा शास्त्रज्ञ पुरोहित के मार्गदर्शन में सम्पन्न होने चाहिये।

ईश्वर-भक्ति के सरस, भावपूर्ण तथा उद्‌बोधक भजनों का सामूहिक गायन जिस भक्तिभूत वातावरण का सृजन करते हैं उसे देखते हुये आर्यसमाज के रस-सिद्ध कवियों यथा अमीचन्द मेहता, नाथूराम शर्मा 'शंकर' नारायण प्रसाद 'बेताब' वासुदेव, पं० प्रकाश चन्द्र कविरत्न आदि के से काव्य रसपूर्ण भजनों का गायन अपेक्षित है।

सत्संगों में कराये जाने वाले प्रवचनों का आधार वेद मंत्र ही होने उचित हैं। उपदेशों में विषयान्तर, अनावश्यक दृष्टान्त देना तथा राजनैतिक आन्दोलनों की चर्चा एवं आलोचना उनके महत्व को न्यून कर देती है। आर्यसमाज की वेदी की मर्यादा, पवित्रता तथा उसके अनुशासन की रक्षा होनी आवश्यक है।

समाज मंदिरों की पवित्रता तथा भव्यता सुरक्षित रहनी चाहिये। यह तभी संभव है जब हम अनुभव करें कि आर्यसमाज मूलतः एक धार्मिक संस्था है तथा उसका मंदिर एक उपासना स्थल की ही भाँति अपनी पावनता की ज्योति को विकीर्ण करता है।

यद्यपि आर्यसमाज मंदिर में किसी प्रकार की देवमूर्ति, प्रतिमा, प्रतिकृति तथा ईश्वर के काल्पनिक प्रतीक की पूजा या अर्चना के लिये कोई स्थान नहीं है तथापि अपनी पावनता, शुद्धता तथा सात्विकता के लिए उसे किसी भी अन्य देवमंदिर, गुरुद्वारे, गिरजे या मसजिद की ही भांति समझना चाहिए। यह लिखने में हमें कोई विप्रतिपत्ति

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
नहीं है कि आज समाज मंदिर सर्वथा उपेक्षा, अवहेलना तथा अवज्ञा के पात्र बने हुए हैं। मंदिरों की शुचिता तथा उनके मर्यादा-रक्षण की ओर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता। अनेक समाज मंदिर तो ऐसे भी हैं जिनके तालों को खुले महीने और वर्ष व्यतीत हो जाते हैं। कई समाज मंदिरों में कन्या पाठशालायें लगती हैं अथवा मंदिरों का कोई भाग किराये पर उठा दिया जाता है। यह विचित्र विडम्बना ही है कि जो आर्यसमाज बृहत्तर हिन्दू समाज के उपासना-स्थलों की रक्षा करने के लिए बड़े से बड़ा खतरा भी उठाने के लिए तैयार रहता है, उसी आर्यसमाज के अपने उपासनालय ही उपेक्षा के शिकार हैं।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि आर्यसमाज मंदिरों को सच्चे अर्थों में उपासना स्थान बनाया जाय जहाँ जाने मात्र से ही व्यक्ति के हृदय में आध्यात्मिक भाव तरंगे उद्वेलित होने लगें तथा वह संध्योपासना, अग्निहोत्र, भजन एवं स्वाध्याय जैसे कृत्यों में पूर्ण अभिरुचि ले सके। समाज मंदिर का मुख्य उपासना भवन विशाल, महापुरुषों के चित्रों से सुसज्जित, हवन-पात्रों, स्वाध्याय योग्य ग्रन्थों तथा अन्य वस्तुओं से परिपूर्ण होना चाहिये। मंदिर में स्नानागार, शौचालय, सेवक के निवास आदि के लिए पृथक् स्थान होना अपेक्षित है। समाज के अधिकारियों का प्रमुख कर्त्तव्य है समाज मंदिर को एक भव्य, आकर्षक तथा प्रेरणास्पद स्वरूप प्रदान करना।

४. प्रचार और प्रसार के माध्यम

उपदेशक वर्ग :

कोई संस्था अपने विशाल भवनों, अट्टालिकाओं अथवा अन्य भौतिक संभारों के कारण न तो लोकप्रियता ही अर्जित करती है और न उसके द्वारा लोकहित साधन ही होता है। वस्तुतः संस्थाओं को प्राणवान् बनानेवाले वे उपदेशक तथा प्रचारक होते हैं जो

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निश्चित ध्येय की पूर्ति के लिए 'कार्यं वा साधयेयम् शरीरं वा पातयेयम्' का लक्ष्य लेकर प्रचार-क्षेत्र में अवतरित होते हैं। निश्चय ही आर्यसमाज का स्वर्णयुग था जब पं० गुरुदत्त जैसे मनस्वी, पं० लेखराम जैसे बलिदान की भावना से सम्पन्न, स्वामी श्रद्धानन्द जैसे अपूर्व त्यागी तथा स्वामी दर्शनानन्द जैसे अध्ययनशील, तर्कपटु तथा विलक्षण उपदेशक प्रचार क्षेत्र में अपना योगदान कर रहे थे। उपदेशकों के प्रशिक्षण हेतु लाहौर में दयानन्द-उपदेशक-विद्यालय तथा आगरा में मुसाफ़िर-विद्यालय चलाया जाता था। इन उपदेशक-विद्यालयों मे जहां वैदिक शास्त्र, अस्त्र, अन्य धर्मग्रन्थ, न्याय, दर्शन, तर्क आदि विषयों की उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती थी वहाँ अध्येता छात्रों को वक्तृत्व-कला, शास्त्रार्थ-कला एवं वाद-विवाद का सर्वांगीण अभ्यास भी कराया जाता था। लाहौर का उपदेशक विद्यालय जहाँ स्वामी स्वतन्त्रानन्दजी तथा स्वामी वेदानन्द जो जैसे महान् विद्वान् संन्यासियों के द्वारा संचालित होता था तो आगरे के आर्य-मुसाफ़िर विद्यालय की स्थापना पं० भोजदत्तजी ने उस अमर हुतात्मा आर्यपथिक लेखराम की स्मृति में की जिसने वैदिक धर्म के प्रचारार्थ अपने-आपकी आहुति दे डाली थी। पं० महेशप्रसाद मौलवी आलिम फाजिल, ठाकुर अमरसिंह जी (वर्तमान में अमर स्वामी सरस्वती) तथा कुंवर सुखलाल आर्य मुसाफिर जैसे योग्य उपदेशकों को जन्म देने का श्रेय मुसाफिर-विद्यालय को ही है।

केन्द्रीय उपदेशक विद्यालय की स्थापना

आज आर्यसमाज में उपदेशकों के प्रशिक्षण की कोई सुचारू एवं समुचित व्यवस्था नहीं है। इसाई धर्म-प्रचारक जिस प्रकार समर्पित जीवनवाले व्यक्तियों का चयन कर उन्हें धर्म प्रचार के लिए शिक्षण देते हैं, उसी प्रकार आर्यसमाज को भी एक केन्द्रीय-उपदेशक विद्यालय की अविलम्ब स्थापना करनी चाहिए। उपदेशक गण अपनी-अपनी रुचि के अनुसार विशिष्ट अध्ययन सम्पन्न हों तथा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परमत समीक्षण में विशेष योग्यता (Specialisation) अर्जित करें। संगीत भी धर्म-प्रचार का एक सशक्त माध्यम है। यद्यपि आर्यसमाज में संगीत एवं भजनों के माध्यम से प्रचार करने की परिपाटी पर्याप्त पुरानी है किन्तु यह एक तथ्य है कि संगीत कला निष्णात भजनोपदेशकों की संख्या नगण्य है। अतः संगीत की उच्च शिक्षा की व्यवस्था होना भी आवश्यक है। उपदेशक वर्ग को समाज के अधिकारियों द्वारा पूर्ण सम्मान प्राप्त हो, अन्यथा जिस संस्था का उपदेशक-समाज अपने अनुयायियों का आदर भाजन न होगा, उसकी बात अन्य लोग क्यों सुनने लगे ?

साधु वर्ग

आर्यसमाज की स्थापना एक संन्यासी नें की थी जिसनें लोकहित के लिए न केवल अपना वैभव सम्पन्न गृह तथा स्नेहास्पद माता पिता का ही परित्याग किया, अपितु जिसनें मनुष्य के चरम लक्ष्य मोक्ष तथा उसके साधनभूत समाधि के आनन्द का भी परित्याग किया था। इस अद्वितीय अपरिग्रही, परिव्राजक शिरोमणि दयानन्द के आर्यसमाज में कालान्तर में उच्च कोटि के चतुर्थाश्रमी संन्यासी हुए जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या तथा आत्मिक बल से देश, जाति और धर्म का अभ्युत्थान किया। स्वामी श्रद्धानन्द जैसे राजर्षि, स्वामी सर्वदानन्द जैसे वीतराग भिक्षु, महात्मा नारायण स्वामी जैसे नेतृत्व की अपूर्व क्षमता रखनेवाले संन्यासी तथा स्वामी वेदानन्द जैसे वैदुष्य के भण्डार परिव्राजकों पर आर्यसमाज उचित गर्व कर सकता है। खेद है कि आज आर्यसमाज के जीर्ण शीर्ण अंगों में संजीवनी शक्ति का संचार करनेवाले संन्यासियों का अभाव ही दृष्टिगोचर हो रहा है। यद्यपि वर्णाश्रम को मानव जीवन की एक आदर्श जीवन व्यवस्था के रूप में आर्यसमाज ने स्वीकार किया है किन्तु अपने क्रियात्मक जीवन में उसे उतारने वालों की संख्या स्वल्प ही है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दयानन्द परिव्राजक मण्डल के अन्तर्गत वैदिक धर्म प्रचार के लिए कृतसंकल्प जीवनदानी साधुओं का संगठन होना आवश्यक है। इन्हीं संन्यासियों से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वे आर्य-समाज के संस्थापक के स्वप्न को चरितार्थ करें तथा भूमण्डल के मानवों का वैदिकीकरण तथा आर्यकरण कर 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' के लक्ष्य की पूर्ति कर सकें। यह साधु मण्डल यदि रामकृष्ण मिशन में दीक्षित होनेवाले संन्यासियों की योग्यता, संकल्प शक्ति तथा सेवा भावना को अपना आदर्श मानकर चले तो सर्वोत्तम होगा। भारत के लाखों ग्राम आज वैदिक संस्कृति के उदात्त तत्वों को सुनने के लिए लालायित हो रहे हैं जबकि आज का स्वार्थान्ध राजनीतिज्ञ अपने राजनैतिक छलकपट एवं प्रपंचों को ग्रामों के स्वच्छ, सरल वातावरण में प्रविष्ट कराकर उसे दूषित कर रहा है। दयानन्द के मिशन को कृतकार्य करनेवाले ये संन्यासी यदि शिक्षा, चिकित्सा, सेवा तथा जन-शिक्षण के माध्यम से प्रचार कार्य करें तो देश की कोटि-कोटि जनता आर्यसमाज की ओर आकृष्ट हो सकती है।

अध्ययन और अनुसंधान की स्थिति

वस्तुतः महर्षि दयानन्द ने आर्यसमाज के माध्यम से जो विशाल धर्मान्दोलन किया, उसका सुदृढ़ आधार वेद प्रमाणवाद तथा आर्य ज्ञान का प्रोज्ज्वल प्रकाश ही था। वेद के प्रति उनकी प्रगाढ़ आस्था तथा अगाध निष्ठा का पता इसी बात से चलता है कि वेद प्रमाण को छोड़कर वे किसी प्रकार का अवसरवादी समझौता करने के घोर विरोधी थे। निश्चय ही, परवर्ती आर्य विद्वानों ने अपने विशद अध्ययन, अपार वैदुष्य तथा तल-स्पर्शी शास्त्रालोचन के द्वारा महर्षि के वैदिक दृष्टिकोण की यथार्थता का डिंडिम घोष समस्त संसार में किया है। आज न केवल भारतीय वैदज्ञ अपितु पाश्चात्य विपश्चित समुदाय भी वेदों के प्रति दयानन्द की धारणाओं तथा आस्थाओं की सत्यता स्वीकार करने लगा है तथा विभिन्न वेद-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाष्यकारों तथा वेद व्याख्याकारों ने दयानन्द के वैदिक मन्तव्या की वैज्ञानिकता, युक्ति एवं तर्कपूर्णता तथा व्यावहारिक उपयोगिता को मान लिया है। अत: वेदानुसंधान तथा अन्वेषण कार्य को एक नवीन दिशा प्रदान करना आवश्यक है।

आर्यसमाज ने अपने जीवन के शतवर्षीय सुदीर्घकाल में वैयक्तिक और संस्थागत स्तर पर अध्ययन और अनुसंधान के कार्य को प्रगति प्रदान की। पं० भगवद्दत्त, पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु, स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक तथा पं० युधिष्ठिर मीमांसक आदि विद्वानों ने अपनें मौलिक चिन्तन तथा विशद अध्ययन के बल पर वेदानुसंधान का मार्ग प्रशस्त किया। इसी प्रकार डी० ए० वी० कालेज लाहौर का शोध विभाग, गुरुकुल कांगड़ी, रामलाल कपूर ट्रस्ट, हरयाणा शोध संस्थान आदि के संस्थागत प्रयत्न भी श्लाघनीय हैं। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा पर्याप्त समय से वैदिक अनुसंधान के लिए उच्चतम स्तर पर प्रयत्न कर रही है। वेद की मान्यताओं पर तथा आर्यसमाज के मन्तव्यों पर विभिन्न क्षेत्रों से जो अनेक विध आक्रमण, आक्षेप तथा खण्डनात्मक चेष्टाएँ हो रही हैं उनका युक्तिपूर्ण समाधान तभी संभव है जब आर्यसमाज के अनुसंधान शील विद्वान् सर्वथा वैज्ञानिक परिपाटी से वैदिक शोध को गति दें।

केन्द्रीय पुस्तकालय और शोध-पत्रिका

अनुसंधान के लिये एक केन्द्रीय पुस्तकालय की महती आवश्यकता होगी। इस बृहद् पुस्तक भण्डार में जहाँ वैदिक वाङ्मय, प्राचीन आर्ष-विद्याओं तथा संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं से सम्बन्ध रखनेवाले दुर्लभ ग्रन्थों का संग्रह तो होना ही चाहिए, आर्यसमाज तथा उसके प्रवर्त्तक से सम्बन्ध रखनेवाली विपुल ऐतिहासिक शोध सामग्री का भी संकलन और संरक्षण आवश्यक है। यह सन्तोष का विषय है कि आज भारत तथा विदेशोय विश्वविद्यालयों में महर्षि के व्यक्तित्व तथा कृतित्व, उनके योगदान तथा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उनके दर्शन पर बहुविध शोध कार्य सम्पन्न हो रहा है। विभिन्न अनुसंधान प्रेमी लोग आर्यसमाज का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करते हुए समकालीन सुधारवादी आन्दोलनों से उसका तुलनात्मक समीक्षण भी कर रहे हैं। अब यह आर्यसमाज का ही दायित्व रह जाता है कि वह इस शोध कार्य को सुगमतया संपन्न कराने के लिए साधन प्रस्तुत करे। एक उच्च कोटि की अनुसंधान-पत्रिका का प्रकाशन भी आवश्यक है। इसका प्रकाशन अन्य शोध पत्रिकाओं को भाँति त्रैमासिक हो, किन्तु इसमें प्रस्तुत की जाने-वाली सामग्री सर्वथा उच्चस्तरीय एवं विशिष्टतापूर्ण हो। आर्य-समाज की यह शोध-पत्रिका (Research Journal) अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति की होनी चाहिए।

निर्माण और प्रकाशन

साहित्य विचारों का वाहक होता है। आज के युग में प्रेस और प्लेटफार्म ही ऐसे साधन हैं जिनसे विचारों के प्रसार में सहायता ली जा सकती है। खेद है कि आर्यसमाज ने प्लेटफार्म का तो पूरा उपयोग किया परन्तु प्रेस-साहित्य को पर्याप्त उपेक्षा की। अमर शहीद पं० लेखराम की अन्तिम इच्छा का हम पूरा नहीं कर सके, जिन्होंने कहा था कि आर्यसमाज में तहरीर (लेखन) का काम बन्द नहीं होना चाहिए। आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानन्द ने अपने अत्यन्त व्यस्त जीवन में साहित्य प्रणयन के लिए पर्याप्त समय निकाला और अल्प अवधि में ही सहस्रों पृष्ठों का साहित्य हमारे लिये दाय के रूप में छोड़ा। महर्षि के पश्चात् पं० लेखराम, पं० गुरुदत्त, स्वामी श्रद्धानन्द, पं० राजाराम, महामहोपाध्याय पं० आर्यमुनि पं० तुलसीराम स्वामी पं० चमूपति आदि विद्वानों ने साहित्य लेखन के क्षेत्र में अपूर्व कार्य किया और सहस्रों उच्चकोटि के ग्रन्थ लिखकर आर्यसमाज के सारस्वत भण्डार को समृद्ध किया। परन्तु कालान्तर में हमने साहित्य साधना के प्रति उपेक्षा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आरम्भ को। आज तो स्थिति इतनी विषम हो गई है कि दो-चार गणमान्य लेखकों के अतिरिक्त हमें साहित्य का क्षेत्र सर्वथा शून्य ही दृष्टिगोचर होता है।

आर्यसमाज-जैसे आन्दोलन के लिए जो केवल इस देश के ही नहीं, अपितु संपूर्ण मानव जाति के योग-क्षेम के वहन का दायित्व लेता है, साहित्य की उपेक्षा घातक है। विभिन्न धार्मिक, राजनैतिक तथा अन्य विचारधाराओं का प्रचार करनेवाली संस्थाएँ साहित्य के माध्यम से अपनी मान्यताओं का किस प्रकार व्यापक प्रचार करती है इसे सिद्ध करने के लिए उदाहरण देना आवश्यक नहीं है। पौराणिक विचारधारा का प्रचार गीताप्रेस, गोरखपुर के माध्यम से होता है। नार्थ इण्डिया क्रिश्चियन बुक एण्ड ट्रैक्ट सोसाइटी इसाई मत के प्रचार में विगत सौ वष से निरन्तर सहयोग कर रही है। साम्यवादो दल तथा राष्ट्रीय स्वय संघ जैसे वामपक्षी राजनैतिक दल तथा दक्षिण पन्थी संगठन भी व्यापक स्तर पर साहित्य के लेखन और प्रकाशन के द्वारा अपनी विचारधारा के प्रचार में संलग्न हैं।

हमारे समक्ष रामकृष्ण मिशन को साहित्यिक प्रवृतियाँ आदर्श रूप में उपस्थित हैं। १९६४ ई० में स्वामो विवेकानन्द की जन्म शताब्दी के अवसर पर रामकृष्ण, विवेकानन्द को विचारधारा का साहित्य अत्यन्त सुरुचिपूर्ण ढंग से देश विदेश की अनेक भाषाओं में प्रकाशित किया गया। विवेकानन्द ग्रन्थावली के रूप में संपूर्ण विवेकानन्द साहित्य को सुव्यवस्थित ढंग से प्रकाशित करना एक उपलब्धि थी। आर्यसमाज़ की भी अपनो स्थापना को शताब्दी के अवसर पर साहित्य-लेखन एवं प्रकाशन को एक बृहद् योजना कार्यान्वित करनी चाहिए। महर्षि दयानन्द रचित समस्त ग्रन्थों का एक ही आकार की ग्रन्थावली में प्रकाशन तथा व्यापक प्रचार तो अपेक्षित है ही, साथ ही धर्म, दर्शन, वैदिक तत्वालोचन, तुलनात्मक

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रदर्शित करती अध्ययन आदि विभिन्न विषयों पर उत्कृष्ट ग्रन्थों का लेखन भी अभीष्ट है। उच्चकोटि का साहित्य लिखा जाए, इसके लिए लेखकों को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। महर्षि दयानन्द पुरस्कार तथा पं० गंगाप्रसाद उपाध्याय स्मारक पुरस्कार के द्वारा भी लेखकों को उच्च स्तरीय लेखन की प्रेरणा मिल सकती है।

देश विदेश की विभिन्न भाषाओं में साहित्य

आर्यसमाज ने भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी में तो प्रचुर साहित्य लिखा है, परन्तु अन्य भारतीय भाषाओं तथा विदेशी भाषाओं में उसका मौलिक अथवा अनूदित साहित्य स्वल्प मात्रा में ही है। यद्यपि महर्षि रचित सत्यार्थ प्रकाश का अनुवाद भारत की विभिन्न भाषाओं में हुआ है, परन्तु इस क्रान्तिकारी ग्रन्थ को बाइबिल की ही भांति विश्व की अधिकांश भाषाओं में रूपान्तरित किया जाना चाहिये। आज दक्षिण भारतीय तमिल, तेलुगु, कन्नड तथा मलायलम भाषाओं में आर्यसमाज के सिद्धान्तों का दिग्दर्शन करानेवाले ग्रन्थ स्वल्प ही हैं। इसी प्रकार आदिवासी, पहाड़ी तथा जनजातियों की बोलियों में भी वैदिक धर्म का प्राणवान् संदेश गुंजरित हो इसके लिए आवश्यक है एक विशाल **साहित्यसंगम** (अकादमी) अनुवाद केन्द्र की स्थापना। आर्यसमाज के सर्वोच्च संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आर्यसमाज का केन्द्रीय साहित्य प्रकाशन संस्थान स्थापित होना चाहिए। प्रान्तीय सभाएँ अपने-अपने प्रान्तों की बोलियों और भाषाओं में साहित्य लेखन तथा अनुवाद का कार्य सम्पन्न करा सकती हैं। साहित्य का मुद्रण एवं प्रकाशन भी एक कला है, अतः गेटअप छपाई, सफ़ाई, साजसज्जा तथा नयनाभिराम मुखपृष्ठ आदि की ओर ध्यान देना भी आवश्यक है।

पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रचार

आर्यसमाज अपने शैशवकाल से ही पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
बजरंग प्रताप सिंह
ग्रा० म व पो० कुबरी पटेहरा
जिला मिर्जापुर (उ० प्र०)

अपनी विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं। स्वामी दयानन्द ने फर्रुखाबाद से 'भारत सुदशा प्रवर्तक' नामक मासिक पत्र के प्रकाशन की प्रेरणा दी। वैदिक-यन्त्रालय के प्रथम व्यवस्थापक मुन्शी बख्तावरसिंह ने 'आर्य दर्पण' का प्रकाशन भी महर्षि के जीवन काल में ही किया था। तब से लेकर एक शताब्दी का समय हुआ आर्यसमाज ने पत्र-पत्रिकाओं को महर्षि के स्वपनों की पूर्ति का सशक्त माध्यम स्वीकार किया है। आर्यसमाज ने हिन्दी जगत् को समर्पित व्यक्तित्ववाले, उच्चकोटि के आदर्श पत्रकारों की एक जीवन्त परम्परा ही प्रदान की है। सम्पादकाचार्य पं० रुद्रदत्त शर्मा पद्मसिंह शर्मा, डा० हरिशंकर शर्मा, पं० इन्द्र विद्यावाचस्पति आदि तो आर्यसमाज के वे गण्यमान्य पत्रकार हैं जिन्होंने अपना समस्त जीवन ही इस कार्य हेतु समर्पित कर दिया था।

खेद है कि आज आर्यसमाज के पत्रों की स्थिति न तो सुखद है और न सन्तोषप्रद। संख्यात्मक दृष्टि से भले ही आर्यसमाज की पत्र-पत्रिकाएँ अधिक संख्या में छपती हों परन्तु गुणात्मक दृष्टि से उन्हें संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता। न तो ये पत्र आर्थिक दृष्टि से ही स्वावलम्बी हैं और न इनमें रोचक, उपयोगी अथवा प्रेरणास्पद सामग्री का ही प्रकाशन होता है। अधिकांश पत्र सभा-संस्थाओं के मुखपत्र (गजट) ही होते हैं जिनमें सामयिक अधिकारियों के संस्तवन अथवा प्रशस्तिपाठ के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता। इन पत्रों की ग्राहक संख्या इतनी न्यून होती है कि ये आजीवन घाटे में ही चलते हैं। जहाँ आर्यसमाज के पत्रों की यह स्थिति है, वहाँ अन्य धर्म एवं मत सम्प्रदायों के पत्र अत्यन्त सुव्यवस्थित तथा आकर्षक ढ़ग से प्रकाशिक होकर लाखों पाठकों तक अपनी विचारधारा का प्रसार करते हैं। क्या इसे अस्वीकार किया जा सकता है कि गीताप्रेस गोरखपुर से प्रकाशित होनेवाले मासिक-पत्र 'कल्याण' के लाखों ग्राहक हैं तथा वह अपने साधारण एवं विशेषांकों के माध्यम से

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुराण प्रतिपादित मत का व्यापक प्रचार कर रहा है। पांचजन्य, राष्ट्रधर्म तथा आर्गेनाइजर आदि पत्र भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों का देशव्यापी प्रचार करते के उत्कृष्ट माध्यम हैं।

हिन्दी-अंग्रेजी के दैनिक

आर्यसमाज भी अपने पत्रों को महर्षि के संदेश का उद्घोषक एवं प्रचारक बनाकर वैदिक विचारधारा को विश्व व्याप्ति प्रदान करे, एतदर्थ हमें निम्न सुझावों पर ध्यान देना होगा।

(१) आर्यसमाज का एक प्रभावशाली दैनिक-पत्र हो जो सामान्य समाचारों के साथ-साथ आर्यसमाज के दृष्टिकोण को भी जनता तक पहुँचाये।

(२) हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा में भी एक उच्चकोटि का मासिक-पत्र प्रकाशित किया जाए जो आर्यसमाज के वेद विषयक दृष्टिकोण को अंग्रेजी भाषी पाठकों तक पहुँचाने में समर्थ हो।

(३) संस्कृत के विद्वन्मण्डल तथा गीर्वाण वाणी के प्रेमी पाठकों के लिए संस्कृत भाषा में एक साहित्यिक विचारप्रधान पत्रिका का प्रकाशन भी आवश्यक है।

(४) विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं में भी आर्यसमाज की विचारधारा का वहन करनेवाले साप्ताहिक एवं मासिक-पत्र प्रकाशित हों, जिनमें वेद व्याख्या, सिद्धान्त चर्चा, नारी संसार, बाल जगत्, शंका समान आदि के विविध उपयोगी एवं रोचक स्तम्भ रहें।

प्रत्येक आर्यसमाज में सुव्यवस्थित पुस्तकालय और शोध व्यवस्था

आर्यसमाज के प्रवर्तक ऋषि दयानन्द ने अपनी संस्था को बौद्धिक धरातल पर प्रतिष्ठित किया था। उनकी यह हार्दिक कामना रही कि आर्यसमाज का प्रत्येक सभासद प्रबुद्ध अभिरुचि सम्पन्न, विचार-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शील, मनस्वी तथा मेधावी हो। इसी दृष्टि से उन्होंने आर्यसमाज के विधान में एक पुस्तकाध्यक्ष का पद भी रखा जो प्रत्येक आर्य-समाज में पुस्तकालय का संचालन करता है। आर्यसमाज की पुरानी पीढ़ी के व्यक्ति अत्यधिक स्वाध्यायशील तथा शास्त्रीय अध्ययन में रुचि लेने वाले होते थे। वस्तुतः, किसी भी अन्य धार्मिक या राजनैतिक सभा में पुस्तकाध्यक्ष जैसा न तो कोई पद है और न वहाँ पुस्तकालयों की व्यवस्था का ही विधान है।

जहाँ आर्यसमाज की कार्यप्रणाली में स्वाध्याय को संबल प्रदान करनेवाले पुस्तकालयों की सुरक्षा और संचालन का प्रावधान रखा गया, वहाँ यह अनुभव कर पीड़ा भी होती है कि आज आर्य-समाजों के पुस्तकालय और पुस्तकाध्यक्ष सर्वाधिक उपेक्षा तथा तथा अवगणना के शिकार हो रहे हैं। चुनावों की दलबन्दी के फलस्वरूप चाहे किसी अपने पक्ष समर्थक को पुस्तकाध्यक्ष के पद पर आसीन कर दिया जाए परन्तु निर्वाचन के पश्चात् यह कभी अपेक्षा नहीं रखी जाती कि पुस्तकाध्यक्ष अपने कर्तव्य पालन में कितनी तत्परता तथा दक्षता प्रदर्शित कर रहा है। यद्यपि विभिन्न आर्यसमाजों के प्राचीन पुस्तकालयों में सहस्रों संख्या में दुर्लभ, प्राचीन एवं अलभ्य ग्रन्थ रत्न पड़े पड़े सड़ रहे हैं अथवा दीमकों के आहार बन रहे हैं, परन्तु न तो उन्हें पाठकों के लिए ही सुलभ बनाया जाता है और अनुसंधान एवं शोध के क्षेत्र में कार्य करने वाले विद्वान् ही उनका उपयोग ले पाते हैं।

अतः आवश्यक है कि केन्द्रीय एवं प्रान्तीय राजधानियों में आर्य-समाज के विशाल ग्रन्थालय रहें। इन पुस्तकालयों की देखरेख ऐसे अध्ययनशील व्यक्तियों के जिम्मे रखी जाए जो स्वयं पुस्तकों के वैज्ञानिक संरक्षण को जानते हों। पुस्तकालयों के साथ-साथ अध्ययन प्रिय छात्रों तथा शोध विद्वानों के निवास की व्यवस्था भी रहे, जहाँ वे पर्याप्त समय तक ठहरकर अपना अध्ययन-कार्य कर सकें।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाजों के वार्षिक बजट में नई पुस्तकों के क्रय हेतु पर्याप्त राशि का प्रावधान होना चाहिए। प्रत्येक आर्यसमाज के ग्रन्थालय में वेद, उपनिषद्, स्मृति, दर्शन, वेदांग, दयानन्द वाङ्मय तथा अन्य उपयोगी ग्रन्थ प्रचुर मात्रा में रहने चाहिए। पुस्तकालयों के अन्तर्गत पुस्तक विक्रय विभाग भी रहें जिनमें नवीन प्रकाशित पुस्तकों को आर्य-समाजतर पाठकों तक पहुँचाने की व्यवस्था हो।

आर्यसमाज की विभिन्न प्रवृतियों तथा उपलब्धियों पर आज स्वदेशी तथा विदेशी विश्वविद्यालयों में जो बहुविध अनुसंधान कार्य हो रहे हैं तथा प्रति वर्ष अनेक विदेशी विद्वान् भारत में आकर आर्यसमाज विषयक साहित्य का अनुसंधान करते हैं उनकी सुविधा के लिए आर्यसमाज से संबधित समग्र प्रकाशित साहित्य की एक विशाल सूची (Bibliography) तैयार कराकर उसे प्रकाशित किया जाना चाहिए। इस ग्रन्थ-सूची में समस्त ग्रन्थों को विषया-नुसार वर्गीकृत किया जाए तथा यथासंभव लेखक, प्रकाशक, प्रकाशनकाल तथा संस्करण का भी उल्लेख रहे। इसी प्रकार आर्य-समाज के साहित्य का इतिहास भी तैयार किया जाना चाहिए तथा विभिन्न भाषाओं में लेखन-कार्य करनेवाले दिवंगत एवं विद्यमान आर्य लेखकों का विवरण एकत्रित किया जाना भी आवश्यक है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि महर्षि द्वारा निर्दिष्ट कार्य-प्रणाली को स्वीकार कर तथा उसमें युगानुकूल संशोधन एवं परि-वर्धन कर हम आर्यसमाज के माध्यम से उसके संस्थापक के दिव्य स्वप्नों को साकार करने में समर्थ हो सकते हैं।

(६) कर्मकाण्ड एवं संस्कार

धर्म का बाह्य रूप कर्मकाण्डों का आचरण तथा विभिन्न धार्मिक क्रियाओं का सम्पादन ही होता है। 'न लिंग धर्म' कारण मनु की यह उचित यद्यपि तत्वार्थ में पूर्णतया सत्य है तथापि इसका

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह अर्थ नहीं है कि धर्म के निदर्शक बाह्य कर्मों को किंचित्-मात्र भी महत्व नहीं दिया जाए। वैदिक धर्म तो ज्ञान, कर्म और उपासना के सामंजस्य पर ज़ोर देता है। महर्षि दयानन्द ने मूर्तिपूजा, तीर्थ यात्रा, प्रतीकोपासना, कण्ठी, माला, तिलकधारण आदि मध्यकालीन साम्प्रदायिक क्रिया-कलापों का खण्डन कर उनके स्थान पर ईश्वरोपासना के आधारभूत संध्या, प्राणायाम, अग्निहोत्र तथा पंच महायज्ञादि उदात्त एवं मानव शरीर, मन एवं आत्मा का परिष्कार करने में साधन भूत कर्मों का प्रचार किया। यज्ञ की आर्ष एवं पुरातन परिपाटी को भी ऋषि ने ही पुनः प्रचलित कर उसके भौतिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप का विशद निरूपण किया। यज्ञ का व्युत्पत्ति लभ्य विशद अर्थ करते हुए स्वामीजी ने उसे समस्त लोकोपकारी तथा प्राणि-हित विधायक कर्मों का प्रतीक माना है। 'पंच महायज्ञ विधि' की रचना कर महर्षि ने आर्यों के लिए एक प्रशस्त दैनन्दिन कर्तव्य विधान भी उपस्थित किया।

कर्मकाण्ड में एकरूपता आवश्यक

यह सब कुछ होते हुए भी हम देखते हैं कि आर्यों के कर्मकाण्ड में समानता तथा एकरूपता का नितान्त अभाव है। भारतीय हिन्दू (आर्य) समाज के संगठन तथा दृढ़ीकरण के लिये अपनाये जाने वाले साधनों में एक साधन जो स्वामीजी ने स्वीकार किया, वह था सामूहिक उपासना-प्रणाली का प्रचलन। उदयपुर में निवास करते समय स्वामीजी ने पं० मोहनलाल विष्णुलाल पण्ड्या के समक्ष अपना विश्वास व्यक्त कर कहा था कि जब तक इस देशवासियों में एक धर्म, एक भाषा, एक-सा आचार-विचार तथा परेश पूजा की एक ही प्रणाली का प्रचार नहीं होगा तब तक आर्य जाति विधर्मियों तथा विदेशियों द्वारा त्रस्त, अपमानित तथा पददलित होती रहेगी। इसी परिप्रेक्ष्य में हमें यह विचार करना है कि यदि आर्यसमाज का संध्या और अग्निहोत्र विधान तथा उसके अन्य धार्मिक कृत्यों में

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि एकतानता नहीं रही तो वह अन्य लोगों को सार्वत्रिक एकता का उपदेश कैसे दे सकता है ?

अतः इस बात की महती आवश्यकता है कि आर्यसमाज की सर्वोच्च संस्था सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा अपने अनुशासनात्मक आदेशों के द्वारा कर्मकाण्ड में एक रूपता लाने के लिए पूर्णतः सचेष्ट हो। संध्या, अग्निहोत्र तथा अन्य कर्मों के विधायक ग्रन्थों का प्रकाशनाधिकार मात्र धर्मार्य सभा को ही रहना चाहिये। यदि अन्य प्रकाशक भी इन ग्रन्थों को छापें तो उनमें संशोधन एवं परि-वर्धन न कर सकें। उपदेशकों तथा विद्वानों का भी यह कर्तव्य है कि वे जहाँ प्रचारार्थ जाएँ, वहाँ के आर्यों के कर्मकाण्ड विधान का सूक्ष्मता से निरीक्षण एवं परीक्षण करें तथा उसमें विद्यमान न्यूनाधि-कता का संशोधन करें। बृहद् यज्ञ पद्धतियों का निर्धारण यथासंभव प्राचीन कल्प सूत्रों के आधार पर होना चाहिए परन्तु देश, काल एवं परिस्थितियों के अनुसार यदि उनमें कुछ परिवर्तन भी किया जाता है तो उसे सहन करना ही होगा। कर्मकाण्ड के आचरण में जहाँ भावनाओं और आन्तरिक श्रद्धा का महत्व होता है वहाँ उसका बाह्य प्रदर्शनात्मक स्वरूप भी कुछ कम महत्त्व नहीं होता। अतः यह भी आवश्यक है कि ऐसे आयोजनों में स्वदेशी वस्त्र तथा एतद्देशीय सांस्कृतिक परिधानों को ही महत्त्व दिया जाए। कर्मकाण्ड को सरल, उपयोगी तथा एकता विधायक बनाना होगा।

संस्कारों की उपेक्षा : पौरोहित्य प्रशिक्षण

कर्मकाण्डों पर विचार करने के प्रसंग में ही षोडश संस्कारों के विधान एवं प्रचलन पर विचार करना भी आवश्यक है। महर्षि ने मानव शरीर, मन एवं आत्मा के सर्वांगीण विकास हेतु संस्कारों को आवश्यक बताया है। विभिन्न गृह्य-सूत्रों के आधार पर उन्होंने एक सर्वमान्य संस्कार विधि की रचना की जो आर्यों का गृह्य-विधान है। स्वामीजी ने अपने जीवनकाल में विभिन्न लोगों को गायत्री मंत्र

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की दीक्षा दी, उन्हें संध्योपासना पद्धति सिखाई, कई युवा एवं प्रौढ़ व्यक्तियों का उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया तथा अन्य सभी संस्कार वेदोक्त रीति से करने की परिपाटी का प्रचलन किया। आर्यसमाज ने भी अपने प्रवर्तक के आदेश को स्वीकार कर संस्कारों का प्रचार द्रुतगति से किया।

यहाँ यह देखना अप्रासंगिक नहीं होगा कि आर्यसमाज में प्रचलित संस्कारों की वस्तुस्थिति क्या है तथा उनमें कौन से परिवर्तन अभीष्ट हैं। संस्कारविधि वर्णित १६ संस्कार तो शायद ही किसी आर्य परिवार में संपूर्णतया किये जाते हों। आज के वासना-प्रधान युग में गर्भाधान संस्कार की तो चर्चा ही व्यर्थ है। पुंसवन, सीमन्तोनयन तथा गर्भाधान जैसे संस्कार भी शास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न नहीं किये जाते। मुख्यता नामकरण, चूड़ाकर्म, यज्ञोपवीत, तथा विवाह-संस्कार ही वैदिक विधि से सम्पन्न कराये जाते हैं। वस्तुतः संस्कारों के प्रति हमारी उपेक्षा का ही परिणाम है कि उसके अपेक्षित लाभ हमें प्राप्त नहीं होते। आवश्यकता इस बात की है कि संस्कारों को पूर्ण भावना, श्रद्धा तथा तत्परता के साथ कराया जाए। इसके लिए पौरोहित्य कर्म का प्रशिक्षण योग्य व्यक्तियों को दिया जाना चाहिये। संस्कारों को सादगी के साथ सम्पन्न करना आवश्यक है। अनावश्यक आडम्बर तथा धन का अपव्यय संस्कारों के महत्त्व को धूमिल बना देता है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि संस्कार के लिए आवश्यक सभी वस्तुएँ तथा अन्य सामग्री विधिपूर्वक जुटाई जाए। पुरोहित को श्रद्धापूर्वक दक्षिणा देना संस्कार का एक अपरिहार्य अंग है।

(७) युवा शक्ति की विशिष्टता

अब तक हमने आर्यसमाज से संबधित कुछ उन समस्याओं का उल्लेख किया है जो उसके आन्तरिक विधान, प्रचार-प्रणाली

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहित्य, कर्मकाण्ड तथा अन्य प्रासंगिक विषयों से सम्बद्ध हैं। परन्तु सर्वोपरि समस्या तो किसी संस्था के अनुयायियों में जागृत, उत्साही तथा अदम्य युवक शक्ति के अभाव के कारण उत्पन्न होती है। आर्यसमाज के अतीतकाल के नेताओं ने इस तथ्य को भलीभाँति हृदयगम किया था कि वैदिक विचारधारा के प्रचार एवं प्रसार में युवा वर्ग को किस प्रकार नियोजित किया जा सकता है। लाहौर आर्यसमाज के प्रथम प्रधान लाला सांईदास सदैव इस बात का यत्न करते थे कि होनहार युवक समाज में प्रविष्ट हों। जिस समय महात्मा हंसराज, लाला लाजपतराय तथा महात्मा मुन्शीराम (कालान्तर में स्वामी श्रद्धानन्द) जैसे आर्य नेताओं ने युवक रूप में आर्यसमाज में प्रवेश किया उस समय वयोवृद्ध लाला सांईदास भाव-विभोर हो उठे थे।

आर्यकुमार सभा और आर्यवीर दल

आर्य युवकों को आर्यसमाज में प्रविष्ट होने से पूर्व वैदिक धर्म तथा आर्य संस्कृति की दीक्षा देने हेतु आर्यकुमार परिषद् की स्थापना स्व० डॉ० केशवदेव शास्त्री ने की। समय-समय पर अनेक सुयोग्य आर्य नेताओं का मार्गदर्शन आर्य युवक समुदाय को मिलता रहा। दिल्ली के स्वर्गीय नेता लाला देशबंधु गुप्त, डॉ० युद्धवीरसिंह यहाँ तक कि स्व० बैरिस्टर आसफअली भी दिल्ली आयकुमार सभा के निकट सम्पर्क में आये थे। आर्यकुमार परिषद् की ही भांति आर्य वीर दल का संगठन भी युवक वर्ग को शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक दृष्टि से सुसंगठित तथा शक्ति सम्पन्न बनाने हेतु किया गया। आर्यकुमार आन्दोलन का सिद्धान्त वाक्य था **'विद्या धर्मेण शोभते'** तो आर्य वीरों ने **'अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्तु'** कहकर **'वीर भोग्या वसुन्धरा'** का जयघोष किया। अज्ञान, अन्याय और अभाव को समाप्त कर समाज में व्याप्त अनाचार, विषमता तथा पाखण्ड का ध्वंस ही आर्य-वीर-दल का लक्ष्य रहा है। अपने ध्येय

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की पूर्ति के लिए वर्णाश्रम व्यवस्था का वास्तविक स्वरूप लागों के समक्ष उपस्थित करना तथा उस आदर्श समाज व्यवस्था का स्थापना हेतु यत्न करना आर्य वीर दल का प्रमुख कार्यक्रम है।

युवाजन के लिए आकर्षक कार्यक्रम

यह सब कुछ होने पर भी युवक वर्ग आर्यसमाज के प्रति कुछ अधिक आकृष्ट नहीं है। इसके अनेक मनोवैज्ञानिक तथा अन्य कारण हैं। युवकों के लिए जिस कार्यक्रम की अपेक्षा होती है वैसा कार्यक्रम बहुत कुछ विचार करने के पश्चात भी आर्यसमाज नहीं बना पाया है। अतः हमें इस बात पर पुनर्विचार करना होगा कि युवक शक्ति का आर्यसमाज में प्रवेश किस प्रकार हो? यदि आर्यसमाज की वृद्ध पीढ़ी ने नवयुवक वर्ग के लिये स्थान रिक्त नहीं किया तो नये रक्त के अभाव में यह सशक्त एवं जीवन्त संस्था भी मरणासन्न हो सकती है। युवक वर्ग के लिए जहाँ आर्यसमाज की विचारधारा को सुव्यवस्थित, तर्कपूर्ण तथा सहज ग्राह्य ढंग से प्रस्तुत करना आवश्यक है, वहाँ उनके लिए कुछ सक्रिय आयोजन भी रखने होंगे। विचार गोष्ठियाँ, स्नेह सम्मेलन, आकस्मिक विपत्ति के अवसरों पर सेवा दलों का संगठन आदि ऐसे कार्यक्रम हैं जिनमें युवकों की सहज रुचि होती है। देश की राजनैतिक तथा आर्थिक समास्याओं के प्रति आर्यसमाज के दृष्टिकोण को भी स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। युवकों का ऐसी समस्याओं के प्रति सहज आकर्षण होता है। अतः यदि राजनीति और अर्थनीति के क्षेत्र में उनका उचित मार्ग दर्शन नहीं किया जाता तो वे अन्य अतिवादी दक्षिण पंथी अथवा अनीश्वरवादी, नैतिक मूल्यों से विहीन वामपंथी राजनैतिक दलों की ओर झुक जाएँगे। आर्यसमाज ने अब तक देश तथा मानवता के समक्ष उपस्थित आर्थिक चुनौतियों के प्रति जो उपेक्षा भाव प्रदर्शित किया है उसी का यह परिणाम है कि सुदृढ़ सैद्धान्तिक आधार पर प्रतिष्ठित होने तथा व्यापक प्रगतिशील

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचारधारा का समर्थक होते हुए भी आर्यसमाज आज के जन-जीवन को प्रभावित नहीं कर सका है।

(८) आर्यसमाज और दक्षिण भारत

आर्यसमाज जिस वैदिक धर्म का प्रतिपादन एवं प्रचार करता है वह सार्वभौम, सार्वकालिक तथा सार्वजनीन है। आर्यसमाज के मुख्य ध्येय का उल्लेख करते हुए उसके छठे नियम में कहा गया है कि संसार का उपकार करना ही इस समाज का मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर आर्यसमाज के प्रवर्तक ने अपनी शिक्षाओं को सार्वदेशिक रूप प्रदान किया। यह सत्य है कि महर्षि के दिवंगत हो जाने के पश्चात् उनके अनुयायियों ने आर्यसमाज के सिद्धान्तों का व्यापक प्रचार किया तथापि यह भी उतना ही सत्य है कि उत्तर भारत की अपेक्षा दक्षिण भारत में आर्यसमाज का प्रचार नगण्य ही रहा। स्वयं स्वामी दयानन्द भी अपने व्यस्त पर्यटनकाल में दक्षिण की काशी पूना तक ही अपने संदेश का प्रसार कर सके थे। आज भी हम देखते हैं कि महाराष्ट्र, आन्ध्र तथा कर्नाटक के कुछ भागों में आर्यसमाज के नाम तथा कार्यों से कुछ लोग भले ही परिचित हों, परन्तु केरल तथा तमिलनाडु जैसे प्रान्तों में आर्यसमाज एक अपरिचित संस्था ही है। इसी प्रकार बंगाल, आसाम तथा उड़ीसा आदि पूर्वीय प्रदेशों में भी आर्यसमाज मुख्यतः उत्तर भारतीय लोगों के माध्यम से ही पदारोपण कर सका है। वहाँ के मूल निवासियों में उसका प्रवेश अभी भविष्य की वस्तु है।

सर्वप्रथम ब्रह्मचारी नित्यानन्द जी तथा अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी का ध्यान दक्षिण भारत में आर्यसमाज के प्रचार की ओर गया था। स्वामी श्रद्धानन्द जी ने तो पं० धर्मदेवजी विद्या-वाचस्पति तथा पं० केशवदेव जी ज्ञानी आदि विद्वानों के माध्यम से दक्षिण प्रान्तस्थ जनता को वैदिक धर्म का स्फूर्तियुक्त संदेश प्रेरित

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया। इन धर्म प्रचारकों ने बंगलोर, मद्रास, मैसूर आदि नगरों को अपना केन्द्र बनाकर महत्वपूर्ण प्रचार कार्य किया। उन्होंने स्थानीय भाषाओं के माध्यम से लेखन किया तथा उपदेश दिया। तमिल, तेलुगु व कन्नड तथा मलयालम भाषाओं में सत्यार्थ प्रकाश के अनुवाद प्रकाशित किये गये तथा लघु पुस्तकें भी प्रकाशित हुई। मलाबार प्रान्त में जब मोपला मुसलमानों ने धर्मान्धता का नग्न प्रदर्शन करते हुए हिन्दू समाज पर व्यापक अत्याचार किये तो महात्मा हंसराज के आदेश पर लाला खुशहालचन्द (वर्तमान महात्मा आनन्द स्वामी) के नेतृत्व में आर्य प्रादेशिक सभा के कार्यकर्ता दक्षिण पहुंचे तथा त्रिवेन्द्रम को अपना केन्द्र बनाकर सेवा कार्य करते रहे। इस निष्काम सेवा कार्य का केरल की जनता पर अच्छा प्रभाव पड़ा था।

परन्तु आज आर्यसमाज के पास दक्षिण भारत के लोगों के लिये संदेश तो है परन्तु उसे पहुंचाने का माध्यम नहीं है। यदि आर्य-समाज तमिलनाडु तथा दूर दक्षिण की भारतीय प्रजा से अपना सम्पर्क सूत्र स्थिर रखता तो भाषा, क्षेत्रीयता तथा आर्य-द्रविड संस्कृति के नाम पर जो विघटनकारी, दूषित प्रवृतियाँ दक्षिण भारत के कुछ भागों में पनप रही हैं वे जड़ जमा नहीं पातीं। कितने खेद की बात है कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने वाला आर्यसमाज दक्षिण में हिन्दी प्रचार का भी कोई उपयोगी और व्यावहारिक कार्यक्रम संचालित नहीं कर सका। फलतः महात्मा गांधी को ही दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के माध्यम से यह कार्य करना पड़ा। आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानन्द तो हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तथा सौराष्ट्र से लेकर ब्रह्मदेश पर्यन्त जिस विशाल आर्यावर्त देश में वैदिक धर्म का अविच्छिन्न वर्चस्व देखना चाहते थे उसे कार्यान्वित करने के लिये दक्षिण और

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्व के उन प्रान्तों में आर्यसमाज को अपनी गतिविधियाँ तीव्रता से संचालित करनी चाहिए, जहाँ वे नगण्य-सी हैं। इन प्रान्तों में प्रतिनिधि सभाओं का संगठन किया जाए तथा साहित्य प्रचार, सेवा कार्य एवं जन-जागरण के अन्य साधनों द्वारा आर्यसमाज का संदेश घर-घर में प्रसारित किये जाने की व्यवस्था हो।

यह एक सुविदित तथ्य है कि सीमान्त प्रान्तों में तथा केरल के अधिकांश भागों में विदेशी ईसाई धर्म प्रचारक केन्द्र बनाकर जहाँ अपना धर्म प्रचार कर भोली-भाली अशिक्षित एवं निर्धन हिन्दू प्रजा को अपने धर्म में दीक्षित करते हैं वहाँ उनमें राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर देश की सुरक्षा तथा एकता को भी आघात पहुँचाते हैं। अतः आर्यसमाज के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि वह दक्षिण भारत में औषधालय, सेवा केन्द्र तथा सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना कर विदेशी धर्म प्रचारकों की अराष्ट्रीय प्रवृतियों का मुक़ाबला करें तथा वैदिक धर्म एवं संस्कृति का प्रौज्जवल पक्ष वहाँ के लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर समग्र देश की भावात्मक एकता का सेतु बने।

आर्यसमाज और अन्तर्राष्ट्रीय प्रचार

महर्षि दयानन्द ने जहाँ आर्यसमाज के सिद्धान्तों और मन्तव्यों को एक सार्वभौमिक स्वरूप प्रदान किया था, वहाँ वे अपनी स्थानापन्न परोपकारिणी सभा को भी यह आदेश दे गये थे कि देश-देशान्तरों तथा द्वीप-द्वीपान्तरों में वैदिक धर्म का प्रचार किया जाय। आर्यसमाज द्वारा प्रतिपादित वैदिक धर्म, देश, काल, वर्ण तथा रंग की सीमाओं से ऊपर उठकर मनुष्य को वास्तविक मानव बनाने की बात कहता है अतः उसे मानव धर्म का ही पर्याय मानना चाहिए। इसी कारण आर्यसमाज के नेताओं का ध्यान उन देशों की ओर भी गया जहाँ भारत मूल के लोगों का निवास था, अथवा

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विगत शताब्दी में ही प्रवासी भारतीयों ने उन देशों में जाकर उपनिवेशों की स्थापना कर ली थी। दक्षिण और पूर्वी अफ्रीका, मारिशस, फीजी, गाइना आदि ऐसे देश हैं, जहाँ भारतीयों की संख्या पर्याप्त अधिक है। इन देशों में जहाँ भारतीय रीति-नीति धर्म और परम्परा, संस्कृति और भाषा किसी-न-किसी रूप में शेष थी, आर्यसमाज का प्रचार सुगम रीति से हो सकता था। फलतः इस शताब्दी के प्रारम्भ से ही आर्यसमाजी, धर्म प्रचारकों ने अपनी विदेश प्रचार यात्राएँ की। स्वामी शंकरानन्द, भाई परमानन्द, स्वामी स्वतंत्रानन्द, स्वामी भवानीदयाल संन्यासी, मेहता जैमिनी तथा डॉ० चिरंजीव भारद्वाज आदि ख्यातनामा वक्ता, प्रचारक तथा धर्मोपदेशक समय-समय पर इन देशों की यात्रा कर वहाँ के लोगों में उत्पन्न धर्म जिज्ञासा को शान्त करते रहे तथा उनकी आध्यात्मिक पिपासा को संतुष्ट करने के लिए धर्म संस्कृति की निर्मल स्रोतस्विनी को प्रवाहित करने का यत्न किया।

यह सत्य है कि विदेशों में आर्यसमाज के प्रचार का क्षेत्र अत्यन्त सीमित है। हमारे प्रचारक उन्हीं प्रदेशों में जाते हैं जहाँ भारतीय मूल के लोग रहते हैं तथा जिनके बीच हिन्दी भाषा के माध्यम से प्रचार कार्य किया जा सकता है। आज तो भारतीय धर्म तथा संस्कृति, योग, वेदान्त तथा भक्ति के नाम पर अनेक छद्म वेशी लोग यूरोप, अमेरिका आदि पश्चिमी देशों में अपना पाखण्ड जाल फैला रहे हैं जहाँ के लोग भौतिक चाकचिक्यसे आक्रान्त होकर किसी आध्यात्मिक परिवेश में मानसिक शान्ति का अनुभव करते हैं। यह सत्य है कि धर्म और अध्यात्मक के नाम पर आडम्बर एवं पाखण्ड को प्रोत्साहित करनेवाले ये योगी और गुरु भारतीय विचारधारा का अमल-धवल एवं अकलुष रूप विदेशी जनता के समक्ष प्रस्तुत करने में असमर्थ होते हैं अतः यहाँ भी आर्यसमाज की ओर ही, स्वभावतः, दृष्टि जाती है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाज को अपना विदेश प्रचार का समग्र कार्यक्रम और आयोजन वस्तुवादी दृष्टिकोण पर आधारित करना होगा। विदेश प्रचार हेतु जानेवाले प्रचारकगण सच्ची लगन वाले तो हों ही, उनमें उच्च कोटि का तप, त्याग, कष्ट, सहिष्णुता तथा अदम्य उत्साह भी अपेक्षित है। '**कृण्वन्तोविश्वमार्यम्**' तथा '**श्रृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रः**' की वैदिक सूक्तियों को सार्थक करनेवाले धर्म प्रचारक जब विदेशों में जाकर आर्य धर्म की गरिमा का आख्यान करेंगे तो स्वामी विवेकानन्द की उस शक्ति की सार्थकता सहज ही हृद्‌यंगम हो जायगी जिसमें उन्होंने कहा था—

मैं उस (वैदिक) धर्म का प्रचार करने के लिए जा रहा हूँ। जिसका कि बौद्ध धर्म एक विद्रोही बालक है तथा ईसाई धर्म जिसकी दूर की प्रतिध्वनि मात्र है।

उपसंहार

उपसंहार में हम प्रसिद्ध अमेरिकन विचारक एण्ड्रू जैक्सन डैविस के उन शब्दों को उधृत करना चाहते हैं जिसमें उसने आर्य-समाज की तुलना उस दिव्य प्रचण्ड अग्नि से की है।

संसार के अज्ञान, अविद्या, पाखण्ड और विषमता को भस्म करने के लिए परिव्राजक दयानन्द द्वारा यह अग्नि उद्दीप्त की गई थी। इस क्रांति ज्वाला को बुझाने का प्रयास अन्य मतावलम्बियों नें तो किया ही, स्वयं हिन्दू धर्म के याजक और पुरोहितगण भी इसके उपशमनार्थ सर्वाधिक प्रयत्नशील रहे। परन्तु काषाय वस्त्र धारी संन्यासी के प्रोज्ज्वल ओज और तेज से दीप्त यह आर्यसमाज रूपी हुताशन निरन्तर वृद्धिगत ही हो रहा है और कोई आश्चर्य नहीं यदि निकट भविष्य में वह संसार के समस्त ताप संताप, पीड़ा और शोक का निवारण कर उसे शान्ति, सुख और मोक्ष का धाम बना देगा।

ऐसा होने पर ही परिव्राट् दयानन्द के दिव्य स्वप्न पूरे होंगे।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३

प्रो० ओप्रकाश ब्रह्मचारी

एम० ए० (द्वय) विद्यावाचस्पति

प्रस्तुत निबन्ध में आर्यसमाज क्या है ? आर्यसमाज के सम्बन्ध में महर्षि दयानन्द के स्वप्न क्या थे ? और इनकी पूर्ति किस प्रकार हो सकती है ?—ये प्रमुख विचारणीय विषय है।

आर्यसमाज क्या है ?

आर्य नाम है श्रेष्ठ का और समाज नाम है मनुष्यों के समूह का। स्वामी दयानन्द श्रेष्ठ जनों के समूह को ही आर्यसमाज मानते थे। उन्होंने "अहं भूमिमददामार्याय" के भाष्य में लिखा है "आर्याः श्रेष्ठ गुण कर्म स्वभाव युक्ता मनुष्याः"। अतः ऋषि की दृष्टि में यह उत्तम विचार और आचरण वाले पुरुषों का समूह है।

आर्यसमाज क्यों ?

स्वामी दयानन्द ने गृह का त्याग सच्चे शिव की प्राप्ति एवं दुःख से निवृत्ति के लिए किया था। इसके लिए उन्होंने घोर तप किया, जंगलों की खाक छानी, संन्यासियों एवं योगियों के चरण धोये और जब उन्हें अभीष्ट प्राप्त हुआ तो वे अति आनन्दित हुए। उन्होंने चाहा कि जो आनन्द उन्हें प्राप्त हुआ है वह संसार के अन्य

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोगो को भी प्राप्त हो। वे लोग भी दु:खों से मुक्ति प्राप्त कर सकें। इस निमित्त उन्होंने आजीवन प्रयत्न किया, घोर कष्ट सहे, यहाँ तक कि सतरह बार विषपान किया। स्वामी दयानन्द एक ऐसे मानव एवं मानव-समाज का निर्माण करना चाहते थे जो जन्म से मृत्युपर्यन्त कभी दु:खी न हो। एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जिसमें व्यक्ति धर्म पूर्वक अर्थ एवं काम का उपार्जन करते हुए अपने चरम लक्ष्य-मोक्ष-को प्राप्त कर सके। उनके शब्दों में "...... **धर्मार्थ-काम मोक्षाणां सद्यः सिद्धिर्भवेन्न"।** इसके लिए उन्होंनें आवश्यक समझा था कि एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को अपनाया जाए जो व्यक्ति को उपर्युक्त उद्देश्य तक पहुँचा सके। ऐसी समाजिक व्यवस्था को जन्म देने के लिए उन्होंने यह भी आवश्यक समझा कि इसके घटकों के पास निर्भ्रान्त ज्ञान हो जिससे वह अपने को अपने चारों ओर फैले इस प्रकृति के विस्तार को एवं उसके नियामक तथा सूत्रधार को प्रत्यक्ष कर सके। अपने जीवन-भर की तपस्या ज्ञान एवं योग से प्राप्त ऋतंभरा बुद्धि द्वारा उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला था कि ऐसी सामाजिकव यवस्था वर्णाश्रम व्यवस्था ही हो सकती है एवं ऐसा निर्भ्रान्त ज्ञान एकमात्र ईश्वरीय ज्ञान अर्थात् वेद ही हो सकते हैं।

स्वामीजी के पदार्पण के समय कल्याणी वेद वाणी गड़रियों का गीत समझी जाती थी। प्राणी-मात्र का हितैषी मूढ़ बना था। अतः उन्होंने प्राचीन शैली पर वेद-मत का प्रतिपादन किया। वेदमतानुयायी अपने गौरव, ज्ञान, उच्चादर्श एवं विज्ञान को भूल चुके थे। उन्हे ऋगवेदादि भाष्य भूमिका देकर संजीवनी दी। उन्होंने देखा, वेदमत के पक्षधर वैयक्तिक स्तर पर कुछ प्रयत्न करके किसी प्रकार वेदों का सुरक्षित रख रहे हैं। दूसरी ओर इसके विपक्षी नित्य नई शैली में वेदों पर ग़लत और पक्षपातपूर्ण आक्षेप नियोजित ढंग से लगा रहे हैं। विदेशी भारत के प्राचीन साहित्य, इतिहास, धर्म और

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृति को नष्ट करने पर तुले हुए थे। एक व्यक्ति कितना और कब तक इनसे लोहा ले सकेगा ? । अतः सामूहिक रूप से इन आक्षेपों का करारा प्रत्युत्तर देने के लिए वेदमत के वैज्ञानिक आधार पर मंडप के लिए तथा भारत के प्राचीन गौरव को पुनः स्थापित करने के लिए महर्षि दयानन्द ने "आर्यसमाज" की स्थापना की।

आर्यसमाज किस लिए अर्थात इसके कार्यक्रम

महर्षि दयानन्द के ग्रन्थों को देखने से आर्यसमाज की स्थापना के पीछे उनके निम्न स्वप्न जान पड़ते हैं—

१. **संसार का उपकारः**—मानव शरीर में नाभि, नाभकीय शक्ति (Nuclear Power) से युक्त हो शरीर संतुलन को बनाये रखता है। उसी प्रकार आर्यसमाज के दस नियमों में षष्ठ नियम इसके प्रमुख उद्देश्य का प्रतिपादन करता है। **"संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।"**

आर्यसमाज किसी देश, काल एवं पात्र विशेष से बंधा न होकर संसार का उपकार करना अपना उद्देश्य मानता है। इस उद्देश्य की पूर्ति का मार्ग उसकी दृष्टि में स्पष्टतः तीन चरणों में पूरा होने-वाला है—शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक। इस क्रम का भी अपना महत्त्व है। शरीर समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। प्रत्येक शरीर नीरोग और पुष्ट हो तभी कुछ किया जा सकता है क्योंकि "शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्" अतः सर्वप्रथम शारीरिक पुष्टता आवश्यक है। किन्तु पुष्ट शरीर यदि मन और आत्मा से कमज़ोर है तो यह भी बेकार होगा। पुष्ट शरीर और तेजस्वी आत्मा मात्र व्यक्तिगत रूप से प्रयुक्त होता है तो यह भी बेकार है। इन दोनों का उपयोग समाज के हितार्थ हो। ऋषि ने आर्यसमाज के

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवम नियम में लिखा है "प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से संतुष्ट न रहना चाहिए किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए।"

२. **आस्तिकवाद की स्थापना** :—धार्मिक जगत् में ईश्वर के नाम, स्थान और स्वरूप के सम्बन्ध में परस्पर विरोधी विचारों का बाहुल्य था। ऋषि दयानन्द ने बताया ईश्वर का निज नाम "ओ३म्" स्थान "सर्वत्र" और स्वरूप "निराकार" है। ऐसे ही ईश्वर की उपासना करनी चाहिए। ईश्वर सम्बन्धी इस विचार की स्थापना से ही मानवों में एकता, सद्भाव और आनन्द का विचार हो सकता है।

३. **वर्णाश्रम व्यवस्था** :—स्वामीजी मानते थे कि स्वस्थ्य, सबल और सच्चरित्र मानव समाज की स्थापना सच्चे अर्थों में वर्ण और आश्रम व्यवस्था के परिपालन से हो सकती है। वर्ण-व्यवस्था गुण, कर्म, स्वभाव से मानी जाय न कि जन्मना जाति से। इसी प्रकार आश्रम व्यवस्था अत्यन्त परिश्रम करके उत्तम गुणों के ग्रहण और श्रेष्ठ कर्मों के करने की योजना है।

गुण कर्म स्वाभावानुसार वर्ण व्यवस्था एक ओर उठने की प्रेरणा देती है तो दूसरी ओर गिरने का भय दिखाती है। यह प्रेरणा और भय मानव को अपने पथ से विचलित नहीं होने देती। इससे वर्ण संकरता रुकती है। धन, मान, पद और यश में न लिपटे रहें यही आश्रम व्यवस्था सिखलाती है। ब्रह्मचर्य सभी आश्रमों का आधार है। आधार जितना सुदृढ़ होगा शेष आश्रमों का जीवन भी उसी अनुपात में सुखकर होगा।

४. **पञ्चमहायज्ञ** :—चारों आश्रम का आधार गृहस्थ आश्रम है। जब तक गृहस्थ अपने कर्त्तव्य का उत्तरदायित्व नहीं निभाता तब तक अन्य तीनों आश्रम भी स्थिर नहीं हो सकते। स्वामीजी मानते थे कि अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि के लिए प्रतिदिन

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पञ्चमहायज्ञ करना गृहस्थ का परम धर्म है।

(क) **ब्रह्मयज्ञ** :—ईश्वर के समीपस्थ होने तथा उसके गुण कर्मों को जीवन में उतारने के लिए यह चारों आश्रमों को करणीय है।

(ख) **देवयज्ञ** :—यह व्यक्तिगत हितों को राष्ट्रहित के लिए आहुत कर देने का महान संदेश देता है।

(ग) **पितृयज्ञ**:—जीवित माता पिता और आचार्य की सेवा।

(घ) **अतिथियज्ञ** :—आप्त विद्वान और निष्काम देश भक्तों की सेवा।

(ङ) **भूतयज्ञ** :—प्राणिमात्र के प्रति सद्भावना देना।

(५) **संस्कारों की प्रतिष्ठा** :—शरीर, मन और आत्मा जिन कर्मों के करने से उत्तम हो उसे संस्कार कहते हैं। संस्कार सोलह माने गये हैं। संस्कारों की पुनः प्रतिष्ठा से ही आर्य जाति अपने लक्ष्य धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष को सिद्ध करते हुए अपने प्राचीन गौरव को प्राप्त कर सकेगी।

(६) **योग विद्या का प्रचार** :—शरीर और मन पर विजय प्राप्त करते हुए आत्मा के स्वरूप का दर्शन करने के लिए योग का जीवन में समावेश आवश्यक है। योगी ही एकाग्र-चित्त हो कुशलता-पूर्वक कार्य सम्पादन करता हुआ जीवन में समभाव पैदा करता हैं और ऐसा ही व्यक्ति ईश्वर-प्राप्ति का अधिकारी होता है।

(७) **आयुर्वेद की प्रतिष्ठा** :—हित् भुक्, ऋत् भुक् और मित भुक् का आश्रय लेते हुए पूर्ण आयु नीरोग कैसे रहें यह आयुर्वेद बताता है। चरक, सुश्रुत जैसे आयुर्वेद और अथर्ववेदीय चिकित्सा विज्ञान पर चिन्तन ओर शोध आवश्यक है। मानव हितकारी,

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर और मन के लिए अविकारी तथा सरल और सुलभ चिकित्सा पद्धति का प्रचार स्वामीजी चाहते थे।

८. संस्कृत विद्या का पुनरुद्धार :—ईश्वरीय ज्ञान वेद का पठन-पाठन तथा वेद की शिक्षाओं का जनजीवन में प्रचार एवं प्रसार तब तक सम्भव नहीं जब तक संस्कृत का पठन-पाठन बड़े पैमाने पर नहीं होता। सम्पूर्ण प्राचीन वाङ्मय-रूपी "निधि" संस्कृत जाने बिना हस्तगत नहीं हो सकती। ऋषियों की ऋतम्भरा बुद्धि से प्राप्त ज्ञान और उनके अनुभव संस्कृत में ही लिपिबद्ध हैं। भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्राचीन भारत के संस्कृत रूपी खजाने से ज्ञान और विज्ञान प्राप्त करना होगा। अत: प्रत्येक व्यक्ति को संस्कृत की शिक्षा अनिवार्यरुप से देनी होगी। इसके लिए पाणिनि और पतञ्जलि की शैली अपनानी होगी जो सरल और सुबोध है।

९. गोकृष्यादि की रक्षा :—देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वामी दयानन्द गौ और कृषि को आधार मानते थे। गोकरुणानिधि में उन्होंने लिखा है कि गो दुग्ध, घृत, दधि के सेवन से एक ओर अजय पौष्टिकता मिलती है तो दूसरी ओर खाद्यान्न की खपत घटती है। गो दुग्ध बुद्धि और वीर्यवर्द्धक है। इससे प्राप्त शक्ति सात्विक होती है गोघृत यज्ञीय जीवन का आधार माना गया है। यह आधिभौतिक और आध्यात्मिक तेज पैदा करता है। गोमूत्र उदर विकार की अमोघ औषधि है तथा उत्तम खाद है। गोमय भी खाद के साथ-साथ अनेकानेक विषैले आणविक प्रभाव को नष्ट करता है। गोमूत्र और गोमय के सम्मिलित प्रयोग से अन्न, शाक और फलों में पौष्टिकता तथा माधुर्य आता है। यह भूमि की उवरा शक्ति को बढ़ाते रहते हैं। ऋषि दयानन्द ने यजुर्वेद भाष्य में लिखा है कि मधुर एवं सात्विक अन्न पैदा करने के लिए गोमूत्र और गोमय का ही प्रयोग करना चाहिए। कृषि में आत्मनिर्भरता के लिए गोवंश

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की वृद्धि इसलिए भी आवश्यक है कि बैल कृषि कार्य में सहायक तो होते ही हैं भारवाहन में भी सहायता देते हैं। सत्यार्थ प्रकाश में स्वामी जी ने लिखा भी है—

जब आर्यों का राज्य था तब ये महोपकारक गाय आदि पशु नहीं मारे जाते थे, तभी आर्यावर्त्त में या अन्य भूगोलस्थ देशों में बड़े आनन्द से मनुष्यादि प्राणि वर्त्तते थे। क्योंकि दूध, घी तथा बैल आदि की बहुतायत होने से अन्न रस पुष्कल प्राप्त होते थे।"

वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया है कि गो के आसपास रहनेवाले के पास यक्ष्मा तथा क्षय रोग नहीं फटकते। वे मानने लगे हैं कि गोसेवक विनयी बन जाता है।

स्वामी दयानन्द की दृष्टि में गाय का इतना अधिक महत्त्व था। अतः उनके अनुयायी भी व्यवहार में गोवंश की वृद्धि के लिए प्रयत्न करे, जैसे समाज के प्रत्येक सदस्य तथा इसके अन्दर चलने वाले गुरुकुल गोपालन शुरू कर ऋषि दयानन्द के स्वप्नों को साकार करें।

गोवध करनेवाले के लिए वेद का विधान है कि **"त्वा सीसेन विध्यामि"** अर्थात् उसे शीशे की गोली से उड़ा दिया जाए।

१०.शिल्प और कलाकौशल की वृद्धि :—स्वामी दयानन्द ने यज्ञ विधान के सम्बन्ध में शिल्प व्यवहार की चर्चा की हैं जो **"रसायन जो कि पदार्थ विद्या उससे उपयोग और विद्यादि शुभ गुणों का दान" पदार्थ विज्ञान जो जगत के उपकार के लिए किये जाते हैं,"** आदि अर्थ माने हैं। शिल्प विद्या के अन्तर्गत यान और विमान निर्माण भी समाहित है।

ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के नौविमानादि विद्या प्रकरण में तथा तारविद्या प्रकरण में पानी पर चलने वाले यान, आकाश में उड़ने वाल विमान की चर्चा है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"पृथिवी से उत्पन्न धातु तथा काष्ठादि के यन्त्र और विद्युत् अर्थात् बिजली इन दोनों के प्रयोग से तार विद्या सिद्ध होती है।"

"तार शुद्ध धातुओं का होना चाहिए और विद्युत् प्रकाश से युक्त करना चाहिए।"

इसी प्रकार ऋषि दयानन्द ने संस्कार विधि के 'शाला निर्माण विधि' में लिखा है।

"जो शाला बहुत बलारोग्य के पराक्रम को बढ़ानेवाली और धनधान्य से पूरित सम्बन्धवाली, जल, दूध, रसादि से परिपूर्ण, पृथिवी परिमाण युक्त निर्मित की हुई, सम्पूर्ण अन्नादि ऐश्वर्यो को धारण करती हुई, ग्रहण करने हारों को रोगादि से पोड़ित न करे वैसा घर बनाना चाहिए।" इस प्रकार के घर कैसे बनें तथा प्राचीन शिल्प विद्या की सिद्धि कैसे हो इसके लिए वेद और प्राचीन साहित्य की सहायता से खोज होनी चाहिए।

इसके अतिरिक्त कला-कौशल का साधारण मनुष्य के जीवन से सीधा सम्बन्ध है। घरेलू और आसपास के कम उपयोगी समानों को रूप, आकार तथा स्थान परिवर्तन से अधिक उपयोगी बनाना कला कौशल का उद्देश्य है। कम पूँजी और अधिक श्रम से बुद्धि-पूर्वक उत्पादित वस्तु हितकारी होते हुए अधिक-से-अधिक मनुष्यों को काम और आराम देती है। ऐसा लगता है स्वामी दयानन्द विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था के पोषक थे। कौटिल्य उनकी नज़र में स्पष्ट रूपरेखा देता है। स्वामी दयानन्द के एतद् विषयक विचारों पर गम्भीरतापूर्वक खोज करने की आवश्यकता है। धार्मिक राज्य की स्थापना के समय आर्थिक ढाँचे को भी स्पष्ट करना चाहिए तभी विचारों की पूर्णता प्रदर्शित होगी।

(११) **धार्मिक राज्य की स्थापना** :—ऋषि दयानन्द ने आर्या-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भिविनय में संकलित ईश्वर स्तुति और प्रार्थना के मन्त्रार्थ में अनेक स्थलों पर चक्रवर्ती राज्य की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की है। इसकी पुष्टि में निम्न उद्धरण पर्याप्त होगें।

(क) "वैसे सुवर्ण रत्नादि तथा चक्रवर्ती राज्य और विज्ञान, रूप धन को प्राप्त होऊँ तथा आपकी कृपा से सदैव धर्मात्मा होके अत्यंत सुखी रहूँ।" [आर्या० मं० ३]

(ख) "**अस्मभ्यं वरियः सुगं कृधि**—'हमारे लिए चक्रवर्ती राज्य और साम्राज्य धन को 'सुगम' सुख से प्राप्त कर अर्थात् आपकी करुणा से हमारा राज्य और धन सदा वृद्धि को ही प्राप्त हो। [वहीं मं० ४३]

(ग) हे महाराजाधिराज परब्रह्मन्। 'क्षत्राय' अखण्ड चक्रवर्ती राज्य के लिए शौर्य, धैर्य, नीति, विनय, पराक्रम और बलादि उत्तम गुणयुक्त कृपा से हम लोगों को यथावत् पुष्ट करें। अन्य देशवासी राजा हमारे देश में कभी न हों, तथा हम लोग पराधीन कभी न हों। [वहीं० मं० ४१ य० ३८/१४]

चक्रवर्ती साम्राज्य का मुख्य उद्देश्य धर्म, न्याय और सदाचार की स्थापना करना है। वैदिक साम्राज्य में शोषण, उत्पीड़न, पक्षपात तथा अन्याय को प्रश्रय नहीं मिलता, वहाँ तो गुण और त्याग की पूजा होती है। संसार के उपकार करने का स्वामी दयानन्द का स्वप्न ऐसे ही धार्मिक चक्रवर्ती साम्राज्य की स्थापना से ही सम्भव है।

१२. शुद्धि कार्य का विस्तार :—आर्य जाति अपनी संकीर्णता अज्ञान और पाखण्ड के कारण दिन प्रतिदिन छोटी होती गई, अछूत के नाम पर अपने ही भाई विधर्मी होने लगे और धीरे-धीरे अनार्यों की संख्या बढ़ने लगी। स्वामीजी ने इस भूल को समझा और इसके शमनार्थ दो कार्य किये, एक तथाकथित अछूतों, पथभ्रष्टों और

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असहायों को शुद्ध कर अपने में मिलाया तो दूसरी ओर बहुत दिनों से बने विधर्मियों (?) को शुद्ध कर गले लगाया। भविष्य में ऐसी गल्ती न हो इसके लिए उन्होंने स्त्रियों, शूद्रों तथा अतिशूद्रों को वेद पढ़ने का अधिकार दिलाया जिससे

"सब मनुष्यों वेदों को पढ़-पढ़ा और सुन-सुना कर विज्ञान को बढ़ा के अच्छी बातों का ग्रहण और बुरी बातों का त्याग करके दु:खों से छूट कर आनन्द को प्राप्त हों। [स० प्र० ३]

इस तरह स्वामी जी का यह कार्य भी चलते रहना चाहिए।

२ स्वामी दयानन्द के स्वप्न पूरे कैसे हों ?

स्वामी दयानन्द के स्वप्नों को पूरा करने के लिए आचारवान् विद्वान् कार्यकर्ता चाहिए। यह काम शिक्षण संस्थायें ही कर सकती है। आगेकी पंक्तियों में इन्ही शिक्षण संस्थाओं पर विचार किया जाएगा।

आर्य समाज के इतिहास में शिक्षा प्रचार के दो साधन मिलते हैं।
(क) पाश्चात्य पद्धति पर आधारित डी० ए० वी० संस्थाएँ।
(ख) प्राचीन भारतीय परम्परा पर आधारित गुरूकुल।

(क) डी० ए० वी० संस्थाएँ :—डी० ए० वी० संस्थाओं की स्थापना हिन्दू साहित्य की रक्षा, वैदिक तथा आर्यसाहित्य की शिक्षा और पाश्चात्य भाषा एवं विज्ञान से अपनी भाषा एवं विज्ञान को पुष्ट करना इन तीन उद्देश्यों को लेकर हुई थी। इन उद्देश्य की प्राप्ति में इन्हें थोड़ी बहुत कृतकार्यता हुई भी। कुछेक अपवाद स्वरूप उदाहरण को छोड़कर डी० ए०वी० संस्थाओं ने आर्यसमाज के लिए समर्थक ही पैदा किये। आर्यसमाज के लिए पंडित, प्रचारक और वेद तथा संस्कृत के विद्वान् पैदा करना इनका उद्देश्य ही नहीं रहा। अतः इसप्रकार के परिणाम की इनसे अपेक्षा रखनी न्याय संगत न होगी। आर्यसमाज की पोषक संस्था के रूप में डी० ए० वी० संस्थाओं की

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असफलता प्रामाणित हो चुकी है। अतः अब इनपर धन, बल, बुद्धि और समय लगाना व्यर्थ है।

(ख) गुरुकुल :—आर्यसमाज के लिए विद्वान् और प्रचारक पैदा करने की डी० ए० वी० संस्थाओं की अक्षमता देखकर लगभग १८ वर्ष बाद गुरुकुल की स्थापना प्रारम्भ हुई। वेद के पठन-पाठन, संस्कृत की पुनः प्रतिष्ठा, ऋषि निर्मित पाठ्यविधि के आधार पर अध्यापन, प्राचीन गुरु-शिष्य परम्परा का निर्वाह और यज्ञ की महिमा को स्थापित करने के निमित्त गुरूकुल प्रारम्भ हुए।

गुरुकुल के प्रारम्भिक वर्ष कार्यकर्ताओं के उत्साह, लगन, निष्ठा और सिद्धान्तप्रियता के चलते आर्यसमाज के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हैं। यहाँ के स्नातक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दीप-स्तम्भ की तरह प्रामाणित हुए। जबतक ऋषि दयानन्द के सिद्धान्तों के अनुरूप समाज बनाने की दिशा में गुरुकुल के अधिकारी सचेत रहे, गुरुकुलों ने वेदभक्त, राष्ट्रप्रेमी सदाचारी और विद्वान् पैदा किये। किन्तु जबसे गु कुलों ने सरकारी मान्यता की ओर अपने कदम बढ़ाये तब से इनकी पवित्रता नष्ट हुई, स्तर गिरता गया और अब ये नाम मात्र के गुरूकुल रह गये हैं।

अतः वर्तमान गुरुकुलों को ऋषि दयानन्द के सिद्धान्तों के अनुरूप बनाने, उनके द्वारा प्रदर्शित पाठविधि के चलाने, तथा प्राचीन गुरु शिष्य परम्परा को स्थापित करने के लिए गुकुरुलों में निम्न सुधार अपेक्षित हैं।

(गुरुकुलों के कार्य और प्रशासन-सम्बन्धी विशेष जानकारी के लिए विद्यार्य सभा के अन्तर्गत 'गुरुकुल प्रकरण' देखें।)

पाठ विधि :—

(१) गुरुकुलों में महर्षि दयानन्द द्वारा निर्दिष्ट अष्टाध्यायी एवं महाभाष्यादि प्राथमिकता से पढ़ाई जाए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२) संस्कृत विद्या के अतिरिक्त छात्रों की उम्र और योग्यता का विचार रखते हुए गणित तथा आधुनिक विज्ञान की पढ़ाई हो।

(३) आधुनिक विज्ञान की शिक्षा सूत्रात्मक या श्लोकात्मक शैली से दी जाये न कि वर्तमान विश्लेषणात्मक पद्धति से।

(४) शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाए जिसमें प्राणायाम और आसन की विशेष रूप से व्यवस्था हो।

ये विषय सबके लिए प्रवेशिका स्तर तक अनिवार्य हो। प्रवेशिका स्तर तक की शिक्षा ११ वर्षों में पूरी हो।

(५) प्रवेशिका के बाद का पाठ्यक्रम दो प्रकार का होगा (क) **उच्च शिक्षा** (ख) **हस्तशिल्प कौशल एवं संगीत**—छात्र इनमें से किसी एक में ही योग्यता और अभिरुचि के अनुसार प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

(६) उच्च शिक्षाभिलाषी छात्रों को स्नातक तक निम्न विषयों का अध्ययन करना होगाः—

(क) वेद के चुने हुए प्रसंग
(ख) वेदाङ्ग के चुने हुए ग्रन्थ
(ग) दर्शनों के चुने हुए विषय
(घ) प्राचीन और नवीन विज्ञान का संक्षिप्त अध्ययन
(ङ) नीतिशास्त्र का अध्ययन जैसे मनुस्मृति, कौटिल्य आदि
(च) आयुर्वेद की सामान्य शिक्षा
(छ) संस्कृत और हिन्दी के अतिरिक्त कोई एक भाषा यह पाठ्यक्रम चार वर्षों का होगा।

(७) हस्तशिल्पकला में प्रवीणता के अभिलाषी छात्रों को निम्न विषयों का अध्ययन करना होगाः—

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

(क) वेद के चुने हुए प्रसंग

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) नीतिशास्त्र का अध्ययन
(ग) अथर्ववेद के शिल्प-विषयक मंत्रों का अध्ययन
(घ) कम पूँजी से चलाये जानेवाले विभिन्न उद्योगों का प्रशिक्षण
(ङ) श्रम के अनुकूल भोग्य पदार्थों की इच्छा का अभ्यास।
(च) आयुर्वेद की सामान्य जानकारी

(८) स्नातक तक पढ़नेवाले सभी छात्रोंको ब्रह्मचर्य का परिपालन, संध्या अग्निहोत्र आदि का दैनिक अभ्यास और इन में विशिष्टता-प्राप्त छात्र को विशेष सम्मान और पुरस्कार दिया जाय।

(९) **स्नातकोत्तर शिक्षा** :—स्नातकोत्तर शिक्षा चार वर्षों की होगी। निम्न विषयों में से किसी एक का चयन किया जा सकता है:—

(अ) वेद
(आ) वेद और विज्ञान
(इ) दर्शन और उपनिषद्
(ई) वेद और दर्शन
(उ) आयुर्वेद (चिकित्सा विज्ञान)
(ऊ) वेद और आयुर्वेद
(ऋ) साहित्य और धर्मशास्त्र
(ए) व्याकरण निरूक्त और ज्योतिष
(ऐ) अर्थशास्त्र राजनीतिशास्त्र और वेद,

उपर्युक्त पाठ्यक्रम के सफल संचालन के लिए गुरुकुल निम्न प्रकार के होने चाहिए:—

(१) प्रवेशिका तक सामान्य अनिवार्य शिक्षा देनेवाले
(२) वेद की उच्चतर शिक्षा के लिए कुछ गुरुकुल।
(३) दर्शन और उपनिषद् की उच्चतर शिक्षा के लिए कुछ गुरुकुल
(४) व्याकरण, निरुक्त और ज्योतिष की उच्चतर शिक्षा के लिए कुछ गुरुकुल
(५) आयुर्वेद की उच्चतर शिक्षा के लिए कुछ गुरुकुल
(६) स्नातक तक की शिक्षा के लिए अलग विभाग रखते हुए

CC-0 In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुछ गुरुकुलों में हस्तशिल्प कौशल के लिए व्यवस्था हो तथा शेष में सामान्य उच्च शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी।

उच्चतर शिक्षा के लिए देश के विभिन्न गुरुकुलों से प्रतियोगिता के आधार पर चुने हुए छात्र विशिष्टता प्राप्त गुरुकुलों में प्रविष्ट हो सकेंगे।

सभी गुरुकुलों में सभी प्रकार की शिक्षा देना सुविधा, प्रबन्ध, आर्थिक सुलभता और विद्वानों की अपर्याप्तता देखते हुए सम्भव नहीं। अतः उपर्युक्त व्यवस्था ही श्रेयस्कर होगी।

गुरुकुलों के संम्बन्ध में कुछ सुझाव

(१) गुरुकुल का अर्थ बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग गुरुकुल से है।

(२) गुरुकुल के शिक्षक सदाचारी विद्वान् और तपस्वी हों।

(३) जहाँ तक सम्भव हो गुरुकुलों में निशुल्क शिक्षा और भोजनादि का प्रबन्ध हो।

(४) गुरु शुद्ध भाव से और सात्विक बुद्धि से विद्या दान दे और छात्र श्रद्धा, तप तथा ब्रह्मचर्यपूर्वक विद्या अर्जित करें।

(५) गुरुकुल के प्रत्येक आर्य परिवार से कम-से-कम एक बालक और एक बालिका समर्पित हो जो देश, धर्म और जाति की सेवा करें।

(६) गुरुकुलों का संचालन सात्विक दान से हो।

(७) गुरुकुलों की आत्मनिर्भरता के लिए उनके साथ गोपालन और कृषि की व्यवस्था हो।

(८) कन्या गुरुकुल के लिए अलग से पाठ्यक्रम तैयार हो जिसमें अष्टाध्यायी और महाभाष्य के अतिरिक्त संगीत और आयुर्वेद की शिक्षा अवश्य दी जाये।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(९) कन्या गुरुकुलों की संख्या जितनी अधिक होगी, आर्य-समाज का कार्य भी उतना ही सरल होगा क्योंकि कन्याएँ ही पत्नी, माँ तथा अन्य रूपों में समाज की निर्मातृ होती है।

गुरुकुल के गुरुओं से निवेदन

समान उद्देश्य और समभाव होने पर भी सहकर्मियों में टकराहट मानव स्वभाववश होती ही रहती है और प्रायः इन्हें टालना भी अशक्य हो जाता है। ऐसी स्थिति न आये तो अच्छा है। अगर विकट परिस्थिति आये ही तो :—

(१) सहनशीलता का परिचय देते हुए अपने को स्थिति के अनुकूल ढालना चाहिए या स्वेच्छया स्थान त्याग देना चाहिए।

(२) संकटकाल में धैर्य धारण करना लाभप्रद होता है।

(३) क्रोध को वश में करना सात्विकता बढ़ाता है।

(४) चित्त उद्विग्नता की स्थिति में तय करना चाहिए या अकेले भ्रमणार्थ निकल पड़ना चाहिए तब कुछ-न-कुछ प्रकाश प्राप्त होगा।

(५) सार्वजनिक जीवन में उपकार का प्रतिफल पाने की आशा नहीं रखनी चाहिए।

(६) मधुर स्वभावयुक्त आचरण विकट-से-विकट विरोधी को भी शांत कर देता है।

(७) कभी-कभी अपमान की घूंट भी पी लेनी चाहिए।

वैसे तो परमात्मा ही सच्चा पथप्रदर्शक है फिर भी कभी-कभी सांसारिकों के अनुभव से लाभ उठाना चाहिए।

गुरुकुल के स्नातकों का समाज में समायोजन

प्रायः देखा जाता है कि गुरुकुल के प्रतिष्ठित स्नातक भी अपने पुत्र-पुत्रियों को गुरुकुल में पढ़ाना नहीं चाहते। जिन्होंने अपने जीवन के बहुमूल्य १५-२० वर्ष गुरुकुलों में व्यतीत किये हों, वे ही

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
यदि इनके बारे में ऐसा विचार रखें, तो सोचना पड़ेगा कि कहीं कुछ-न-कुछ त्रुटि है। अब तक यही देखा गया है कि गुरुकुल के स्नातक, उपदेशक, शिक्षक या पुरोहित हुए हैं। कुछेक राजनीति में भी हैं। उनकी योग्यतानुसार आर्यसमाज उनका लाभ न उठा सका अथवा समाज में वे अपने को ढंग से स्थापित न कर सके। भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति का अभाव, आर्यजगत में विद्वानों के सम्मान की कमी और अविद्वानों को पूजा, आर्यसमाज के अधिकारियों का अच्छा व्यवहार न होना तथा पुत्र-पुत्रियों के लिए योग्य वर-वधू की कमी में स्नातकों के साथ जुटे यह कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिन्हें उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता रहा है और इसका परिणाम सबके सामने है।

गुरुकुल के स्नातक आर्यसमाज और वेदमत प्रचार के इच्छुक सज्जनों के लिए धरोहर है, निधि हैं, इनका सदुपयोग होना ही चाहिये तभी आर्यजाति अपने प्राचीन गौरव और आदर्श को प्राप्त कर सकेगी। योग्यता के आधार पर स्नातकों का समाज में समायोजन कैसे हो इसके लिए निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं:—

(१) उच्च शिक्षा प्राप्त स्नातकों को उनकी योग्यता और इच्छानुसार यदि वे शिक्षा क्षेत्र में रहना चाहें तो सम्मान के साथ पुष्कल दक्षिणा देकर उनका लाभ गुरुकुल, स्वाध्याय-केन्द्र या शोध-केन्द्र में किया जा सकता है। (इन केन्द्रों का विवरण आगे मिलेगा)

(२) प्रचारक और पुरोहित बनने के इच्छुक स्नातकों को पहले प्रशिक्षण दिया जाए और फिर इन्हें पर्याप्त दक्षिणा के साथ उपर्युक्त कामों में लगाया जाए।

(३) आयुर्वेद के विशेषज्ञ स्नातकों को धर्मार्थ उपसभा
CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वारा स्थापित औषधालयों में उपयुक्त दक्षिणा के साथ सेवा करने का अवसर दिया जाए।

(४) देश के सभी गुरुकुलों से उच्च शिक्षा प्राप्त स्नातकों में से कुछ का चुनाव हो जिन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे आई०ए०एस (I.A.S), आई.पी.एस. (I.P S.) और आई .एफ.एस. (I.F.S.) में बैठाया जाए। इसके लिए इस विद्या के उच्चतम अधिकारियों को सेवा अलग से प्राप्त कर स्नातकों को प्रशिक्षित किया जाये।

(५) ऐसे ही कुछ चुने हुए स्नातकों को राष्ट्रीय विज्ञान की शोध प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए अलग से प्रशिक्षण दिया जाए।

(६) गुरुकुल के प्रतिष्ठित विद्वान् आर्यसमाजों में उपदेशक, पुरोहित और भजनीक के रूप में धर्मार्य उपसभा की अनुशंसा पर आर्यसमाज द्वारा नियुक्त हों। इन्हें भी प्रचुर दक्षिणा दी जाये।

(७) कला-कौशल में प्रशिक्षित स्नातकोंको समाज में खड़ा होने के लिए आर्यसमाज यथाशक्ति सहयोग और सहायता दे।

(३) आर्यसमाज का नया विधान क्यों ?

आर्यसमाज ने पिछले सौ वर्षों में देश धर्म और जाति के लिए जो कुछ भी किया है वह प्रशंसनीय ही कहा जाएगा। किन्तु आर्यसमाज के प्रवर्त्तक महर्षि दयानन्द ने आर्यसमाज के कन्धों पर जो वृहत्तर उत्तरदायित्व और कार्यों की शृंखला सौंपी थी उसे देखते हुए यही कहा जा सकता है कि अभी हम 'कृण्वन्तो विश्यमार्यम्' के लक्ष्य से बहुत दूर हैं। पं० नरदेव शास्त्री वेदतीर्थ जी ने अपनी आत्मकथा में स्वीकार भी किया है—

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"आर्यसमाज ने स्वामीजी के पीछे जितना भी कार्य किया, प्रचार में जितना भी बल लगाया, जितनी भी समाजें कायम कीं, जितनी भी संस्थाएँ चलाईं, हिन्दुओं की रक्षा की, अन्य मतावलम्बियों का मुख बन्द किया, धर्म प्रचार किया, समाज सुधार चलाया, शुद्धि का द्वार खोला, सब कुछ किया किन्तु संसार का उपकार जैसे महान् संसार व्यापी कार्य के सम्मुख अब तक के समस्त प्रयत्न दरिया में खस-खस के तुल्य हैं।"

यह सब कुछ इसलिए हुआ कि आर्यसमाज ने कार्यों का विभाग करके कार्य-सम्पादन नहीं किया। वेदतीर्थ जी लिखते हैं—"आर्यसमाज को अज्ञों के बहुमत ने चौपट कर डाला और अज्ञों तथा विज्ञों के मिश्रित बहुमत के कारण उसके अनेक आवश्यक कार्य अधूरे रह गए और अधूरे रहेंगे।' वे आगे लिखते हैं—"आर्यसमाज में जब तक उस-उस विषय में उस-उस विषय के तत्त्वज्ञ पुरुषों के बहुमत द्वारा निर्णय होकर कार्य न होगा। समाज की यथार्थ उन्नति नहीं होगी।"

यद्यपि आर्यसमाजियों ने यथाशक्ति और यथामति आर्यसमाज का ही कार्य किया है तथापि दलबन्दी के कारण आर्यसमाज की समष्टि शक्ति का दुरुपयोग ही हुआ है। अतः समय आ गया है कि **आर्यसमाज के नियमोपनियम में परिवर्त्तन हो।**

महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश षष्ठ समुल्लास में लिखा है—"यदि एक अकेला सब वेदों का जानने हारा द्विजों में उत्तम संन्यासी जिस धर्म को व्यवस्था करे वही श्रेष्ठ धर्म है, क्योंकि अज्ञानियों के सहस्रों, लाखों, करोड़ों मिलके जो कुछ व्यवस्था करें उसको कभी न मानना चाहिए।" इन पक्तियों का निष्कर्ष यही है कि वर्त्तमान प्रजातांत्रिक ढंग की चुनाव-पद्धति जिसमें विद्वान् और अविद्वान् दोनों के मत समान महत्त्व रखते हैं स्वामीजी के मत से असंगत

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। स्वामीजी समाज का गठन कैसा चाहते थे यह उनके ग्रन्थों के निम्न उद्धरणों से स्पष्ट होगा :—

(१) वे "सुख प्राप्ति और विज्ञान वृद्धिकारक राजा प्रजा के सम्वन्ध रूप व्यवहार में तीन सभाओं अर्थात् विद्यार्य, धर्मार्य और राजार्य सभाओं की नियुक्ति" आवश्यक मानते थे।

(स० प्र० षष्ठ समु०)

(२) "तीन प्रकार की सभा हो को राजा मानना चाहिए, एक मनुष्य को कभी नहीं।" (भाष्य भूमिका राज्य प्रजा धर्म)

(३) "राजा जो सभापति तदाधीन सभा, सभाधीन राजा, राजा और सभा प्रजा के आधीन और प्रजा राजसभा के आधीन रहे।" (स० प्र० षष्ठ समु०)

(४) "सर्वोत्तम गुणकर्म स्वभाव-युक्त महान् पुरुष हो उसको राज-सभा का पति-रूप मान के सब प्रकार से उन्नति करें।"

(स० प्र० षष्ठ समु०)

(५) "तीनों सभाओं की सम्मति से राजनीति के उत्तम नियम और नियमों के आधीन सब लोग वर्त्तें।" (स० प्र० षष्ठ समु०)

ऊपर के उद्धरणों से तीन बातें स्पष्ट हैं—(क) राज्य-व्यवस्था के लिए तीन सभाएँ हों (ख) तीनों सभाओं का सभापति ही राजा और राज्य-व्यवस्थापक हो (ग) राजा प्रजा और सभासद एक दूसरे के आधीन रहें।

इन सभाओं के सभासद् कैसे हों इसके सम्बन्ध में स्वामीजी लिखते हैं—"विद्यासभा, धर्मसभा और राजसभाओं में मूर्खों को कभी भर्ती न करें किन्तु सदा विद्वान् और धार्मिक पुरुषों का स्थापन करें। सभासदों की योग्यता के बारे में लिखते हैं—"पवित्र आत्मा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
सत्याचार और सत्पुरुषों का संगी, यथावत्, नीतिशास्त्र के अनुकूल चलने हारा, श्रेष्ठ पुरुषों के सहाय से युक्त बुद्धिमान् हो। वे आगे लिखते हैं—"इस सभा में चारों वेद, न्यायशास्त्र, निरुक्त, धर्मशास्त्र आदि के वेत्ता विद्वान् हों। परन्तु वे ब्रह्मचारी, गृहस्थ और वानप्रस्थ हों। (स. प्र. ६)

आर्यसमाज के संगठन में तोनों सभाओं और सभापति की स्थापना की जब चर्चा होती है तब कुछ विद्वान् कहते-सुने जाते हैं। यह विधान राज्य-व्यवस्था के लिए है समाज-व्यवस्था के लिए नहीं। ऐसे लोग शायद भूल जाते हैं कि राज्य का निर्माण ही व्यक्ति, परिवार और समाज के संयोग से होता है। व्यक्ति और समाज में अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। ऐसे ही समाज और राष्ट्र में। इन सब में अन्तर है केवल संगठन के आकार का। राष्ट्र में राज्य-व्यवस्थापक हैं और समाज इस व्यवस्था की एक कड़ी है। देश के निर्माण और सुधार में जो अपेक्षा राष्ट्र को राज्य से है वही समाज को समाज-सुधारक संस्था से। आर्यसमाज तो संसार का उपकार करनेवाली संस्था है। इसका संगठन तो राज्य के संगठन से भी विशाल और व्यापक होना चाहिए। जिसका कार्यक्रम जितना होगा उसका संगठन और उसकी योजना भी उतनी ही व्यापक होगी। दिव्य दयानन्द के आदर्शों की अनुगामिनी और उत्तराधिकारिणी सस्था आर्यसमाज को भी उतनो ही व्यापक दृष्टि अपनानी होगी जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। अन्त में हम अपना निष्कर्ष वेदतीर्थजी के शब्दों में दुहराना चाहते हैं—"जब तक विद्यासभा, राजसभा और धर्मसभा इस नाम की तीन स्वतंत्र सभाओं का निर्माण होकर कार्य नहीं किया जायेगा, संसार-भर के उपकार की बात दूर रहेगी।"

उपर्युक्त निष्कर्ष और महर्षि दयानन्द के सिद्धान्तों के आलोक में आर्यसमाज के गठन के लिए हम निम्न विधान को प्रस्तावित करते हैं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रस्तावित संगठन का विधान संक्षेप में इस प्रकार है—

आर्यसमाज का संगठन इकाई, प्रान्तीय देशीय और अन्तर्देशीय स्तर पर होगा। इकाई संगठन स्थान विशेष के नाम पर, प्रान्तीय संगठन, प्रान्त विशेष के नाम पर, देशीय संगठन शिरोमणि अमुक देशीय संगठन के नाम पर और अन्तर्देशोय संगठन सार्वदेशिक के नाम से जाना जाएगा। प्रत्येक स्तर पर आर्यसमाज के अन्तर्गत तीन उप-सभाएँ--विद्यार्य्य, धर्मार्य्य और राजार्य्य हुआ करेंगी। इकाई विद्यार्य्य उपसभा अपने से ऊपर की प्रान्तीय विद्यार्य्य उप-सभा, प्रान्तीय विद्यार्य्य उप-सभा अपने से ऊपर की शिरोमणि विद्यार्य्य उप-सभा तथा यह अपने से ऊपर की सार्वदेशिक विद्यार्य्य उप-सभा से सम्बद्ध होगी और इनके निर्देशों को मानेगी। यही क्रम अन्य दो उप-सभाओं के लिए होगा।

सभी स्तर पर आर्यसमाज के प्रधान और मंत्री ऊपर की किसी भी सभा के लिए प्रतिनिधि नही होंगे। वे एकाग्रचित्त और स्थिर होकर आर्यसमाज की 'सामान्य सभा' द्वारा स्वीकृत योजनाओं को तीनों उपसभाओं के सहयोग से सम्पन्न करेंगे। सामान्य सभा का अर्थ तीनों उप-सभाओं की संयुक्त सभा से है।

सभी स्तर पर आर्यसमाजों के अधिकारियों का चुनाव दो वर्षों पर होगा। किसी भी कारणवश किसी अधिकारी के न रहने पर उसके उत्तराधिकारी नये चुनाव होने तक उस पद को भी सँभालेंगे।

प्रस्तावित विधान में आर्यसमाजों के प्रधान अनिवार्यतः संन्यासी ही रखने का सुझाव है यद्यपि यह स्वामीजी के मत से मान्य नहीं होगा। फिर भी परिस्थिति विशेष और आपद्-धर्म में लोकोपकारी संन्यासी के लिए ऐसे मानयुक्त और उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यों का निर्वाह संन्यास धर्म की मर्यादा के विपरीत न होगा।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जब सुयोग्य और धर्मात्मा ब्रह्मचारी गृहस्थ और वानप्रस्थ बहुलता से मिलने लगेंगे तब इस नियम में छूट दी जा सकती है।

प्रस्तावित विधान में 'प्रधान'-रूप संन्यासी का निर्वाचन न होकर चयन होगा। क्योंकि प्रधान किसी उप-सभा का सदस्य नहीं होता।

आर्यसमाज के गठन का विधान:—

इकाई समाज का गठन

(१) प्रत्येक समाज में दो तरह की सदस्यता हो—साधारण सभासद् और आर्य-सभासद्।

(२) आर्य-सभासदों को ही मतदान का अधिकार होगा।

(३) आर्य-सभासद् भी योग्यता और रुचि के अनुसार तीन उपसभाओं में लिये जाएँगे—

(क) विद्यार्य्य

(ख) धर्मार्य्य

(ग) राजार्य्य

(४) तीनों उपसभाएँ मिलकर आर्यसमाज कहलाएँगी।

(५) प्रत्येक उपसभा अलग-अलग अपने बीच से एक नेता का चुनाव करेगी जो पदेन आर्यसमाज के उपमंत्री और ऊपर की सभा के लिए प्रतिनिधि भी होंगे।

(६) तीनों उपसभाएँ मिलकर अपने बीच से एक मंत्री का चुनाव करेंगी। यदि कोई उपमंत्री मंत्री चुना जाता है तो उस उपमंत्री का स्थान रिक्त समझा जाएगा और सम्बन्धित उप-सभा को अपना दूसरा नेता चुनना होगा।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(७) प्रत्येक आर्यसमाज के प्रधान अनिवार्यत: संन्यासी होंगे जो सभा के बाहर से लिये जायेंगे।

(८) इसके अभाव में वानप्रस्थी या त्यागी, कर्मठ और विद्वान् सद्‌गृहस्थ प्रधान हो सकेंगे किन्तु यह छूट केवल इकाई आर्यसमाजों के लिए है, ऊपर की समाजों के लिए नहीं।

इकाई समाज की तरह ही प्रान्तीय, शिरोमणि और सार्वदेशिक स्तर की समाजों एवं उपसभाओं का गठन होगा।

उपसभाओं के आधार पर इकाई आर्यसमाजों के चुने गये प्रतिनिधि मिलकर प्रान्तीय सभा की उपसभाओं का गठन करेंगे और फिर इनके प्रतिनिधि शिरोमणि उपसभाओं का तथा फिर इनके प्रतिनिधि सार्वदेशिक उपसभाओं का गठन करेंगे।

सभी स्तर पर सभी उपसभाओं के गठन की सूचना (स्थान और समय के साथ) सभी सदस्यों को कार्यालय द्वारा दी जाए।

सभी स्तर पर सभी उपसभाओं के सदस्यों को तत्तत सभाओं के सदस्यों की पूरी सूची कार्यालय द्वारा दी जाए।

सभासदों एवं अधिकारियों की योग्यता

(१) सतरह वर्ष से कम आयु के सज्जन साधारण सभासद और बाईस वर्ष से कम आयु के सज्जन आर्य-सभासद नहीं हो सकते।

(२) आर्यसमाज के साधारण सभासद् वे ही हो सकते हैं जो 'आर्यसमाज के नियम' और सिद्धान्तों में आस्था रखते हों।

(३) आर्य-सभासद् वही होंगे जो आर्यसमाज के मन्तव्यों और सिद्धान्तों पर आस्था रखते हुए इनका पालन करते हों, सदाचारी हों, दैनिक संध्या, अग्निहोत्रादि करते हों तथा मद्यमांसादि अभक्ष्य पदार्थों का सेवन नहीं करते हों।

(४) अधिकारियों में उपर्युक्त गुणों के अतिरिक्त ये गुण अधिक होने चाहिएँ—वे विद्वान, परोपकारी निःस्वार्थी, मधुरभाषी,

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्यवादी, श्रद्धावान् और लगनशील हों।

(५) गुरुकुल के स्नातकों को अधिकारियों के निर्वाचन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सभासदों एवं अधिकारियों के कर्त्तव्य

(१) आर्यसमाज के प्रत्येक सभासद (साधारण और आर्य) का यह कर्त्तव्य होगा कि ईमानदारीपूर्वक आय का शतांश मासिक चन्दा के रूप में अवश्य दें।

(२) परिवार में वैदिक संस्कार स्वयं करें और दूसरों को इसकी प्रेरणा दें।

(३) पंचमहायज्ञों का जीवन में दृढ़ता से पालन करें।

(४) वर्णाश्रम व्यवस्था का सपरिवार पालन करें।

(५) सभासद् एक दूसरे के सुख-दुःख-में यथाशक्ति-सहयोगी हों।

(६) साप्ताहिक सत्संगों में श्रद्धापूर्वक सपरिवार सम्मिलित हों।

(७) यथाशक्ति पारिवारिक सत्संगों का आयोजन कर आस-पास के लोगों को लाभ पहुँचाएं।

(८) शुद्ध आय, शुद्ध आहार, शुद्ध विचार और सादगी को जीवन में प्रश्रय दें।

(९) सभी आर्य अपने बालक-बालिकाओं की शिक्षा गुरुकुलों में ही दिलायें।

(१०) सभी आर्य गोपालन अवश्य करें।

अधिकारियों के अधिकार

प्रधान

(१) सभी स्तर पर प्रधान और मंत्री मिलकर उस स्तर की

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सभा के लिए उपप्रधान, कोषाध्यक्ष, पुस्तकाध्यक्ष एवं लेखा निरीक्षक का मनोनयन करेंगे।

(२) सभी स्तर पर प्रधान उस स्तर की सभी उपसभाओं का सभापति होगा।

(३) धन के व्यय में प्रधान की अनुमति आवश्यक होगी।

(४) समाज और सभासद् को नियमानुसार चलाना प्रधान का कर्त्तव्य होगा।

(५) प्रधान की आज्ञा से किसी भी उपसभा की बैठक आहूत करनी होगी।

(६) किसी भी प्रकार के विवाद में प्रधान का निर्णय मान्य होगा।

(७) प्रधान के निर्णय के विरुद्ध प्रान्तीय, प्रान्तीय के विरुद्ध शिरोमणि और शिरोमणि के विरुद्ध सार्वदेशिक सभा के प्रधान को आवेदन दिया जा सकता है।

(८) सार्वदेशिक के प्रधान का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

(९) सार्वदेशिक सभा को चाहिए कि देशीय सरकारों से इसकी वैधानिक मान्यता प्राप्त करे।

(१०) प्रधान की अनुपस्थिति में उपप्रधान उनके अधिकारों का प्रयोग करेंगे।

मंत्री

(१) सभी स्तर की सभी उपसभाओं में समन्वय स्थापित करना उस स्तर के मन्त्री का मुख्य कार्य होगा।

(२) मास में एक बार अंतरंग बुलाना आवश्यक होगा।

(३) उपमन्त्रियों की योजना के अनुरूप स्वयं सहायता देना तथा अन्य सभासदों से सहायता दिलवाना मन्त्री का कार्य होगा।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) पत्राचार करना, आय-व्यय लिखना, वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करना, सभी उपसभाओं के नेताओं से मिलकर आगामी वर्ष की योजनाओं को तैयार करना।

(५) सभी स्तर पर सभी उपसभाओं के नेता योजनानुसार कर्मठता और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

(६) सभी स्तर पर मन्त्री की अनुपस्थिति में क्रमशः विद्यार्य्य, धर्मार्य और राजार्य्य सभा के नेता मन्त्री का कार्य सँभालेंगे।

कोषाध्यक्ष

(१) प्रधान की अनुमति से कोषाध्यक्ष धन व्यय करने का प्रबन्ध करेंगे। धन की निकासी प्रधान, मन्त्री और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से होगी।

(२) आय के स्रोत को बढ़ाना, आय को उचित ढंग से एकत्र करना कोषाध्यक्ष का कार्य होगा।

पुस्तकाध्यक्ष

(१) पुस्तकालय और वाचनालय का संचालन पुस्तकाध्यक्ष करेंगे।

(२) साहित्य और पत्र-पत्रिकाओं का विक्रय प्रबन्ध पुस्तकाध्यक्ष करेंगे।

आय-व्यय निरीक्षक

(१) समाज के आय-व्यय का निरीक्षण लेखा-निरीक्षक वर्ष में दो बार करेंगे। प्रथम छमाही निरीक्षण में दी गयी उनकी राय कहाँ तक मानी गई, कहाँ तक सुधार हुआ, इसपर अपने विचार लिखते हुए वार्षिक रिपोर्ट (प्रतिवेदन) देंगे।

(२) वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति प्रत्येक आर्य-सभासद् को मिले इसका प्रबन्ध हो।

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
बजरंग प्रताप सिंह

सामान्य और अंतरंग सभा

(१) प्रत्येक स्तर पर आर्यसमाज की सभा दो प्रकार की होगी। (क) सामान्य सभा (ख) अंतरंग।

(२) सामान्य-सभा का अर्थ तीनों उप-सभाओं की संयुक्त सभा से है और अंतरंग का अर्थ कार्यकारिणी से है।

(३) अंतरंग सभा के अन्तर्गत प्रधान, उपप्रधान, मन्त्री, तीन उपमन्त्री, कोषाध्यक्ष, पुस्तकाध्यक्ष, और लेखानिरोक्षक (कुल मिलकर नौ) होंगे।

(४) सामान्य-सभा वर्ष में कम-से-कम तीन बार बैठेगी। यह देखने के लिए की योजनानुरूप प्रगति कैसी है।

(५) सामान्य-सभा सभी प्रकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और आय-व्यय की अंतिम स्वीकृति देगी।

(६) अंतरंग सभा मास में कम-से-कम एक बार बैठेगी।

(७) तीनों उपसभाओं की योजनाओं को समन्वयात्मक दृष्टि रखते हुए अपनो सहमति देना अंतरंग का कर्त्तव्य होगा।

(८) अंतरग अपनी योजना की स्वीकृति सामान्य सभा से लेगी और प्रगति की रिपोर्ट भी उसे ही देगी।

योजना बनाने की विधि

(१) वर्ष के प्रारम्भ में प्रत्येक स्तर पर उपसभाएँ अल्प-कालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ अलग-अलग तैयार करेंगी। इस योजना को अपने नेता के माध्यम से अंतरंग में और फिर सामान्य सभा में भेजकर स्वीकृति लेगी।

(२) यह बराबर ध्यान में रखा जाए कि कोई भी योजना अपने से ऊपरवाली उपसभा की योजना का सहायक सिद्ध हो विरोधी नहीं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सार्वदेशिक

सर्वतन्त्र सिद्धान्तों के आधार पर सार्वभौम धार्मिक राज्य स्थापित करने के लिए सार्वदेशिक शिरोमणि सभा के कार्यों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर करेगी।

उपसभाओं के कार्य

आर्यसमाज के अन्तर्गत तीनों उपसभाओं के सभी स्तर पर निम्नलिखित कार्य होंगे।

विद्यार्य्य उपसभा के कार्य

विद्यार्य्य उपसभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्रसार की व्यवस्था करना होगा। "शिक्षा" ऐसी हो जिससे विद्या, सभ्यता, धर्मात्मता और जितेन्द्रियता बढ़े।

अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिरोमणि विद्यार्य्य उपसभा निम्न कार्य करेगी—(अ) शिक्षण संस्था, (आ) स्वाध्याय केन्द्र, (इ) शोध केन्द्र, (ई) अध्यात्म केन्द्र स्थापित करेगी।

(अ) शिक्षण संस्था

(१) उपर्युक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए सारे देश में एकमात्र गुरुकुलों की शृंखला स्थापित करे।

(२) जितने भी गुरुकुल हैं या खुलें विद्यार्य्य उपसभा की देख-रेख में हों।

(३) सभी गुरुकुलों के पाठ्यक्रम और उपाधियाँ एक जैसी हों, इसपर शिरोमणि विद्यार्य्य उपसभा विशेष ध्यान देगी।

(४) शिक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, भोजन और वस्त्र मिले इसकी यथाशक्ति व्यवस्था विद्यार्य्य उपसभा करे।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(आ) स्वाध्याय केन्द्र

(१) देश में एक या अधिक स्वाध्याय केन्द्र की स्थापना हो जहाँ भोजन, वस्त्र, आवास और चिकित्सा की मुफ्त व्यवस्था हो। इतना ही प्राप्त कर देश-भर के साधु, सन्त और विद्वान् यहाँ आकर स्वाध्याय करें। स्वामी दयानन्द के मन्तव्यों की पुष्टि में शोधपूर्ण प्रामाणिक ग्रन्थ तैयार करें। इसके लिए ऋग्वेदादि भाष्य-भूमिका के सभी प्रकरण अलग-अलग विषय हो सकते हैं।

(२) यहीं से ऋषि शैली पर विद्वान् योगियों द्वारा वेदभाष्य पूरा किया जाए।

(३) वेदमत विरोधियों के मतों का तार्किक और प्रामाणिक उत्तर तैयार कराया जाए।

(४) ऋषि शैली पर ब्राह्मण, उपवेद, वेदाङ्ग, दर्शन, उपनिषद् और अन्य ग्रन्थों (जिसकी चर्चा ऋषि पठन-पाठन विधि में की है) का प्रामाणिक भाष्य तैयार कराया जाए।

(५) ऋषि प्रणीत एवं इनके समर्थन में लिखे गए ग्रंथों को गुरुकुल तो अपनाएँ ही, वर्त्तमान शिक्षा-व्यवस्था में उपयुक्त स्थान दिलाने की भी व्यवस्था विद्यार्य्य उप-सभा करे।

(६) विद्यार्य्य उप-सभा सारे देश में समृद्ध पुस्तकालयों की शृंखला खड़ी करे।

(इ) शोध केन्द्र

(१) यहां वेद एवं संस्कृत के पंडित तथा आधुनिक विज्ञान के विद्वान् मिलकर शोध करेंगे।

(२) शोधक का मुख्य उद्देश्य वेद के आधार पर वैज्ञानिक अनुसंधान करना होगा।

(३) इसके निमित्त शोध केन्द्र में समृद्ध एवं आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला हो।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) शोध मुख्यतः पदार्थ विद्या, रसायन विद्या एवं आयुर्वेद (शरीर एवं चिकित्सा विज्ञान) से सम्बन्धित हों।

(५) यज्ञ (जिसकी व्याख्या आर्योद्दे० ४७ एवं स्वमन्तव्या० २८ में है) पर वैज्ञानिक अनुसंधान हो।

(ई) आध्यात्म केन्द्र

(१) देश के सुरम्य और शांत क्षेत्र में एक आध्यात्मिक केन्द्र खोला जाए जहां योग की साधना, वेद की सुरुचिपूर्ण कथाएँ और जीवन को उन्नत करने के लिए प्रेरणादायक, स्फूर्तिदायक प्रवचनों की अविरल धारा प्रवाहित हो।

(२) योग साधना की ऋषि सम्मत क्रियात्मक विधि का निर्माण हो।

(३) उपर्युक्त योग साधना विधि के सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रदर्शन तथा प्रशिक्षण के लिए कई योग मण्डलियाँ हों जो देश में घूम-घूमकर योग विद्या का प्रचार करें।

(४) देश के प्रत्येक भाग से आये हुए साधकों के आवास एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था हो।

देश की प्रान्तीय एवं इकाई स्तर की सभी विद्यार्य्य उपसभाएँ, शिरोमणि विद्यार्य्य उपसभा के उपर्युक्त कार्यों में तन, मन, धन से सहयोग करेंगी।

धर्मार्य्य उपसभा के कार्य

धार्मिक प्रचार करना इसका मुख्य उद्देश्य होगा।

शिरोमणि धर्मार्य्य उप-सभा को शिरोमणि विद्यार्य्य उप-सभा के सहयोग से निम्नलिखित कार्य करने होंगे।

(१) स्वाध्याय केन्द्र से सहयोग प्राप्त कर वेद मत के प्रचार

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और प्रसार के लिए सुदूर गाँवों तक वेदवाणी की गूंज पहुँचाना।

(२) प्रचार की दृष्टि से देश को छः भागों में बाँटा जाय एवं छः प्रचार केन्द्र स्थापित हों।

(३) प्रत्येक केन्द्र में संस्कृत हिन्दी के अतिरिक्त स्थानीय भाषा के जानकार प्रचारकों द्वारा सरल और सुबोध भाषा में आर्य मन्तव्यों के प्रचार का प्रबन्ध हो।

(४) इन प्रचार केन्द्रों से वेदमत विरोधियों को शास्त्रार्थ की चुनौती दी जाए।

(५) प्रचार के सभी साधनों का उद्देश्य तर्क से विरोधियों की वाणी पर विजय प्राप्त करने के अतिरिक्त हृदय पर भी विजय पाना हो।

(६) समयानुसार उपनियमों में परिवर्तन या संशोधन का अधिकार शिरोमणि धर्मार्य्य उप-सभा का होगा जिसकी अन्तिम स्वीकृति शिरोमणि सभा की सामान्य बैठक करेगी।

(७) धर्मार्य्य उप-सभा यह भी देखेगी कि सम्पूर्ण देश में संध्या, अग्निहोत्र एवं संस्कार की शास्त्रसम्मत एक विधि का निष्ठा पूर्वक पालन हो।

(८) आयुर्वेद की पुनः प्रतिष्ठा के लिए देश में औषधालयों की शृंखला खड़ी करे जिसमें गुरुकुल के चिकित्सा विज्ञान के स्नातकों को सेवा करने में प्राथमिकता दी जाए।

(९) आध्यात्म केन्द्र से सहयोग प्राप्त कर योग प्रशिक्षण के लिए 'योगसाधना शिविर' का अपने-अपने क्षेत्र में आयोजन करना।

(१०) संस्कृत भाषा के प्रचार के लिए शिविर लगाना।

(११) विभिन्न अवसरों पर अपने मन्तव्यों एवं सिद्धान्तों के प्रचार एवं प्रसार के लिएं वेदप्रचार सप्ताह एवं उत्सवों का आयो-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जन करना।

(१२) शुद्धि कार्य चलाना।

उपर्युक्त कार्यों का विवरण शिरोमणि धर्मार्य्य उप-सभा तैयार कर देश के सभी प्रान्तीय और इकाई धर्मार्य्य उप-सभा को प्रेषित करे। योजना तयार करते समय सारे देश की आवश्यकताओं का ध्यान शिरोमणि सभा रखे।

प्रान्तीय और इकाई धर्मार्य्य उप-सभाएँ उपर्युक्त कार्य अपनी क्षमता के अनुरूप करते हुए शिरोमणि धर्मार्य्य उप-सभा को सहयोग दें।

राजार्य्य उप-सभा के कार्य

धार्मिक राज्य की स्थापना इसका मुख्य उद्देश्य होगा।

इस उद्देश्य की प्राप्ति के निमित्त शिरोमणि राजार्य्य उपसभा निम्न तीन कार्य करेगी। (क) राज्यनिर्माण एवं व्यवस्था चलाना। (ख) आर्यवीर दल का गठन और (ग) सेवाकार्य।

राज्यनिर्माण एवं व्यवस्था

(१) वेद और प्राचीन साहित्य के आधार पर धार्मिक राज्य की स्थापना हेतु राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक आदर्शों की घोषणा करना शिरोमणि राजार्य्य उप-सभा का कार्य होगा।

(२) वेद सम्मत धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक मान्यताओं का निश्चयीकरण शिरोमणि विद्यार्य्य सभा, शिरोमणि धर्मार्य्य सभा एवं शिरोमणि राजार्य्य-सभा की संयुक्त सभा अर्थात् शिरोमणि सभा की सामान्य सभा करेगी।

(३) सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने के पूर्व राजार्य्य उप-सभा ईमानदार, सदाचारी और त्यागी कार्यकर्त्ताओं की एक लम्बी सेना खड़ी करे।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने के इच्छुक योग्य, सदाचारी और विद्वान् व्यक्ति राजार्य्य उपसभा के मंच से चुनाव लड़ें।

(५) राजार्य्य उपसभा भी सक्रिय राजनीति में ऐसे ही लोगों को खड़ा करे जो (अ) प्राचीन राजनीति शास्त्रज्ञाता हों (आ) मधरभाषी हों (इ) निरभिमानी (ई) परोपकारी (उ) धैर्यशील और (ऊ) विद्वान् हों।

आर्यवीर दल का गठन

(१) आर्यवीर दल का मुख्य उद्देश्य देश के लिए सचरित्र, आस्तिक, बलवान् और विचारवान् युवक तैयार करना है।

(२) ऐसे युवकों को आर्यसमाज के सम्पर्क में लाना इसका कार्य होगा।

(३) अज्ञान, अन्याय और अभाव से लड़नेवाले युवकों को संगठित करना।

(४) युवकों में ब्रह्मचर्य और योगाभ्यास द्वारा शारीरिक, मानसिक और आत्मिक बल, तेज पैदा करना।

(५) आर्यवीर दल सेवा कार्य अनवरत रूप से करे।

सेवा कार्य

(१) आकस्मिक विपत्ति में जनता की सेवा करना जैसे बाढ़, अकाल, सूखा, भूकम्प, अग्निकाण्ड आदि।

(२) दीन-दुखियों की सेवा करना।

प्रचार शैली

धार्मिक जगत में प्रचार कार्य के दो उद्देश्य होते हैं। वे हैं (क) अपने मन्तव्यों का प्रचार (ख) विरोधीमत का खण्डन।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब तक आर्यसमाज अपना ज्यादा समय विरोधी मत खण्डन में ही लगाता रहा है जिसका फल यह हुआ कि सर्व साधारण के मस्तिष्क में आर्यसमाज क्या नहीं मानता है, इसकी ही छाप है, आर्यसमाज क्या मानता है इसकी नहीं। कभी इस प्रकार की प्रचार शैली आवश्यक रही होगी किन्तु आज उससे भी ज्यादा आवश्यक अपनी बात करने की है। स्वामी दयानन्द, आर्यसमाज और वेदमत क्या है इसकी स्पष्ट रूपरेखा समाज को देनी होगी। सेना के आगे बढ़ने के लिए आगे-आगे रास्ता साफ करने का कार्य सेना का गुप्त विभाग करता है वैसे ही वेद मत के प्रचार के लिए मार्ग प्रशस्त करने में खण्डनात्मक प्रचारशैलो ने अपनी भूमिका निभाई है। मार्ग प्रशस्त हो जाने पर सेना लक्ष्य को ओर बढ़ती है, वैसे ही अब आर्यसमाज को अपने वास्तविक लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए मण्डनात्मक प्रचारशैली को अपनाना चाहिए। हमें निषेधात्मक प्रक्रिया के साथ विधेयात्मक प्रक्रिया भी देनी होगी। सत्यार्थप्रकाश के मात्र अंतिम चार समुल्लासों पर बोलना ही पर्याप्त नहीं, शुरू के दस समुल्लासों पर भी सप्रमाण सोदाहरण बोलना होगा करके बताना होगा तभी हमारे कहने का प्रभाव होगा।

उपर्युक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं :—

(१) वर्ष में प्रचार कार्य दो बार (वेद-कथा और वार्षिकोत्सव) की अपेक्षा कम-से-कम चार बार हो।

(२) किसी भी प्रचार-कार्य में कार्यक्रम 'शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति' के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए।

(३) शारीरिक उन्नति के अन्तर्गत शाकाहारी और ब्रह्मचर्यव्रती शरीर कैसे पुष्ट होते हैं, इसका प्रदर्शन करना और कराना

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होगा।

(४) शारीरिक प्रदर्शन में धनुर्वेद, ताम्बे के चादर को कागज की तरह फाड़ना, सीने पर पत्थर तुड़वाना, मोटरगाड़ी रोकना आदि प्रमुख हैं।

(५) आर्यसमाज से बाहर के व्यक्ति भी जो शाकाहारी और ब्रह्मचर्यव्रती है तथा जिसने राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है वैसे लोगों को सम्मान और श्रद्धा के साथ अपने मत की पुष्टि में मंच से कहलवाना चाहिए।

(६) आत्मिक उन्नति के लिए खुले मंच से योग और अध्यात्म का प्रचार हो।

(७) अध्यात्म केन्द्र अथवा अन्यत्र से योगियों को अपने-अपने क्षेत्र में बुलाकर योग-शिविर लगवाना।

(८) वर्त्तमान सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का उपाय बताना जैसे दहेज, बाल विवाह, अनमेल विवाह, मृतक श्राद्ध, जन्मना जाति प्रथा आदि।

(९) उपर्युक्त कुरीतियों को तोड़नेवाले युवक-युवतियों का सार्वजनिक मंच से अभिनन्दन हो।

(१०) युवक और युवती जो बिना दहेज के जातीय अथवा अन्तर्जातीय विवाह करने के इच्छुक हों उन्हें आर्यसमाज सहयोग दे तथा इस कृत्य को सार्वजनिक रूप से सम्पन्न करें।

इसके अतिरिक्त निम्नांकित सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बुराइयों का विधेयात्मक विकल्प देना होगा, जिसकी रूपरेखा इस प्रकार हो सकती है :—

(१) मूर्तिपूजा के बदले महर्षि दयानन्द प्रदर्शित संध्या का स्वरूप, जीवन में इसके लाभ और अष्टांगयोग की सिद्धि इससे कैसे

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होती है, बताना होगा।

(२) मृतक श्राद्ध के बदले जीवित माता-पिता और आचार्य की सेवा ही श्राद्ध है समझाना होगा। इनकी सेवा से आयु विद्या, यश और बल की वृद्धि क्यों और कैसे होती है सोदाहरण समझाना होगा।

(३) प्रारब्ध की अपेक्षा पुरुषार्थ की महत्ता बतानी होगी। भाग्य पर आश्रित फलित ज्योतिष को मानकर हमने क्या-क्या खोया तथा हमारे प्राचीन महापुरुषों ने पुरुषार्थ का अवलम्बन कर क्या-क्या पाया, इसे इतिहास से सिद्ध करना होगा। इसके अतिरिक्त महापुरुषों और क्रान्तिकारी वीरों का जीवन वेद की किन शिक्षाओं से अनुप्राणित था इसे वेद मंत्रों के आधार पर बताना होगा।

इसके अलावा आर्यसमाज के कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिन विषयों पर प्रकाश डाला गया है उन्हें भी विधेयात्मक शैली में सरल और सुबोध भाषा में जनता तक पहुँचाना होगा।

आर्यसमाज का प्रचार अभी तक शहरों तक ही सीमित है गाँवों में भी स्वामी दयानन्द की सीख पहुँचानी होगी।

प्रचार के अन्य तरीकों में वाद-विवाद, निबन्ध प्रतियोगिता तथा साहित्यिक प्रचार तथा साहित्य भेंट जैसे कार्यक्रमों को आर्य समाज चलाए जिसमें विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों को आमंत्रित करे तथा इन्हें प्रोत्साहन के लिए पुरस्कृत भी किया जाए।

वार्षिकोत्सव और वेद-प्रचार

वार्षिकोत्सव और वेद प्रचार के अवसरों पर प्रचार कार्य के लिए आए योगियों उपदेशकों तथा अन्य विद्वानों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए निम्न बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए:—

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१) विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रोपयोगी एवं चरित्र-निर्माण-सम्बन्धी वेद की बातें बताई जाएँ।

(२) छात्रों को विश्व की वर्त्तमान समस्याओं के प्रति आर्य-समाज का वेद मूलक वैज्ञानिक दृष्टिकोण समझाया जाए।

(३) आर्यसमाज के विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न रुचि के लोगों के लिए अलग-अलग विचार गोष्ठियों का आयोजन हो, जिसमें उक्त विषयों के विद्वान् अन्य लोगों के साथ विचार-विमर्श करें। जैसे शिक्षक एवं प्राध्यापक, अधिवक्ता, चिकित्सक तथा किसान की गोष्ठी हो।

(४) ऐसी विचार गोष्ठियों का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को आर्यसमाज के सम्पर्क में लाना और उनके कर्त्तव्यों का मार्ग निर्देश करना।

(५) सार्वजनिक व्याख्यान आदि के अतिरिक्त छात्रों और महिलाओं के लिए कुछ विशेष कार्यक्रम हों जिसमें छात्रों के लिए ब्रह्मचर्य, प्राणायाम की शिक्षा एवं महिलाओं के लिए गृहकार्य और शिल्प की शिक्षा दी जाए।

(६) प्रचार के सभी कार्यक्रमों को रुचिकर और आकर्षक बनाने के लिए संगीत और कविता की अच्छी व्यवस्था हो।

(७) इन प्रचार के अवसरों पर क्रियात्मक योग की शिक्षा के लिए 'योगसाधना शिविर' अवश्य लगाये जाए।

(८) प्रत्येक प्रचार के समय आर्यवीर दल शारीरिक व्यायाम, आसन, शस्त्र और अस्त्र संचालन का प्रदर्शन करे।

(९) हस्तशिल्प कला गुरुकुल में बनी वस्तुओं का प्रदर्शन हो। ऐसे प्रदर्शन का उद्देश्य इन वस्तुओं के लिए बाज़ार निर्माण करना भी होगा।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०) ऐसे अवसरों समाज के प्रबुद्ध वर्ग को (गोष्ठियों में) आर्यसमाज की ओर से साहित्य भेंट दिया जाए।

साप्ताहिक सत्संग

आर्यजन बराबर मिलते रहें, एक दूसरे की सुधि लेते रहे, आपस में सद्भाव बना रहे, सिद्धान्तों का अनुशीलन होता रहे, सभ्यों का व्यवहार हमारे अन्दर आता रहे आदि कारणों से साप्ताहिक सत्संगों की काफ़ी उपादेयता है। एक दूसरे के सुख-दुखः से परिचित रहें तथा इन अवसरों पर परस्पर उपकारक हों तो आर्य जाति शीघ्र ही आनन्दित हो जाएगी।

वर्त्तमान समय में साप्ताहिक सत्संग अरुचिकर और बिना आकर्षण के लगते हैं इनमें सुधार के लिए निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं :—

(१) पुरुष और स्त्री, लड़के और लड़िकियां सभी साप्ताहिक सत्संगों में अवश्य आया करें।

(२) ऐसे मिलन से नई और पुरानी पीढ़ी के बीच सम्पर्क बना रहता है जिससे सहनशीलता, सभ्यता, सदाचार और हृदय की विशालता बढ़ती है।

(३) इन सत्संगों में मंजे हुए विद्वानों और भजनिकों को ही बोलने का अवसर दिया जाए अधकचरों को नहीं।

(४) युवा पीढ़ी को महापुरुषों और क्रान्तिकारियों की जीवनी के शिक्षाप्रद प्रसंग, प्रेरणादायक कहानियों, घटनाओं एवं कविताओं को कहने का अवसर दिया जाए।

(५) सत्संगों के बाद प्रसाद वितरण की अनिवार्य व्यवस्था हो।

(६) बिना आर्थिक बोझ बढ़ाये पारिवारिक सत्संगों को प्रच-

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
लित किया जाए।

(७) युवा पीढ़ी में वक्तृत्व शक्ति बढ़ाने के लिए अलग से साप्ताहिक वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रारम्भ की जाए।

(८) पुराने कार्यकर्त्ताओं से प्रेरणा ली जाए तथा उनके प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का भाव जागृत किया जाए।

(९) सत्संगों में अनुपस्थित रहने वाले सभासदों की सुधि लेते रहनी चाहिए एवं सत्संग में सम्मिलित होने की प्रेरणा देते रहनी चाहिए।

योजना का आर्थिक पक्ष

किसी भी प्रकार की योजना हो अर्थ के बिना उसका सफल कार्यान्वयन नहीं हो पाता। यद्यपि माँगे गए निबन्ध में इस पक्ष की कोई चर्चा नहीं है फिर भी अर्थ की महत्ता को देखते हुए निम्न सुझाव दिये जाते हैं :—

(१) शिरोमणि सभा के अन्तर्गत एक कोष कायम किया जाए जिसका ५० प्रतिशत विद्यार्य्य उपसभा, २० प्रतिशत धर्मार्य्य उपसभा और २० प्रतिशत राजार्य्य उपसभा तथा १० प्रतिशत शिरोमणि सभा अपने लिए व्यय करें।

(२) प्रान्तीय सभा भी इसी प्रकार एक निधि कायम करे। जिसका २५-२५ प्रतिशत तीनों उपसभाओं को तथा अपने लिए १५ प्रतिशत व्यय करे।

(३) इकाई आर्यसमाज भी प्रान्तीय सभा की तरह व्यय करे।

(४) प्रत्येक समाज एवं सभा अपनी आय का १० प्रतिशत अपने से ऊपर की सभा को भेजे।

उपर्युक्त कोश (निधि) के लिए आय के स्रोत निम्न हो सकते हैं :—

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१) मासिक चन्दा।

(२) साप्ताहिक सत्संग के दिन प्राप्त चन्दा।

(३) संस्कार से प्राप्त दान तथा विशेष पर्व पर प्राप्त दान।

(४) प्रचार कार्य के समय अपील से प्राप्त आय।

(५) समाज की सम्पत्ति से प्राप्त आय।

(६) गुप्त दान (वर्ष में दो बार सात-सात दिनों का)।

ऊपर दी गई योजना के अनुसार यदि ईमानदारी और निष्ठा से कार्य हो तो महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्यसमाज बन सकता है। तथा आर्यसमाज स्वयं प्रगतिशील संस्था के रूप में प्रमाणित हो सकता है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीय खण्ड

ऋषि दयानन्द के स्वप्नों का आर्यसमाज

इस विषय पर अनेक प्रमुख आदरणीय विद्वानों ने निबन्ध भेजे हैं जो यद्यपि पुरस्कृत नहीं हुए पर उनमें कई ठोस, उपादेय, विचारणीय और मननीय सुझाव हैं। अगले पृष्ठों में ये सुझाव, संक्षेपतः अंकित किये जाते हैं। "समिति" इन सब महानुभावों के प्रति कृतज्ञ है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१

एक प्रमुख आर्य विद्वान् के विचार

एक वेद विषयक नियम को छोड़कर—जिस पर महर्षि दयानन्द किसी प्रकार का समझौता किसी से भी करने को तैयार नहीं थे, शेष सब नियम प्रायः समस्त आस्तिक वर्ग स्वीकार कर सकता है।

(२) आर्य समाज में "आर्य" शब्द का अर्थ ऋग् १०।६५।११ यजु० ४०।३ इत्यादि मंत्रों के आधार पर ऋषि दयानन्द ने आर्योद्देश्य रत्नमाला सं० ४० में इस प्रकार किया है—

"जो श्रेष्ठ स्वभाव, धर्मात्मा, परोपकारी, सत्य विद्यादि गुण-युक्त और आर्यावर्त्त देश में सब दिन से रहने वाले हैं, उनको आर्य कहते हैं।" आर्य शब्द "ऋ गतौ" धातु से बनता है जिसके अर्थ ज्ञान, गमन, प्राप्ति के हैं। उत्तम ज्ञान को प्राप्त करना, उत्तम मार्ग की सदा गति करना और अन्त में भगवान् को पूर्णतः प्राप्त करना—इन तीनों गुणों वाला आर्य है।

(३) समाज शब्द "अज-गतिक्षेपणयोः" धातु से बनता है। गति के अर्थ ज्ञान, गमन, प्राप्ति और क्षेपण अर्थात् फेंकना है। समाज वह है जहां सब मिलकर चारों ओर से ज्ञान प्राप्त करते, उत्तम मार्ग की ओर प्रयत्नशील और निरन्तर उद्देश्य की ओर प्रयत्न करते हों। संस्कृत व्याकरण के अनुसार पशु समूह को "समज" कहते हैं समाज नहीं।

(४) ऋषिवर आर्यसमाज कैसा चाहते थे, यह सत्यार्थ प्रकाश के एकादश समुल्लास में निम्न शब्दों से स्पष्ट है—

"जैसा आर्य समाज आर्यावर्त्त देश की उन्नति का कारण है, वैसा दूसरा नहीं हो सकता। यदि इस समाज को यथावत् सहायता

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

देवें तो बहुत अच्छी बात है क्योंकि समाज का सौभाग्य बनाना समुदाय का काम है, एक का नहीं।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"स्वमन्तव्याऽवमन्तव्य" में ऋषिवर कहते हैं—

"सर्वशक्तिमान् परमात्मा की कृपा सहाय और आप्तजनों की सहानुभूति से यह सिद्धान्त सर्वत्र भूगोल में शीघ्र प्रवृत्त हो जाए—जिससे सब लोग सहज से धर्मार्थ काम मोक्ष की सिद्धि करके सदा उन्नत और आनन्दित होते रहें—यही मेरा मुख्य प्रयोजन है।"

(५) ऋषि के इन शब्दों के अनुसार आर्यसमाज वह है जो सत्य सनातन सार्वभौम वैदिक धर्म के प्रचार और आचरण के अनुसार प्राणिमात्र का कल्याण चाहता है।

(६) सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा प्रकाशित पुस्तिका "आर्यसमाज परिचय" के अनुसार, आर्यसमाज की प्रवृत्तियों की तालिका इस प्रकार है—

(क) सम्पूर्ण विश्व में लगभग ४ हजार आर्य समाजें हैं जिनमें ३ हजार के लगभग भारत में हैं।

(ख) प्रान्तीय व जिला उपसभाएं २०० के लगभग।

(ग) देश विदेश में आर्य वीर दल की लगभग ५४० शाखाएं।

(घ) आर्य कुमार सभाएं—२०० के लगभग।

(ङ) ३०० से अधिक कालेज, हाईस्कूल, २ हजार के लगभग प्राईमरी व मिडिल स्कूल।

(च) बालकों और कन्याओं के गुरुकुल ६०।

(छ) संस्कृत विद्यालय और धर्मार्थ औषधालय ३००।

(ज) दलित वर्ग के लिए ४०० से अधिक पाठशालाएं।

(झ) अनाथालय, वनिता आश्रम, गौशाला—२०० से अधिक।

(ञ) शिल्प विद्यालय व तकनीकी स्कूल, १३ से अधिक।

(त) अतिथि भवन और व्यायामशालाएं—५०० के लगभग।

(थ) प्रेस, पत्र-पत्रिकाएं, वाचनालय, पुस्तकालय—३००।

(द) प्रचार क्षेत्र में १ हजार से अधिक संन्यासी उपदेशक व भजनीक।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ध) आर्यों की संख्या लगभग १ करोड़, स्त्री सदस्य–३० लाख से अधिक।

(न) आर्यसमाज की संस्थाओं में २ लाख से अधिक छात्र-छात्राएं और प्रति वर्ष व्यय १ करोड़ से अधिक।

सार्वदेशिक सभा के साथ सम्बद्ध देश-विदेश की प्रान्तीय सभाएं

(७) आर्यसमाज के प्रमुख संन्यासी और आर्य प्रतिनिधि सभा के भूतपूर्व प्रधान स्वर्गीय आचार्य आत्मानन्द जी सरस्वती के अनुसार आर्यसमाज की वर्तमान स्थिति शोचनीय है। संस्था की वृद्धि के दो साधन—बाहर से नये व्यक्ति आयें और दूसरे संस्था के सदस्यों की सन्तानों का प्रवेश—आर्यसमाज के दोनों मार्ग बन्द हो गये हैं।

(८) आर्यसमाज की आन्तरिक अवस्था—सदाचार, पवित्र जीवन, सिद्धान्त पालन, प्रचार की लगन, कर्मकांड पालन इत्यादि किसी दृष्टि से सन्तोषजनक नहीं है।

महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्यसमाज बनाने के लिए १६ सूत्री कार्यक्रम

(१) वैयक्तिक जीवन वैदिक आदर्शों के अनुकूल हो।

(२) पारिवारिक जीवन की वैदिकता।

(३) सन्ध्या, हवन, स्वाध्याय, वैदिक संस्कार आर्य पर्व आदि का परिवार में नियमित आचरण।

(४) जन्मगत जातिभेद का सर्वथा परित्याग। विवाह गुण कर्म स्वभाव के आधार पर।

(५) संस्कारों में अवैदिक प्रथाओं का सर्वथा त्याग।

(६) युवाजनों को आर्यसमाज में लाने के लिए विशेष प्रोत्साहन। आर्य महिला समाजों पर विशेष ध्यान।

(७) दहेज आदि सामाजिक कुप्रथाओं का सर्वथा निवारण। विवाह इत्यादि संस्कार अत्यन्त सादगी और आर्यसमाज मन्दिरों में।

(८) आर्यसमाजों और प्रतिनिधि सभाओं के पारस्परिक कलहों

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का निर्णय "न्याय सभा" द्वारा हो। अदालतों में कभी न जाने का दृढ़ निश्चय।

(९) आर्यसमाजों, आर्य प्रतिनिधि सभाओं और सार्वदेशिक सभा के अधिकारी और अन्तरंग सदस्य पूर्ण सदाचारी, सपरिवार, सन्ध्या हवन, स्वाध्याय, शुद्ध आहार-व्यवहार करने के लिए और सामाजिक कार्यों के लिए पर्याप्त समय देने वाले हों। सर्वसम्मति से भी कोई अधिकारी ५ वर्ष से अधिक नहीं रह सके। परस्पर प्रीति-पूर्वक व्यवहार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

(१०) वैदिक धर्म के प्रचार पर विशेष रूप से अधिक ध्यान दिया जाए। वार्षिकोत्सव, विशेष पर्व—स्मृति दिवस आयोजन, मौखिक प्रचार, साहित्य, पत्र-पत्रिकाएं, प्रकाशन, व्यक्तिगत सम्पर्क, आर्यसमाज की समस्त संस्थाओं में वैदिक धर्म की अनिवार्य शिक्षा हो, भले ही इसके लिए सरकारी सहायता का परित्याग करना पड़े। आर्य शिक्षा संस्थाओं का माध्यम हिन्दी ही हो। वैदिक धर्म के उद्देश्य को पूर्ति न करने वाली संस्थाओं को निःसंकोच बन्द कर दिया जाए।

(११) उपदेशकों और पुरोहितों के प्रशिक्षण के लिए एक उत्कृष्ट केन्द्रीय उपदेशक विद्यालय। इसी प्रकार संगीतज्ञ भजनीकों के लिए। साथ ही प्रत्येक आर्यसमाज में, यथासम्भव, विद्वान् कर्मकाण्डज्ञ पुरोहित हों और उसका समुचित सम्मान हो। आर्यसमाज के उप-देशक प्रचारक और भजनीकों का उचित सम्मान हो तथा उन्हें आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त रखा जाए।

(१२) इस समय आर्यसमाज को शुद्धि, दलितोद्धार जातिभेद, अस्पृश्यता निवारण, शुद्ध-शुदाओं का समाज में पूर्णतः विलय और अस्पताल, व्यायामशाला, राहत और सेवा के कार्य, पिछड़े क्षेत्रों में छात्रावासों की स्थापना, छात्रवृत्तियां, निर्धन-योग्य छात्रों को—इत्यादि उपायों का अवलम्बन करना चाहिए।

(१३) पाखण्ड खण्डन और प्रेमपूर्वक शास्त्रार्थ, ढोंगी गुरुओं की लीलाओं की पोल, वेद और शास्त्रों पर आजकल पाश्चात्य शिक्षा

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
में रगे, भारतीयों तथा विदेशियों द्वारा आक्षेप, भ्रमपूर्ण लेख, पौराणिक विद्वानों के लेखों का खंडन—इत्यादि कार्य आर्यसमाज की ओर से कभी बन्द न होने चाहिएं।

(१४) आर्य नर-नारियों और परिवारों में स्वदेशभक्ति, स्वदेशी वस्तु उपयोग, सादगी इत्यादि की दृढ़ता से पालन और पाश्चात्य वेश-भूषा और कई आर्य संस्थाओं का अभी तक समस्त, कार्य विदेशी भाषा में—इत्यादि का निवारण आवश्यक है।

(१५) वर्तमान कुत्सित राजनीति के वैदिकीकरण के लिए प्रत्येक आर्य नर-नारी को आर्य संस्कृति और आर्य सभ्यता की दृष्टि से वर्तमान राजनीति में आर्यत्व पर दृढ़ रहते हुए सक्रिय भाग लेना चाहिए।

(१६) जन संम्पर्क बढ़ाने के लिए गोबध निषेध, मद्य-निषेध, भ्रष्टाचार निवारण इत्यादि में और संस्कृत-हिन्दी प्रचार आन्दोलनों में प्रबल भाग लेना चाहिए।

२

डा. कु. पुष्पावती, एम. ए. पी-एच. डी. विद्यावारिधि,
संचालिका : मातृमन्दिर कन्या गुरुकुल, डी-४५।१२९,
नयी बस्ती, रामापुरा वाराणसी

आर्यसमाज के समूचे रूप में चारों वर्णों के कर्त्तव्यों का समावेश है। आर्यसमाज का दृष्टिकोण एकांगी नहीं किन्तु सर्वांगीण विकास की भावना के सशक्त रूप में है।

(२) आर्यसमाज के वर्तमान रूप के अनुसार व्यक्तिगत रूप से कुछ व्यक्ति वेदभक्त हैं, वेदानुसारी जीवन भी अपना लेते हैं, आश्रम व्यवस्था का पालन कर लेते हैं। पर सामाजिक रूप में इन सरणियों पर आरूढ़ नहीं हैं। इस प्रकार आर्यसमाज में विसंगतियां आ गयी हैं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) ऋषि के स्वप्नों के अनुसार १. आर्य ब्राह्मण जीवन का त्यागमय होता २. क्षत्रिय अन्याय, अत्याचार, निवारण करता ३. आर्य वैश्य तीनों वर्णों में पूंजी विभाजन करता और ४. आर्य शूद्र सच्चाई से श्रमदान और सेवा करता। चारों वर्ण घटक रूप में मिल एक छोटा आर्य साम्राज्य स्थापित करते हुए विश्व में सामंजस्य-समन्वय स्थापित करते। राजनीतिक क्षेत्र में आर्य क्षत्रिय वर्ग स्वतंत्र और अन्य दलों से पृथक् रहकर आर्य समाज के भीतर ही रहकर अपना कार्य करे।

(४) आर्यसमाज की चुनाव प्रणाली दूषित है। इसमें अविलम्ब सुधार आवश्यक है। वार्षिक चुनाव की अपेक्षा त्रैवार्षिक चुनाव हों। अधिकारी पद के लिए कम से कम निम्न योग्यताएं अवश्य हों—

(क) कार्य करने की क्षमता रखते हों।

(ख) शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो।

(ग) कार्य करने के लिए उनके पास समय हो।

(घ) स्वाध्याय शील और वेद तथा ऋषिकृत ग्रन्थों का अच्छा ज्ञान हों।

(ङ) उत्साह और सूझ-बूझ वाले हों।

(च) मौलिक प्रतिभाओं की खोज हो और उन्हें आर्यसमाज में आकृष्ट किया जाए।

(५) प्रत्येक-विशेषतः-बड़े समाजों में अनुसंन्धान कक्ष हों, पुस्तकालय हों, स्वाध्याय केन्द्र हों और गोष्ठियों का आयोजन होता रहे।

(६) आर्यसमाज के कार्यक्रमों में भावात्मक पक्ष की पुष्टि के लिए कविता, कहानी, उपन्यास आदि भी शामिल किये जाएं।

(७) समाज में व्यक्तियों की परस्पर टक्कर न हो, ऊंच-नीच न हो, सद्भाव हो और किसी प्रकार की कुंठाएं न हों।

(८) आर्य व्यक्तियों के परिवारों के आर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। आर्य सभासदों के पत्नी-पति-बच्चे सब अवश्य समाज

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में आएं। पति-पत्नी यदि एक दूसरे के प्रति पूर्ण निष्ठावान् हों तो बच्चे और पड़ौसी भी समाज में जाएंगे। पारिवारिक सत्संग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

(९) आर्य सदस्यों, अधिकारियों और आर्यसमाज के समूचे व्यवहार में अर्थ शुचिता, सच्चरित्रता, श्रद्धा इत्यादि पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। अर्थ-शुचिता के अभाव से आर्यसमाज में विशेष गिरावट आ गयी है।

(१०) आर्य सभासदों, अधिकारियों और साथ ही उपदेशक, प्रचारक (भजनीक), वानप्रस्थी, संन्यासी—प्रत्येक के लिए उसके कार्य क्षेत्र और जीवन व्यवहार को दृष्टि में रखते हुए एक गम्भीर और सर्वग्राही आचार संहिता अवश्य निर्धारित होनी चाहिए। संन्यास और वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करने पर भी कुछ प्रतिबन्ध लगाना होगा। कई अयोग्य व्यक्ति इन आश्रमों में घुस आये हैं।

(११) आर्यसमाज के आजन्म उपदेशक प्रचारक विद्वान् संन्यासी वानप्रस्थी-जब अशक्त, रोगग्रस्त, वृद्ध, साधनहीन हो जाएं—तो उनके जीवन निर्वाह सेवा-शुश्रूषा की समुचित व्यवस्था होनी आवश्यक है।

(१२) धनदान से अधिक महत्त्व समय दान का है। यह निश्चित किया जाए कि प्रत्येक आर्य प्रतिदिन, प्रति सप्ताह व प्रतिमास कितने घंटे सामाजिक कार्यों के लिए अर्पित कर सकता है।

(१३) आर्यसमाज में बढ़ते हुए कोरे भक्तिवाद, ज्ञानवाद और वैराग्यवाद पर अंकुश लगाना होगा।

(१४) आर्य पुरुष को अपनी सन्तानों के विवाह के लिए जन्म-जात बिरादरी, धन, प्रतिष्ठा, दान-दहेज इत्यादि का मोह छोड़कर केवल आर्य जीवन, सदाचार, शिक्षा, आयु, गुण-कर्म के साथ सादगी से और तड़क-भड़क छोड़ समाज मन्दिर में, दिन के समय, विवाह संस्कार करने की प्रथा डालनी चाहिए।

(१५) कोई आर्य नेता व अधिकारी अपनी सन्तान को उपदेशक नहीं बनाता क्योंकि यह सम्माननीय पद नहीं समझा जाता। इसे

CC-0 In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
सम्मान और आदर का पद बनाना होगा। उपदेशक तीन प्रकार के हों—बुद्धिजीवी वर्ग के लिए, सामान्य वर्ग के लिए और ग्राम, पिछड़े वर्ग, वनवासी आदि जनता के लिए। खण्डन-मण्डन का कार्य, वर्तमान स्थिति के अनुसार, नवीन शैली से करना होगा। उपदेशक-प्रचारकों का अपना जीवन और दिनचर्या आकर्षक तथा धर्म-कर्त्तव्य पूर्ण होनी चाहिए। जन सम्पर्क की भावना अवश्य होनी चाहिए। उपदेशक-प्रचारकों का जीवन अन्तरंग और बहिरंग—दोनों प्रकार से प्रभावशालो हो।

(१६) स्वतंत्र उपदेशकों ने भी आर्य समाज की प्रशंसनीय सेवा की है। पर कुछ स्वार्थी व्यक्तियों ने इसका दुरुपयोग किया है। आर्य समाज का एक उच्च स्तर का उपदेशक विद्यालय हो। प्रत्येक उपदेशक को कार्यक्षेत्र में आने से पहले इसका प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य हो।

(१७) आर्य समाज में उपदेशकों—अधिकारियों में भी—जात बिरादरी वाद तेजी से घुस रहा है। यह अत्यन्त घातक है। इसका उन्मूलन तत्काल करना होगा।

(१८) आर्य समाज के कार्यक्षेत्र में अब महिलाएं भी आ रही हैं। उनकी सुरक्षा का—विशेषतः जो अकेली हैं—प्रश्न ऐसा है जिसकी ओर तत्काल ध्यान देना होगा।

(१९) राजनीति में भाग लेने के सम्बन्ध में सार्वदेशिक सभा निश्चित कर दे कि किस दल को आर्यसमाज का सहयोग प्राप्त होगा। यह भी नियम बना दिया जाए कि आर्यसमाज के सक्रिय सदस्य और अन्य दलों के सक्रिय सदस्य एक दूसरे की संस्थाओं में भाग न लें। आर्यसमाज को घरेलू फूट से बचाने के लिए यह आवश्यक है।

(२०) आर्यसमाज को श्रम उद्योग, अर्थ नीति, विदेश नीति इत्यादि में भी पथ प्रदर्शक के रूप में भाग लेना चाहिए। न्याय, चिकित्सा सूखा-बाढ़-अकाल इत्यादि सेवा कार्यों में भाग लेना चाहिए।
CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२१) आर्यसमाज स्वयं अपने शिक्षा क्षेत्र में अब असफल हो रहा है। इसका सर्वथा नवीकरण और रूपान्तर करना होगा। सब शिक्षण संस्थाओं में दैनिक संन्ध्या हवन धर्म शिक्षा अनिवार्य हो। धर्म शिक्षा में तुलनात्मक धर्म-ज्ञान और साहित्य भी पढ़ाया जाए। शिक्षण संस्थाओं में वेद गोष्ठियों का आयोजन और जिला तथा प्रान्त स्तर पर छात्र सम्मेलन और शिक्षक सम्मेलन हों।

(२२) आर्य कालेजों में संस्कृत-हिन्दी का ज्ञान आवश्यक हो। गुरुकुलों में आधुनिक विज्ञान आदि के विषय अवश्य हों।

(२३) प्रत्येक शिक्षण संस्था में वेद अध्ययन, अनुसन्धान और शोध की व्यवस्था हो।

(२४) यज्ञ के वैज्ञानिक रूप को आर्य शिक्षण संस्थाओं द्वारा उद्भासित किया जाए।

(२५) अपनी दृष्टि को विशाल बनाते हुए ध्यान रखें कि समाज मन्दिर के बाहर भी संसार है जहां हमने कार्य करना है। इस दृष्टि से साप्ताहिक सस्थाओं को रुचिकर बनायें। योग आदि आध्यात्मिक विषयों की व्यवस्था में कर्म और भक्ति का समन्वय हो। समाज मन्दिरों में फुलवारी हो रमणीक हों। आर्य समाज के द्वार पर=स्वागतम्=नमस्ते="आर्यसमाज आपका परिवार है"="आर्य समाज विश्व सेवा के लिए है"="आर्य समाज का द्वार सबके लिए खुला है" "आप आर्यसमाज से सेवा की आशा कर सकते हैं।" "आर्यसमाज में ऊंच-नीच का भेद-भाव नहीं"—इत्यादि प्रेरक वाक्य बाहर-भीतर चारों ओर उल्लिखित हों।

(२६) शिविर, दार्शनिक गोष्ठियां वेद गोष्ठियां, इत्यादि का बड़ी संख्या में आयोजन हो। शास्त्रार्थों का यह नया रूप बहुत लाभदायक हो सकता है।

(२७) ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका की कथा सब समाजों में हो जिससे स्वाध्याय की प्रवृत्ति जाग जाए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३

श्री अवनीन्द्र कुमार विद्यालंकार

इतिहास सदन—५७।११८ कनाट सरकस

नई दिल्ली

ऋषि दयानन्द आपाद मस्तक देशभक्त थे। संस्कृत के विद्वान् पंडित, संस्कृत कोशकार, आक्सफोड विश्वविद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक सर मौनियर बिलियम ने ब्रिटेन चलने और समस्त यात्रा और प्रचार व्यवस्था का दायित्व अपने ऊपर लेने के लिए कहा, तब ऋषिवर ने उत्तर दिया—

"मेरा यह शरीर जिस देश की मिट्टी से बना है, सर्वप्रथम मेरा कर्तव्य उस भूमि के प्रति है। भारत में जब तक अज्ञानान्धकार, शोचनीय गरीबी व्याप्त है, उस समय भारत को छोड़कर अन्यत्र जाने की बात मैं सोच ही नहीं सकता। भारत से अविद्या अन्धकार दूर कर सका तो सम्पूर्ण विश्व अपने आप इसके आलोक से आलोकित हो उठेगा।"

ऋषि का विश्वास था कि भारत लघु विश्व है। वैदिक ऋषियों ने भारत को इसी दृष्टि से देखा है।

(२) भारत की जनता के हृदय में मातृभूमि के प्रति अजस्र भक्ति का स्रोत जब प्रवाहित होगा, तब महर्षि दयानन्द के स्वप्नों का आर्य समाज होगा अन्यथा नहीं।

(३) आर्यसमाज के मंच मे यह घोष उठना चाहिए कि "भारत विभाजन के महापाप का अन्त करना है।" ऋषि की भारत भक्ति का यही ठोस रूप अपनाना होगा।

(४) महर्षि दयानन्द पहले व्यक्ति थे जिन्होंने स्वराज्य का मंत्र इस देश को विदेशी शासन काल में दिया। आज आर्यसमाज को ऋषि की आज्ञानुसार "स्वराज्य" और "सुराज्य" दोनों की स्थापना कर अपने संस्थापक का ऋण उतारना है।

(५) आर्यसमाज का उद्देश्य वैदिक विश्वविद्यालय की स्थापना है। इस विश्वविद्यालय में क्या पढ़ाया जाए, यह छान्दोग्य उपनिषद्

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
के सनत्कुमार-नारद संवाद से प्रकट होता है। वहां नारद ने २६ विद्याओं के अध्ययन का उल्लेख किया है। इनमें चारों वेदों के अतिरिक्त आकाश, पृथिवी, समुद्र, पशु-पक्षी, न्याय, तर्क इत्यादि अनेक विद्याओं का समावेश है। आर्यसमाज के वैदिक विश्वविद्यालय में इन्हीं विद्याओं का पठन-पाठन होना चाहिए।

(६) जनता की भूख और गरीबी मिटाने के लिए आर्यसमाज को व्यवसाय और उद्योगमण्डल स्थापित करने चाहिएं। ऋषि दयानन्द भारत की निर्धनता से अत्यन्त संतप्त रहा करते थे।

(७) ऋषि दयानन्द बड़े गोभक्त थे। आर्यसमाज को गौ-रक्षा, गौपालन और गौ संवर्द्धन की ओर अपनी शक्ति लगानी चाहिए। छोटी-छोटी गोशालाएं स्थापित की जाएं। दूध-मक्खन की प्रचुरता से अन्न का व्यय कम हो जाएगा। वैदिक आहार का प्रचार होगा।

(८) आर्यसमाज अपने को राष्ट्र की चतुर्मुख प्रवृत्तियों का केन्द्र बनाए। दरिद्रता का नाश और समृद्धि की प्राप्ति—देश के लिए दोनों कार्य आर्यसमाज करे।

(९) देश में कई प्रचार मिशन हैं। इनमें और ऋषि दयानन्द द्वारा स्थापित आर्यसमाज में क्या भेद है—एक उदाहरण से स्पष्ट हो जाएगा। रामकृष्ण मिशन और विवेकानन्द मिशन भारत व इससे बाहर जहां भी गये हैं, वहाँ वहाँ अंग्रेजी भाषा, सभ्यता गयी है और आर्यसमाज देश-विदेश में जहां भी गया है वहां वैदिक जीवन के प्रति लगाव, भारतीयता, हिन्दी-संस्कृत इत्यादि का प्रचार हुआ है। आर्यसमाज को इस दिशा में अभी बहुत काम करना है। आर्यसमाज १०० वर्ष में वह कार्य कर सका जो ब्रह्म समाज और यह मिशन २०० वर्ष में न कर सके।

(१०) आर्यसमाज के सदस्य की पहिचान स्वयं सेवक की प्रबल भावना, पारस्परिक भाईचारा और प्रगाढ़ बन्धुत्व।

(११) आर्यसमाज को गन्धर्व वेद के अनुसार नृत्य, गीत, वाद्य इत्यादि को भी अपने सत्संगों और प्रचार कार्य में उचित स्थान
CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
देना चाहिए। कृष्ण की बांसुरी और नारद की वीणा के स्वर गुंजायमान होते रहें। गीत-संगीत और नृत्य के अपनाये जाने से सत्संगों की शुष्कता दूर हो जाएगी।

(१२) आर्यसमाज फिल्म जगत् में प्रवेश करे। ऋषि दयानन्द के जीवन की अनेक ऐसी अनोखी घटनाएं हैं जिनका फिल्मीकरण हो सकता है। इसी प्रकार स्वामी श्रद्धानन्द, पं० लेखराम इत्यादि आर्य वीरों का जीवन फिल्माया जा सकता है। वेद के कई सूक्त ऐसे हैं जिनकी शिक्षाओं का फिल्म बन सकता है।

४

श्री सत्यपाल शर्मा
१६/१०७ सी २/ए जनकपुरी, नयी दिल्ली-१८

(१) यद्यपि महात्मा गांधी ने महर्षि दयानन्द द्वारा प्रदर्शित मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज सुधार के कुछ कार्यों को हाथ में लिया पर उसका रूप सर्वथा विकृत कर दिया। अछूतोद्धार को "हरिजन उद्धार" नाम देकर गांधीजी ने जो नया आन्दोलन चलाया उसका विकृत रूप आज इतना भयंकर हो गया है कि हरिजन एक निहित स्वार्थ का वर्ग बन हिन्दु समाज की मुख्य धारा से सर्वथा कट गया है। ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज तो इस तथाकथित अछूत वर्ग को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र की मुख्य धारा में एकाकार करने के लिए प्रयत्नशील थे पर अब, गांधीजी की भूल के परिणाम स्वरूप, वह "अनुसूचित जाति" के नाम से संविधान में सर्वदा के लिए पृथक् जाति बन गयी है।

(२) नारी शिक्षा के विषय में भी महर्षि ने सही दिशा का पथ प्रदर्शन किया पर उसे पूर्ण रूप में न समझ आज दी जाने वाली स्त्री-शिक्षा का परिणाम यह है कि भारतीय नारी अपने रूप को खो पाश्चात्य नारी की नकल करने में ही अपना सर्वस्व लगा रही है।

(३) शिक्षित समाज में से अनेक प्रकार की रूढियों के निराकरण और परिष्कृत दृष्टिकोण उपस्थित करने का श्रेय, इस युग में, सर्वाधिक आर्यसमाज को ही है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) दूसरों का सुधार करने वाला आर्यसमाज अब स्वयं इस क्षेत्र में पिछड़ गया। अब आर्य-अनार्य में कोई उल्लेखनीय भेद नहीं। धर्म और जीवन—दोनों पृथक् पटरियां बन गयी हैं।

इसके उपाय

(१) सबसे पूर्व, अपने को "ब्रह्मसमाजी" "देवसमाजी" की तरह "आर्यसमाजी" न मानकर "आर्य" कहना-मानना चाहिए। आर्य जो "ईश्वरपुत्र" और आर्य धर्म व संस्कृति में पूर्णतः दीक्षित हो। हमें आर्यसमाज का सदस्य बनाने की अपेक्षा "आर्य" बनाने पर अधिक ध्यान देना होगा।

(२) "आर्य सभासद्" और "आर्य सदस्य"—इन दो भेदों के रूप में पहले प्रकार के वह व्यक्ति हों जिनका सारा परिवार आर्य संस्कृति में परिष्कृत है और दूसरे प्रकार के अन्तर्गत वह व्यक्ति जो स्वतः आर्य सिद्धान्तों को मानते हैं पर परिवार के अन्य लोग उस मार्ग पर नहीं हैं।

(३) "आर्य सदस्य" बनाने के लिए शिथिलता की जा सकती है पर "आर्य सभासद्" बनाने के लिए कड़ाई से काम लिया जाए। पहले प्रकार के व्यक्ति बाहर के नाभिचक्र सदृश और दूसरे भीतर की नीति चक्र सदृश समझे जाएं।

(४) "आर्य सभासद्" ही आर्यसमाज की रीढ की हड्डी के तुल्य हैं। इन पर आर्यसमाज के नियम, बिना किसी अपवाद के लागू किये जाएं।

(५) अन्तरंग सभा और अधिकारियों का चुनाव इन "आर्य सभासदों" में से ही हो। इन सभासदों का आर्यसमाज के नियम उपनियम इत्यादि से पूर्ण परिचित और जागरूक रहना आवश्यक है।

(६) आर्य सभासद्, अन्तरंग सदस्य और अधिकारी वे ही हों जिन्हें हिन्दी का पर्याप्त और संस्कृत का भी कुछ ज्ञान हो और अपना सारा कार्य हिन्दी में ही करते हों।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(७) आर्यसमाज और वेद का अटूट सम्बन्ध है। इसलिए प्रत्येक आर्य के लिए वेद का पठन-पाठन और स्वाध्याय अनिवार्य हो।

(८) कोई भी आर्यसमाज स्वतंत्र रूप से रजिस्टर्ड न हो किन्तु केन्द्रीय सभा द्वारा निश्चित नियमावलि के अन्तर्गत ही रजिस्टर्ड हो सकें।

(९) कोई भी आर्यसमाज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का रूप न हो कर सदस्यता के लिए सर्वथा उन्मुक्त रहे।

(१०) प्रादेशिक व प्रतिनिधि सभा—दोनों सभाओं का एकीकरण हो जाए।

(११) सरकारी तंत्र की दृष्टि से इस समय भारत में जितने राज्य हैं, उसी अनुसार प्रत्येक राज्य की प्रतिनिधि सभा हो। दो या तीन राज्यों की एक प्रतिनिधि सभा न हो।

(१२) महर्षि दयानन्द के चक्रवर्ती साम्राज्य का संक्षिप्त रूप ही "आर्यसमाज" है। इस लिए इसके संगठन में भी उसकी झलक होनी चाहिए। "धर्मार्य सभा" के रूप में जहाँ सभासद धर्मात्मा हो वहाँ प्रचार कार्य इस सभा के आधीन हो। "विद्यार्य सभा" के रूप में शिक्षा का सारा कार्य इस सभा द्वारा संचालित हो। "राजार्य" सभा के अन्तर्गत आर्यसमाज वैदिक राज्य का रूप और वैदिक शासन प्रणाली का प्रशस्त मार्ग देश के सामने प्रस्तुत करता हुआ राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में नेतृत्व करें। इस संस्था के द्वारा आर्ययुवक सक्रिय राजनीतिज्ञ बन सकें—ऐसा प्रयत्न हो।

(१३) इन तीनों प्रकार की सभाओं के अतिरिक्त "आर्यवीर दल" की पुनः सोत्साह प्रतिष्ठा आवश्यक है।

(१४) आर्थिक क्षेत्र में गोरक्षा और गोशाला स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जाए।

(१५) आर्थिक क्षेत्र में प्रगति करने के लिए सहकारी समितियों

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की स्थापना की जाए। आर्यसमाज का कार्य देश की सब प्रकार की समस्याओं का हल करना है।

(१६) इस सिद्धान्त का दृढ़ता से पालन हो कि किसी भी क्षेत्र में-धार्मिक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यावसायिक इत्यादि—जो भी कार्य किया जाए वह "आर्य ध्वज" के नीचे रहकर ही किया जाएगा। अन्य संस्थाओं का आश्रय लेकर कार्य करना आर्यसमाज और महर्षि दयानन्द के प्रति कृतघ्नता ही होगी।

५

श्रीनारायणदत्त योगी : विद्यावाचस्पति, सिद्धान्तभूषण
आर्य वानप्रस्थ आश्रम, ज्वालापुर
(जि.सहारनपुर, उ० प्र०)

व्यक्तिगत रूप से हमें अपना आर्यजीवन बनाना होगा।

(२) चारों वेद और छः वेदांगों का प्रबन्ध आर्यसमाज द्वारा होना चाहिए। तभी वेद रक्षा और वेद प्रचार हो सकेगा। गुरुकुलों की स्थापना इसी उद्देश्य से की गयी थी।

(३) डी.ए.वी. संस्थाओं में भी सन्ध्या, हवन, सत्यार्थ प्रकाश, धर्म शिक्षा कालेज की श्रेणियों में संस्कार विधि, ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका, यजुर्वेद भाष्य इत्यादि पढ़ाये जाएं। डी. ए. वी. कालेजों में सहशिक्षा नहीं होनी चाहिए।

(४) शिक्षा का माध्यम हिन्दी ही हो, अंग्रेजी नहीं।

(५) आर्य शिक्षा संस्थाओं में जो अध्यापक नियुक्त किये जाए वह ऋषि दयानन्द कृत ग्रन्थों तथा अन्य वैदिक साहित्य की पुस्तकें पढ़ उनमें उत्तीर्ण होने के बाद ही नियुक्त किये जाएं।

(६) उपदेशक विद्यालय जगह-जगह खोले जाएं। महिलाओं के लिए भी पृथक् उपदेशक विद्यालय हों।

(७) वैदिक ग्रन्थों के प्रकाश की विशेष व्यवस्था हो। ऋषि-दयानन्द कृत ग्रन्थों—विशेषतः सत्यार्थप्रकाश-के सस्ते संस्करण प्रकाशित किये जाएं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(८) धर्मार्यसभा, विद्यार्यसभा, राजार्यसभा—तीनों प्रकार की सभाओं की स्थापना की जाएं।

(९) गोवध निषेध, मद्य-मांस, धूम्रपान निषेध, अश्लीलता विरोध, सहशिक्षा विरोध—इत्यादि आन्दोलन चलाये जाने चाहिएं। इससे समाज में नवजीवन आएगा।

(१०) मैजिक लेनटर्न, भजन इत्यादि द्वारा गांवों में अच्छा प्रचार हो सकता है। इसका उपयोग किया जाए।

(११) केवल मात्र मार्ग व्यय लेकर संन्यासी, वानप्रस्थी इत्यादि आर्यसमाज का प्रचार कार्य करें। उनके भोजन इत्यादि की व्यवस्था स्थानीय आर्यसमाजें करें।

(१२) हिन्दु बाल विधवाओं के पुनर्विवाह और उनकी रक्षा-शिक्षा स्वावलम्बी बनाने की ओर ध्यान दिया जाए। इसी प्रकार अनाथों की रक्षा और शिक्षा के लिए भी व्यवस्था हो ताकि समाज के यह दोनों अंग विधर्मी न हों।

(१३) साप्ताहिक सत्संग में सब सभासद्, सपरिवार अवश्य आए। सत्संग के बाद प्रसाद वितरण अवश्य हो।

(१४) आर्यसमाज के उत्सव से एक सप्ताह पूर्व कथा और उत्सव से एक दिन पहले नगर कीर्तन अवश्य हो।

(१५) आर्यसमाज के चुनाव प्रति वर्ष हों और अधिकारी प्रति-वर्ष बदले जाएं।

(१६) प्रत्येक आर्य मुमुक्षु बनने के लिए प्रयत्नशील हो।

६

श्री प्रेमचन्द्र शास्त्री—२९२१ गली टकसाल
मानखुर्द, बाजार सीताराम, दिल्ली ६

महर्षि दयानन्द आर्यसभादों को ईश्वर भक्त स्वाध्याय शील तदनुकूल आचरण, विद्या वृद्धि में तत्पर सत्य आदि गुण युक्त न्यायपूर्वक धर्मानुसार प्रीति व्यवहार शील बनाना चाहते थे।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri.

बजरंग प्रताप सिंह

(२) सत्यार्थप्रकाश की भूमिका में ऋषि ने सत्य पर ही अधिक बल दिया है। उत्तरार्द्ध की भूमिका में वेदानुकूल मत में चलने का उपदेश दिया है। अपने प्रिय ग्रन्थ का नाम "सत्यार्थप्रकाश" रख कर और उसमें स्थान-स्थान पर बारम्बार "सत्य" पर बल देते हुए ऋषि यह स्पष्ट कर गये हैं कि विश्व का कल्याण और किसी भी देश का उद्धार सत्य द्वारा ही हो सकता है।

(३) ऋषि दयानन्द आर्यों का चक्रवर्ती साम्राज्य देखना चाहते थे।

(४) राजा महाराजाओं से किये गये पत्र व्यवहार से स्पष्ट होता है कि स्वामी दयानन्द राजाओं को धर्मात्मा, सदाचारी, वेदनिष्ठ, क्षात्र धर्म पालक, प्रतिदिन यज्ञ सन्ध्या करने वाले उपासक, ईश्वर भक्त, न्यायकारी, प्रजा हितैषी और देश भक्त बनाना व देखना चाहते थे।

(५) गोरक्षा और मद्य-मांस त्याग पर ऋषि का विशेष ध्यान था।

(६) महर्षि ने ईश्वर विश्वास पर अपने लेख, भाषण, उपदेश और दैनिक जीवन के व्यवहार द्वारा बहुत क्रियात्मक बल दिया है।

(७) प्रत्येक आर्य को प्रतिदिन वेद—स्वाध्याय और पंचमहायज्ञ करने चाहिए।

(८) महर्षि दृढ देशभक्त और भारत की विश्व में सर्व श्रेष्ठता के उद्घोषक थे। प्रत्येक आर्य को यह दोनों गुण धारण करने चाहिए।

(९) महाभारत की तरह गृह कलह त्याग कर आर्यसमाज को निःस्वार्थ भाव से पारस्परिक मेल मिलाप बढ़ाना चाहिए।

(१०) आर्य सभासदों में पद लिप्सा और चुनाव प्रचार न हो। तीन वर्ष के नियम का पालन आवश्यक हो।

(११) आर्यों की दिनचर्या नियमित, सात्विक और श्रेष्ठ हो; साप्ताहिक सत्संग के दिन आर्य सभासद आर्य समाज मन्दिर में बैठें।

विशेष रूप से स्वाध्याय करें। समाज में विद्वान् पुरोहित हों। सत्संग रुचिकर और जीवन प्रेरक हों।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७

श्री वी. के.के. चन्द C/o श्री हंसराज नरूला
ए-७२, अमरकालोनी, लाजपतनगर IV, नई दिल्ली

धार्मिक शिक्षा पर लगाये गये सरकारी प्रतिबन्ध के विरुद्ध आर्यसमाज ने अभी तक कोई प्रबल आन्दोलन नहीं किया। यह प्रतिबन्ध अत्यन्त घातक सिद्ध हो रहा है। अवश्य पूर्णतः हटाया जाना चाहिए।

(२) कॉनवेण्ट स्कलों में बच्चों को पढ़ाने की प्रवृत्ति आर्य परिवारों में बढ़ रही है। यह शीघ्र समाप्त होनी चाहिए।

(३) सरकार के भ्रष्ट अधिकारियों और सिद्धान्तों से अनभिज्ञ राजनीतिक व्यक्तियों को आर्यसमाज की बंदी पर नहीं बुलाना चाहिए। जनता पर इसका दूषित प्रभाव पड़ता है।

(४) आर्य समाज का सदस्य उसे ही बनाया जाए जो इसके नियमों का पालक, उन्हें जानने वाला और सदाचारी हो। नियमों उपनियमों में इस आशय की एक धारा जोड़ देनी चाहिए। एक वष तक सदाचार पूर्वक रहते हुए प्रतीक्षा करने के नियम का कड़ाई से पालन होना चाहिए।

(५) सह शिक्षा, पब्लिक स्कूलों और ईसाई मिशनो के स्कूलों में प्रमुख आर्य समाजी नेता अपने बच्चों को भेजते है यह तत्काल बन्द हो।

(६) आर्य जीवन में दृढ़ सक्रिय, आस्तिकता, स्वाध्याय, सत्संगों में नियमित उपस्थिति शतांश चन्दा, इत्यादि नियमों का पालन आवश्यक हो।

(७) सत्संगों में सर्वाधिक प्राप्त उपस्थिति वाले युवक-युवतियों को पुरस्कृत किया जाए तथा सत्यार्थप्रकाश परीक्षा का प्रचार और प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे।

(८) साप्ताहिक सत्संगों में प्रवचन स्वाध्याय पर आधारित और गम्भीर शिक्षाप्रद होने चाहिए।

(९) षोडश संस्कारों का प्रचार हो और विद्वान् सच्चरित्र विद्वानों द्वारा कराये जाएं। उपदेशक पुरोहितों का पूरा आदर सम्मान हो।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०) गोधन भारत सदृश कृषि प्रधान देश के लिए आवश्यक है। गो पालन और गोरक्षा पर विशेष ध्यान आर्य समाज दे।

(११) छूत-छात, जात पात तोड़ कर विवाह, शुद्ध शुदाओं के साथ सदव्यवहार और वैवाहिक सम्बन्ध, परस्पर खान पान मेल-जोल इत्यादि आवश्यक है।

(१२) जन्म जात वर्ण व्यवस्था का खण्डन और गुण कर्म स्वभावानुसार वर्ण व्यवस्था का पालन और आश्रमपालन, विशेषत:- वानप्रस्थ और संन्यास—इनका पालन किया जाए।

(१३) प्रचार में खण्डन मण्डन दोनों की आवश्यकता है।

(१४) आर्य समाज सार्वजनिक सेवाओं में अधिक प्रवृत्त हो। आर्य वीर दल स्थापना कर युवकों को जन सेवा में प्रेरित किया जाए।

(१५) भक्ष्य अभक्ष्य सम्बन्धी नियमों का पालन आवश्यक हो।

(१६) प्रचलित वैवाहिक रिवाजों में सुधार हो। दहेज लेना, देना आर्य पुरुषों में बन्द हो। विवाह सरल सादगी के साथ आर्य-समाज मन्दिरों में दिन के समय हो। फीजूल खर्ची और तड़क-भड़क न हो।

८

श्री रामेश्वर दयाल गुप्त एम. ए. बी. एस-सी.(इंजिनीयर)
असिस्टेन्ट डायरेक्टर (टी. ई.) पी. एम. जी.
आफिस, भोपाल (म. प्र.)

आज एक वैचारिक क्रांति की आवश्यकता है जो आर्य समाज द्वारा हो प्रादुर्भूत हो सकती है।

(२) स्वामी दयानन्द राष्ट्र में उन्नत चरित्र का मानव देखना चाहते थे। उनके आध्यात्मिक त्रैतवाद में हर व्यक्ति का स्वतन्त्र अस्तित्व है। आर्यसमाज मानव को राज्य का मात्र पुर्जा नहीं मानता है। आर्यसमाज के नियमों द्वारा ही व्यक्ति का उद्धार हो सकता है। आर्यसमाज के भावी कार्यक्रम की यह एक महत्वपूर्ण दिशा है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) लगभग एक करोड़ सदस्यों वाली संस्था आर्यसमाज अवश्य ही समुचित प्रयत्न करके ऋषि दयानन्द की कल्पना के अनुसार वैदिक आदर्श के अनुसार राज्य सत्ता स्थापित कर सकता है। आर्यसमाज केवल सुधारक व अध्यात्मवादी संस्था नहीं है। हमें अपनी महत्वाकांक्षा कुंठित नहीं करनी चाहिए।

(४) आर्यसमाज देश की एक अग्रगण्य शिक्षित संस्था होने के कारण अपने सतत आन्दोलन से देश के संविधान में ऐसा परिवर्तन कराये जो महर्षि दयानन्द के वेदानुकूल सिद्धान्तों के अनुसार हो।

(५) आर्यसमाज ऐसा प्रबल आन्दोलन करे जिससे राष्ट्र का सारा कार्य राष्ट्र भाषा हिन्दी और देवनागरी लिपि में हो।

९

श्री सुरेन्द्र कुमार आयुर्वेदालंकार
सढौरा (अम्बाला)

प्रत्येक आर्यसभासद् के लिए वेदज्ञान अनिवार्य हो। जो ऐसा न कर सके, उसे किसी उत्तर दायित्व पूर्ण पद पर अधिष्ठित न किया जाए।

(२) उपदेश का कार्य केवल संन्यासी का हो। संन्यास पद उसे ही दिया जाए जिसने ब्राह्मणत्व पद प्राप्त कर लिया हो।

(३) धन पर आधारित चुनाव प्रणाली बदली जाए। आर्यसमाज भवन वेद विद्यालय के रूप में परिवर्तित हों और वहां का आचार्य ही इनका अधिकारी हो।

(४) साप्ताहिक सत्संग का रूप बदल कर सभासंवाद में परिवर्तित किया जाए।

(५) वार्षिकोत्सव के बदले वार्षिक, षाण्मासिक अथवा त्रैमासिक वेदों के सस्वर पाठ के अतिरिक्त विद्वानों का पारस्परिक शास्त्रार्थ, संभाषण और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हों। खेल-कूद, साम गान, आसन प्राणायाम प्रतियोगिताएं भी हों।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) शिक्षण संस्थाओं में केवल आर्ष ग्रन्थ महर्षि दयानन्द पद्धति के अनुसार पढ़ाए जाएं। संस्कृत का अध्ययन अनिवार्य हो।

(७) गुण कर्म स्वभाव के वर्ण व्यवस्था स्थापन और आश्रम व्यवस्था का पालन भलीभांति बाध्य रूप से कराया जाए। वर्ण का निर्धारण आचार्य द्वारा युवावस्था में किया जाए। समाज में किसी को हेय व उपेक्षणीय न समझा जाए।

(८) शरीर के आरोग्य का पूरा ध्यान रखा जाए। आयुर्वेदिक औषधियों का ही प्रयोग हो।

(९) शासन द्वारा प्रसारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी, बनवासी वर्ग, परिवार नियोजन धर्म निरपेक्षता निरोध इत्यादि कार्यों का आर्यसमाज की ओर से प्रबल और व्यापक विरोध किया जाए।

(१०) आज कल बढ़ रहे पन्थों और गुरुओं, भौतिकवाद मद्य-मांस अण्डा भोजन का कट्टर विरोध हो। विधवा विवाह की जगह नियोग का प्रचार किया जाए। लड़कियों को पाश्चात्य शिक्षा न दी जाए। ज्योतिष विद्या वेद का अंग है। उसके वैज्ञानिक और गणित पक्ष को मान्यता दी जाए। सरकारी तन्त्र के अन्धाधुन्ध बढ़ जाने और आवश्यक भारी भरकम शासन व्यवस्था के परिणाम स्वरूप भूखमरी बढ़ रही है। संयम और मितव्ययी जीवन से भूखमरी की समस्या हल हो सकती है।

१०

श्री प्रेमदेव भूषण सीनियर एडवोकेट;
राजस्थान हाई कोर्ट, भरत पुर (राजस्थान)

आर्य समाज का भूत काल बड़ा उज्ज्वल है। वर्तमान काल की परिवर्तित परिस्थितियों के फलस्वरूप शिथिलता आ गयी है। इनमें सर्वाधिक समस्या जीविका उपार्जन

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की है। साथ ही नास्तिकता सर्वत्र बढ़ रही है। इसका प्रभाव आर्य समाज पर भी पड़ रहा है।

(२) शिथिलता का दूसरा कारण उपदेशक, प्रचारक, संन्यासी आदि की न्यूनता है। समाजों में पुरोहित नहीं है और मिलते भी नहीं हैं।

(३) आर्यसमाज की शिथिलता का तीसरा कारण समाज में अचल सम्पत्ति का बढ़ जाना और संस्थाओं की अधिकता है। इसके परिणाम स्वरूप पारस्परिक कलह की वृद्धि।

(४) आर्यसमाज को सीढ़ी बना कर राजनीति में प्रवेश शिथिलता का एक अन्य बड़ा कारण है। संन्यासी उपदेशक इत्यादि भी इसमें लिप्त प्रतीत होते हैं।

(५) इसका उपाय निराशा नहीं किन्तु पुनः शक्ति संचय और उत्साह धारण करना है। संगठन को दृढ़ बनाना होगा।

(६) संगठन में परिवर्तन कर इसे अधिक व्याप्त और आकर्षक बनाया जाए और दूसरा प्रचार कार्य पर अधिक बल दिया जाए। प्रत्येक सदस्य तन, मन, धन से इस कार्य में संलग्न हो।

(७) समाज के कार्यक्रम अधिक सरल, रोचक और आकर्षक हों। युवकों को आकृष्ट किया जाए। परिवारों में विशेष रूप से प्रचार हो। साप्ताहिक सत्संग में लाउडस्पीकर के प्रयोग से वेद मन्त्रों का सस्वर पाठ हो, उत्तम भजन कीर्तन हो और जीवन प्रेरक उपदेश हो।

(८) वार्षिक उत्सव भी विशेष धूमधाम उत्साह से मनाये जाएं। उपदेशकों, संन्यासियों, प्रचारकों के रहन-सहन सेवा सत्कार की अच्छी व्यवस्था हो।

(९) सरकारी अनुदान प्राप्त करने के फलस्वरूप आर्यसमाज की शिक्षण संस्थाएं अब प्रभाव शून्य हो गयी हैं। साथ ही छात्रों में अनुशासन हीनता बढ़ रही है। इसलिए आर्य समाज को सरकारी

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुदान का मोह छोड़ स्वतन्त्र रूप से इनका संचालन और इनमें धर्म शिक्षा को अनिवार्य रूप और चरित्र निर्माण पर विशेष बल देते हुए इनका सर्वथा रूपान्तर करना चाहिए।

(१०) विदेशों में वैदिक धर्म के प्रचार की ओर विशेष ध्यान दिया जाए। उसका प्रभाव भारत पर भी पड़ेगा।

(११) आर्य समाज द्वारा संचालित सब शिक्षण संस्थाओं का केन्द्रीयकरण कर एक "आर्य विश्वविद्यालय" स्थापित किया जाए। इसमें प्राचीन और अर्वाचीन दोनों प्रकार के विषयों की शिक्षा दी जाए।

(१२) वैदिक पुस्तकालय और संग्रहालय की स्थापना जिस के अन्तर्गत अनुसंन्धान, शोध और उत्कृष्ट वैदिक साहित्य का प्रकाशन हो।

(१३) वैदिक प्रयोगशाला स्थापित की जाय जिस के द्वारा वेदों में उल्लिखित वैज्ञानिक सिद्धान्तों को परीक्षण द्वारा सत्य सिद्ध किया जा सके।

(१४) वैदिक साधन आश्रम और आर्य नगर की स्थापना और उत्तम ढंग से निर्माण किया जाए।

११

श्री बी. एन. चौबे. वरिष्ठ अधिवक्ता,
उच्च न्यायालय, हैदराबाद (आन्ध्र)

अब आर्य "समाज" न रह कर "समज" रह गया है और इसमें कई दोष आ गये हैं। पर, निराश नहीं होना चाहिए। ऋषि ऋण उतारने का निश्चय करना होगा—प्रत्येक आर्य को।

(२) वेद की पुस्तक प्रत्येक घर में हो और प्रत्येक आर्य उसका प्रतिदिन पाठ करे—कम से कम एक मंत्र का अवश्य।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) आर्यसमाज में चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक सभासद के लिए जीवन की पवित्रता, शुद्धता और उच्चता अनिवार्य हो।

(४) उत्तम साहित्य प्रकाशन के लिए एक केन्द्रीय प्रकाशन संस्थान और प्रेस हो।

(५) ब्रह्मचर्य पालन के लिए युवकों में विशेष प्रचार किया जाए।

(६) गुण कर्म स्वभाव के अनुसार वर्ण व्यवस्था की स्थापना।

(७) चारों आश्रमों के कर्त्तव्य पालन पर विशेष बल। वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम का अधिक से अधिक प्रचार हो।

(८) सत्संग का बड़ा महत्व है। प्रत्येक आर्यसमाज में दैनिक सत्संग की व्यवस्था हो। आर्य सभासद उसमें सपरिवार आएं। साप्ताहिक सत्संग में प्रत्येक आर्य परिवार शामिल हो।

१२

श्री राम विचार एम. ए. प्राध्यापक दयानन्द कालेज, हिसार

सार्वदेशिक सभा का प्रधान और आर्यसमाज का सर्वमान्य प्रमुख नेता संन्यासी होना चाहिए। यह पद संन्यासी के लिए ही सुरक्षित रखा जाए। उसका पद आर्य समाज में वही हो जो इसाई जगत् में पोप का होता है। प्रान्तोय सभाओं में प्रधान भी संन्यासी ही हो। मंत्री पद के लिए वानप्रस्थी व कार्यनिवृत्त गृहस्थ—जो प्रति दिन ४ घंटे समय दे सके—होना चाहिए।

(२) राजनीति त्याज्य व हेय नहीं है, विशेषतः आज के युग में। आर्यसमाज को इसमें अवश्य भाग लेना चाहिए। इसका सर्वोत्तम रूप यही है कि आर्यसमाज अपनी राजनीतिक सभा द्वारा विधानसभाओं और संसद् तक पहुंचे।

(३) उपदेशकों, प्रचारकों और पूरा समय देने वाले कार्यकर्ताओं का समुचित रूप में सम्मान, संरक्षण और आजीवन, निश्चिन्त रूप से

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
भरण-पोषण की व्यवस्था होनी चाहिए। एक भजनोपदेशक का वेतन बी. ए. बी. एड, अध्यापक के और उपदेशक का एक प्राध्यापक के तुल्य होना चाहिए।

(४) बच्चों को प्रारम्भ से ही आर्य शिक्षा दें। परिवार का वातावरण धर्मानुकूल हो।

(५) प्रत्येक समाज में युवा जनों के लिए पृथक् शाखाएं हों।

(६) दलबन्दी दूर करने के लिए चुनाव पद्धति की जगह नियुक्ति को वरीयता दी जाए। सार्वदेशिक सभा का संन्यासी प्रधान प्रान्तीय सभा का प्रधान किसी संन्यासी को नियुक्त करे। वह संन्यासी प्रमुख व्यक्तियों के परामर्श से अन्य समाजों के अधिकारी नियुक्त करे। अर्थ शुचिता, आचरण पवित्रता, स्वाध्याय, आध्यात्मिक जीवन इत्यादि गुण विशिष्ट व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाए।

(७) प्रान्त की समस्त शिक्षण संस्थाएं प्रान्त की केन्द्रीय प्रबन्धकर्त्री सभा से सम्बद्ध हों।

(८) आध्यात्मिक शिविरों का बड़ी संख्या में वार्षिक आयोजन।

(९) केन्द्रीय समाज की ओर से सदैव आन्दोलनात्मक प्रवृत्तियां चलाई जाती रहें।

(१०) आर्य शिक्षण संस्थाओं द्वारा सदाचार निर्माण और धर्मप्रचार के लिए इन संस्थाओं के प्राचार्य, मुख्याध्यापक, प्राध्यापकों और अध्यापकों के पांच-पांच प्रतिनिधि—इनके प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश में कम से कम १ मास के शिविर लगाए जाएं जिनमें इनका भाग लेना अनिवार्य हो। यहां का प्रातः से रात्रि तक का कार्यक्रम पूर्णतः आर्य दिनचर्या के अनुकूल हो।

(११) सरकारी नीतियों की—जो वैदिक विचारधारा के प्रतिकूल हों—कटु आलोचना, विरोध, आन्दोलन, प्रदर्शन इत्यादि निर्भयता से सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से अवश्य होते रहना चाहिए। इससे संस्था में जागरूकता रहती है।
CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३

श्री धर्मपाल व्याकरणाचार्य
२ ऐफ कमला नगर दिल्ली-७

आर्यसमाज के कार्यक्रम में से "समझौतावाद" का कड़ाई से बहिष्कार होना चाहिए।

१४

श्री रामेश्वरदास
प्रधान आर्यसमाज तीमारपुर, दिल्ली

चरित्र निर्माण पर सब से प्रथम ध्यान दिया जाए।

(२) दैनिक स्वाध्याय और ऋषि दयानन्द के ग्रन्थों का गहराई से अध्ययन।

(३) शास्त्रार्थों को पुनः उत्साह से प्रारम्भ किया जाए।

(४) ग्राम प्रचार पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाए।

(५) शुद्ध शुदा व्यक्तियों को अपने में उदारता से मिलाना।

(६) हरिजन और पिछड़े वर्गों पर विशेष ध्यान।

(७) संस्कृत हिन्दी की बच्चों को अनिवार्य शिक्षा और इसका विशेष प्रचार।

(८) आर्यसमाज के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं में त्याग और सेवा की प्रबल भावना हो।

१५

डा० अंजनीनन्दन वर्मा "तरुण"
मंत्री, आर्यसमाज, मछली शहर, जौनपुर (उ० प्र०)

आर्य समाज राजनीति में प्रत्यक्ष भाग न लेकर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आन्दोलन के रूप में ही कार्य करे।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२) प्रत्येक आर्य सदस्य का बच्चों और परिवार सहित सत्संग में आना आवश्यक हो।

(३) प्रत्येक आर्य समाज में आर्य वीर दल द्वारा युवकों को आकृष्ट किया जाए।

(४) गुरुकुलों की स्थापना का अभियान विशेष रूप से चलाया जाए। प्रत्येक जिले में एक गुरुकुल हो। यह सब एक केन्द्र के आधीन हो। अन्य शिक्षण संस्थाओं की शिक्षा पद्धति को ऋषि के आदर्शों के अनुकूल लाया जाए।

(५) प्रत्येक आर्य सभासद् का जीवन-घर और बाहर आपाद मस्तक आर्यमय हो। लौकिक पारलौकिक व्यवहार सिद्धान्तों के अनुसार हो।

(६) भाष्य और व्याख्या सहित वेदों के सस्ते, सुलभ संस्करण प्रकाशित किये जाएं।

(७) पाखंड-खण्डन पर विशेष बल दिया जाए।

(८) दहेज, जन्म की जात-पात के बन्धन, रूढ़िगत और आडम्बर आर्य विवाह इत्यादि कुप्रथाओं का कड़ाई से निवारण।

(९) अनर्गल, अपमानजनक, तथ्य विरुद्ध और पाश्चात्य लेखकों के आधार पर लिखी गयी विदेशी विचारों की पोषक इतिहास की पुस्तकों के विरुद्ध प्रबल आन्दोलन, राष्ट्र गौरववर्धक इतिहास स्कूल कालेजों में पढ़ाये जाएं।

(१०) युवा शक्ति के संगठन पर विशेष ध्यान।

(११) रात्रि पाठशालाएं, छात्रवृत्तियां, निःशुल्क औषधालय, अतिथि सेवा, यज्ञ प्रचार इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जाए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६

श्री यदुवंश सहाय वानप्रस्थ

वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर (सहारनपुर) उ० प्र०

प्रत्येक प्रान्त में धर्मात्मा विद्वान्, संन्यासियों की एक समिति हो जो किसी व्यक्ति के आर्य सभासद् होने की योग्यता का निर्णय करें। इस समिति का निर्णय मान्य हो।

(२) राजनीति में वही सभासद् भाग ले सकें जो वहां जाकर भी अपने को सिद्धान्तों पर दृढ़ रख सकें।

(३) आर्य समाज की वर्तमान शिक्षण संस्थाएं बेकार सिद्ध हो रही हैं। इनके बदले बाल सदन स्थापित किये जाएं।

(४) संन्यासी, वानप्रस्थी और विद्वानों का समुचित आदर-सम्मान हो और उनका सशक्त संगठन हो।

(५) युवा वर्ग को आर्य समाज में आकृष्ट करने के लिए जन सेवा और राहत के कार्यों में विशेष दिलचस्पी लेनी चाहिए। युवापीढ़ी पर आर्य समाज की इस परोपकार-वृत्ति का बड़ा प्रेरणाप्रद प्रभाव पड़ेगा।

(६) खंडन की अपेक्षा सिद्धान्तों के मण्डन पर अधिक बल दिया जाए।

(७) शुद्धि का कार्य बिना ढ़ोल पीटे, चुपचाप, शान्ति से किया जाए।

(८) अनाथ रथा, उनके पालन-पोषण और शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

(९) बौद्धभिक्षुओं और इसाई मिशनरियों की तरह प्रचारक वग तैयार कर सर्वत्र भेजा जाए।

(१०) साहित्य द्वारा प्रचार पर विशेष ध्यान।

(११) विदेशों में वहाँ की भाषाओं के माध्यम से प्रचार किया जाए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१२) आर्य विश्वविद्यालय, विशाल प्रेस, वृहद् पुस्तकालय दैनिक साप्ताहिक मासिक समाचार पत्र, चलचित्र—विश्व की संस्कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन इत्यादि आधुनिक साधनों का अवलम्बन।

१७

श्री परमात्मा प्रसाद शुक्ल "साथी" आर्योपदेशक
राजवाड़ा जगदलपुर जि० बस्तर (मध्यप्रदेश)

प्रचार के लिए इसाईयों क़ी तरह भाषण इत्यादि पर बहुत जोर न देकर स्कूल, अस्पताल, आश्रम इत्यादि संस्थाओं द्वारा चुपचाप प्रचार किया जाए।

(२) वैज्ञानिक ढंग से वेद भाष्य, आध्यात्मिक पक्ष का स्वरूप, कर्मकांड इत्यादि सिद्धान्तों को उपस्थित करना चाहिए।

(३) भारत के दक्षिण प्रदेशों के लिए वहां की भाषाओं में साहित्य निर्माण पर विशेष ध्यान।

(४) आर्य समाज धर्ममूलक राजनीति का प्रचारक हो।

(५) आर्य वीर दल द्वारा सामाजिक क्रान्ति की भूमिका निभाई जाए।

(६) आर्य समाज के संगठन को विशुद्ध बनाने के लिए आर्य सदस्यता का मापदंड ऊंचा करना होगा।

(७) महिला वर्ग में विशेष प्रचार व्यवस्था।

(८) परिवारों में दैनिक सत्संग।

(९) भारत में घुसपैठ करने वाले अराष्ट्रीय तत्त्वों का मुकाबला।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१८

श्री हरिश्चन्द्र आर्य "वैदिक" "विद्यावाचस्पति"
मु० पो० मुरारई, जि० वीरभूम (प० बंगाल)

सार्वदेशिक सभा की ओर से एक ऐसा केन्द्र स्थापित हो जहां देश-विदेशों के प्रमुख आर्य एकत्रित हों धर्म प्रचार के साधनों पर विचार कर सकें।

(२) आर्य समाज की चुनाव पद्धति में उपदेशक, पुरोहित, अध्यापक, लेखक इत्यादि का भी स्थान हो।

(३) उपदेशक विद्यालय बड़ी संख्या में स्थापित हों और योग्य प्रचारक-भजनीक तैयार किये जाएं। इन्हें भारत की किसी प्रादेशिक भाषा का भी अच्छा बोलने-लिखने का ज्ञान हो।

(४) वार्षिकोत्सवों, साप्ताहिक सत्संगों और अन्य कार्यक्रमों को सर्वथा नया और आकर्षक रूप दिया जाए। वक्ता और श्रोता—दोनों में घनिष्ठ सम्पर्क स्थापित हो।

(५) मांस-मछली, मद्य इत्यादि के बढ़ते प्रचार के–आर्य परिवारों में भी– विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए।

(६) आर्य समाज को अपने मुख्य उद्देश्य वेद के पठन-पाठन, प्रचार, अनुसंधान, शोध इत्यादि विशेष ध्यान देना होगा।

१६

श्री अजयव्रत वानप्रस्थी मकान नं० ६७ साऊथ एक्सटैंशन
भाग १ नई दिल्ली ४६

आर्य समाज की चुनाव पद्धति और उत्सवों के स्वरूप को बदलना होगा।

(२) उपदेशक विद्यालयों की स्थापना पर विशेष ध्यान।

(३) गुरुकुलों और आर्यकालेजों का सर्वथा रूपान्तरण।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) शुद्धि पर विशेष ध्यान। शुद्ध हुओं के लड़के-लड़कियों के विवाह की समस्या का हल—अन्तर्जातीय विवाह द्वारा ही।

२०

श्रीमती चन्द्रप्रभा मदान एम. ए. बी. एड. शास्त्री, साहित्यरत्न, पी-एच. डी. अध्यापिका [स्नातकोत्तर] राष्ट्रीय विरजानन्द अन्धकन्या विद्यालय, शंकर रोड, नयी दिल्ली-६०

आर्यसमाज का संगठन सर्वथा पूर्ण है और इसी ने अभी तक आर्यसमाज को जीवित रखा है। समयानुकूल इसमें तनिक हेर-फेर की आवश्यकता है।

(२) धर्म सम्बन्धी प्रश्नों को हल करने के लिए एक विद्वत् सभा व धर्म सभा की आवश्यकता है।

(३) आचार प्रधानधर्म उच्चार-प्रचार हो गया है। यह दोष दूर किया जाए।

(४) उपदेशक कीर्तन मंडलियां, सहायता कार्य, ऋषि जीवन पर फिल्म, आर्य महापुरुषों के जीवन रेडियो, टेलीविजन द्वारा इत्यादि साधनों का अवलम्बन।

(५) परिवारों का आर्यकरण, मद्य-मांस निषेध, विद्वानों का सम्मान, संस्कृत-हिन्दी का प्रचार, वैदिक वाङ्मय का प्रसार, शिविर आयोजन, युवकों के लिए युवा संस्थाएं इत्यादि साधनों का अवलम्बन।

२१

श्रीमती प्रकाश आर्य बालज्योति पब्लिक स्कूल, ३ सी ३१, न्यू रोहतक रोड़, नयी दिल्ली ५

उत्तम व्यक्ति बनाने के लिए माता, पिता और शिक्षक—तीनों पर सर्वाधिक दायित्व है। ऋषि दयानन्द ने इन तीनों की बड़ी महत्ता बतायी है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२) शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक तथा धार्मिक कुरीतियों पर कुठाराघात करना होगा।

(३) भक्ष्य-अभक्ष्य के नियमों का पालन करने में आर्य परिवारों में भी बड़ी शिथिलता आ रही है। इसका तुरन्त निवारण करना होगा।

(४) १६ संस्कारों का पालन आवश्यक है। हिन्दी और संस्कृत के पठन और प्रचार पर विशेष ध्यान।

२२

श्री जयनारायण रिटायर्ड स्टेशन मास्टर
गांव—टोडापुर, डाक—हेलीमंडी,
जिला गुड़गांवां (हरियाणा)

सरकारी सहायता से और नैतिक नियमों की शिथिलता से मद्य-प्रचार बहुत हो रहा है। आर्यसमाज को इस दिशा में सक्रिय और ठोस कदम उठाकर इसे रोकना होगा।

(२) आर्यसमाज राजनीति में भाग लेता हुआ उसे वैदिक स्वरूप दें।

(३) उपदेशक और भजनीक निर्व्यसनी, सदाचारी, धर्मनिष्ठ और आर्य सिद्धान्तों से सुपरिचित होने चाहिएं।

(४) ग्राम-प्रचार की ओर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। आर्यसमाज की नींव शहरों की अपेक्षा देहात में अधिक दृढ़ हो सकती है।

(५) उत्सवों के अतिरिक्त विद्वत् गोष्ठियों पर विशेष बल दिया जाए। उत्सवों में रात को शंका समाधान और गोष्ठी का कार्य-क्रम होना चाहिए। साहित्य प्रचार अत्यन्त आवश्यक है।

(६) आज के युग में प्रचार के नये साधन—प्रभातफेरी, आकर्षक पोस्टर, टेप रिकार्ड, मैजिक लैनटर्न, चार्ट, चित्र आदि का प्रयोग अवश्य ही लाभकारी और प्रभावी होता है।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२३

डा० कुमारी सुशीला आर्या एम.ए. पी-एच. डी.
उपाचार्या, सरस्वती महिला विद्यालय, चरखी दादरी
(हरियाणा)

साप्ताहिक सत्संगों को आस्तिकतापूर्ण बनाया जाए। सपरिवार सब उपस्थित हों। शंका समाधान का भी अवसर दिया जाए।

(२) ऋषि दयानन्द के आधार वेद ही थे। इन वेदों के पठन-पाठन स्वाध्याय, अनुसंधान, वैदिक साहित्य, देश-विदेश के शोध ग्रंथ इत्यादि का बृहत् संग्रह हो।

(३) आर्यसमाज की शिक्षण संस्थाओं की दुर्दशा है। इनका नवीकरण किया जाए और धर्मशिक्षा अनिवार्य हो।

(४) आर्यसमाज में भी यज्ञों के नाम पर चल रहे पाखंड को शीघ्र समाप्त किया जाए।

(५) साहित्य प्रकाशन—विशेषतः अनुसंधान पूर्ण शोध ग्रन्थ न केवल हिन्दी किन्तु अन्य भाषाओं में भी प्रकाशित हों।

(६) उत्सवों पर धार्मिक और सामाजिक प्रचार तथा उत्तम संगीत कीर्तन भी अवश्य हो। राजनीतिक नेताओं को मच न दिया जाए। आर्य विद्वान्, संन्यासी, महात्मा ही उपदेश दें।

(७) राजनीति में आर्यसमाज स्वतंत्र रूप से अपना प्रभाव जमाए और कार्य करे।

(८) पाखंड खंडन पर विशेष ध्यान।

२४

श्री शिवपूजन शास्त्री मुख्याधिष्ठाता
आर्य महाविद्यालय किरठल (मेरठ)

आर्य समाज को अपनी शक्ति गुण कर्म स्वभावानुसार वर्ण व्यवस्था, आश्रम पद्धति का पुनरुद्धार, शुद्धि प्रचार,

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्वाचन प्रणाली सुधार, गोरक्षा, मद्य-मांस निषेध—इत्यादि प्रवृत्तियों पर केन्द्रित करनी चाहिए।

(२) पुत्रैषणा वित्तैषणा और लोकैषणा—इन तीनों से रहित व्यक्ति जब आर्यसमाज का नेतृत्व संभालेंगे तभी कल्याण होगा।

(३) आर्यसमाज के उपदेशक, प्रचारक, भजनीक सिद्धान्त जानने वाले विद्वान्, सदाचारी, धर्मात्मा और स्वाध्याय शील होने चाहिए।

(४) महिलाओं में आर्यसमाज के प्रचार की विशेष आवश्यकता है।

(५) हमारा सारा प्राचीन साहित्य संस्कृत में है। इसलिए संस्कृत के प्रचार पर विशेष ध्यान दिया जाए।

२५

विद्यार्थी श्री सत्यपालार्य 'स्नातक' प्राचार्य
वैदिकविद्यापीठ, बदायूं (उ. प्र.)

आर्यसमाज का विधान और चुनाव प्रणाली सर्वथा ठीक है बशर्त्ते उसके सदस्य सच्चरित्र हों और इस पद्धति को व्यवस्थित रूप से चलाया जाए।

(२) आज देश में नये नये गुरु, अवतार और ढोंगी बढ़ रहे हैं। इनके पाखण्ड का उन्मूलन आर्यसमाज को करना होगा।

(३) जन्म मूलक जात पात का अन्त किया जाए। गुण कर्म स्वभाव ही वर्ण निश्चय की एक मात्र कसौटी हो।

(४) आर्यसमाज का सबसे मुख्य कार्य वेद के ज्ञान का प्रचार है।

(५) आर्य समाज मन्दिर उपासनालय और सामाजिकता के केन्द्र हों प्रत्येक समाज में पुरोहित हों, युवा जनों के लिए विशेष प्रतियोगिता मूलक कार्यक्रम हो। प्रांत के विशेष स्थानों पर शिविर लगाये जाएं।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार पर विशेष ध्यान।

(७) वैदिक समाजवाद का स्वरूप जनता के सम्मुख रखा जाए।

२६

सुश्री उषा अरोड़ा बी. ए. प्रथम वर्ष
चन्द्र आर्य विद्या मन्दिर, दिल्ली

आर्य समाज उन लोगों की संस्था है जो वैदिक धर्म के प्रचार की अभिलाषा रखते हैं। इसका सदस्य गरीब से गरीब भी हो सकता है। आर्यसमाज का संगठन स्वाधीन हो कर अपने आप में पूर्ण है। आर्यसमाज को किसी अन्य सगठन की अपेक्षा नहीं है।

(२) ऋषि के उपदेश के अनुसार ब्रह्मचर्य पालन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

(३) ऋषि दयानन्द की शिक्षा के अनुसार आर्य सदस्य को अपने जीवन में दया, सत्य, परोपकार निर्भयता को जीवन में, विशेषतः, ढ़ालना चाहिए।

(४) आर्यसमाज को कर्मशील बनकर कार्यरत रहना होगा।

(५) नगरों और ग्रामों में युवक—संगठन पर विशेष बल दिया जाए। आर्य युवक समाजों का गठन किया जाए।

(६) ऋषि ने दिमाग के बन्द तालों को खोल कर बुद्धि के प्रयोग पर बल दिया। आर्यसमाज इसका दृढ़ता से पालन करे।

(७) अछूतोद्धार, नारी उत्थान, गोवध निषेध, पशु संवर्धन, स्वदेशी प्रचार—यह सब आर्यसमाज के विशेष कार्यक्रम होने चाहिए।

२७

श्री शिवराज सिंह चौहान ग्राम बोरियापुर, डाक. बेर, जिला. इटावा
(उत्तर प्रदेश)

हिन्दु जाति के प्राणों में समायी हुई पाषाण पूजा की भावना का अन्त किया जाए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२) धार्मिक परीक्षाओं का विशेष रूप से प्रचार किया जाए।

(३) गर्भाधान संस्कार पर विशेष ध्यान देते हुए अन्य सब संस्कारों का भी, विधिवत्, पालन किया जाए।

(४) धर्म को तर्क संगत बनाते हुए ही प्रचार करना चाहिए। धर्म और विज्ञान पृथक् नहीं हैं, एक दूसरे से सर्वथा सम्बद्ध हैं।

(५) प्रशासन पद्धति का राष्ट्र के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए प्रशासन को वेद सम्मत बनाया जाए।

(६) अछूतोद्धार और वर्ग भेद निवारण पर विशेष बल दिया जाए।

२८

श्रीमती सुवीरा देवी आर्या प्रभाकर सत्यार्थ विशारद, सिद्धान्त विशारद, वेदोपदेशिका आर्यवानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर (जिला सहारनपुर) उ० प्र०

एक नया संसार बनायें जो जातिवाद वर्ग वाद नीच ऊंच की द्वष की लहरों से मुक्त होगा।

(२) वेद की विचार धारा का प्रचार करें।

(३) अध्यात्म–प्रभु साक्षात्कार–योग का मार्ग अपनायें।

(४) सत्यार्थकाश का विभिन्न भाषओं में प्रसार।

(५) मत मतान्तरों पर प्रबल प्रहार, पाखंड-खंडन।

(६) जन्म मूलक जात पात का उन्मूलन।

(७) आर्यसमाज और उसकी संस्थाओं का सुचारु रूप से संचालन।

(८) उपदेशकों और विद्वानों का सम्मान।

(९) आत्मा परमात्मा के बीच सीधा सम्बन्ध, बीच में किसी व्यक्ति विशेष का स्थान नहीं।

(१०) कुछ आर्य राजनैतिक पार्टियों में गये पर वहां अपना अस्तित्व कायम नहीं रख सके। हिन्दी आन्दोलन, गो-वध निषेध आन्दोलन इसी लिए सफल नहीं हो सके।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(११) आर्यों को पारिवारिक पवित्रता पर विशेष ध्यान देना, चाहिए। सिनेमा, नाच, कल्चरल प्रोग्राम, टेलिवीजन, ताश, शतरंज मांस मदिरा, अंडा इत्यादि का विरोध करना होगा।

(१२) वेद शास्त्रों का स्वाध्याय विशेष रूप से।

(१३) बच्चों को कानवेन्ट और इसाईयों के स्कूलों में न भेजा जाए।

(१४) सहशिक्षा आर्य संस्थाओं में सर्वथा बन्द हो।

(१५) आर्यसमाज के लिए एक ही काम है, वह है। "क्रान्ति"। पद लिप्सा का त्याग।

(१६) युवकों का सन्मार्ग प्रदर्शन किया जाए।

(१७) आर्यों के बच्चे हिप्पी बन रहे हैं। धार्मिक वातावरण के आधार पर परिवार निर्माण।

(१८) राष्ट्र विध्वंसक संस्थाओं का प्रवल विरोध किया जाए।

(१९) सत्संगों में सब सभासद् परिवार सहित आवें और पड़ोसियों को भी साथ लाने का प्रयत्न करें। पारिवारिक सत्संग पर विशेष ध्यान।

(२०) साधना शिविरों का आयोजन।

(२१) संस्थाओं के प्रधान संन्यासी हों।

२९

श्री रामकृष्ण भारती क्षेत्राधिकारी हिन्दी शिक्षण योजना,
भारत सरकार, गृहमंत्रालय
२५ एजरा मैंशन, १० गवर्नमैंट प्लेस ईस्ट, कलकत्ता—१

आर्यसमाज की वर्तमान चुनाव प्रणाली में पूर्णतः परिवर्तन करना होगा। तीन वर्ष में एक बार चुनाव हो।

(२) प्रचार पद्धति में जन सम्पर्क पर विशेष बल दिया जाए। खंडन की अपेक्षा मंडन को प्राथमिकता दी जाए। इसाई मिशनरियों की तरह मंच प्रचार की अपेक्षा सेवा कामों पर अधिक ध्यान दिया जाए।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) प्रत्येक समाज में पुरोहित हो, और उनकी प्रतिष्ठा हो ।

(४) संन्यासी, वानप्रस्थी, उपदेशक, प्रचारक—इत्यादि का सम्मान हो और उनकी समुचित आर्थिक व्यवस्था हो ।

(५) परिवारों में पूर्णतः धार्मिक वातावरण हो ।

(६) वार्षिकोत्सवों को अधिक आकर्षक पर मितव्ययी बनाया जाए । सप्ताह भर कथा यज्ञ साहित्य प्रकाशन, वाद विवाद प्रतियोगिताएं, प्रीतिभोज इत्यादि का आयोजन हो । राजनीतिक नेताओं को बुलाने की आवश्यकता नहीं । सर्व धर्म सम्मेलन, संगठन सम्मेलन किये जाएं ।

(७) साप्ताहिक सत्संगों में प्रत्येक सभासद का जाना अनिवार्य हो । इसकी पवित्रता स्थापित की जाए । इसमें सब सम्मिलित हों । रीढ़ की हड्डी की तरह साप्ताहिक सत्संग हैं ।

३०

श्रीमती सुशीला देवी मेहता
११/१९ वेस्ट पटेलनगर नई दिल्ली-८

सत्यार्थप्रकाश एक अनमोल रत्न है। इसका पठन-पाठन और प्रचार विशेष रूप से किया जाना चाहिए ।

(२) प्रत्येक आर्य को प्रतिदिन आत्म निरीक्षण करते हुए ऋषि ऋण से उऋण होने का प्रयत्न करना चाहिए ।

(३) वेद के स्वाध्याय पर विशेष ध्यान ।

(४) मूर्ति पूजा का खंडन अवश्य किया जाए ।

(५) गुण कर्म स्वभाव के अनुसार वर्ण व्यवस्था

(६) धर्मान्धता का त्याग और न्यायप्रियता का ग्रहण ।

(७) अछूतोद्धार और शुद्धि पर विशेष ध्यान

(८) गोरक्षा पर विशेष ध्यान ।

(९) अनाथ विधवा दीन दुखियों की सहायता और रक्षा ।

(१०) यज्ञ का प्रत्येक परिवार में प्रचार और विधिवत् अनुष्ठान ।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३१

कुमारी अनामिका
कक्षा "८ अ", आर्यकन्या पाठशाला इंटर कालेज, मुजफ़्फरनगर (उ.प्र.)

शिक्षण संस्थाओं का वातावरण वैदिक धर्म के अनुसार हो।

(२) नारी जागृति पर ध्यान दिया जाए। ऋषि की शिक्षा के अनुसार नारी केवल तितली और रंगोलो न होकर आदर्श गृहिणी और माता बने।

(३) आर्यसमाज के संगठन को दृढ रखा जाए।

(४) वेद का स्वाध्याय प्रत्येक आर्य के लिए आवश्यक है।

३२

श्रीमती हुक्मीदेवी आर्य,
३२/३४ पूर्वी पटेलनगर, नई दिल्ली

लड़के [illegible]ड़कियों की शिक्षा संस्थाएं पृथक्-पृथक् हों।

(२) गुण, कर्म, स्वभाव के अनुसार विवाह सम्बन्ध हों।

(३) नदी-नालों पर बने स्थान तीर्थ नहीं हैं। सच्चा तीर्थ गृहस्थ आश्रम है।

(४) सत्यार्थ प्रकाश का घर-घर प्रचार हो।

(५) धार्मिक जीवन और सामाजिक जीवन—दोनों को श्रेष्ठ बनाया जाए।

(६) युवा पीढ़ी को समाज में लाने की विशेष चेष्टा हो।

(७) आर्य परिवारों में १६ संस्कार हों।

(८) वेदानुकूल साहित्य का प्रकाशन और प्रचार।

(९) पारिवारिक सत्संगों पर विशेष ध्यान।

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री परमे

(बी० ए० आनर्स) सत्यार्थ शास्त्री, एच/

प्रत्येक परिवार में वेद और ऋषि दय
उनका पठन-पाठन आवश्यक हो ।

(२) प्रत्येक आर्य "सत्यार्थ प्रकाश परीक्षा"

(३) गुरुकुल शिक्षा के साथ शिष्य शिक्षा भी

(४) संस्कृत शिक्षा अनिवार्य सब आर्य संस्था

(५) गोहत्या निषेध ।

(६) आर्यसमाज के दैनिक, साप्ताहिक सत्स
उत्सवों पर नियम-उपनियम पढ़े जाएं ।

(७) चुनाव में युवकों को आगे लाया जाए ।

(८) सब आर्य संस्थाओं में धर्म शिक्षा अनिवार

(९) आर्ष ग्रन्थों पर आधारित प्रतियोगिताएं

(१०) रेडियो, फिल्म, पोस्टर, पत्र-पत्रिकाओं द्वा
जाए ।

(११) ग्राम प्रचार पर विशेष ध्यान ।

(१२) आज के ढोंगी गुरुओं-अवतारों का प्रबल खंडन किया जाए ।

(१३) सत्संगों में संस्कृत भाषण भी आयोजित हों । उनका अर्थ पीछे बता दिया जाए ।

(१४) सत्संग में न आने वाले अथवा संकट ग्रस्त आर्य पुरुषों के घर जाकर अधिकारी पूछताछ करें । इस प्रकार सम्पर्क बना रहता है ।

(१५) वार्षिकोत्सवों पर सस्ते दाम पर मूल्य कम करके वैदिक आर्य साहित्य बांटा जाए ।

× × ×

CC-0.In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.